जयपुर @ पत्रिका. सवाई मानसिंह अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने 30 वर्षीय महिला मरीज की रीढ़ की हड्डी के लंबे हिस्से में फैले ट्यूमर की सर्जरी करने में सफलता प्राप्त की है। चिकित्सकों का दावा है कि दुनिया के किसी भी सरकारी अस्पताल में रीढ़ की हड्डी के इतने बड़े ट्यूमर को बाहर निकालने का यह पहला सफल ऑपरेशन है।

इस ट्यूमर के ऑपरेशन के दौरान रीढ़ की हड्डी सिर से लेकर आधे धड़ तक एक भाग में पीछे से काटी गई। जिसे ट्यूमर निकालने के बाद पुनः अपनी जगह जोड़ा गया। संपूर्ण ट्यूमर को ब्रेन से लेकर स्पाइनल कॉर्ड के निचले हिस्से तक नसों के बीच से एक साथ पूर्ण रूप से निकाला गया। ऑपरेशन में करीब 8 घंटे का समय लगा। महिला अब सफलतापूर्वक चलने लगी है। यह ऑपरेशन चिरंजीवी योजना के कारण पूर्णतः निःशुल्क हुआ है। उपलब्ध आंकड़ों एवं रिकॉर्ड के अनुसार यह ट्यूमर अभी तक का विश्व का सर्वाधिक लंबाई का स्पाइनल ट्यूमर (इंट्रामेडुलरी ट्यूमर) पूरा एक साथ निकल गया है। इसको मेडिकल जर्नल में प्रकाशित होने के लिए भी भेजा गया है।



6 वर्ष से परेशान थी महिला

जयपुर निवासी मरीज लविना हाथ-पैर के लकवा से पीड़ित थी। 6 वर्ष से गर्दन और कंधों के दर्द से परेशान थी। उसे फिजियोथैरेपी से भी कोई लाभ नहीं हुआ। दूसरे बच्चे के जन्म के बाद दायां हाथ व बाजू सुन्न रहने लगे और कमजोरी महसूस हुई। सितंबर 2024 में दोनों पैरों में भी कमजोरी आ गई। इससे कभी भी गिर जाती और दोनों पैरों में झटके महसूस होते थे। परिजन ने महिला को शहर के कई निजी अस्पतालों में दिखाया। करीब 8 से 10 लाख का खर्चा बताया गया। इसके बाद परिजन ने एसएमएस अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग में मरीज को दिखाया। महिला का ऑपरेशन एसएमएस अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ. अचल शर्मा एवं डॉक्टर गौरव जैन ने किया। डॉ. मधुर, डॉ.हर्षिल, डॉ. सागर (न्यूरो सर्जरी विभाग) डॉ. शोभा पुरोहित एवं डॉ. नीलू शर्मा (निश्चेतना विभाग) के साथ पूरी टीम का सहयोग रहा।

पूर्णतः आयुर्वेदिक, स्वदेशी एवं ईमानदार क्रीम यानि मुंहासों के लिए वरदान
कॉलेजियन® क्रीम
60 सालों से युवाओं की स्किन केयर, 12 गुणों का विशाल भंडार
AN ISO 9001 : 2008 Certified Company
MRP ₹124/- Now ₹99/- Only. (20 g)
NO SIDE EFFECTS
मुहांसे, काले धब्बे, स्ट्रेचमार्क्स, हड्डियों का फटना, ताजे जख्म, काले दाग, HD ग्लो
WOW! पार्लर जैसा GLOW... घरेलू
Ayurvedic Multipurpose
collegian Cream
केवल ट्यूब ही लें आप अपने परिवार के लिये केवल 1 ट्यूब कॉलेजियन क्रीम की अवश्य ले जायें। क्योंकि ऐसी चीजें बनाई नहीं जाती है बल्कि वरदान के रूप में बन जाती है।
amazon.in Flipkart
सर्दियों में त्वचा को कोमल बनाकर ग्लो बढ़ाएं।
An all purpose, all season cream for all ages with proven results (Men, Women & New Born)
Bliss for Acne Prone Skin
Best Skin Care Partner
दुनिया भर की देशी या विदेशी कंपनियों की कई क्रीम या फैशियल के कई साधन वापरें या फिर केवल एक ट्यूब कॉलेजियन क्रीम हमेशा वापरें।
शादी के पहले केवल तीन माह तक कॉलेजियन क्रीम का उपयोग लगातार करें और अपने अंदर एक नया खूबसूरत बदलाव देखें। स्वयं ही परिणाम देखें आप फिदा हो जाएंगे।
CUSTOMER CARE 9926054001
अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में एजेन्सी देना है
केवल होलसेल मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए संपर्क - 78708 33333

महात्मा गाँधी अस्पताल, जयपुर
NAAC A+ ACCREDITED WITH GRADE
(A UNIT OF MAHATMA GANDHI UNIVERSITY OF MEDICAL SCIENCES AND TECHNOLOGY, JAIPUR.)
A Multi Super Speciality Teaching Hospital of the University (NAAC A+, NABH, NABL, NABH - Blood Bank) Accredited
रीको इन्स्टीट्यूशनल एरिया, सीतापुरा, टोंक रोड, जयपुर - 302022 फोन : 0141-2771777, 2771001-2-3 Website : www.mgumst.org
मेडिकल एवं सर्जिकल चिकित्सा महाअभियान
12 फरवरी 2025 से
प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
महाअभियान में उपलब्ध निःशुल्क सेवाएं
(जनरल वार्ड में भर्ती रोगियों के लिए - निःशुल्क बैड, डॉक्टर परामर्श एवं समान्य जांचें)
जनरल मेडिसिन
शिशु व बाल रोग
चर्म एवं यौन रोग
मनो रोग
प्रसूति एवं स्त्री रोग
निःशुल्क डिलीवरी (सामान्य एवं ऑपरेशन द्वारा)
स्त्री रोगों के ऑपरेशन
नेत्र रोग
निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन (लैंस सहित)
फेको ऑपरेशन मात्र (₹4000)
जोड़ एवं हड्डी रोग
जनरल सर्जरी
कान, नाक, गला रोग
उपरोक्त विभागों में
किफायती दरों पर ऑपरेशन
कोई बैड चार्जेज नहीं (डिस्पोजेबल, दवाइयां व इंप्लांट अतिरिक्त)
जांचों पर आकर्षक छूट
CT Scan, MRI, 2D Echo, Endoscopy, Hormone Test etc.
योजना सुपर स्पेशियलिटी तथा आपातकालीन सेवाओं, गहन चिकित्सा, प्राइवेट वार्ड, कॉर्पोरेट तथा मेडिक्लेम वाले रोगियों पर लागू नहीं।
नियम एवं शर्तें लागू
SHAKUN
सम्पर्क : 9001092855, 9116134265, 9116134266, 9799999672
• टोल फ्री नम्बर : 18001806002 • हैल्पलाइन : 8107677888
मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA योजना) व राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS) योजना के लाभार्थियों के लिए कैशलैस उपचार राज्य व केन्द्र सरकार के सभी विभागों के कर्मचारी व पेंशनर्स, ECHS, CGHS, ESIC, Railways, BSNL, FCI, CAPF, सरस बीमा योजना, मुख्यमंत्री जीवन रक्षा कोष All Major Mediclaim Cos.& TPAs से उपचार हेतु अधिकृत
Mahatma Gandhi Hospital, SRCC

PATRIKA SPEAKOUT राजस्थान पत्रिका के स्पीक आउट कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने जाहिर की अपनी पीड़ा

गली-गली कचरा, हैरिटेज पर हथौड़े

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. राजधानी के परकोटा क्षेत्र में अनगिनत समस्याएं हैं। गलियां कचरे से अटी हैं। निगम समय से सफाई नहीं करता। सीवर उफनते रहते हैं। शिकायत के बाद भी कोई नहीं आता। इतना ही नहीं, परकोटे के मूलस्वरूप से छेड़छाड़ करने में भी लोग पीछे नहीं हैं। ये मुद्दे शनिवार को राजस्थान पत्रिका के स्पीक आउट कार्यक्रम में उठे। इंदिरा बाजार में हुए कार्यक्रम में व्यापारियों ने कहा कि निराश्रित पशु और श्वानों से सभी परेशान हैं। इनको पकड़ने के लिए निगम के बंदोबस्त काफी नहीं हैं।

ये मांगें रखीं: परकोटे के प्रमुख बाजारों को नो पार्किंग जोन बनाया जाना चाहिए। जगह-जगह पोस्टर-बैनर से सुंदरता खराब हो रही है। ऐसे लोगों को रोका जाए।

परकोटे में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का प्रयास जारी है। गलियों की सफाई करवाई जा रही है। खुली नालियों को पूरी तरह से कवर करने का काम निगम शुरू करवाएगा। बाजार में पार्किंग की व्यवस्था बेहतर हो, इसके लिए भूमिगत पार्किंग का लोग उपयोग करें। जहां शौचालय की जरूरत है, वहां पर निर्माण करवाया जाएगा। **-चंद्रमोहन बटवाड़ा,** भाजपा नेता



परकोटे से पलायन भी बड़ी समस्या...रोका जाए





कई कॉम्प्लेक्स में पार्किंग होने के बाद भी बाहर गाड़ियां खड़ी रहती हैं। इनको हटवाया जाए ताकि लोग आसानी से आ-जा सकें। परकोटे से पलायान रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। **-पवन पारीक,** अध्यक्ष, खजाने वालों का रास्ता व्यापार मंडल



इंदिरा बाजार का नाला जर्जर है। इसके पास गाड़ियां पार्क होती हैं, कभी भी हादसा हो सकता है। इसको दुरुस्त करने के लिए नगर निगम को प्रयास करने चाहिए। **-चरणजीत सिंह मक्कड़,** इन्दिरा बाजार



परकोटे में कई तरह के गुलाबी रंग है। वास्तविक रंग की पहचान कर सभी को एक जैसा करवाया जाए। इससे पर्यटकों को असली पिंकसिटी नजर आएगी। अभी अलग-अलग रंग देख कन्फ्यूज होते हैं। **-ललित कसाना,** हवामहल रोड



बाजारों में रंग-रोगन करवाने का काम निगम का है, लेकिन व्यापारी अपने स्तर पर करवा रहे हैं। बरामदे जर्जर हो चुके हैं। इनकी मरम्मत करवाई जाए। सड़कों पर पेचवर्क की जरूरत है। **-मनीष गुलाटी,** महामंत्री, इंदिरा बाजार व्यापार मंडल



बाजार में दिन भर जाम रहता है। पेयजल के लिए नल लगे थे, उनको भी हटा दिया। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। समय पर सफाई न होने से दुर्गंध रहती है। **-ओपी शर्मा,** कल्याणजी का रास्ता



बाजार को स्मार्ट करने के चक्कर में व्यापार खत्म हो गया है। फुलवारी लगाने के लिए सड़कों पर बनीं जालियों को तोड़ दिया गया। बाजार के बीच कचरा डिपो बना हुआ है। **-आत्मा सिंह,** किशनपोल बाजार

चोरी की बाइक दूसरे शहर में बेचने की साजिश, गैंग पकड़ी

जयपुर @ पत्रिका. सांगानेर सदर थाना पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 बाइक व एक स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी रोहिताश (28) टेहला अलवर हाल वाटिका रोड सांगानेर का रहने वाला है। वहीं देवेन्द्र नायक (24) सांगानेर का रहने वाला है। आरोपी ने सांगानेर सदर, प्रताप नगर, झालाना और सांगानेर से बाइक चुराई थीं। आरोपी चोरी की बाइक को दूसरे शहर में बेचने की साजिश रच रहे थे। चोरी की बाइक सचिवालय नगर सीतापुरा में एक खाली प्लॉट में छिपा रखी थी।

www.ayurprakash.com
Prakash Nethralaya
AYURVEDIC EYE & GENERAL HOSPITAL
आँखें अनमोल हैं समय रहते सही इलाज करायें
आयुर्वेद से संभव है रेटिना एवं अन्य पुराने से पुराने रोगों का इलाज
आंखों का सूखापन (Dry Eyes) • आंखें में सूजन (Uveitis) • आंखों की एलर्जी
शुगर के कारण आंख में खून आना (Diabetic Retinopathy) • चश्मे का नम्बर बढ़ना
परदा कमजोर होना (Macular Degeneration) • काला मोतिया (Glaucoma)
रतौंधी (Retinitis Pigmentosa) • परदे व नसों के सभी रोग
आयुर्वेद का वरदान जटिल रोगों का जड़ से निदान
16 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रकाश नेत्रालय एवं पंचकर्म केंद्र
बेसमेंट फ्लोर, रीगल रेजीडेंसी, 140-141-142, विश्वकर्मा मार्ग, KIA कार शोरुम के बराबर गली में, निर्माण नगर-E ब्लॉक, अजमेर रोड, जयपुर
FOR APPOINTMENT CALL/WHATSAPP 8396919191
ऑनलाइन / वीडियो परामर्श भी उपलब्ध
SCAN TO KNOW MORE
50,000 से अधिक रोगियों का विश्वास
Dr. DINESH SHARMA
B.A.M.S., C.R.A.V., P.G.D.Y.Ed.
(Ayurvedic Eye Specialist)



MP BIRLA CEMENT
PERFECT PLUS कंस्ट्रक्शन टिप्स
कंक्रीट प्लेसमेंट
• कंक्रीट मिश्रण को प्लेस करते समय 1.5 मीटर से अधिक ऊंचाई से नहीं गिराना चाहिए।
MP BIRLA CEMENT PERFECT PLUS CONCRETE SPECIAL
PORTLAND POZZOLANA CEMENT



The Kia Syros
Evolved by the future
Introductory price starts at ₹ 8 99 900*
Book now | Call 1800 108 5000 | 093195 91407 | Visit www.kia.com | Kia Syros
Movement that inspires
Kia Syros
Evolved by the future
The new Kia Syros is light years ahead of its contemporary SUVs. Right from an evolved design language with upright squared shoulders, to the future-forward autonomous safety tech and future-ready connected car tech with Over-the-Air (OTA) updates, everything about the Kia Syros is a giant leap in automotive thinking. Settle into the first-in-segment 2nd row ventilated, reclining & sliding seats, and you'll agree that the future itself has evolved it.
Experience the Syros today!
Innovative Technology | Future, reimagined
Dual Pane Panoramic Sunroof
FIRST-IN-SEGMENT
2nd Row Seat Reclining & Sliding with Seat Ventilation
BEST-IN-SEGMENT
76.20 cm (30") Trinity Panoramic Display Panel
FIRST-IN-SEGMENT
Kia Connect 2.0** with Over-the-Air (OTA) Software Updates and Other 80+ Connected Car Features
Harman Kardon Premium 8 Speakers Sound System
ADAS Level 2- with 16 Smart Autonomous & Robust 20 Standard Safety Features
Kia Service
Connected - Adaptive - Responsive - Engage
Introducing My Convenience Secure*: Option to cover your car's wear and tear parts for up to 3 years from date of delivery.
3 Years Unlimited km Warranty | Extended Warranty^ Up to 5 Years | Scratch Care Program** | IoT Based Smart Services`` | 24x7 | 3 Years Nationwide RSA°
Kia Connect Diagnosis## Enables vehicle diagnosis remotely
Terms & Conditions Apply. *Ex-showroom price all India. Segment is defined as vehicle with length between 3 990 mm - 3 999 mm and height - 1 680 mm. **Kia Connect 2.0 comes with 3 years free subscription. Kia Connect 2.0 features may vary depending on the variant, device compatibility, software and network availability in vehicle. ^Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. *My Convenience Secure available with My Convenience/ My Convenience Plus at the time of sales at additional cost, covers wear and tear of selected parts only. ^3 Years standard warranty and 2 years extended warranty. **Scratch Care Program coverage includes repair of 1 scratch free of cost in an ownership period of 12 months from the date of sale, applicable on the new Syros retailed up to 30th June 2025. ``IoT based workshops for live vehicle tracking for digital experience. °Upto 6 years extendable RSA coverage. Applicable across India except Andaman & Nicobar Islands and Lakshadweep. ##Kia Connect Diagnosis has limited set of functionalities. Customers may be required to visit Kia workshop for issue resolution. The product & feature images shown in this brochure is for representation purpose only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The colors shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly from those shown in this brochure. The specifications and features may vary depending on models/ variants. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications. Kia Connect 2.0 features and other details of any model as mentioned or to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on roads. We do not endorse vandalism or illegal activities related to road safety. Safety is a top priority, and we urge responsible behavior regarding traffic regulations and road safety.
Scan to know more
Sanghi Kia
Tonk Road, Jaipur
Tel: 9873920264
Roshan Kia
Raja Park, Jaipur
Tel: 8291062282
C Scheme
Tel: 8879883024
Rajesh Kia
VKIA, Sikar Road, Jaipur
Tel: 8824900972
Ajmer Road, Jaipur
Tel: 8824900971
Dausa
Tel: 9257099901
Meher Kia
Sawaimadhopur
Tel: 7413929292
Tonk
Tel: 7413929292

https://snapfrom.com/

https://www.888casinogame.com/

#bookfair जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में पत्रिका बुक फेयर की शुरुआत, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक...सभी में उत्साह







फोटो: अनुग्रह सोलोमन

फन एक्टिविटी के साथ फूड कोर्ट में लजीज व्यंजनों का भी आनंद

पुस्तकों की महक में थिरके शब्द...पत्रिका बुक फेयर के सतरंगी रंगों से सजा शिल्पग्राम

समय : सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. पुस्तकों की महक और सतरंगी रंगों से सजा शिल्पग्राम। विभिन्न स्टॉल्स पर अपनी पसंदीदा किताबों को ढूंढ़ते युवा। खूबसूरत लोकेशन के साथ कैमरे में फोटो कैद करते लोग। लेखकों से मिलने का इंतजार और उनसे जुड़ी जानकारी लेते पुस्तकप्रेमी। शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में कुछ इसी तरह का माहौल था। मौका था राजस्थान पत्रिका की ओर से शुरू हुए पत्रिका बुक फेयर का। इस नौ दिवसीय आयोजन में दो लाख से अधिक लेखकों की पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। यहां लोग कई तरह की फन एक्टिविटी के साथ फूड कोर्ट में लजीज व्यंजनों का भी आनंद ले रहे हैं। आयोजन में शनिवार को न सिर्फ युवा वर्ग का उत्साह दिखा, बल्कि बच्चे और बुजुर्ग भी अपनी पसंद की किताबें खरीदते नजर आए। फेयर में प्रमुख लेखकों, कवियों और अनुवादकों के साथ साहित्यिक चर्चाएं और इंटरेक्टिव सत्र भी आयोजित होंगे। इस मौके पर कई किताबों का विमोचन होगा। फेयर 23 फरवरी तक चलेगा। फेयर में प्रतिभा को निखारने और बेहतर प्लेटफॉर्म पर आने का भी मौका मिलेगा।

आज ये सत्र खास

■ पहला सत्र
विषय: 'स्टोरी टेलिंग', मनोज कुमार शर्मा चर्चा करेंगे
स्थान: मानस
समय: दोपहर 3 से 4 बजे

■ दूसरा सत्र
विषय: 'ईको सिस्टम एंड सस्टेनेबिलिटी', हिमांशु जांगिड़ व विवेक अग्रवाल अपनी राय रखेंगे
स्थान: सेंट्रल स्टेज
समय: शाम 4 से 5 बजे

■ तीसरा सत्र
विषय: 'स्त्री देह से आगे' पुस्तक पर इसके लेखक गुलाब कोठारी का विशिष्ट वक्तव्य होगा। शास्त्री कोसलेन्द्रदास, सुकुमार वर्मा, डॉ. श्वेता तिवारी संवाद में भाग लेंगे।
स्थान: मानस
समय: शाम 5 से 6 बजे

■ चौथा सत्र
विषय: 'बुक्स, आइडियाज एंड डिजिटल ईकोसिस्टम', ओम थानवी व पवन झा चर्चा करेंगे, मॉडरेटर हरीश पाराशर होंगे
स्थान: सेंट्रल स्टेज
समय: शाम 6 से 7 बजे

रेडियो पर आने का मिलेगा मौका

फेयर में रोजाना शाम सात से रात आठ बजे तक आरजे सूफी का शो आयोजित होगा। इसमें आरजे सूफी के साथ आपको रेडियो पर आने का भी मौका मिलेगा। रविवार शाम 7 बजे से 'ऑथर मिस्ट्री गेम: कौन है यह लेखक?' कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें एक प्रसिद्ध लेखक का नाम छिपा दिया जाएगा और प्रतिभागियों को हां/नहीं जवाब देकर उस लेखक के नाम का अंदाजा लगाना होगा।

गुलाब कोठारी की इन दो पुस्तकों पर होगी चर्चा

मेरे भीतर मैं




यह शरीर मेरा है, मैं इसके भीतर निवास करता हूं। शरीर वाहन है, भीतर संचालक आत्मा है। ब्रह्म का ही अंश है। पंचाग्नि के माध्यम से शरीर में जीव प्रवेश करता है। आयुपर्यन्त कर्मफल भोगता है। नए कर्म कर पुन: जन्म लेने को चौरासी लाख प्रकार के शरीर हैं। ब्रह्म का यात्रा मार्ग है। चर-अचर, जड़-चेतन सबमें वही एक व्याप्त है। सृष्टि ऋत से सत्य रूप, सूक्ष्म से स्थूल रूप धारण करती है तब उसमें ब्रह्माण्ड के विभिन्न तत्त्व जुड़ते जाते हैं। 'यथाण्डे तथा पिण्डे' के अनुरूप शरीर ब्रह्माण्ड की प्रतिकृति है।

स्त्री : देह से आगे



ब्रह्म ने स्वयं के विस्तार के निमित्त केवल एक ही प्राणी उत्पन्न किया जो बाहर से स्थूल और भीतर दिव्यता लिए है, वह स्त्री है- मादा है। शरीर से पशु और हृदय से महामाया। ब्रह्म की भांति वह भी नित्य है, स्रष्टा-पाता-संहर्ता है। अग्नि-सोमात्मक युगल भाव सूक्ष्म से चलकर स्थूल में आता है तो नर-मादा, स्त्री-पुरुष कहलाता है। दोनों देह नहीं, आत्मा हैं। मां, बहन, पत्नी, पुत्री सभी रूपों में स्त्री की दिव्यता नित्य है, रौद्र रूप भी उतना ही विध्वंसक है। आज हर नारी के हृदय में प्रतिष्ठित यह दिव्यता शिक्षा और संचार माध्यमों के आवरण में खो गई है। लेखक ने प्राचीन वाङ्मय के दृष्टांतों से वैज्ञानिक विवेचना कर इन आवरणों को विस्तार से खोला है। स्त्री का दिव्यता पर पड़ी पाश्चात्य जीवनशैली और दर्शन की धूल को लेखक झाड़ता है।

मन के रहस्यों को खोलती है 'मानस', इसका हर विषय बेहद उपयोगी



जयपुर. 'मानस' मन के रहस्यों को खोलती है। मन को समझना हर किसी के वश की बात नहीं, लेकिन 'मानस' में मन की परतें खुलती नजर आती हैं। यह वह कालजयी ग्रंथ है, जो सरल भाषा में आम आदमी के उपयोगी विषयों की बात करता है। इसमें विषयों की विविधता है, इसका हर एक विषय बेहद उपयोगी है। यह पुस्तक युवाओं का मार्गदर्शन करती है। पत्रिका बुक फेयर के पहले सत्र में पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी की पुस्तक 'मानस' पर चर्चा के दौरान मुख्य वक्ताओं ने कुछ ऐसे ही महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष निकाल कर श्रोताओं के सामने रखे।

इस सत्र में राजस्थान यूनिवर्सिटी के दर्शन शास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि मन को समझना आसान नहीं है, ऐसे में मन के विषय को आधार बनाकर पुस्तक 'मानस' लिखना बहुत बड़ी साधना के समान है। 'मानस' में आम आदमी के मन में पैदा होने वाली जिज्ञासाओं को सरल अंदाज में प्रभावी तरीके से बताया गया है। यह पुस्तक युवाओं को राह दिखा रही है। वरिष्ठ पत्रकार आनंद जोशी ने बताया कि राजस्थान पत्रिका में 'मानस' नाम से शुरू हुआ स्तंभ आज चौदह भागों में मानस पुस्तक के रूप में पाठकों के सामने है। गुलाब कोठारी मन से मन के विषयों पर लिखकर पाठकों के मन तक पहुंचने में सफल रहे हैं। इसे पाठकों ने काफी पसंद किया है। इससे पहले गुलाब कोठारी की पुस्तक 'द इनर वुमन' और 'मेरे भीतर मैं' का विमोचन केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, पत्रिका समूह के डिप्टी एडिटर भुवनेश जैन और वरिष्ठ पत्रकार सुकुमार वर्मा ने किया।

- **सत्र:** गुलाब कोठारी की पुस्तक 'मानस' पर चर्चा
- **एक्सपर्ट:** प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद शर्मा, आनंद जोशी
- **मॉडरेटर:** सुकुमार वर्मा
- **स्थान:** सेंट्रल स्टेज

'मानस' के 14 भाग, 13 भाषाओं में अनुवाद

सत्र को मॉडरेट करते हुए वेद विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान से जुड़े सुकुमार वर्मा ने 'मानस' से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी श्रोताओं को दी। उन्होंने बताया कि 'मानस' के चौदह भाग हैं और तेरह भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। यह ग्रंथ मन की गुत्थियों को खोलते हुए पाठकों के समक्ष विभिन्न विषय प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि मानस के चौदह भाग गुलाब कोठारी की 45 वर्षों की तपस्या का परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि मानस के केंद्र में मन है और यही वजह है कि मानस में विषयों की विविधता है। सत्र में गुलाब कोठारी के कृतित्व पर आधारित फिल्म भी दिखाई गई।

'टग ऑफ वर्ड्स : क्विक-फायर डिबेट का धमाका' विशेष शो

ई-बुक और फिजिकल बुक में कौनसी बेहतर... पर सार्थक वाद-विवाद



जयपुर. पत्रिका बुक फेयर में शाम को 'टग ऑफ वर्ड्स : क्विक-फायर डिबेट का धमाका' विशेष शो का आयोजन हुआ। इसमें ई-बुक और फिजिकल बुक को लेकर दो टीमों में सार्थक वाद-विवाद हुआ। बहस के इस मंच ने साहित्यप्रेमियों को संवाद और विचारों की नई दिशा दी। आरजे सूफी ने शो का संचालन किया।

ई-बुक को बेहतर बताने वाली टीम के सदस्यों विधांश, भरत व गौतम ने कहा कि रवींद्र नाथ टैगोर ने कहा था कि समय के साथ शिक्षा में भी बदलाव करना चाहिए। सामाजिक तौर पर बच्चे टेक्नोलॉजी को लेकर जागरूक हो रहे हैं। ई-बुक्स में भंडारण की सीमा भी नहीं होती। ई-बुक्स ऑडियो व वीडियो में आती हैं, जिन्हें डाउनलोड करके बाद में भी पढ़ सकते हैं। वहीं फिजिकल बुक को बेहतर बताने वाली टीम के सदस्यों प्रज्ञा शर्मा, विविधा व अदिति ने कहा कि किताब पढ़ने के दौरान उससे भावनात्मक जुड़ाव होता है, इससे किताब को लेकर समझ अधिक होती है। रामायण को लिखा गया, जिसे आज हम सभी मानते हैं। प्रारंभिक पाठशाला में किताबें ही पढ़ने को दी जाती हैं। ई-बुक से अधिक अच्छी फिजिकल बुक होती है। इन्होंने ई-बुक को लेकर कहा कि ये आसानी से उपलब्ध नहीं होतीं, आंखों को नुकसान पहुंचाती हैं। इसके सीमित पाठक होते हैं। छोटे बच्चे गलत उपयोग करते हैं।

फिजिकल बुक की समर्थक टीम रही विजेता

ई-बुक व फिजिकल बुक को लेकर करीब एक घंटे तक चले वाद-विवाद में फिजिकल बुक को बेहतर बताने वाली टीम को विजेता घोषित किया गया।

प्रतिभागी-निर्णायक, दोनों ही दर्शक

फेयर में विशेष शो के लिए वाद-विवाद टीम दर्शकों के बीच से बनाई गई। इसमें दर्शकों के बीच से ही तीन-तीन सदस्य लिए गए। वहीं निर्णायक की भूमिका भी दर्शकों ने ही निभाई। पुस्तक प्रेमियों के लिए यह शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

शहर मौसम

सूर्यास्त: आज शाम 06:21 बजे
सूर्योदय: कल सुबह 07.03 बजे
चन्द्रोदय: आज रात 9:45 बजे
चन्द्रास्त: सुबह 9.01 बजे

तापमान

31.4°	15.2°
अधिकतम	न्यूनतम

ह्यूमिडिटी : 34% (अधिकतम)
हवा की गति : 11 किमी/घंटा

फोरकास्ट
आसमान साफ रहने की संभावना
(सोर्स- मौसम केंद्र जयपुर)

पॉल्यूशन स्तर (AQI)

आदर्श नगर:	109	4 ▲
मानसरोवर:	158	22 ▲
मुरलीपुरा:	148	13 ▼
शास्त्री नगर:	145	16 ▲
सीतापुरा:	161	13 ▲

अच्छा	ठीक	मध्यम
0-50	51-100	101-200
खराब	गंभीर	खतरनाक
201-300	301-400	401-500

छूट रहे पसीने

जयपुर@पत्रिका. राजधानी में दिन का पारा पसीने छुड़ा रहा है। शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री पर पहुंच गया। तापमान में बढ़ोतरी के होने से दिन में तेज धूप का असर रहा। लोगों ने गर्म कपड़े उतार दिए।

जयपुर नगर निगम परिसीमन: बगरू और झोटवाड़ा को मिलेगा अधिक लाभ, आमेर और आदर्श नगर में भी बदलाव

तीन से चार वार्ड मिलाकर बनेगा एक वार्ड, परकोटा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित

कई पंचायतें आएंगी जयपुर नगर निगम क्षेत्र में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. राजधानी जयपुर के दोनों नगर निगमों की सीमाएं एक होंगी और विस्तार भी किया जाएगा। शहर से सटे ग्रामीण इलाकों को नगर निगम में शामिल करने की योजना है, जिससे झोटवाड़ा और बगरू विधानसभा क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इसके अलावा, आमेर और आदर्श नगर विधानसभा के कुछ ग्रामीण क्षेत्र भी निगम सीमा में जोड़े जाएंगे।

पिछले कुछ वर्षों में सिरसी रोड, कालवाड़ रोड, दिल्ली रोड, आगरा रोड और जगतपुरा क्षेत्रों में तेजी से शहरी विस्तार हुआ है, जिसके चलते इन इलाकों में नए वार्ड जोड़े जाएंगे। परिसीमन के तहत तीन से चार वार्डों को मिलाकर एक वार्ड बनाया जाएगा। इससे वार्डों की संख्या 91 (पांच साल पहले जब दो की बजाय एक निगम था) से बढ़कर 150 हो सकती है।

परकोटा में घटेगी वार्डों की संख्या: परकोटा में किशनपोल, आदर्श नगर और हवामहल विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें फिलहाल हैरिटेज नगर निगम के लगभग 25 वार्ड हैं। परिसीमन के बाद इनकी संख्या घटकर 10-11 हो सकती है।



वार्ड बढ़ाते रहे: सीमाएं वही रहीं

- **वर्ष 1994** में जयपुर नगर निगम का गठन हुआ, लेकिन तब से सीमा नहीं बढ़ाई गई।
- **वार्डों** की संख्या बढ़ती रही, शुरुआती बोर्ड में 70 पार्षद थे, जबकि आखिरी बोर्ड में 91।
- **कांग्रेस** सरकार ने जयपुर को दो निगमों (ग्रेटर और हैरिटेज) में बांटा, लेकिन सीमा विस्तार नहीं किया।
- **ग्रेटर** में 150 और हैरिटेज में 100 वार्ड बनाए गए।

राजनीतिक मायने...

भाजपा: निगम गठन के बाद से जयपुर में हमेशा भारतीय जनता पार्टी का दबदबा रहा है। पार्टी का मानना है कि, कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे व खुद का बोर्ड बनाने के लिए दो निगम बनाए और वार्डों का पुनर्सीमांकन मनमर्जी से किया।

कांग्रेस: कांग्रेस एक निगम बनाए जाने का विरोध कर रही है। पार्टी का तर्क है कि छोटे वार्ड होने से जनता की समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से किया जा सकता है, जबकि बड़े वार्ड बनने से असुविधाएं बढ़ेंगी। वैसे दो निगम बनाने पर हैरिटेज निगम में कांग्रेस का बोर्ड बना था।

नई व्यवस्था: अनुमानित स्थिति

- **वर्तमान** में प्रति वार्ड जनसंख्या 7,000 से 13,000 के बीच है।
- **परिसीमन** के बाद प्रति वार्ड जनसंख्या 35,000 से 40,000 तक हो सकती है।

एक शहर में दो निगम से समन्वय में समस्या

शहर के विस्तार को देखते हुए नगर निगम की सीमा बढ़ाना आवश्यक माना जा रहा है। सरकार की ओर से दोनों नगर निगमों को एक करने के फैसले को प्रशासनिक दृष्टि से उचित बताया जा रहा है, क्योंकि एक शहर में दो नगर निगम होने से समन्वय की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सियासी फायदे के लिए दो निगमों का गठन किया था। समुदाय विशेष के वार्डों को छोटा किया और हैरिटेज नगर निगम में अपना महापौर बनाया।

-मोहन लाल गुप्ता, जयपुर के पहले महापौर

105 केन्द्रों पर होगी पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-।। भर्ती परीक्षा

जयपुर@पत्रिका. राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर की ओर से रविवार को पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-।। (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के 105 केन्द्रों पर होगा। दो पारियों में परीक्षा का आयोजन होगा। प्रथम पारी प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे और द्वितीय पारी दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में कुल 35 हजार 616 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका संचालन 14 फरवरी, 2025 से 16 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन के लिए 37 उप समन्वयक एवं 19 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है।

सील की मीट की सात अवैध दुकानें

निगम दस्ते से अभद्रता-हाथापाई



जयपुर@पत्रिका. हैरिटेज नगर निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने शनिवार को मोती डूंगरी इलाके में कार्रवाई की। यहां अवैध रूप से चल रहीं मीट की सात दुकानों को सील किया गया। हालांकि, इससे पहले स्थानीय लोगों ने निगम दस्ते के साथ अभद्रता और हाथापाई तक की। इसके बाद निगम ने लालकोठी थाना क्षेत्र में मामला दर्ज करवाया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि जीवा चौधरी की गली, हकीम की गली और कमेला की गली में मीट की दुकानों पर निरीक्षण किया था। लाइसेंस मांगने पर स्थानीय लोग निगम दस्ते से अभद्रता करने लगे और गाली-गलौच करते हुए हाथापाई पर उतारू हो गए। ऐसे में सतर्कता शाखा के सहयोग से पशु प्रबंधन शाखा के दस्ते ने सात दुकानों को सील किया। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस दुकान चलाने और खुले में मीट नहीं बेचने की समझाइश की। लेकिन, व्यापारी उग्र होते गए और दस्ते के साथ अभद्रता करने लगे। लालकोठी पुलिस थाने में राज कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस को मौके के वीडियो फुटेज उपलब्ध कराए गए हैं।

नई व्यवस्था पहले ही दिन फेल, पूरे हूपर नहीं आए

जयपुर@पत्रिका. ग्रेटर नगर निगम के मानसरोवर जोन में शनिवार को नई व्यवस्था के हूपर्स का संचालन शुरू हुआ। पहले ही दिन व्यवस्था फेल हो गई। कई वार्डों में हूपर पहुंच ही नहीं पाए। दरअसल, नए अनुबंध के मुताबिक मानसरोवर के 21 जोन में 89 हूपर संचालित होने हैं, लेकिन पहले दिन आधे हूपर भी नहीं पहुंच पाए। ऐसे में पुराने सीएनजी और ई-हूपर कचरा उठाने के लिए बुलाने पड़े।

ऐसे बिगड़ी बात

- घरों से लेकर सड़कों की सफाई का जिम्मा फर्म को देने के बाद गैराज शाखा ने यूनिट नहीं भेजीं। इससे सड़कों की सफाई का काम प्रभावित हुआ।
- एक्सईएन प्रोजेक्ट ने टेंडर किया। निगरानी का काम गैराज शाखा को दिया है, लेकिन गैराज शाखा ने ध्यान नहीं दिया।
- बात बिगड़ी और मामला निगम मुख्यालय में पहुंचा तो गैराज शाखा ने संसाधन भेजे और अगले पांच से सात दिन के लिए यूनिट को लागू करने की बात की।

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

'भारत विविधता में एकता का प्रतीक है'



जयपुर @ पत्रिका. 'विभिन्नता में एकता की विशेषता भारतीयता को प्रकट करती है।' राजस्थान विवि. के राजनीति विज्ञान विभाग में शनिवार को आयोजित प्रो. मधुकर श्याम चतुर्वेदी दशम्' स्मृति व्याख्यान के दौरान प्रो. संजय भारद्वाज ने यह बात कही। कार्यक्रम में कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि अखण्ड भारत एक वृहद् विचार है, जिसे मात्र भौगोलिक स्वरूप में ही नहीं देखा जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रो. इनाक्षी चतुर्वेदी ने भारत के संविधान में सामासिक संस्कृति के अर्थ एवं महत्व को स्पष्ट किया।

छात्राओं को प्राथमिक उपचार की दी ट्रेनिंग



जयपुर @ पत्रिका. सांगानेर स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक निजी अस्पताल की ओर से हेल्थकेयर ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ। स्कूल की ओर से फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. गणेश गुर्जर का सम्मान पत्र दिया गया। चिकित्सकों ने 80 घंटे का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया, जिसमें छात्राओं को आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार देने का प्रशिक्षण दिया गया। ऊषा गुप्ता, डॉ. एसएस गर्ग सहित अन्य चिकित्सकों ने छात्राओं से संवाद किया।

'भागवत कथा मनोरंजन का नहीं आत्म रंजन का विषय'



जयपुर @ पत्रिका. जगद्गुरु परमार्थिक न्यास के तत्वावधान में गोविंद देवजी मंदिर के पास स्थित जगद्गुरु आश्रम में आयोजित भागवत कथा में शनिवार को आचार्य डॉ. ब्रजबिहारी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने की नहीं पीने की वस्तु है। यह ऐसा रसायन है जो पी लेगा, उसके राग को दूर करके अनुराग पैदा करती है। जहां राग होगा वहां द्वेष होगा, यश होगा और अपयश भी होगा, लाभ होगा वहां हानि भी होगी। यह कथा मनोरंजन का प्रदर्शन नहीं आत्म रंजन का विषय है। सत्य नारायण तिवाड़ी ने बताया कि उत्तरकाशी के स्वामी अक्षयानंद, स्वामी राजेश्वरा श्रम, मुख्य यजमान चंद महेश झालानी ने व्यासपीठ की आरती की।

अर्हम बोध ओलंपियाड : टीपीएस शास्त्री नगर विजेता

विद्यार्थियों ने प्रतिभा का मनवाया लोहा, विजेता पुरस्कृत



जयपुर @ पत्रिका. देश में पहली बार आयोजित अंतरराष्ट्रीय आध्यात्म ओलंपियाड में शास्त्री नगर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम ऊंचा किया।

भारतीय संस्कृति, परंपरा, दर्शन और आध्यात्म के प्रति युवाओं व आमजन में रूचि जागृत करने के उद्देश्य से हुए आयोजन में देशभर से छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें टैगोर पब्लिक स्कूल के हिमांशु अग्रावत दूसरे, अविया कुमावत तीसरे, नियति मीणा चौथे व मोहम्मद अयान खान पांचवें स्थान पर रहे। इन्हें नकद पुरस्कार दिया गया। टॉप 100 में से 41 बच्चे भी टैगोर पब्लिक स्कूल से चयनित हुए। सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अर्हम श्री वर्धमान संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुनि प्रणम्य सागर के सान्निध्य में यह पुरस्कार दिए गए।

निःशुल्क स्वास्थ्य एवं फिजियो थैरेपी शिविर

जयपुर @ पत्रिका. केयर्स ऐट होम संस्था की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य एवं फिजियोथैरेपी शिविर की शुरुआत शनिवार से पत्रकार कॉलोनी में हुई। विधायक गोपाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। संस्थापक मधुकर पारीक ने बताया कि सैकड़ों मरीजों ने परामर्श और मुफ्त फिजियोथैरेपी सत्रों का लाभ उठाया।

जवाहरलाल दर्डा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार के लिए आवेदन 28 तक

जयपुर @ पत्रिका. लोकमत मीडिया समूह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरलाल दर्डा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके लिए प्रदेश के इच्छुक पत्रकार 28 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए वर्ष 2017 से 2024 तक प्रकाशित खबर-आलेख नाम-पते व मोबाइल नंबर के साथ भेज सकते हैं। तीन सदस्यीय ज्यूरी गुणवत्ता के आधार पर अंतिम निर्णय लेगी।

सोशल हलचल

- **शोभायात्रा :** स्वामी रामचरण की जयंती के उपलक्ष में विजयवर्गीय वैश्य समाज की ओर से जेएलएन मार्ग स्थित वेंकटेश्वर मंदिर से सुबह 9:15 बजे।
- **नाटक 'श्रीकृष्ण प्रेम रस का' :** द दीवा'स क्लब की ओर से महाराणा प्रताप सभागार में शाम पांच बजे से। अभिनेता सुरेन्द्रपाल जोशी एवं अभिनेत्री अनीता कुलकर्णी श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन को मंच पर जीवंत करेंगे।

चेयरमैन व रजिस्ट्रार तलब

हाईकोर्ट पहुंची न्यायाधिकरण की कार्यप्रणाली की शिकायत

शिकायत : न्यायाधिकरण में 11 बजे सुनवाई शुरू होती है, भोजनावकाश के बाद नहीं होती

जयपुर @ पत्रिका. हाईकोर्ट ने सरकारीकर्मियों के सेवा संबंधी विवादों पर सुनवाई के लिए बने राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय न्यायाधिकरण में सुनवाई की व्यवस्था में लापरवाही की शिकायत को गंभीरता से लिया। शिकायत है कि न्यायाधिकरण में सुबह 11 बजे काम शुरू होता है और भोजनावकाश बाद अपीलों पर सुनवाई ही नहीं होती। कोर्ट ने इस पर सोमवार को न्यायाधिकरण के चेयरमैन को वीसी के जरिए और रजिस्ट्रार से व्यक्तिशः हाजिर होने को कहा।

न्यायाधीश समीर जैन ने मोहम्मद काशिफ की याचिका पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता का 15 जनवरी को तबादला किया गया, जिसके खिलाफ 27 जनवरी को सिविल सेवा अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर की गई।

अधिवक्ता नवीन धुंआ ने कोर्ट को बताया कि बीस दिन गुजरने के बाद भी अपील का अभी तक सुनवाई के लिए नम्बर नहीं आया, जिससे व्यथित होकर याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट आना पड़ा।

इसी दौरान अन्य वकीलों ने कहा कि न्यायाधिकरण में सुबह देरी से काम शुरू होता है और भोजनावकाश बाद अपीलों पर सुनवाई नहीं होती, जिससे कई दिन तक अपीलों का सुनवाई के लिए नम्बर नहीं आता। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि न्यायाधिकरण में लंबित मामले बढ़ गए हैं, जिस पर रजिस्ट्रार व चेयरमैन को सुना जाना जरूरी है।

@ पत्रिका प्लस पेज
पेपर के बाद खिले स्टूडेंट्स के चेहरे, अच्छा फीडबैक

शिविर में योगासन का दिया प्रशिक्षण



जयपुर @ पत्रिका. शास्त्री नगर सुभाष नगर स्थित बांकी बिहारी पार्क में मॉर्निंग वॉकर क्लब की ओर से योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्ष हरि अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को योगाचार्य ढ़ाकाराम ने योग के फायदे बताए। विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के बाद बच्चों को उपहार दिए गए।

बच्चों को बांटे स्वेटर



जयपुर @ पत्रिका. पृथ्वी फाउंडेशन, राजस्थान की ओर से शनिवार को मौजमाबाद ब्लॉक के अंतर्गत फरियादपुरा, बैरवों की ढाणी तथा बागरियों की ढाणी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वेटर दिए गए। ममता डंडरियाल व जितेंद्र सिंह खंगारोत ने बताया कि स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस कार्य में जी पी कुकरेती, विमल जैन व गिरीश कुमार आदि का सहयोग रहा।

शिवाजी जयंती पर समारोह 18 को

जयपुर @ पत्रिका. भारत रक्षा मंच, प्रांत जयपुर की ओर से वीर शिवाजी की जयंती पर 18 फरवरी को समारोह होगा। लवेष गोयल व उर्मिला सिंह ने बताया कि मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व मुख्य वक्ता पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्य नारायण जटिया होंगे।

KIDDOZ DENTAL WORLD
Dental Clinic for Kids
(A unit of Aditri Healthcare)
EXCLUSIVE DENTAL
PEDIATRIC CLINIC
OUR SERVICES
Kids dental check up
Pain free dentistry
Teeth cleaning, Filling and Crowns
Preventive care- Fluoride and Sealants
Children with special healthcare needs
Extractions
Treatment available for all dental problems of kids
Dr. NIPUN JAIN
BDS, MDS
Pediatric Dentist
FOR APPOINTMENT CALL 6238620967
House of Doctor's, 4 Lal Niwas, Near Narayan Singh Circle, Heerabagh, Jaipur
Follow us on

विज्ञापन परिशिष्ट

घुटना प्रत्यारोपण की समस्या से परेशान लोगों के लिए आशा की किरण-विश्वविख्यात जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. दीपक सैनी

- हजारों की संख्या में घुटना प्रत्यारोपण करने वाले डॉ. दीपक सैनी प्रतिमाह सैकड़ों लोगों का घुटना प्रत्यारोपण कर उनके जीवन को दे रहे हैं नई रफ़्तार।
- डॉ. दीपक सैनी का नाम भारत में सबसे अधिक घुटना प्रत्यारोपण करने वाले सर्जन में से एक है।
- डॉ. दीपक सैनी ने एसएमएस कॉलेज जयपुर से सन 2005 में एमबीबीएस और 2009 में ऑर्थो में एम एस की डिग्री एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर से प्राप्त की, 2014 में अपनी फैलोशिप अमेरिका अकैडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक्स से की।
- इसी अनुभव के सहारे यह जटिल से जटिल घुटना प्रत्यारोपण भी 15 से 20 मिनट में सफलतापूर्वक कर देते हैं और इसका पूरा श्रेय ये उनकी नई एडवांस जीरो तकनीक को देते हैं।



डॉ. दीपक सैनी
वरिष्ठ हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन
शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर

घुटना प्रत्यारोपण से अब डर कैसा, पर भूल न करें

- जब घुटना प्रत्यारोपण का सफल इलाज मात्र 15 से 20 मिनट में हो जाए तो डर कैसा, पहले जहां 4 से 5 घंटे सर्जरी में लगते थे अब आधे घंटे से भी कम समय में सफल इलाज हो जाता है।
- 99% सक्सेस रेट के साथ सफल घुटना प्रत्यारोपण करने में डॉ. दीपक सैनी का नाम शुमार है।
- अत्याधुनिक उपकरण, प्रशिक्षित टीम ये सदैव अपने साथ लगभग 20 साल से रखते हैं।

घुटने की समस्या से हार्ट प्रॉब्लम संभव

- जो मरीज लंबे समय से घुटने की समस्या से ग्रसित होते हैं उनके अंदर कुछ टाइम के बाद में हार्ट की प्रॉब्लम और पैरालिटिक अटैक होने की संभावना रहती है, ऐसे मरीजों का चलना जरूरी है। सामान्य लोगों की तुलना से इन लोगों के अंदर हार्ट की प्रॉब्लम की संभावना बहुत ज्यादा हो जाती है।

दो से तीन बार रिप्लेसमेंट संभव

घुटनों की समस्या आजकल कम उम्र के लोगों में देखी जाती है, 50 साल से नीचे वाले लोगों में ये काफी देखी जा रही है। घुटने के प्रत्यारोपण के बाद यह 20 साल तक चलता है, उसके बाद भी ये दो या तीन बार वापस प्रत्यारोपण हो जाता है जिससे फिर 15 से 20 साल की जिंदगी दोबारा मिल जाती है।

इस एडवांस जीरो तकनीक के अनेक फायदे हैं :

- हजारों की संख्या से ज्यादा सफल घुटना प्रत्यारोपण करने वाले डॉ. दीपक सैनी की विशेषता यही है कि वे जटिल से जटिल घुटना प्रत्यारोपण भी जीरो तकनीक के द्वारा सफलतापूर्वक कर देते हैं।
- **कम ब्लड लॉस:** क्योंकि सर्जरी के लिए त्वचा को ज्यादा नहीं काटा जाता, इससे बहुत कम ब्लड लॉस होता है।
- **कम समय का एनेस्थीसिया:** जब 15 से 20 मिनट में ही सर्जरी पूरी हो जाए तो एनेस्थीसिया भी कम समय के लिए दिया जाता है।
- **जल्दी रिकवरी :** जब त्वचा को कम काटा जाता है और 15 से 20 मिनट में ही सर्जरी कर दी जाती है तो मरीज की रिकवरी भी जल्दी हो जाती है।
- **संक्रमण की संभावना कम :** जब सर्जरी के लिए त्वचा को कम काटा जाता है तो संक्रमण की संभावना भी कम हो जाती है।

मशीन सर्जन को गाइड करने का माध्यम

रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी घुटना प्रत्यारोपण करने की एक विधि है, इसमें एक मशीन सर्जन को गाइड करती है। घुटने को खोलने का कार्य तो सर्जन ही करता है। यह एक डिवाइस होती है जो मात्र सर्जन को गाइड करती है कि कितना काटना है कितना चीरना है। रोबोटिक सर्जरी के मुकाबले एडवांस जीरो तकनीक में काफी कम समय लगता है।

रोबोटिक सर्जरी नए सर्जन के लिए लाभदायक रहती है। विश्व में उपलब्ध डाटा के मुताबिक कन्वेंशनल सर्जरी के मुकाबले रोबोटिक सर्जरी के भी समान ही परिणाम है, ऐसे में अधिक फाइनेंशियल बर्डन लेने की आवश्यकता नहीं है।

री इंप्लांटेशन और पार्शियल नी सर्जरी में सर्वश्रेष्ठ

डॉ. दीपक सैनी री इंप्लांटेशन और पार्शियल नी सर्जरी के विशेषज्ञ हैं, जो जटिल समस्याओं को सुलझाने और घुटने के प्रत्यारोपण में गलती सुधारने में माहिर हैं। वे केवल संक्रमित हिस्से को बदलकर पैरों को स्वस्थ रखते हैं, जिससे लंबे समय तक बेहतर परिणाम मिलते हैं।

एक्सपर्टीज | प्राइमरी नी एंड हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी | कॉम्पलेक्स नी एंड हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी | रिवीजन नी एंड हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी | पार्शियल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी

JOINT REPLACEMENT SURGERY WITH O' TECHNIQUE ZERO

न्यूनतम चीरा | संक्रमण की कम संभावना | कम दवाएं | कम समय में सर्जरी

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें : +91 8949751300, +91 9257895443

RGHS एवं सभी प्रमुख इंश्योरेंस कंपनियों से अधिकृत कैशलेस सुविधा उपलब्ध

शैल्बी हॉस्पिटल : प्रातः 9.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक
200 फीट, बाईपास रोड, गाँधी पथ, चित्रकूट सेक्टर-3, वैशाली नगर, जयपुर

दी नी & हिप क्लिनिक : सायं 5.30 बजे से 7.30 बजे तक
प्लॉट नं. 128, हीरा नगर, डीसीएम, जयपुर

RAJASTHAN INTERNATIONAL CENTRE
DEPARTMENT ART & CULTURE GOVERNMENT OF RAJASTHAN
RANG RAJASTHAN PLAYS AT RIC
CELEBRATING THE MAGIC OF PERFORMING ARTS
bookmyshow BOOK YOUR SEAT NOW!
18+ ONLY
KANUPRIYA
19 FEB 2025 WEDNESDAY
TIME - 7:00 - 8:05 PM
BIRDS
20 FEB 2025 THURSDAY
TIME - 7:00 - 8:15 PM
DAD'S GIRLFRIEND
21 FEB 2025 FRIDAY
TIME - 7:00 - 8:40 PM
BADA BHAND
22 FEB 2025 SATURDAY
TIME - 7:00 - 8:15 PM
ORDER FÜHRER
23 FEB 2025 SUNDAY
TIME - 7:00 - 8:00 PM
VENUE: MAIN AUDI, RIC, JAIPUR

Simco
OxyVeda
HERBAL CARE
• Moisturising Cream
• Body Lotion
• Face Wash
• Bleach Cream
• Facial Kit
• Herbal Talc
For Trade Enquiries - 99296 85345
"Simco Oxyveda. The Vedic Beauty."

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

NEET (UG)-2024 : MBBS में चयनित CLCians...

GRANT MC MUMBAI (MH)	SPMC BIKANER	IGMC NAGPUR (MH)	ABV GMC VIDISHA (MP)	GMC DHOLPUR	AIIMS GORAKHPUR	SPMC BIKANER	RUHS JAIPUR	JLN AJMER	GMC JAMNAGAR (GJ)	GMC KARNAL (HR)	GMC AURANGABAD (MH)	GMC BULDHANA (MH)	MGM INDORE (MP)	CCM MC DEBAGARH (OD)	IGMC PUDUCHERRY	GMC BARAN
Gaurang Agrawal, Deoria (UP)	Gautam Karwa, Dantour, Bikaner	Gaurav Gupta, Shahjahanpur, Alwar	Gauri Shankar, Takhat Pura, Bhilwara	Gopal Krishan, Ragunathpura, Nagaur	Gaurav Chahal, Jakhala, Rewari (HR)	Ghanshyam, Garoda, Sikar	Gautam, Narayan Vihar, JPR	Gulshan Godara, Peepasar, S.Ganganagar	Govind Dan, Anandgarh, Bikaner	Garvit Beniwal, Bhapra, Panipat (HR)	Ghanshyam Paliwal, Mokheri, Jodhpur	Garima Kumawat, Ghiraniya Chhota, Sikar	Gourav Kushwa, Indore (MP)	Gaurav Bairwa, Muhana, Jaipur	Gaurav Sharma, Jai Chand Pura, Jaipur	Gulnoor Ansari, Vigyan Nagar, Kota
GMC BUNDI	GMC KOTA	GMC PALI	GMC PALI	GMC NIZAMABAD (TG)	BHU VARANASI (UP)	KGMU LUCKNOW (UP)	SNMC AGRA (UP)	MJN MCH COOCHBEHAR (WB)	MMC MIDNAPUR (WB)	DHMC DARBHANGA (BR)	PGI ROHTAK (HR)	RNT UDAIPUR	AFMC PUNE (MH)	AIIMS BILASPUR	SNMC JODHPUR	SNMC JODHPUR
Gaurav Sharma, Chhabra Colony, Ajmer	Gautam Patidar, Hemda, Jhalawar	Gourav Paliwal, Hopardi, Phalodi	Gajendra Arya, Karwas, Jaipur	Ghanshyam, Gangashahar, Bikaner	Garv Sharma, Mansarovar, Jaipur	Goutam, Yamuna Nagar (HR)	Gufran Ahmad, Suman Vihar, Kota	Gaurav Jatav, Jagdishpura, Karauli	Govind Ramawat, Kolayat, Bikaner	Hemsingh, Doongri, Sawai Madhopur	Harman, Sirsa (HR)	Hariom Choudhary, Haldeena, Alwar	Harshit Kumar, Surya Digha, Patna (BR)	Himanshu Purohit, Siddheshwar, Jalore	Hemlata, Ratanada, Jodhpur	Hitesh Chawda, Panasar, Jaisalmer
SPMC BIKANER	JLN AJMER	GMC ONGOLE (AP)	KMC RANGALIKHATA (AS)	JLN BHAGALPUR (BR)	PMCH PATNA (BR)	ADESH MC AMBALA (HR)	GMC AGROHA (HR)	GMC DODA (J&K)	AKMC MUMBAI (MH)	GMC SHAHDOL (MP)	GMC AMBEDKAR NAGAR (UP)	GMC BARMER	GMC BARMER	GMC BHARATPUR	GMC JHALAWAR	GMC NAGAUR
Harsh Sain, Shubham Vihar, Jaipur	Hakim Khan, Kesharpura, Barmer	Himanshu Bhardwaj, Hindaun City, Karauli	Hemant Sharma, Lachharsar, Churu	Harshit Kumar, East Champaran (BR)	Hrithik Kumar, Bhagalpur (BR)	Harshita Sangwan, Mathura (UP)	Hrishka, Ellenabad, Sirsa	Harish, Sirohi Bahali, MHRG (HR)	Harsha Panwar, Subhash Nagar, JDR	Himeksha Patidar, Asnawar, Jhalawar	Himanshu Saini, Garhi Mamor, Alwar	Hema Ram, Chandsar, Jaisalmer	Hitesh Purohit, Sewara, Jalore	Himanshu Garg, Ibrahimpur, Karauli	Himanshu Saini, Machari, Alwar	Hemant Gurjar, Sankda, Sawai Madhopur
GMC SAWAI MADHOPUR	KMC WARANGAL (TG)	ASMC AURAIYA (UP)	ASMC ETAH (UP)	ASMC JAUNPUR (UP)	GMC HAMIRPUR (UP)	GSVM MC KANPUR (UP)	JGMCH JHARGRAM (WB)	PDU MC RAJKOT (GJ)	AMU ALIGARH (UP)	GADAG IMS KARNATAKA (KT)	RNT UDAIPUR	AIIMS RAIBARELI	SNMC JODHPUR	SNMC JODHPUR	SPMC BIKANER	GMC KARNAL (HR)
Hitesh, Khari Beri, Jodhpur	Hanuman Choudhary, Ratanada, Jodhpur	Harshvardhan, Shardapurum, Nagaur	Himanshu Sharma, Aligarh (UP)	Hansraj, Sonebhadra (UP)	Hem Kumar, Khagaria (BR)	Hemant Baghel, Aligarh (UP)	Hanumant Sharma, Satyun, Churu	Ishu Sharma, Chirana, Jhunjhunu	Irfan Ansari, Begun, Chittorgarh	Jayant Beniwal, Parlika, Hanumangarh	Jatin Damor, Kandal, Udaipur	Jeetram Saini, More, Tonk	Jay Sharma, Fatehpur Shekhawati, Sikar	Jitendra, Samdari, Barmer	Jitendra Nath, Malasar, Churu	Jyoti, Behror, Alwar
GMC AMBARNATH (MH)	GMC AMRITSAR (PB)	GMC JHALAWAR	GMC KOTA	RNT UDAIPUR	ASMC SHAHJAHANPUR (UP)	AIIMS JAMMU	AIIMS RAIBARELI	RUHS JAIPUR	SVIMS MC TIRUPATI (AP)	ASSAM MC DIBRUGARH (AS)	GMC ULUBERIA (WB)	RD MC BANDA (UP)	AIIMS JAMMU	SPMC BIKANER	GMC GUNTUR (AP)	GMC ALWAR
Jatin Paliwal, Purani Chhawani, Dholpur	Jay Bairwa, Jamdoli, Jaipur	Jayant Mundra, Marwarn Mundva, Nagaur	Jai Singh, Dabla, Sikar	Jessica Ahari, Mukam, Dungarpur	Jai Govind, Kushinagar (UP)	Krishna Jangir, CLC Street, Sikar	Kirodi Lal, Bonli, S. Madhopur	Kshitij Bohra, Pipalda, S.Madhopur	Kriti Jain, Kaman, Bharatpur	Karishma, Mahri Rajviyan, Churu	Khushi, Fatehabad (HR)	Kshitiz Sharma, New Gurudwara, Alwar	Krishan Kaswan, Dhani Baijnath, Sikar	Karan Pal Singh, Batranau, Sikar	Kamal Charan, Dulchas, Jhunjhunu	Kuldeep Berwal, Pardoli Chhoti, Sikar
LBS GMC MANDI (HP)	SHKM MEWAT (HR)	GMC NAGAUR	GMC NAGAUR	GMC (TG) KARIM NAGAR	GMC DEHRADUN (UK)	BRD MC GORAKHPUR (UP)	AIIMS BILASPUR	AIIMS MADURAI	SMS JAIPUR	SNMC JODHPUR	SNMC JODHPUR	JLN AJMER	BPS SONIPAT (HR)	ASSAM MC DIBRUGARH (AS)	GMC NALBARI (AS)	GMC KANNAUJ (BR)
Krish Sharma, Azad Nagar, Bhilwara	Keshav Chauhan, Ujina, Nuh (HR)	Kirti, Bagar, Jhunjhunu	Kushum Kanwar, Jasrasar, Churu	Kapil Nath Hunda, Ewad, Nagaur	Krishav Rastogi, Rajiv Gandhi Nagar, Kota	Kartik, Antela, Jaipur	Komal Arora, Shri Ganganagar	Karna Ram, Morseem, Jalore	Kalpana, Baswani, Boodhi, Nagaur	Kanak Choudhary, Bagri, Tonk	Kapil Makwana, Navagoan, Banswara	Kishan, Chutarpura, Jodhpur	Komal, Bawal, Rewari (HR)	Kashifa Farha, Vigyan Nagar, Kota	Kesar Panwar, Sarwari, Balotra	Kuldeep Dhakar, Begun, Chittorgarh
GMC PURNEA (BR)	IGIMS PATNA (BR)	GMC RAJNANDGAON (CG)	JLN CHAMBA (HP)	GMC AGROHA (HR)	GMC KARNAL (HR)	SHKM MEWAT (HR)	GMC UDHAMPUR (J&K)	BCMC Thiruvalla (KL)	ESIC BANGALORE (KT)	GMC BELLARY (KT)	HIMS DEVAGIRI-YELLAPURA (KT)	GMC AKOLA (MH)	GMC AMRAVATI (MH)	GMC JALGAON (MH)	GMC JALGAON (MH)	GMC KOLHAPUR (MH)
Kanhaiya Lal, Binadesar, Churu	Kaushal Kumar, Jamui (BR)	Kanak, Rudawal, Bharatpur	Kanhaiya Lal, Jhirana, Tonk	Kashish Bishnoi, Fatehabad (HR)	Khushi, Bindroli, Sonipat (HR)	Karishma Yadav, Faridabad (HR)	Khushpreet Singh, Chak, Shri Ganganagar	Khushi Singh, Amithi (UP)	Kanchan, Gangarampura, Jaipur	Karan Singh, Silore, Barmer	Khemraj, Hamira, Jaisalmer	Kishor Bairwa, Khatupura, S. Madhopur	Khushveer, Dooni, Tonk	Khushbu, Kherapa, Jodhpur	Ketan Kumar, Kumawas, Jhunjhunu	Kishan Singh, Jaitaran, Pali
GMC NANDED (MH)	RG MC THANE (MH)	SVN GMC YAVATMAL (MH)	GMC NEEMUCH (MP)	SHYAM SHAH MC REWA (MP)	NIMSR PHIREBAGIE-KOHIMA (NL)	ESIC ALWAR	GMC ALWAR	GMC ALWAR	GMC BHARATPUR	GMC BHARATPUR	GMC BHILWARA	GMC BUNDI	GMC HANUMANGARH	GMC KOTA	GMC KOTA	GMC KOTA
Kapil Pandit, Nokha, Bikaner	Keshav Maheshwari, Bundi	Kamlesh Dhakar, Laxmipura, Tonk	Khushwant, Magra, Jodhpur	Kanta Yadav, Mahendragarh (HR)	Krishankant, Lathi, Jaisalmer	Krishna Rajoriya, Lalsot Road, Dausa	Kapil Sharma, Kala Kuwa, Alwar	Kavita, Sanwasa, Dausa	Kunal Dhaked, Bichpuri Patti, Bharatpur	Khubhiram Mahawar, Gahnoli, Jaipur	Khemraj Kumawat, Todaraisingh, Tonk	Khushi, Shakti Vihar, Alwar	Kailash Sharma, Gawaloo, Nagaur	Kuldeep Godara, Bachhrara, S.Ganganagar	Khushiram Gurjar, Keshri, Dausa	Kaushal, Tigaria, Jaipur
GMC KOTA	GMC PALI	GMC PALI	GMC PALI	GMC SAWAI MADHOPUR	GMC SIROHI	RNT UDAIPUR	GMC KAMAREDDY (TG)	RGIMS ADILABAD (TG)	GMC TIRUNELVELI (TN)	VCSG GMC SRINAGAR (UK)	ASMC BAHRAICH (UP)	ASMC BASTI (UP)	ASMC FATEHPUR (UP)	ASMC GHAZIPUR (UP)	ASMC LAKHIMPUR KHERI (UP)	ASMC PILIBHIT (UP)
Kuldeep Saini, Udaipurwati, Jhunjhunu	Kailash Soni, Dawal, Jalore	Kiran Mahawar, Nayla, Jaipur	Kishan Pal, Unchagaon, Bharatpur	Khushi Paridwal, Muhana, Jaipur	Kritika Fulwariya, Didwana, Dausa	Khushi Saini, Islampur, Jhunjhunu	Kamal, Thuni Dhirajpura, Dausa	Khushi Agarwal, Golimar Gaden, JPR	Karishma, Rewari (HR)	Kusum Bhati, Merta, Nagaur	Kishan Gupta, Jaunpur (UP)	Khushi, Khandela, Sikar	Keshav Sharma, Bhoggore, Alwar	Kunjan Rajpurohit, Faridabad (HR)	Karan Kumawat, Kuchamancity, Nagaur	Kunal Sharma, Burari, Delhi
GMC SAHARANPUR (UP)	HIND IMS BARABANKI (UP)	MLN MC PRAYAGRAJ (UP)	GMC SAHARANPUR (UP)	SNMC AGRA (UP)	RIMS RAICHUR (KT)	MAMC DELHI	GMC BHARATPUR	SNMC JODHPUR	JLN AJMER	JLN AJMER	GMC KADAPA (AP)	GMC TEZPUR (AS)	GMC PURNEA (BR)	SK MC MUZAFFARPUR (BR)	GOA MC PANAJI (GA)	GMC SRINAGAR (J&K)
Kadir, Saharanpur (UP)	Kamlesh Choudary, Bhadruna, Jalore	Kavish Paltani, Etah (UP)	Komal, Ward No. 13, Alwar	Kuldeep Kumar, Titanwar, Jhunjhunu	Lakshay Yadav, Kishan Bass, Alwar	Lokansha Sogun, Ajabgarh, Alwar	Lavesh Bairwa, Gorada, Karauli	Lalit Paliwal, Madla Khurd, Phalodi	Lokesh Verma, Asalpur, Jaipur	Lakshmi Sharma, Banethi, Jaipur	Lalit Sharma, Gangardi, Nagaur	Lakshita Kumawat, Sikko Ka Mohalla, Jaipur	Lakshman Kumar, Araria (BR)	Laxman Kumar, Ponseri, Jalore	Lokesh, Alwar	Lokesh Sharma, Laxmipura Dhakar, Tonk
NMC (KT) CHIKKABALLAPURA	GMC BULDHANA (MH)	GMC DUNGARPUR	SRT GMC AMBAJOGAI (MH)	GMC BARAN	GMC BARMER	GMC DUNGARPUR	GMC KOTA	GMC KOTA	GMC SIROHI	GMC ASIFABAD (TG)	ASMC PILIBHIT (UP)	SNMC JODHPUR	SPMC BIKANER	GMC BARODA (GJ)	GMC DHOLPUR	GMC PALI
Lakshita, Ward No.-20, Churu	Lalchand Meghwal, Jaitasar, Churu	Lalit, Lahawad, Karauli	Ladhu Singh, Beri, Barmer	Linesh Garg, Gulab Vihar, Jaipur	Lakshit Mandaiya, Kherkee Mukkar, Jaipur	Lokesh Yadav, Kakroli, Alwar	Lokesh Charpota, Manjiya, Banswara	Laxita Mewara, Sujat City, Pali	Laxman Kumar, Neembali, Jaisalmer	Lakh Singh, Bhadariya, Jaisalmer	Lokesh Sharma, Astawan, Bharatpur	Monika Panwar, Pokaran, Jaisalmer	Mahendra Indliya, Derajsar, Bikaner	Mukul Tanwar, Deeghot, Palwal (HR)	Manish, Bichpuri, Karauli	Mayank Khant, Bori, Banswara
VMMC DELHI	SPMC BIKANER	DHMC DARBHANGA (BR)	GMC ANANTNAG (J&K)	GMC KOTA	NBMCH SILIGURI (WB)	AIIMS BILASPUR	AIIMS JAMMU	AIIMS JAMMU	AIIMS DEOGARH	AIIMS DEOGARH	AIIMS BATHINDA	AIIMS BATHINDA	AIIMS RISHIKESH	SMS JAIPUR	SNMC JODHPUR	SNMC JODHPUR
Monish, Pachgaon, Gurgaon (HR)	Mamta Suthar, Ridmalsar, Jodhpur	Manjeet, Batu, Kaithal (HR)	Muskan Yadav, Mohanpur, Rewari (HR)	Manisha Yadav, Jahota, Jaipur	Mudit, Vigyan Nagar, Kota	Manmohan Singh, Udasar, Barmer	Muskan, Gudia Khera, Sirsa (HR)	Mayank Prakash, Mahendragarh (HR)	Mukesh Jangir, Meethra, Barmer	Manish Kumar, Nawadha (BR)	Monisha, Asaoti, Palwal (HR)	Mohit, Bhooda, Alwar	Mayank Kumar, Mahwa, Dausa	Muskan, Yognagar, Alwar	Mihir Solanki, Arnod, Pratapgarh	Mamta, Lawanda, Sikar
SNMC JODHPUR	SNMC JODHPUR	SPMC BIKANER	JLN AJMER	JLN AJMER	JLN AJMER	JLN AJMER	KURNOOL MC KURNOOL (AP)	KMC RANGALIKHATA (AS)	ANM MC GAYA (BR)	GMC PURNEA (BR)	IGM GMC KANKER (CG)	ESIC FARIDABAD (HR)	GMC FARIDABAD (HR)	GMC KARNAL (HR)	GMC JALAUN ORAI (UP)	ABV GMC BENGALURU (KT)
Manish Talania, Rahnawa, Sikar	Mili Agrawal, Sarmathura, Dholpur	Manish Rakshwal, Syaroli, S.Madhopur	Mandeep Singh, Surya Nagar, HMH	Monika Saini, Khandela, Sikar	Mohammad Rizwan, Musari, Alwar	Mahima Yadav, Nangal Khodiya, Alwar	Manisha Inaniya, Lamba Jatan, Nagaur	Mozakkir Nazar, Darbhanga (BR)	Manichandra Ray, Khagaria (BR)	Md Zeeshan Saman, Jehanabad (BR)	Manoj Choudhary, Bherupura, Tonk	Mangej Kumar, Kheridalu Singh, ALR	Manju, Uncha Majra, Gurgaon	Mamta Rani, Bangaon, Fatehabad	Manish Kumar, Hanutia, Jaipur	Monu Sandela, Pulasar, Churu
ESIC GULBARGA (KT)	KMC MANIPAL (KT)	GMC AKOLA (MH)	GMC HINGOLI (MH)	GMC SINDHUDURG (MH)	GANDHI MC BHOPAL (MP)	GMC KHANDWA (MP)	RKMC BHOPAL (MP)	BSSH SAMBALPUR (OD)	GMC ALWAR	GMC ALWAR	GMC ALWAR	GMC BARMER	GMC BHARATPUR	GMC BHILWARA	GMC BUNDI	GMC CHURU
Manish Kumar, Siwana, Balotra	Mohd Abdullah, Gonda (UP)	Maya Khati, Ramsar, Bikaner	Mahesh Saini, Chomu, Jaipur	Mahaveer Rewar, Rajod, Nagaur	Mohit Kumar, Kundan Nagar, Ajmer	Manisha, Ghasipura, Sikar	Megh Rawat, Morena (MP)	Mitali, Dhanbad (JH)	Mohit Kumar, Jokhawas, Alwar	Mohan Singh, Nar Singhpura, Karauli	Mohit Saini, Scheme 10A, Alwar	Mukesh Vishnoi, Dawal, Jalore	Meenu Nagil, Chatarpura, Alwar	Mahesh Junawa, Huldhani, Nagaur	Mohd Sameer Tak, Kuchamancity, Nagaur	Muskan Sharma, Rulyana Mali, Sikar
GMC JHALAWAR	GMC KARAULI	GMC KOTA	GMC KOTA	GMC PALI	GMC PALI	RNT UDAIPUR	RNT UDAIPUR	RNT UDAIPUR	GMC KHALEELWADI (TG)	GMC KHAMMAM (TG)	GMC NALGONDA (TG)	GMC ARIYALUR (TN)	GMC AGARTALA (TR)	AMU ALIGARH (UP)	AMU ALIGARH (UP)	ASMC ETAH (UP)
Manvi Choudhary, Degana Junction, Nagaur	Manu Jain, Samraniya, Baran	Maya Choudhary, Chittora, Jaipur	Mayank Jain, Chopra Bazar, Alwar	Minaxi, Mathania, Jodhpur	Monika Choudhary, Osia, Jodhpur	Muskan, Gangapole, Jaipur	Mayank Chawla, Sanganer, Jaipur	Madhushree, Bijotiya, Bundi	Mohan Gaur, Bidiyad, Nagaur	Manish, Biloni, Dholpur	Manoj Swami, Nathwana, Bikaner	Mudit Garg, Jasoopura, Dholpur	Mohit Kumawat, Karansar, Jaipur	Md Subhan, Amroha (UP)	Mohin, Moradabad (UP)	Mohammad Kamran, Pilibhit (UP)
सुकृति वुमन फाउंडेशन की ओर से अमर जवान ज्योति स्मारक पर कार्यक्रम हुआ। संस्थापक सुमन शर्मा, मीनू भारद्वाज, संगीता पटेल और विमला सिसोदिया ने पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को नमन किया।

जयपुर @ पत्रिका. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) की ओर से शनिवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में कार्यक्रम हुआ। इसमें पुलवामा के आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। सैकड़ों छात्र, शिक्षकों और कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के जोशीले नारों के बीच शहीदों को नमन किया। विवि. के इकाई मंत्री धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शहीद जवानों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। छात्रों ने भारत माता की जय के नारों के बीच शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने युवाओं से देशसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

@ सिटी स्पोर्ट्स पेज

अंपायर परीक्षा में फर्जीवाड़ा, आरसीए सख्त

बिजनेस ब्रीफ

लिवर दान कर बचाई जान



जयपुर @ पत्रिका. देवर ने अपने लिवर का एक हिस्सा दान कर अपनी भाभी को जीवन दान दिया। रोगी भाभी का महात्मा गांधी अस्पताल में आपात स्थिति में लिवर प्रत्यारोपण किया गया, जोकि पूरी तरह सफल रहा। अस्पताल के सेंटर फॉर डाइजेस्टिव साइंसेज के चेयरमैन लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नैमिष एन मेहता ने जानकारी दी कि आम तौर पर लिवर अंगदान वाले 70 प्रतिशत मामलों में महिलाएं ही डोनर होती है, किंतु इस मामले में 27 वर्षीय देवर ज्ञानप्रकाश ने अंगदान किया है। अस्पताल में अब तक 126 लिवर प्रत्यारोपण हो चुके हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 31 वर्षीय झुंझुनूं निवासी कंचन यादव को हेपेटोलॉजिस्ट डा. करण कुमार ने तीन दिन तक होश में लाने का प्रयास किया। अंतिम उपचार के तौर पर आपातकालीन परिस्थिति में लिवर ट्रांसप्लांट ही उपाय बचा था। ऑपरेशन में 20 से अधिक चिकित्सकों तथा तकनीशियनों की टीम ने 18 घंटे के प्रयासों के बाद लिवर प्रत्यारोपण में सफलता हासिल की। मेहता के साथ हेपेटोलॉजिस्ट डॉ करण कुमार, ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ आनंद नागर, डॉ विनय महला, गहन चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ आनंद जैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एम्पायर एस्टेट में आवेदन 17 तक



जयपुर @ पत्रिका. रियल एस्टेट समूह वर्धमान ग्रुप की आवासीय परियोजना एम्पायर एस्टेट में बीकानेर, नोखा, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, पिलानी, अजमेर, ब्यावर, किशनगढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ में आवेदन शुरू हो गए हैं। यह परियोजना जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एवं मुख्यमंत्री जन आवास योजना के सभी लाभों से युक्त आवासीय परियोजना है। एंपायर एस्टेट अजमेर रोड एवं महिंद्रा सेज के नजदीक एवं महापुरा के बीचों बीच एक अच्छी परियोजना है। आवेदन की अंतिम तिथि 17 फरवरी है। इस परियोजना में 1 बीएचके के लिए आवेदन राशि 61,000 रुपए 2 बीएचके के लिए 81,000 रुपए एवं 3 बीएचके के लिए 91,000 रखी गई है। परियोजना में रूफटॉप एवं कवर्ड स्विमिंग पूल, एयर कंडीशंड जिम, एसी बैंक्वेट हॉल, एसी एंट्रेंस लॉबी, रूफटॉप पार्टी एरिया, स्काई वॉक, टेंपल, बैडमिंटन कोर्ट, टी टी रूम, क्रिकेट नेट जैसी 60 से अधिक प्रमुख सुविधाएं है।

आरतिया को इनोवेटिव पहल की उम्मीद



जयपुर @ पत्रिका. अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आरतिया) ने उम्मीद जताई है कि राजस्थान सरकार का जो बजट 19 फरवरी को प्रस्तुत किया जाएगा, उसमें क्रिएटिव एप्रोच के साथ इनोवेटिव पहल अवश्य होगी। राइजिंग राजस्थान की सफलता के बाद राजस्थान का औद्योगिक और कारोबारी विकास एक नए आयाम की ओर अग्रसर है और वित्त मंत्री दीया कुमारी का ग्लोबल विजन है बजट में देखने को मिल सकता है। टीम आरतिया के विष्णु भूत, कमल कंदोई, आशीष सर्राफ, प्रेम बियाणी ने बताया कि भारत से बड़ी तादाद में छात्र विदेशों में पढ़ने के लिए जाते हैं, इसके लिए राजस्थान में नालेज एंड रिसर्च सिटी विकसित किया जाए। राजस्थान में खेलों व सांस्कृतिक क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इसके लिए प्रदेश स्तरीय खेल प्राधिकरण बने, जो प्रत्येक गांव में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करे।

न्याय के देवता शनि माह के अंत में होंगे अस्त

कम होगी शक्ति, कुछ राशियों पर नकारात्मक प्रभाव

चार से अधिक राशियों के जातकों को रखनी होगी विशेष सावधानी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. बीते कई महीने से कुंभ राशि में गोचर कर रहे न्याय के देवता शनि ग्रह 28 फरवरी से अस्त हो जाएंगे। करीब 40 दिन बाद वे नौ अप्रेल को उदित होंगे। खगोलमंडल में होने वाले इस बदलाव से कुछ राशि के जातकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अतः इन राशि के जातकों को सावधानी बरतने की जरूरत है। ज्योतिषाचार्य पं.दामोदर प्रसाद शर्मा ने बताया कि जब कोई ग्रह सूर्य के बहुत निकट पहुंचता है, तो उसकी तेज रोशनी के कारण वह अस्त हो जाता है। इससे उसकी शक्ति कम हो जाती है और वह अशुभ फल देने लगता है। कुछ राशियों पर अस्त ग्रह का प्रभाव अधिक नकारात्मक होता है। शनिदेव अभी कुंभ राशि में गोचर कर रहे हैं और वे इसी राशि में अस्त और उदित होंगे। अस्त होने की अवधि के दौरान शनि ग्रह 29 मार्च को मीन राशि में गोचर करेगा। उन्होंने बताया कि नवग्रहों में शनि ऐसा ग्रह है, जिसकी गति सबसे धीमी होती है। यह सामान्य तौर पर एक राशि में लगभग ढाई वर्ष रहते हैं। इस वजह से उनके राशि परिवर्तन का दीर्घकालिक और गहरा प्रभाव पड़ता है। जब शनि अशुभ स्थिति में होते हैं, तो वे बड़े उलटफेर कर सकते हैं।

इन राशियों को रहना होगा सचेत



मेष : परिवार में विवाद की स्थिति संभव। निवेश करने की योजना बना रहे हैं तो अच्छी तरह से विचार कर लें। जानकार से सलाह-मशवरा लें।

कर्क : इस राशि के जातकों को भी प्रतिकूल प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह : व्यापार में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

मकर : आर्थिक समस्याएं होने के आसार।

साप्ताहिक फलादेश 16 से 22 फरवरी, 2025

पं. अमर डब्बावाला (त्रिवेदी) ज्योतिषाचार्य

मेष

(चू, च, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)

हस्त नक्षत्र के साथ अमृतसिद्धि योग में आरंभ यह सप्ताह नए परिवर्तन के साथ आगे बढ़ाएगा। कुछ लोगों का सहयोग अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। व्यापार में मंगलवार की शाम कोई भागीदारिता वाला पक्ष प्रबल हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन का योग बन रहा है। महिला वर्ग को नए अवसर मिलेंगे।

शुभ दिन : सोमवार **शुभ अंक :** 3, 9
शुभ रंग : अंगूरी हरा **दिशा:** मध्यपूर्व
विशेष सलाह : आर्थिक प्रारूप को बदलने का प्रयास करें।

मिथुन

(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

वैचारिक दृष्टिकोण से संशोधन करने वाला समय रहेगा। परिवार तथा समाज में संतुलन बनाते हुए लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान करेंगे। व्यापार में जूट उद्योग से जुड़ा क्षेत्र धनवृद्धि करवाएगा। नौकरी में बौद्धिक निपुणता सम्मानित करवाएगी। महिला तथा छात्रवर्ग को अवसर।

शुभ दिन : मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 3
शुभ रंग : समुद्री नीला **दिशा:** वायव्य
विशेष सलाह : परिस्थितियों के साथ संतुलन बनाकर चलें।

सिंह

(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

विदेश यात्रा का योग बन रहा है। विदेश में कोई सेवा कार्य अथवा व्यवसाय की योजना बन सकती है। यहां से लाइफस्टाइल यू-टर्न हो सकता है। व्यापार में नीतिगत परिवर्तन करने से बाजार का लाभ अच्छा मिल सकता है। नौकरी में शासकीय पदों और ज्वैलरी से जुड़े क्षेत्र में अवसर मिलेंगे।

शुभ दिन : रविवार **शुभ अंक :** 5, 8
शुभ रंग : सुनहरा **दिशा:** नैऋत्य
विशेष सलाह : टालने की प्रवृत्ति से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

तुला

(रा, री, रू, रे, री, ता, ती, तू, ते)

निवेश के क्षेत्र में धन लगाने का मानस रहेगा। चूंकि समय उतार-चढ़ाव का है, इस दृष्टि से ध्यान रखते हुए आगे बढ़ें। बुधवार को कोई विशेष कार्य समस्या का समाधान करेगा। व्यापार में गुरुवार को संशोधित उपक्रम सामने आएंगे। नौकरी में संतुलन बनाते हुए कार्य करेंगे। छात्रवर्ग को विशेष अवसर।

शुभ दिन : बुधवार **शुभ अंक :** 1, 6
शुभ रंग : हल्का नीला **दिशा:** ईशान
विशेष सलाह : धीरे-धीरे लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने से सफलता मिलेगी।

धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

सम्पत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। बड़े दिनों से रुके भूमि-भवन के मामले इस सप्ताह सफलता दे सकते हैं। कुछ नीतिगत निर्णय करने की आवश्यकता होगी। व्यापार में बाजार से जुड़े प्रावधानों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। नौकरी में क्रिया पद्धति में संशोधन करेंगे। शिक्षा से जुड़े क्षेत्र में अवसर।

शुभ दिन : बुधवार **शुभ अंक :** 4, 7
शुभ रंग : हल्का गुलाबी **दिशा:** मध्यपश्चिम
विशेष सलाह : सक्रिय रहते हुए सटीक निर्णयों पर ध्यान दें।

कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

कुछ स्थानों पर विपरीत स्थितियां बनेंगी। वैचारिक तथा दृष्टिगत अंतर की स्थिति उलझाने का प्रयास करेंगी। विवाद से दूर रहने की कोशिश करें। बुधवार से अनुकूलता। व्यापार में गुरुवार से नए व्यवसाय का लाभ मिलेगा। नौकरी में प्रतीक्षित पद की प्राप्ति का योग बन रहा है।

शुभ दिन : गुरुवार **शुभ अंक :** 1, 6
शुभ रंग : नारंगी **दिशा:** पूर्व
विशेष सलाह : समन्वय बनाते हुए अपने कार्य को पूरा करें।

वृषभ

(इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

सहयोगियों से व्यावसायिक परियोजना का वातावरण बन सकता है। कुछ लोगों का प्रत्यक्ष आर्थिक सहयोग भी मिल सकता है। दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य किया जा सकता है। व्यापार में आर्थिक अनुदान का विकल्प सहयोग करेगा। नौकरी में नवाचार का प्रयोग सफलता देगा।

शुभ दिन : रविवार **शुभ अंक :** 4, 7
शुभ रंग : हल्दी पीला **दिशा:** ईशान
विशेष सलाह : अवसरों को समझते हुए आगे बढ़ें।

कर्क

(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

धन की प्राप्ति का योग बन रहा है। पूर्व का निवेश इस सप्ताह लाभकारी रहेगा। यदि मार्केट से संबंधित हैं, तो नगद भुगतान ले सकते हैं। नए रास्ते भी प्रतीक्षा में हैं। व्यापार में बाहरी क्षेत्र से मांग बढ़ेगी। नौकरी में बाहर जाने का प्लान बनेगा। महिलाओं को अर्द्धशासकीय सेवाओं के अवसर मिलेंगे।

शुभ दिन : दक्षिण **शुभ अंक :** 1, 2
शुभ रंग : बसंती पीला **दिशा:** दक्षिण
विशेष सलाह : कार्य क्षेत्र से जुड़े संसाधनों पर विचार करें।

कन्या

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

राशि पर चन्द्र का गोचर आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टिकोण से लाभकारी रहेगा। एकल योजना से जुड़े कार्य को आगे बढ़ा सकते हैं। कुछ लोगों का सहयोग मिल सकता है। व्यापार में फूलों की खेती से जुड़े क्षेत्र का लाभ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र का विस्तार होने से रास्ते खुलेंगे।

शुभ दिन : गुरुवार **शुभ अंक :** 1, 6
शुभ रंग : सिंदुरिया **दिशा:** दक्षिण
विशेष सलाह : योजनाओं को आकार देने का प्रयास करें।

वृश्चिक

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी। सामाजिक अथवा राजनीतिक पद की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। काफी समय से चली आ रही विचारधारा को सहयोग मिलेगा। सम्मान बढ़ने से विश्वास भी बढ़ेगा। व्यापार में स्थान परिवर्तन करते हुए आगे बढ़ेंगे। नौकरी में प्रशासन से सम्मान की प्राप्ति का योग है।

शुभ दिन : शुक्रवार **शुभ अंक :** 3, 6
शुभ रंग : खरबूजी पीला **दिशा:** आग्नेय
विशेष सलाह : सभी के साथ समायोजन बनाकर चलें।

मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

अच्छे लोगों का सहयोग मिलेगा। विचारधारा में भी एकदम परिवर्तन करेंगे। कुछ लोगों का चुनौतीपूर्ण रवैया भी दिखाई देगा। ये सभी स्थितियां एक नए लक्ष्य को हासिल करवा सकती है। व्यापार में उतार-चढ़ाव के बाद लाभ का योग। नौकरी में स्थान परिवर्तन करने से नई जगह की प्राप्ति होगी।

शुभ दिन : शनिवार **शुभ अंक :** 1, 9
शुभ रंग : तरबूजी लाल **दिशा :** उत्तर
विशेष सलाह : हर प्रकार से सोचते हुए उद्देश्य तय करें।

मीन

(दी, दु, थ, ञ, दे, दो, चा, ची)

समसप्तक चन्द्रमा कुछ अलग प्रकार से प्रेरित करेगा। परिवार तथा समाज को देखने का नजरिया बदलेगा। व्यावहारिक परिवर्तन होने से संबंधियों को अचरज होगा। व्यापार में खाद्य वस्तुओं से जुड़े बाजार की मिडिल ईस्ट में मांग बढ़ेगी। नौकरी में पदवृद्धि के साथ धनवृद्धि होगी। महिला व छात्रवर्ग को अवसर।

शुभ दिन : सोमवार **शुभ अंक :** 2, 5
शुभ रंग : नींबू पीला **दिशा :** पश्चिम
विशेष सलाह : सहयोग करते हुए अपनी यात्रा तय करें।

https://snapfrom.com/

https://www.888casinogame.com/

दो गिरफ्तार, चोरी की कार बरामद

फर्जी आइडी से कराई बुकिंग, जीपीएस बंद करके कार ले उड़े



जयपुर @ पत्रिका. सिंधी कैंप थाना पुलिस ने जीपीएस बंद कर कार ले जाने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की कार बरामद कर ली। डीसीपी (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनमोहन (29) और अंकुश (28) रोहतक हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि सिंधी कैंप निवासी वेदप्रकाश ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह अपनी कार को एक कंपनी के जरिये किराए पर देता है। 29 जनवरी को उसे एक ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त हुई। चालक करण सिंह ने सभी संबंधित कार्रवाई पूरी करके आरोपियों को गाडी सुपुर्द की। ग्राहकों ने अपने नाम आकाश तथा अंकुश बताए। बाद में कार सवार युवकों ने गुरुग्राम में जीपीएस तोड़ दिया और मोबाइल बंद कर लिया। आरोपियों की आइडी भी फर्जी निकली। पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी आधार पर पहचान कर आरोपी मनमोहन और अंकुश को गिरफ्तार कर लिया।

मालपुरा गेट पुलिस की कार्रवाई

पार्सल चोर गिरफ्तार, 20 लाख के मोबाइल-टैबलेट बरामद

जयपुर @ पत्रिका. मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पार्सल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पार्सल बरामद कर लिया है। पार्सल में 12 महंगे मोबाइल रखे थे। उधर, खोह नागोरियान में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आठ मोबाइल बरामद किए। डीसीपी (पूर्व) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि सुरेन्द्र सिंह सांगानेर स्टेडियम के पास एक कंपनी में पिछले डेढ़ साल से हब इंचार्ज है। कंपनी में टोंक निवासी सुनील कुमार चंदेल एक साल से पार्सल डिलीवरी का काम करता था। 27 सितंबर को सुनील धोखाधड़ी कर बीस लाख रुपए कीमत का मोबाइल का पार्सल ले गया। पुलिस ने टोंक निवासी सुनील चंदेल (32) और मण्डावरी दौसा निवासी अमन मीणा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लाख रुपए कीमत के 12 मोबाइल और 1 टैबलेट बरामद कर लिया। उधर, खोह नागोरियान थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आठ महंगे मोबाइल बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपी संजय कुमार मीणा (27) मानपुर दौसा का रहने वाला है।

ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विदः घनश्यामलाल स्वर्णकार

शुभ वि. सं: 2081
संवत्सर का नाम: कालयुक्त
शाके सम्वत: 1946
हिजरी सम्वत: 1446
मु. मास: सावन-17
अयन: उत्तरायण
ऋतु: शिशिर
मास: फाल्गुन
पक्ष: कृष्ण

रविवार, 16 फरवरी, 2025
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



श्रेष्ठ चौघड़िए आज प्रात: 08.30 से दोपहर 12.41 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02.05 से अपराह्न 03.28 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12.18 से दोपहर 01.03 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अति उत्तम है।

तिथि चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि रात्रि 02.16 तक, तदन्तर पंचमी पूर्णा संज्ञक शुभ तिथि प्रारम्भ हो जाएगी। चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि में शत्रुमर्दन, बन्धन, अग्नि विषादिक कार्य, शस्त्र प्रहार आदि कार्य विशेष रूप से सिद्ध होते हैं। मांगलिक कार्य शुभ नहीं कहे गए हैं।

नक्षत्र हस्त "क्षिप्र व तिर्ड्यंमुख" संज्ञक नक्षत्र अन्तरात 04.31 तक, तदन्तर चित्रा "मृदु व तिर्ड्यंमुख" संज्ञक नक्षत्र है। हस्त नक्षत्र में यात्रा, विद्या, विवाहादि मांगलिक कार्य, अलंकार, वस्त्र, गृहारम्भ व प्रतिष्ठादिक कार्य और चित्रा में शान्ति, पुष्टता, कारीगरी आदि कार्य शुभ होते हैं।

योग
धृति नामक नैसर्गिक शुभ योग प्रात: 08.06 तक, तदन्तर शूल नामक नैसर्गिक अशुभ योग है। शूल नामक योग की प्रथम पांच घटी शुभ कार्यों में त्याज्य है।

विशिष्ट योग
अमृत सिद्धि नामक शुभ योग सूर्योदय से रात्रि 02.16 तक तथा सर्वार्थ सिद्धि नामक शुभ योग सूर्योदय से अन्तरात 04.31 तक है।

करण
बव नामकरण दोपहर बाद 01.04 तक, तदन्तर बालव व कौलव आदि करण क्रमश: हैं।

व्रतोत्सव आज चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 09.44 पर)।

चन्द्रमा: चन्द्रमा कन्या राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

दिशाशूल : रविवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज दक्षिण दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

राहुकाल (मध्यमान से): सायं 4.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभ कार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

सोमवार-17,फरवरी: महापात सायं: 04.45 से रात्रि: 09.13 तक।

मंगलवार-18,फरवरी: सायन मीन में सूर्य अपराह्न: 03.37 पर, बसन्त ऋतु प्रारम्भ।

बुधवार-19,फरवरी: छत्रपति शिवाजी जयन्ती।

गुरुवार-20,फरवरी: श्री नाथ जी का पाटोत्सव नाथद्वारा (राज.), कालाष्टमी, तथा राष्ट्रीय फाल्गुन मास प्रारम्भ।

शुक्रवार-21,फरवरी: जानकी जयन्ती, अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस तथा गण्डमूल प्रारम्भ अपराह्न: 03.34 से।

शनिवार-22,फरवरी: श्री रामदास नवमी तथा गण्डमूल सम्पूर्ण दिवारात्रि।

रविवार-23,फरवरी: महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती, गाडगे महाराज जयन्ती तथा गण्डमूल सायं: 06.43 तक।

आवश्यक कार्यों के शुभ मुहूर्त उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज विवाह का अतिआवश्यकता में हस्त में (राहु वेध) व चित्रा में (भुजंगपात व शनि वेध) दोष युक्त मुहूर्त है।

सोमवार-17, फरवरी: विपणि-व्यापारारम्भ, वाहन क्रय करना, शल्य चिकित्सा, कूपखनन, बोरिंग करवाना, गृहारम्भ अतिआवश्यकता में व गृह प्रवेश भी अतिआवश्यकता में (शनि वेध दोष) विवाह अतिआवश्यकता में (भुजंगपात व शनि वेध दोष) तथा जनेऊ का अतिआवश्यकता में (शनि वेध दोष युक्त) सभी चित्रा नक्षत्र में।

मंगलवार-18, फरवरी: शल्य चिकित्सा चित्रा व स्वाती में, विवाह अ.आव. में (भुजंगपात दोष युक्त) चित्रा में तथा विवाह, सगाई व रोका आदि स्वाती में।

बुधवार-19, फरवरी: विवाह, देव प्रतिष्ठा, वाहन क्रय करना, गृह प्रवेश, द्विरागमन, सगाई, रोका स्वाती नक्षत्र में।

गुरुवार-20, फरवरी: विवाह, वाहन क्रय, सगाई, रोका आदि अनुराधा में तथा व गृह प्रवेश (विशाखा में नक्षत्र त्याज्य) अपराह्न: 03.10 के बाद अपराह्न दोष अनुराधा नक्षत्र में तथा चूड़ा पहनने का विशाख में शुभ मुहूर्त है।

शुक्रवार-21, फरवरी: विवाह, गृहारम्भ, गृह प्रवेश, प्रतिष्ठा, विपणि-व्यापार, वाहन क्रय करना, द्विरागमन व सगाई व रोका आदि अनुराधा नक्षत्र में।

शनिवार-22, फरवरी: जडूला, मुण्डन ज्येष्ठा में। विवाह अतिआवश्यकता में मूल में (भौम वेध दोष)।

रविवार-23,फरवरी: आठवां पूजन, सीमन्त कर्म, पुंसवन, मूल में, विवाह अ.आ. में मूल में (भौम वेध दोष) तथा सगाई व रोका आदि पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में।

वारकृत्य कार्य रविवार को सामान्य रूप से राज्याभिषेक, उत्सव, (गाना बजाना), नई सवारी (वायुयान आदि) का प्रयोग, यात्रा, नौकरी, पशु क्रय- विक्रय, सोना, ताम्बा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, औषध व जड़ी-बूटी आदि का संग्रह व प्रयोग, शिक्षा-दीक्षा, लेना-देना, अस्त्र-शस्त्र व अग्नि सम्बन्धी कार्य, न्यायिक परामर्श तथा यज्ञादि मंत्रोपदेश आदि कार्य करने योग्य हैं।

आज जन्म लेने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (पू, ष, ण, ठ, पे) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि कन्या है। कन्या राशि के स्वामी बुध है। इनका जन्म रजतपाद से हैं, जो शुभ माना जाता है। सामान्य रूप से ये जातक भाग्यशाली, मानेता, सुखी, पर पाप योग के प्रभाव से कुछ-कुछ जातक क्रूर, कामी, विवाद प्रिय और व्यसन प्रिय भी हो सकते हैं। इनका भाग्योदय 30 वर्ष की आयु के बाद ही होता है। कन्या राशि वाले जातकों को अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, पर सामाजिक पक्ष मजबूत होगा।

सदर थाना पुलिस की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

फर्जी दस्तावेज से बनता जमानती, कोर्ट में खुली पोल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



15 से अधिक लोगों की जमानत कराई

थानाप्रभारी बलबीर सिंह कस्वा के अनुसार, सात-आठ महीने पहले रामगोपाल की मुलाकात ललित सैनी नाम के व्यक्ति से हुई, जिसने उसे पैसे लेकर जमानती बनने का सुझाव दिया। इसके बाद, रामगोपाल जमानतियों की व्यवस्था करने वाले लोगों के संपर्क में आया और अब तक 15-20 लोगों को कोर्ट में जमानत दिलवा चुका है। प्रत्येक जमानत के बदले उसे 1000 से 1500 रुपए मिलते थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है।

जयपुर. सदर थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज के जरिये जमानत दिलाने वाले रामगोपाल सैनी (61) निवासी नांगल सुसावतान, आमेर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड, जमानतनामा और हैसियत प्रमाण पत्र तैयार कर कई लोगों की जमानत कराई थी।

डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया कि 11 फरवरी को एडवोकेट जयप्रकाश सैनी ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने एक फोटोस्टेट की दुकान पर तहसीलदार, विराटनगर से जारी हैसियत प्रमाण पत्र देखा, जो सुभाष पुत्र बाबूलाल सैनी के नाम से था। इसका पता जयप्रकाश के पुश्तैनी मकान का था। पूछताछ में प्रमाण पत्र लेकर आए व्यक्ति ने अपना नाम रामगोपाल सैनी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो आधार कार्ड बरामद किए, जिनमें से एक उसके अपने नाम से और दूसरा सुभाष सैनी के नाम से हैं। इसके अलावा, तहसीलदार विराटनगर की ओर से जारी एक फर्जी हैसियत प्रमाण पत्र भी मिला, जिसमें रामगोपाल की फोटो लगी थी। जांच में सामने आया कि दो साल पहले रामगोपाल सैनी ने सुभाष सैनी से विराटनगर में जमीन खरीदी थी। उस दौरान उसके पास सुभाष का आधार कार्ड और जमीन के कागजात आ गए थे। इन्हीं दस्तावेज का दुरुपयोग कर उसने फर्जी आधार कार्ड और हैसियत प्रमाण पत्र बनवाए।

इ्यूटी से गायब रहने वाले दो चिकित्सक व तीन कार्मिक निलंबित

पशु चिकित्सालयों का ऑनलाइन निरीक्षण, वीडियो कॉल से नजर रखेंगे अफसर

शिकायतों के बाद पशु पालन विभाग ने उठाया कदम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

10,500 पशु चिकित्सालय है प्रदेशभर में
20,000 से अधिक चिकित्सक व कार्मिक तैनात हैं इन चिकित्सालयों में

जयपुर के दो चिकित्सकों पर एक्शन

विभाग के अफसरों ने वीडियो कॉल के माध्यम से पशु चिकित्सालयों का निरीक्षण किया, तो दो चिकित्सक व तीन कार्मिक अनुपस्थित मिले। इस पर पांचों को शनिवार को निलंबित कर दिया गया है। इसमें दोनों चिकित्सक जयपुर जिले के है, जिनका निलंबन काल के दौरान मुख्यालय जोधपुर व बीकानेर किया गया है। वहीं तीन कार्मिक करौली जिले के हैं।

जयपुर. पशु चिकित्सालयों में अब ऑनलाइन नजर रखी जा रही है। इसके लिए पशु पालन विभाग के अफसर ने वीडियो कॉल के माध्यम से चिकित्सकों व अन्य कार्मिकों का औचक निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। निरीक्षण के दौरान अगर कोई चिकित्सक या कार्मिक इ्यूटी से गायब मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसे लेकर पशु पालन विभाग ने आदेश जारी करने के साथ कार्रवाई भी शुरू कर दी है। पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों के अनुपस्थित रहने की शिकायतों के बाद विभाग ने यह कवायद शुरू की है।

हर माह 100 वीडियो कॉल का टारगेट: विभाग के अफसर प्रदेश के पशु चिकित्सालयों के साथ पॉलीक्लिनिक, प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय का विडियो कॉल के माध्यम से औचक निरीक्षण करेंगे। एक-एक अफसर को हर माह 100 वीडियो कॉल करके चिकित्सालयों का निरीक्षण करने का टारगेट दिया गया है।

निदेशालय स्तर से नियुक्त किए गए जिला नोडल अधिकारी नियमित रूप से संबंधित जिलों में फील्ड विजिट करेंगे। चिकित्सालयों में इ्यूटी चिकित्सक व कार्मिकों का नाम सूचना पट्ट पर अंकित किया जाएगा। वहां इ्यूटी रोस्टर रजिस्टर भी रखा जाएगा।

तकनीक का उपयोग कर हम पशु चिकित्सा सेवाओं की सुनिश्चितता कर रहे हैं। पशु चिकित्सक व कार्मिक पशु अस्पतालों में उपस्थित रहे, जिससे पशुपालकों को लाभ मिल सकें। इ्यूटी से गायब रहने वालों पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

-डॉ. समित शर्मा, सचिव, पशु पालन विभाग

होटल में लड़की दिखाने का झांसा...मारपीट, रेप केस की धमकी

जयपुर @ पत्रिका. विद्याधर नगर में एक युवक को शादी के लिए लड़की दिखाने के बहाने होटल में बुला बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी देकर 90 हजार लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में होटल संचालक सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कलीमुनिशा उर्फ निशा, संदीप कुमार, साहिल शर्मा और ललित यादव खैरथल तिजारा, अनूप यादव कोटपूतली व होटल संचालक राहुल चौधरी सोडाला निवासी है। इस संबंध में पीड़ित युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 7 फरवरी को ऑनलाइन विज्ञापन देखकर क्लिक किया तो कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर कॉल आया। लड़की ने शादी की बात करने का झांसा देकर मिलने के लिए लोकेशन भेज दी। युवक वहां पहुंचा तो कार में 3-4 लड़के मिले। उन्होंने कार में बैठने के बाद मारपीट की और पास के होटल में ले जाकर मोबाइल से 90 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। किसी को बताने पर बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी दी। उधर, पुलिस ने होटल में दबिश देकर युवती व होटल संचालक सहित छह आरोपियों को पकड़ लिया।

विद्याधर नगर

निर्माणाधीन मकान पानी से तर, ठेकेदार बेच रहे सरकारी टैंकर



जयपुर @ पत्रिका. जयपुर. शहर के कई इलाकों में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं वहीं टैंकर ठेकेदार बीसलपुर का पानी निर्माणाधीन मकानों के लिए बेच रहे हैं। विद्याधर नगर के मुरलीपुरा सब डिवीजन के अधीन दाधीच नगर पंप हाउस से चालक ने टैंकर भरा और लोहामंडी स्थित एक निर्माणाधीन मकान पर खाली किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जलदाय विभाग तो चार हजार लीटर सप्लाई करता है। लेकिन यह टैंकर तो छह हजार लीटर का है। ठेकेदार विभाग की आंखों में धूल झोंक 2 हजार लीटर पानी रोजाना बेच अपनी जेब भर रहा हैं। निर्माणाधीन मकान पर टैंकर खाली होने का वीडियो भी स्थानीय लोगों ने बना लिया और इसे वायरल कर दिया। इससे पहले भी दाधीच नगर पंप हाउस से पानी भर कर आमेर स्थित एक होटल में बेचने का मामला सामने आया था लेकिन आला अधिकारियों ने टैंकर चालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

निर्माणाधीन मकान पर अगर सरकारी टैंकर पहुंचा है तो इसकी जांच रविवार को की जाएगी। दोषी टैंकर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। **- सुरेन्द्र सिंह राठौड़,** अधीक्षण अभियता, उत्तर सर्कल

प्रताप नगर में एसीबी की कार्रवाई

शिक्षा विभाग का प्रशासनिक अधिकारी 7 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

स्कूल को शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट करने की एवज में मांगी घूस

जयपुर @ पत्रिका. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को प्रताप नगर में शिक्षा विभाग के प्रशासनिक अधिकारी को 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने यह रिश्वत पीड़ित के प्राइवेट स्कूल को शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट करने की एवज में मांगी थी।



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनील कुमार गोयल भरतपुर का रहने वाला है। आरोपी प्रारम्भिक शिक्षा विभाग भरतपुर में प्रशासनिक अधिकारी है। इस संबंध में एसीबी की ओर से 9 फरवरी को धौलपुर में लगाए गए कैंप के दौरान पीड़ित स्कूल प्रबंधक ने एसीबी को शिकायत दी थी। उसने बताया कि उनके स्कूल को शिक्षा विभाग के शालादर्पण पोर्टल पर अपडेट करने की एवज में आरोपी की ओर से दस हजार रुपए की रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है। एसीबी टीम ने सत्यापन किया तो सामने आया कि आरोपी ने 13 फरवरी को पहली किस्त के रूप में 3 हजार ले लिए और बाकी पैसे लेकर शनिवार को पीड़ित को जयपुर बुलाया। इसी दौरान जयपुर आने पर एसीबी चौकी धौलपुर के उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए सुनील कुमार गोयल को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

सेवानिवृत्ति के बाद वेतन पुनःनिर्धारण का दावा खारिज, रोडवेज के पक्ष में फैसला

जयपुर @ पत्रिका. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (दक्षिण) जयपुर महानगर प्रथम ने सेवानिवृत्ति के बाद वेतन पुनःनिर्धारण से जुड़े दो मामलों में वादियों के दावे खारिज कर रोडवेज के पक्ष में फैसला सुनाया है।

प्रभुदयाल पारीक बनाम राजस्थान रोडवेज और भगवान सहाय शर्मा बनाम राजस्थान रोडवेज मामलों में रोडवेज की ओर से अधिवक्ता अर्चना झा ने मद्रास हाईकोर्ट के एक निर्णय के संबंध में न्यायालय में बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी और नियोक्ता का संबंध समाप्त हो जाता है, इसलिए वेतन पुनःनिर्धारण अवैध है। वादियों ने रिटायरमेंट के तीन साल से अधिक समय बाद अपने सेवा काल के 18 वर्ष पुराने वेतन निर्धारण को चुनौती दी थी। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद दावे को खारिज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि किसी सिविल अधिकार को चुनौती देने के लिए उसका पहले से अस्तित्व में होना जरूरी है। यदि कोई आदेश पहले ही जारी होकर लागू हो चुका हो और कर्मचारी उससे लाभ ले चुका हो, तो उसे बाद में चुनौती नहीं दी जा सकती।

रोडवेज के विधि अधिकारी एच.आर. ढाका ने बताया कि, कर्मचारी को सेवा के दौरान ही अपने अधिकारों को लेकर सजग रहना चाहिए। इस प्रकार के अब तक आठ मामले खारिज हो चुके हैं।

कलेक्शन एजेंट से लूटः लुटेरों का सुराग नहीं

जयपुर @ पत्रिका. झोटवाड़ा थाना इलाके में शुक्रवार को दिनदहाड़े कलेक्शन एजेंट से पांच लाख रुपए लूटने के मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ पाई। बदमाशों की तलाश के लिए झोटवाड़ा पुलिस के अलावा स्पेशल टीम लगाई गई है। सभी टीम सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि बदमाशों को पकड़ा जा सके।

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL FORENSIC SCIENCES UNIVERSITY
(An institution of National Importance under Ministry of Home Affairs, Government of India)
रोक्टर 9, गांधीनगर, गुजरात — 382007

अधिसूचना
तृतीय दीक्षांत समारोह

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह दिनांक 28 फरवरी 2025 को प्रातः 09:00 बजे आयोजित किया जा रहा है। एन.एफ.एस.यू. द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में डिग्री/डिप्लोमा पुरस्कार के लिए योग्य सभी विद्यार्थियों को इस समारोह में पदवी ग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा रहा है।

Sd/-
कार्यपालक कुलसचिव

HEALTH CARE Special
डिस्प्ले क्लासीफाइड विज्ञापन परिशिष्ट

गोपीनाथ अस्पताल : डॉक्टर प्रद्युम्न शर्मा गत 44 वर्ष से डायबिटीज़ में निरंतर काम कर रहे हैं एवं काफ़ी अनुभवी चिकित्सक है और नाना प्रकार की डायबिटीज़ के रोगियों की सेवा करते रहे हैं अपनी चिकित्सा देते रहे हैं। डायबिटीज़ आज की तारीख़ में बहुत तेज़ी से फैल रही है। पिछले बीस सालों में दोगुनी से चार गुनी स्पीड से लोगों में डायबिटीज़ फ़ैल रही है और विशेष तौर पर भारत वर्ष में सबसे अधिक डायबिटीज़ के मरीज मिले हैं।

ये देखा गया है कि डायबिटीज़ के कारण हृदय, गुर्दा, लीवर और दिमाग़ की उम्र काफ़ी कम हो जाती है।

डायबिटीज़ का मतलब ये है की आप की में रक्त में चीनी की मात्रा ज़्यादा होना और जोकि आपके अंदर जो पैनक्रियाज़ होता है वो उनको कंट्रोल नहीं कर पाता।

प्री डायबिटीज़ का महत्व है अगर अपना ध्यान नहीं दिया तो क़रीब चार पाँच साल में डायबिटीज़ में कन्वर्ट हो जाती है। डायबिटीज़ होने का मुख्य कारण शारीरिक व्यायाम का अभाव और हमारा खानपान है।

काबरा आई हॉस्पिटल : जयपुर के काबरा आई हॉस्पिटल में आज 16 फरवरी 2025 को अत्याधुनिक No-Touch Trans PRK लेसिक सुविधा का शुभारंभ किया जाएगा। हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. मनोज काबरा ने बताया की यह SCHWIND AMARIS तकनीक पर आधारित जयपुर का पहला Touch-Free Laser उपचार है, जो बिना ब्लेड और बिना छुए चश्मा हटाने की प्रक्रिया को संभव बनाता है। यह तकनीक सटीक, सुरक्षित और तेज़ दृष्टि सुधार प्रदान करती है, जिससे मरीजों को तेज़ रिकवरी और उच्च गुणवत्ता वाले परिणाम मिलते हैं। इस नई सुविधा के साथ, काबरा आई हॉस्पिटल नेत्र उपचार में एक नया आयाम जोड़ रहा है।

Custom eyes Touch free Laser की विशेषताएं : • Non-Invasive (नॉन-इनवेसिव) - यह एक नॉन इनवेसिव प्रक्रिया है जिसमे कोई कट या Implant नहीं होता है। • Accuracy (सटीकता) : इसमे एक उन्नत Tracking सिस्टम है जो आंख के movements को Track करता है और लेजर को सटीक रूप से निर्देशित करता है। • Personalized treatment (व्यक्तिगतीकृत उपचार) - इसमें एक Advanced Software है जो रोगी की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार उपचार को व्यक्तिगत बनाता है। • Less Pain (न्युनतम दर्द) यह एक Advanced Laser प्रणाली है जिसमे दर्द कम और उपचार को अधिक आरामदायक बनाती है। • Fast treatment (तेजी से उपचार):- यह Fast उपचार प्रदान करती है। • High Quality Result's - इस तकनीक से High Quality result's प्रदान होते है जिससे रोगी को बेहतर दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिलती है। Custom eyes Touch-free laser का उपयोग विभिन्न दृष्टि सुधार प्रक्रियाओं में किया जाता है।

Myopia (निकट दृष्टि), Hyperopia (दूर दृष्टि), Astigmatism (असामान्य दृष्टि), Presbyopia (आयु संबंधी दृष्टिहानि), Thin Cornea, Early Keratoconus का उपचार भी संभव है। • काबरा आई हॉस्पिटल सोडाला जयपुर में सम्पूर्ण आई उपचार प्रदान किया जाता हैं।

ट्रांस केनाल कान सर्जरी के फायदे : आजकल चिकित्सा विज्ञान में तकनीक इतनी उन्नत हो गई है कि कई गंभीर बीमारियों का इलाज बिना किसी बड़े ऑपरेशन के संभव हो गया है। कान की समस्याओं के लिए "ट्रांस केनाल" तकनीक एक महत्वपूर्ण खोज है। **आइए जानते हैं इसके फायदे :** बना चीरा, बिना टांका, बिना पट्टी, दर्द रहित ट्रांस केनाल तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें किसी भी प्रकार का चीरा नहीं लगता, न ही टांके लगाने की जरूरत पड़ती है। इसके साथ ही, इस तकनीक से इलाज के बाद मरीज को पट्टी भी नहीं बांधनी पड़ती और यह पूरी तरह से दर्द रहित होती है। **आधुनिक** रिणाम भी उत्कृष्ट होता है। **फौज में भर्ती संभव :** कान की समस्याओं के कारण कई युवाओं को फौज में भर्ती होने में परेशानी होती है। लेकिन इस तकनीक से इलाज कराने के बाद वे बिना किसी परेशानी के फौज में भर्ती हो सकते हैं।







स्पेशल इम्पैक्टफुल विशेषांक में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : विश्वनाथ गौत्तम : 7976266863

https://snapfrom.com/

https://www.888casinogame.com/

संडे लाइट मूड : 16 फरवरी और इतवार, अगले 25 साल में केवल तीन बार

मैं तारीख 16वीं, आपसे मन की बात करना चाहती हूं...

विजय कुमार झा
patrika.com

नई दिल्ली. महीना प्यार का, दिन इतवार और मैं 16वीं तारीख। बीते 16 बरस में दो बार ही यह संयोग (2014 और 2020 में) बना था। अगले 25 साल में केवल तीन बार (2031, 2042 और 2048) ही यह संयोग बनेगा। यानी अगला मौका छह साल बाद आएगा। इसलिए आज मैं मन की बात कहना चाहती हूं और आपको '16' का महत्व भी बताना चाहती हूं। छुट्टी तो है! मुझे सुनेंगे और समझेंगे न!

16 को देखने के 8 नजरिए...

- मुझ 16 को सब अलग-अलग नजरिए से देखते हैं, लेकिन समझते बहुत कम लोग हैं।
- **उम्र के लिहाज से** देखें तो 16वां साल जीवन में बदलाव लाने वाला साल होता है। तन, मन, सोच, जिम्मेदारी...हर लिहाज से।
- **सामाजिक रूप से** 16 की उम्र को ज्यादा जिम्मेदारी संभालने या ज्ञान हासिल करने की उम्र के रूप में देखा जाता है।
- **रिश्तों में** '16' का सांकेतिक महत्व देखें तो यह विपरीत के बीच संतुलन साधने का भी प्रतीक है। '1' यानि 'मैं' और '6' यानि 'समूह'। 'मैं' और 'समूह' को साथ लेकर चलने की कला 16वें साल से तो जरूर सीखना शुरू कर देना चाहिए।
- **आध्यात्मिक रूप से** देखा जाए तो '16' का अंक पूर्णता का प्रतीक माना जाता है। पूर्णता का चक्र ही सृष्टि को निरंतर चलायमान बनाए रखता है। जन्म से मरण का चक्र पूर्ण होता है तभी जीवन की निरंतरता बनी रहती है। इसी तरह



सफलता-असफलता-सफलता का चक्र जीवन को सफल बनाएगा।

- **ज्योतिष शास्त्र में** भी अंक '16' का संबंध ज्ञान और दिव्य शक्ति से बताया गया है। टैरो कार्ड में 16वां कार्ड 'टावर कार्ड' कहलाता है, जो अचानक आने वाले परिवर्तन और नई चीजों के सामने आने से जुड़ा है। यानी, पुरानी विचारधारा छूट जाती है और नए विचार पनपते हैं।
- **अंकशास्त्र भी** '16' को बुद्धि, तरक्की व खुद में बदलाव से जोड़ कर देखता है। 16 के मूलांक (16) '7' को भी आत्ममंथन व सत्य की खोज से जोड़कर देखा जाता है।
- **गणित के लिहाज** से देखें तो '16' चार का पूर्ण वर्ग है। यह पूर्ण सामंजस्य, संतुलन और समरसता का प्रतीक है।

करें संवाद: मुझ 16 के ये अलग-अलग नजरिए हैं तो क्यों न आज ही मुझे अपनी दिनचर्या में शामिल करें...जैसे - '16 मिनट के लिए खुद से संवाद', '16 मिनट समाज के नाम' या आपको जो भी अच्छा लगे।

16 से जुड़े 6 तथ्य

- **अमरीका में लड़कियों के 16 साल की उम्र होने पर 'स्वीट 16 पार्टी' का चलन है,** अब भारत में भी चलन शुरु।
- **केंटकी में 'सिक्स्टीन'** नाम से ऐसे इलाके हैं जहां सरकार का कोई प्रतिनिधि नहीं होता।
- **शतरंज में** प्रत्येक खिलाड़ी के पास 16 मोहरे।
- महिला ऑस्ट्रेलियन रूल्स **फुटबॉल लीग में 16 खिलाड़ियों** की टीम, पुरुष लीग में 18 खिलाड़ी।
- **एक रुपया = 16 आना,** एक पाउंड = 16 आउंस।
- **सनातनी परंपरा में 16 कलाएं**, संस्कार, शृंगार, पूजा विधि का जिक्र



16=1+6=7. यह लोगों को आध्यात्मिक और शोध में रुचि रखने वाला बनाता है।
-डॉ. अनीश व्यास, ज्योतिषी

शीशमहल से मुश्किलें : प्राथमिक जांच में गड़बड़ी, सीवीसी ने दिए विस्तृत जांच के निर्देश

दो एकड़ के बंगले को आठ एकड़ का बनाया केजरीवाल ने

नई दिल्ली @ पत्रिका . दिल्ली में आप की सत्ता से विदाई के साथ ही 'शीशमहल' मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। केजरीवाल के सीएम रहते उनके सरकारी बंगले पर बेशुमार खर्च की प्रारंभिक जांच (तथ्यात्मक रिपोर्ट) में सामने आया कि न केवल बंगले के रिनोवेशन पर भारी खर्च किया बल्कि आसपास के चार बंगलों को जोड़कर सीएम बंगले का विस्तार दो एकड़ से



आठ एकड़ (40000 वर्ग गज) कर दिया। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने केजरीवाल के आवास रहे 6, फ्लैग स्टाफ रोड बंगले पर हुए खर्च की जांच के आदेश दिए हैं।

रिनोवेशन पर करोड़ों रुपए खर्च किए

भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने अक्टूबर और नवंबर में सीवीसी को केजरीवाल के 'शीशमहल' के बारे में शिकायत दी थी। इस पर सीवीसी ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर सीवीसी ने जांच के लिए कहा है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि 6, फ्लैग स्टाफ बंगले के आसपास प्लॉट नंबर 45 व 47 की संपत्तियों और दो बंगलों 8-ए और 8-बी को ध्वस्त कर नए ढांचे में मिला दिया गया। बंगले पर निर्माण में ले-आउट प्लान, एफएआर व वित्तीय नियमों का उल्लंघन कर रिनोवेशन पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। भाजपा ने चुनाव में भी शीशमहल को चुनावी मुद्दा बनाया था।

मध्य प्रदेश : तोरण मारने की रस्म निभाई पर स्टेज पर नहीं पहुंच सका

दूल्हे को घोड़ी पर आया हार्टअटैक, मौत





1. श्योपुर में शुक्रवार रात शादी-समारोह में स्टेज की ओर बढ़ता दूल्हा। 2. हार्टअटैक से घोड़ी पर ही हुई दूल्हे की मौत।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

श्योपुर (मध्य प्रदेश). शहर में शुक्रवार रात एक शादी-समारोह में घोड़ी पर सवार दूल्हे की अचानक हार्टअटैक आने से मौत हो गई।

बताया जाता है कि प्रदीप जाट की शहर के जाट छात्रावास में शादी थी। घोड़ी पर सवार दूल्हा तोरण मारने के बाद घोड़ी पर सवार दूल्हा स्टेज की ओर बढ़ा। लेकिन स्टेज से पहुंचने से ही पहले ही प्रदीप घोड़ी पर बैठे-बैठे अचानक झुक गए। इसके बाद लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया और उन्हें होश में लाने का प्रयास किया, लेकिन नाकामरहे। इसके बाद आनन-फानन में परिजन प्रदीप को जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शनिवार दोपहर को प्रदीप का उनके गांव सूंसवाड़ा में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, दूल्हे की मौत की खबर से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

छत्तीसगढ़ : 10 में से 5 निगम नारी शक्ति के हवाले

निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार पर जताया भरोसा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रायपुर. छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय के चुनाव में सभी 10 नगर निगम में भाजपा के उम्मीदवारों ने बड़ी जीत हासिल की है। 10 में से 5 नगर निगम नारी शक्ति के हवाले रहेंगे। 49 नगर पालिका परिषद में से 35 में भाजपा, 8 में कांग्रेस 1 में आम आदमी पार्टी और 5 में निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव जीता है। नगर पंचायत के 114 अध्यक्ष पदों में से 81 में भाजपा, 22 में कांग्रेस और 1 में बसपा और 10 में निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल रहे हैं।

गत चुनाव का ट्रेंड दोहराया

छत्तीसगढ़ में 2019 से पहले प्रदेश सरकार के कामकाज का असर नगर निगम के चुनाव में बहुत ज्यादा नहीं पड़ता था। वर्ष 2019 में ट्रेंड बदला। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने की वजह से 10 नगर निगमों में कांग्रेस का कब्जा हुआ। इस वर्ष के निकाय चुनाव में प्रदेश में भाजपा की सरकार और इस बार महापौर चुनने का अधिकार जनता को दिया गया था। जनता ने 10 के 10 नगर निगम में भाजपा के प्रत्याशी को महापौर चुना है।

इलाहाबादिया को दी चेतावनी

नई दिल्ली. इंडियाज गॉट लेटेंट में टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया को पूर्व रेसलर सौरव गुर्जर ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि उनकी मुंबई में इलाहाबादिया से मुलाकात हुई, तो सिक्योरिटी भी उन्हें नहीं बचा पाएगी।

पापा, यह मेरा लॉस्ट कॉल है... दुबई में शहजादी की फांसी तय



शहजादी और उसके माता-पिता।

बांदा (उत्तर प्रदेश). पापा, सलाम वालेकुम (रोने की आवाजें) पापा पूछते हैं कि बेटा बता क्या बात है? फोन पर फिर आवाज आती है कि...मेरा समय खत्म हो गया है। अब हम फोन कर पाएंगे भी या नहीं, कुछ नहीं पता। ये शायद लॉस्ट कॉल है। इतना कहने के बाद दुबई की अबूधाबी जेल में बंद बांदा की शहजादी का फोन कट जाता है। बताया जाता है कि जेल में बंद उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की 29 वर्षीय शहजादी की फांसी मुकर्रर कर दी गई है।

3 करोड़ का सोना जब्त

कोलकाता. सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक तस्कर को सोने के 25 बिस्कुटों के साथ गिरफ्तार किया। जब्त सोने का कुल वजन 3.420 किलोग्राम है। अनुमानित कीमत 2 करोड़ 95 लाख रुपए है।

चिंता : महंगी मुकदमेबाजी पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

'भारी फीस, राहत भी नहीं...गरीबों को न्याय मिलना बहुत दूभर'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. देश में 'न्याय में देरी यानी न्याय से इनकार' की चिंता तो पहले से है लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमेबाजी बेतहाशा महंगी होने पर भी चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में टिप्पणी की है कि मुकदमों की लागत बढ़ने से गरीबों के लिए न्याय पाना दूभर हो गया है। कभी कानूनी पेशा सेवा का पेशा माना जाता था जो अब तेजी से व्यावसायीकरण और प्रतिस्पर्धा का शिकार हो गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि वादियों को बड़े वकीलों की फीस के रूप में बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है जबकि किसी खास तारीख पर न तो मामले की प्रगति होती है और न पक्षकार को राहत मिलती है।

पक्षकारों को फीस का औचित्य बताने के लिए 'कार्यवाही का रिकॉर्ड' (प्रोसीडिंग) थमा दिया जाता है। ऐसी प्रवृत्ति से संदेश जाता है कि अदालत में सुनवाई केवल उन लोगों की होती है जिनके पास संसाधन हैं और जो मुकदमे के परिणाम की अनिश्चितता और वित्तीय भार झेल सकते हैं। वकीलों को अधिक फीस देने में अक्षम लोगों के लिए न्याय के दरवाजे दुर्गम हो जाते हैं। अदालत ने ये टिप्पणियां एक युवा वकील संचार आनंद की सराहना करते हुए की, जिन्होंने फीस की परवाह किए बिना उस वरिष्ठ नागरिक का केस लड़ा जो खुद अपनी पैरवी करना चाहते थे।

गलत धारणा तोड़ें, सहायता करें

बेंच ने कहा कि इस गलत धारणा को तोड़ने की जरूरत है कि सुप्रीम कोर्ट अमीर लोगों के लिए सुलभ है। कोर्ट ने बार के सदस्यों से आग्रह किया कि किसी भी वर्ग का व्यक्ति कोर्ट में शिकायत लेकर आता है तो वकीलों को बिना लागत बढ़ाए व बिना देरी सहायता करनी चाहिए। न्याय तक पहुंच आसान बनाना कानूनी पेशे के हर सदस्य की जिम्मेदारी है। इस संदेश का अदालत के पोर्टल और गलियारों पर प्रसार होना चाहिए।

महाकुंभ जा रही कार बस से भिड़ी, 10 की मौत

मिर्जापुर (उत्तरप्रदेश). उत्तर प्रदेश में प्रयागराज-मिर्जापुर हाइवे पर मेजा के पास शुक्रवार देर रात एक कार और बस की भिड़ंत में कार में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई जबकि बस में सवार 19 लोग घायल हो गए। हादसे में मरने वाले लोग छत्तीसगढ़ के कोरबा के रहने वाले थे और प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे थे। आशंका है कि ड्राइवर को झपकी आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई।

पहली बार नए कानून से चुने जाएंगे सीईसी, ज्ञानेश रेस में आगे

नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो. मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के 18 फरवरी को रिटायरमेंट से ठीक एक दिन पहले सोमवार को उनके उत्तराधिकारी का चयन हो जाएगा। फिलहाल बतौर चुनाव आयुक्त (ईसी) काम कर रहे ज्ञानेश कुमार सीईसी की दौड़ में आगे बताए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चयन समिति नए सीईसी का चयन करेगी। समिति के दो अन्य सदस्यों में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल हैं। चयन समिति की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रपति अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी।

दूसरा जत्था : आज भी लाए जाएंगे भारतीय नागरिक

अमरीका से निर्वासित किए गए 119 अवैध प्रवासी अमृतसर पहुंचे

अमृतसर. अमरीका से निर्वासित किए गए 119 अवैध प्रवासियों को लेकर अमरीकी विमान सी-17 ग्लोब मास्टर शनिवार रात 11.40 बजे अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। अवैध प्रवासियों के दूसरे समूह में चार महिलाएं और दो नाबालिग शामिल हैं, जिनमें एक 6 साल की बच्ची भी है। इनमें से ज्यादातर लोगों की उम्र 18 से 30 साल के बीच है। प्रवासी लोगों के पहुंचने की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर और डीसी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। देर रात तक कस्टम व इमीग्रेशन से क्लीयरेंस की प्रक्रिया जारी थी। इसके बाद सभी के घर भेज दिया जाएगा। वहीं अमृतसर एयरपोर्ट पर प्रवासियों के लौटने खबर के बाद उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि अमरीकी सेना के विमान ने भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उड़ान भरी थी, जोकि 36 घंटे का सफर तय कर शनिवार रात अमृतसर पहुंचा। वहीं निर्वासित भारतीयों को लेकर तीसरा विमान रविवार को पहुंचेगा। इसमें 157 भारतीय शामिल होंगे। इससे पहले अमरीकी वायुसेना का सैन्य विमान 5 फरवरी को 104 भारतीय नागरिक को लेकर लौटा था। इस दौरान कई निर्वासितों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ-पैरों में हथकड़ी लगी रही और अमृतसर में उतरने के बाद ही उनकी बेड़ियां खोली गईं। इसके बाद इसे लेकर हंगामा हो गया था। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विमान को अमृतसर लाने का विरोध जताया है।

कहां के कितने लोग

पंजाब	67
हरियाणा	33
गुजरात	8
उत्तर प्रदेश	3
गोवा	2
महाराष्ट्र	2
राजस्थान	2
हिमाचल प्रदेश	1
जम्मू-कश्मीर	1

सुनक और अक्षता ने किया ताज का दीदार



आगरा. ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शनिवार को अचानक आगरा पहुंचे और ताजमहल का दीदार किया। उनके साथ पत्नी पत्नी अक्षता नारायण मूर्ति और सास राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति भी थीं।

हमास ने तीन बंधकों को रिहा किया

तेल अवीव. गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत बंधकों और कैदियों के अदला-बदली के रूप में हमास ने 3 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। इसके एवज में अब इजरायल भी 369 फलिस्तीनी कैदियों को शनिवार को रिहा करेगा। इन तीन बंधकों को हमास के लड़कों ने 7 अक्टूबर 2023 को गाजा के नजदीक स्थित किबुत्ज नीर ओज से पकड़ा था।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक/जोप्रा/उप-सचि-सेवायत/टेक्नि दिशेष/2023/डी 239 दिनांक: 14.02.2025

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक/जोप्रा/उप-सचि-सेवायत/टेक्नि दिशेष/2023/डी 239 दिनांक: 14.02.2025

प्रसार भारती
(भारत का सार्वजनिक सेवा प्रसारक)
दूरदर्शन समाचार नई दिल्ली

दूरदर्शन समाचार, नई दिल्ली वार्षिक अनुबंध के आधार पर **डीडी न्यूज हिंदी समाचार चैनल** के लिए **8 श्रेणियों** में निम्नलिखित **42 रिक्त पदों** के लिए मीडिया कर्मियों को नियुक्त करना चाहता है:

क्रमांक	श्रेणी	पदों की संख्या
1	असाइनमेंट समन्वयक	2
2	ब्रॉडकास्ट एक्जीक्यूटिव ग्रेड।	8
3	कंटेंट प्रोड्यूसर	1
4	कॉपी एडिटर	10
5	कॉपी राइटर	16
6	संवाददाता	3
7	जूनियर शोधकर्ता (रिसर्चर)	1
8	मेकअप आर्टिस्ट	1
	कुल	42

शैक्षणिक योग्यता/अनुभव मानदंड और चयन की विधि का विवरण **प्रसार भारती** के एप्लीकेशन (आवेदन) पोर्टल **www.applications.prasarbharati.org** पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन करना आवश्यक है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **25.2.2025** है। एसडी/-

निदेशक (मानव संसाधन),
दूरदर्शन समाचार, नई दिल्ली

CBC 22532/12/0001/2425

कार्यालय, निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः- FSL/UTB/2160 दिनांक :- 15.02.2025

शुद्धि पत्र

इस विभाग द्वारा डीएनए खण्ड हेतु UTB आधार पर सहायक निदेशक व वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी नियोजन हेतु जारी विज्ञप्ति FSL/UTB/2119 दिनांक 14.02.2025 में आवेदन प्रारूप एवं सम्पूर्ण विवरण पूर्व में दी गई वेबसाईट के स्थान पर विभाग की वेबसाईट https://home.rajasthan.gov.in/sfsl के Menu में "Recruitments" पर उपलब्ध होगी।

DIPR/C/--/2025 निदेशक

कार्यालयः- ग्राम पंचायत भांकरी
पंचायत समिति पावटा (जयपुर) राज.

क्रमांक : 137 दिनांक : 14/02/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भांकरी परिक्षेत्र के सभी राजस्व ग्रामों में खातेदारी / अपने स्वामित्व की भूमि में स्थित कुए/ट्यूबवेल /बोरवेल जो खुले हुये है, उनको जरिये नोटिस व्यक्तिशः सूचित किया जा चुका है।

प्रकाशन के साथ ही अपने-अपने स्वामित्व में स्थित खुले कुए/ट्यूबवेल,/बोरवेलों को ढकने या जमींदोज कर दिया जावे। अन्यथा आपके विरूद्ध प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुये सदोष हत्या/जोखिम तथा क्षतिपूर्ति अपकृत्य की श्रेणी में मानते हुये स्वामित्वधारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

अतः सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम में अपने दायित्व/कर्तव्य का निर्वहन करते हुये सहयोग कर अपनी सहभागिता का परिचय देवें।

अशोक कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भांकरी
पं.स. पावटा (जयपुर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत भांकरी
पं.स. पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

कार्यालयः- ग्राम पंचायत, पण्डितपुरा
पंचायत समिति - पावटा , तह. पावटा (जिला-जयपुर)

क्रमांक : GP37 दिनांक : 14/02/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पण्डितपुरा परिक्षेत्र के सभी राजस्व ग्रामों में खातेदारी / अपने स्वामित्व की भूमि में स्थित कुए/ट्यूबवेल /बोरवेल जो खुले हुये है, उनको जरिये नोटिस व्यक्तिशः सूचित किया जा चुका है।

प्रकाशन के साथ ही अपने-अपने स्वामित्व में स्थित खुले कुए/ट्यूबवेल,/बोरवेलों को ढकने या जमींदोज कर दिया जावे। अन्यथा आपके विरूद्ध प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुये सदोष हत्या/जोखिम तथा क्षतिपूर्ति अपकृत्य की श्रेणी में मानते हुये स्वामित्वधारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

अतः सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम में अपने दायित्व/कर्तव्य का निर्वहन करते हुये सहयोग कर अपनी सहभागिता का परिचय देवें।

अशोक कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पण्डितपुरा
पं.स. पावटा (जयपुर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत पण्डितपुरा
पं.स. पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA)
Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)
भारत सरकार
तीसरी मंजिल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली- 110003 फ़ोन: 011-24695044

सार्वजनिक सूचना

चौथी नियंत्रण अवधि (01.04.2024 से 31.03.2029) के लिए आईजीआई हवाई अड्डे, दिल्ली के हवाई अड्डे के टैरिफ निर्धारण के लिए हितधारकों की परामर्श बैठक

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA) ने पांच वर्ष के चौथे नियंत्रण अवधि टैरिफचक्र (01.04.2024 से 31.03.2029) के लिए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, दिल्ली के लिए वैमानिकी सेवाओं के लिए टैरिफ निर्धारण के संबंध में परामर्श पत्र संख्या 07/2024-25 दिनांक 31.01.2025 को जारी किया है (जो कि AERA की वेबसाइट URL **www.aera.gov.in** पर उपलब्ध है)।

एईआरए अधिनियम, 2008 की धारा 13(4) के प्रावधान के अनुसार, प्राधिकरण के विभिन्न टैरिफ प्रस्तावों को परामर्श पत्र में निहित प्रासंगिक चर्चाओं के साथ हितधारकों के परामर्श के लिए रखा गया है। इस संबंध में हाइब्रिड मोड (भौतिक/ऑनलाइन) में हितधारकों की परामर्श बैठक 17 फरवरी 2025 (सोमवार) को दोपहर 02:30 बजे निर्धारित है:

भारतीय विमानन अकादमी,
वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070

यात्री/ यात्री संघ, आम जनता, हवाई अड्डा संचालक, एयरलाइंस, उद्योग संघ/निकाय, कार्गो, ग्राउंड हैंडलिंग और ईंधन फार्म आदि के लिए स्वतंत्र सेवा प्रदाता जैसे सभी हितधारकों से अनुरोध है कि वे उक्त बैठक में शामिल हों और आईजीआई हवाई अड्डे, दिल्ली के टैरिफ प्रस्तावों पर उपरोक्त परामर्श पत्र पर अपने बहुमूल्य सुझाव/टिप्पणियां/विचार दें।

ऑनलाइन मोड का विकल्प चुनने वाले प्रतिभागी 16 फरवरी, 2025 तक **नाम/ईमेल पता/मोबाइल नंबर** के साथ ईमेल द्वारा (director-ps@aera.gov.in और **rajan.gupta1@aera.gov.in** पर) पुष्टि भेज सकते हैं, ताकि 17 फरवरी, 2025 को हितधारकों की बैठक के लिए ऑनलाइन लिंक ऐसे प्रतिभागियों के साथ साझा किया जा सके।

एसडी/-
CBC- 03112/12/0016/2425 सचिव, एईआरए

पेज 1 का शेष...

जज...

ऐसे में अधिवक्ताओं की समस्याएं अच्छे से पता है। न्यायिक अधिकारी भी अतिरिक्त समय देकर टारगेटेड केसों को निपटा रहे हैं। व्यास ने कहा कि उनका व्यक्तिगत रूप से मानना है कि लंबे समय तक यह उचित नहीं है। ऐसा करने से भले ही 5-10 प्रतिशत की कमी हो जाए, लेकिन आपस में एक सामंजस्य बना रहे और न्यायिक अधिकारी का व्यक्तिगत जीवन भी बहुत अधिक विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो। अधिवक्ताओं पर भी अनावश्यक दबाव नहीं रहे। काम तो काम के हिसाब से ही होगा। कभी-कभी समस्याएं आती है। व्यक्तिगत समस्याएं हैं, सामाजिक संबंध भी हैं। व्यास ने कहा कि चुनौतियों के बीच बार-बेंच और कर्मचारियों में समन्वय रहता है तो तनाव कम होता है। संसाधनों की कमी के बीच न्याय के लिए प्रतीक्षा में रहने वाले वर्ग को त्वरित और सस्ता न्याय मिले। इसके लिए सभी प्रयासरत हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–निविदा सूचना
संख्या 203 to 206-24-25

कोड– 1024/Mtrp Water Supply System/2024 दिनांक– 10.02.2025

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 10.03.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है– **निविदा संख्या** : 203 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़–प्रथम के अधीन हनुमानगढ़ सूरतगढ़ खण्ड पर 8 किमी. सेक्स के इम्प्रूवमेंट एवं हाई बैंक की पिचिंग का कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 42083634.36 **धरोहर राशि** : Rs. 360100.00 **निविदा संख्या** : 204 **कार्य का नाग व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर / लईन के निगरंत्रण में बीकानेर मंडल पर 356 नम्बर ग्लूब जोईण्टस के रिन्यूअल करने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 3876492.02 **धरोहर राशि** : Rs. 77500.00 **निविदा संख्या** : 205 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मण्डल इंजीनियर, सूरतगढ़ के अधीन सूरतगढ़–अनूपगढ़ खण्ड पर फ्लश वह वेल्डिंग का कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 12115314.86 **धरोहर राशि** : Rs. 210600.00 **निविदा संख्या** : 206 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ के अधीन सूरतगढ़, नोहर, राजियासर, अनूपगढ़, श्रीविजयनगर, कल्याणकोट, गजनेर, सरूपसर स्टेशनों पर स्थित रेलवे कॉलोनी में पानी की आपूर्ति में सुधार करना तथा अन्य विविध कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 9393876.14 **धरोहर राशि** : Rs. 187900.00 **नोट**:– अन्य शर्तें रेलवे वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

191-CR/25

इन्हें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

भारत सरकार परमाणु उर्जा विभाग भारी पानी संयंत्र (कोटा)

भारत सरकार के महाशिक्षु राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए महाप्रबंधक, भारी पानी संयंत्र कोटा पोस्ट अनुमुक्ति-323303, वाया-कोटा (राजस्थान) द्वारा ई-टेंडरिंग के माध्यम से निम्नलिखित हेतु अनुमोदित पात्र एवं अनुभवी ठेकेदारों से, बोली में निम्नलिखित कार्य एवं ब्यौरे के अनुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	ई–निविदा सूचना संख्या	कार्य का नाम	निविदा दस्तावेज को देखने एवं डाउनलोड करने की तिथियां	ऑनलाईन निविदाओं को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	तकनीकी बोली खोलने का दिनांक एवं समय
1	HWP/KPR OD/2024/ 502	Works related to lime shifting and dissolution, hose shifting and assistance in hose connection/disconnection, and assistance in oil collection during filter/strainer replacement & in shifting of samples in round-the-clock at HWPK site	From 14-02-2025 (10.00 Hrs.) to 25.02.2025 (14.30 Hrs.)	From 18-02-2025 (13.30 Hrs.) to 25-02-2025 (14.30 Hrs.)	01.03.2025 at 15.00 hrs
- **VEDANT** PG MAHAVIDYALAYA, MUKANDPURA- II, JALSU (JAIPUR) 303701. REQUIRES :- Lecturers & Other Staff (Qualification as per UGC & UOR) English, Hindi, Botany, Zoology, Chemistry, Economics, Geography, History, Physical Teacher, Librarian & Computer Operator, Email CV On:- vedantmahavidyalaya@gmail.com Whatsapp Only on:- 9828862333.

Vidya Bhawan Society, Udaipur
Invites applications for the positions of
HEAD
Nursery School, Fatehpura
PRINCIPAL
VB Public School
(CBSE - English medium)
For detailed job descriptions and application procedures, Please see
http://vidyabhawan.in/joinus/
Last date for applying 28.02.2025

अकाउन्टेंट

- **ऑफिस** कार्य हेतु महिला अकाउंटेंट की आवश्यकता है। निर्माण नगर, मानसरोवर वालों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 8273764739

कार्यालयकर्मी

- **Urgent** Hiring–Male Staff A reputed Pvt. Ltd. company is looking for dynamic candidates Requirements: Good Communication, Willingness to travel, Competitive salary offered Contact: 6378096968, 7014954297
- **TELECOM 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:** 8918984004
- जयपुर स्थित मल्टीनेशनल कंपनी को आवश्यकता है Housekeeping Supervisor योग्यता Graduation, कम से कम 10वर्ष का अनुभव किसी 4/5 Star Hotel या बड़े Corporate House के Supervisor पद पर, संपर्क 9257019834, 9773381795
- **बैंक** कलेक्शन के काम के लिए टेलीकॉलर (M/F) की आवश्यकता है। सैलरी योग्यतानुसार। फ्रेशर/ अनुभवी सम्पर्क करें: 9829706487, 7726898955
- **Required** Fresher Female for office as Office Assistant/ Telecaller. Good salary with other facilities Jaipur Contact on 9251040131
- **Dubai's Reputed Jewellery Company in Deira Gold Souq, urgently Requires: Sr. Accountant, Jr. Accountant, Production Manager & Marketing Manager. 1. Salary best in Industry 2. Immediate Joiner preferred 3. Previous Jewellery experience must 4. Food/ Accommodation/ Internal Transport/ Visa/ Air Ticket will Provide by Company. Interested candidates contact Email: rerecruitjobs@gmail.com**
- **ऑफिस** कार्य हेतु दसवीं पास चपरासी/ हेल्परों की आवश्यकता है (वेतन+ रहना- खाना फ्री) ग्रामीण को प्राथमिकता। मोबाइल- 9928038414, 9829296414.
- **Taxation** software company urgently required commerce graduate for support Executive having good working experience of computer field contact Professional softec Pvt Ltd "Atulyam" F-141 Aazad Marg, C-Scheme Jaipur Mobile 9887723530, Email mail@computaxonline.com.
- **सोडाला** स्थित सेनेट्री की दुकान पर कार्य करने हेतु लडकों की आवश्यकता। सम्पर्क: श्री गोविन्द सेल्स एजेन्सी 9414057265, 7300157265

सेल्सकर्मी

- **अपने** प्रयासों को सही दिशा में लगाइए, LIC Agency (Stipend सहित) लेकर आकर्षक, असीमित आय जीवनभर कमाइए विकास अधिकारी 9460986477
- **A** Leading Real Estate Association requires Dynamic Male/ Female for GM, AGM, Team Leader, Sales Officer (Marketing Team) Call: 9314410000.
- **नौकरी जयपुर एयरपोर्ट भर्ती- 85 लड़के लड़कियां शीघ्र चाहिए, अनपढ़/ पढ़ें लिखे, एयरपोर्ट यात्री चेकिंग, सिक्योरिटी गार्ड- 28500/- एयरपोर्ट टिकट चेकिंग सुपरवाइजर- 32500/- एयरपोर्ट फिल्डआफिसर- 35000/- एयरपोर्ट आफिस स्टाफ-** 42000/- 45000/- 90000/- हाथोंहाथ ड्यूटी 8 घंटे, हाथोंहाथ ज्वोनिंग लेटर (रहना खाना फ्री+ **फण्ड+ मेडिकल सुविधा, संपर्क:-** 9897496886
- **Required** Salesman A reputed Cycle, Auto Tyre & Oil Company Meet on Monday 17. 02. 2025, Time 12:00 PM onwards. Bharat Agencies, 6A, Malhotra Nagar, VKI Road No. 1, Jaipur Mob. 9413339822, 9461624341

कम्प्यूटर कर्मी

- **आवश्यकता** है कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसे MS वर्ड MS ऐक्सल का अनुभव हो। सेलेरी- 10500/- वैशाली नगर- 98291214-22
- **Wanted** Animator n Graphic Designer. Knowledge of MS Excel n Microsoft is a must. Contact: 9588939235
- **Auto-cad** draftman or Architect requirement (Work experience 3 to 5 years). Contact 6376537183, 9352856408 UDAIPUR, Send Your CVto navrooprajatudaipur@gmail.com
- **मुरलीपुरा** में ई-मित्र पर ऑनलाइन Exam फार्म भरने हेतु लड़के की आवश्यकता हिन्दी अंग्रेजी टाइपिंग अनुभवी हो मो. 9928128651

होटल कर्मी

- **शुद्ध** शाकाहारी जनता होटल फैमिली रेस्टोरेंट में रिसेप्शनिस्ट, अनुभवी वेटर, चाइनीज व तंदूरी और रसोई सहायक, मसालची तथा गार्ड, नेपाली-उत्तराखंड लड़कों को प्राथमिकता, आकर्षक वेतन, रहने-खाने की उत्तम व्यवस्था। संपर्क करें +94618199999 जनता होटल, नूनियां गोठड़ा, दिल्ली-बीकानेर हाइवे नंबर-11, तहसील चिड़ावा, जिला-झुंझुनूं, राजस्थान, पिन-333026

चिकित्सा कर्मी

- **आवश्यकता** दो महिला नर्सिंग स्टाफ, एक महिला सफाईकर्मी तथा एक कम्प्यूटर कम टाईपिस्ट की। निर्मला हॉस्पिटल, जे-52, कृष्णा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, 9413336636
- **Trained** female Nursing staff for Gynae Obstetrics. Pradeep Rawat Memorial Hospital Jaipur. Contact Dr. Preeti Tak 9414519827
- **Saket** Hospital, NABH 200 bedded, hiring Staff Nurses, Receptionist (Female), Share CV,s hr@sakethospital.in or visit Saket Hospital, Sector- 10, Meera Marg, Mansarovar, Jaipur
- **Shri** Krishan Hospital, Dausa requires Ophthalmologist, Physician, Anaesthetist, M.B.B.S., B.A.M.S., First Class M.B.?., O.T./ CSSD- Assistant, Computer Operator, Hospital Manager. Contact:- 9414708697, 9460563903.
- **Urgently** required Female Nursing Staff for Tarani Hospital. 122/218, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur, Walk-in Interview. Dr. Ishwar Das Tarani 9314626599

PMCH HEALTH ADVISORS
आवश्यकता
नर्सिंग स्टॉफ
(न्यूरो/स्ट्रोक आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू., पी.आई.सी.यू, आई.सी.यू., सेमी डीलक्स वार्ड) अनुभवी को प्राथमिकता आकर्षक सैलरी
Hostel and Food Facilities Available
7665898609
E-mail: pmchhr@pacificmedical.ac.in
PACIFIC MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Bhilo Ka Bedla, NH-27, Pratap Pura, Amberi, Udaipur, Rajasthan-313011

- **WANTED-** Pediatrician, Urologist, General Physician, अनुभवी चिरंजीवी एवं हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम। Prem Hospital, Kalwar Road, Jaipur, डॉ. नन्दकिशोर, 9252060936, 9983484851

तकनीकी कर्मचारी

- **रेलवे** ROB नोखा-बीकानेर - डेगाना साइट केलिए 1.सिविल इन्जीनियर डिग्री/डिप्लोमा 2.सिविल सुपरवाइजर 3.सिविल मशीनरी टेक्निशियन.अनुभव 2वर्ष या अधिक Contact /mail to abs1.udaipur@gmail.com . (M.)7073334020,9414167701
- **Architects** with minimum 3 Year Experience urgently required for a Leading Architectural Firm at Bapu Nagar, Jaipur 9314918766 info.spacegrid@gmail.com

चपरासी-घरेलू नौकर

- **सोडाला** में ऑफिस में चाय पानी और साफ-सफाई हेतु पियोन की आवश्यकता रहना फ्री (उम्र- 20 से 35) संपर्क 8302298063, 6377206901
- **कपड़े** शोरूम हेतु अनुभवी हेल्पर, ड्राइवर, सेल्समैन (पति-पत्नी के रहने की सुविधा), उर्वशी बॉम्बे डाइंग, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर, 9785000833
- **Required** Peon/Helper For our Consultant Organization Urgently. Salary Nobar, Location Lalkothi tonk Road Jaipur. Contact Number- 8619147612, 9672120972
- **घर** मे खाना बनाने हेतु कुक की आवश्यकता जो साफ-सफाई का भी काम कर ले एवं वैन चलाने हेतु लाईसेन्सधुदा ड्राईवर की आवश्यकता जो साफ-सफाई का भी काम कर ले, सम्पर्क- 7414066000 रहने की सुविधा।
- **घरेलु** कार्य हेतु नौकर- नौकरानी चाहिए। पति एवं पत्नी दोनों को भी काम मिल सकता है। सम्पर्क करें- 9214044990, 9928344990.

सुरक्षाकर्मी

- **सिक्योरिटी** कम्पनी को अनुभवी फील्ड ऑफिसर (गार्ड एवं हाउसकीपिंग) की आवश्यकता अच्छी सैलरी+ Indentive+ PF+ESI सम्पर्क करें 8005618703, 9887467547
- **जयपुर** स्थित मल्टीनेशनल कंपनी को आवश्यकता है सिक्युरिटी गार्ड की योग्यता 12वीं पास, 6फीट हाईट, आर्म्स लाइसेन्स, 5-10 वर्ष का सिक्युरिटी गार्ड का अनुभव। संपर्क 9257019834, 9773381795
- **जयपुर** स्थित मल्टीनेशनल कंपनी को आवश्यकता पर्सनल सिक्युरिटी ऑफिसर की जिसके पास बंदूक का लाइसेंस एवं योग्यता स्नातक पास हाइट मिनिमम 6फिट, आर्मी रिटायर्ड को प्राथमिकता। सम्पर्क 9257019834 9773381795
- **रॉयल** फोर्स सिक्योरिटी को आवश्यकता है सुरक्षाकर्मी (गोपालपुरा बाईपास) और कुक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर (बनी पार्क) के लिए। 9352464949, 8440094949
- **जयपुर** हेतु सुरक्षा एजेंसी को गार्ड और (एक्समैन) सुपरवाइजर व फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता महापुरा (अजमेर रोड) दुर्गापूरा, मानसरोवर, जगतपुरा ड्यूटी 12घंटे वेतन 13000 (अजमेरी गेट ड्यूटी 8घंटे वेतन रु.9500) पीएफ ईएसआई रहना फ्री 9571428625, 9636228625.

ड्राइवर

- **संपूर्ण** भारत में 14 टायर 16 टायर तेल टैंकर चलाने के लिए हैवी लाइसेंस वाले 140 ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी और बिना नशे पते वाले ड्राइवर संपर्क करें। 8000256579
- **एस.एस.** इन्टरनेशनल स्कूल, निवारू रोड़, झोटवाड़ा में आवश्यकता है: स्कूल बस ड्राईवर, ट्रेवलर ड्राईवर, बाईजी, फैमिली के रहने की सुविधा उपलब्ध। 9799521296

अन्य

- **जयपुर** स्थित मल्टीनेशनल कंपनी को आवश्यकता Engineer Interior Designer की (Only Female), योग्यता- B.Tech (Architecture), 7-10 वर्षों का कॉमिशयल, आवासीय भवनोंके इंटीरियर डिजाइन का अनुभव। संम्पर्क 9257019834 9773381795
- **जयपुर** स्थित मल्टीनेशनल कंपनी को आवश्यकता है Horticulture/Agriculture Supervisor- योग्यता B.Sc (Agriculture/ Horticulture), अनुभव- 10वर्ष या अधिक का अनुभव किसी बड़ी Corporate House या नर्सरी के Supervisor पद पर, संपर्क 9257019834, 9773381795

कॅरियर/जॉब्स

ज्वेलरी डिजाइनिंग में कॅरियर बनाएं

ज्वेलरी डिजाइनिंग एक क्रिएटिव और आकर्षक कॅरियर विकल्प है, जिसमें कला, फैशन और प्रोफेशनलिज्म का मिश्रण होता है। अगर आप इस क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो आपके पास विभिन्न अवसर हैं, क्योंकि ज्वेलरी उद्योग ग्लोबल स्तर पर बड़ा और लगातार बढ़ता हुआ बिजनेस है।



कोर्सेज में ये पढ़ेंगे

ज्वेलरी डिजाइनिंग में कई प्रकार के कौशल सिखाए जाते हैं, जैसे स्केचिंग, ड्राइंग, कंप्यूटर एडेड डिजाइन और कई तरह के सॉफ्टवेयर का उपयोग करना भी बताया जाता है। साथ ही छात्रों को मौजूदा फैशन और ट्रेंड्स के अनुसार ज्वेलरी कैसे डिजाइन की जाती है, यह भी बताते हैं।

डिग्री या डिप्लोमा लें

ज्वेलरी डिजाइनिंग में कोर्स करने के लिए बैचलर इन फाइन आर्ट्स, बीडीइएस डिग्री उपयोगी है। यह चार साल का कोर्स होता है, जिसमें ज्वेलरी डिजाइनिंग के बेसिक्स से लेकर एडवांस्ड तकनीक सिखाई जाती है। इसमें कैड और थ्रीडी प्रिंटिंग का उपयोग भी किया जाता है।

संस्थान

- **नेशनल** इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- **बनारस** हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी।
- **इंडियन** इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड डिजाइन, चंडीगढ़
- **जेम्स** और ज्वेलरी इंस्टीट्यूट, जयपुर

डिप्लोमा इन ज्वेलरी डिजाइनिंग आपको ज्वेलरी डिजाइनिंग की बुनियादी और व्यावहारिक जानकारी देता है। यह 1 से 2 साल का कोर्स होता है। ज्वेलरी डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री भी की जा सकती है।

अन्य

- **गुजरात** अहमदाबाद में जैन परिवार के लिए रसोई काम के लिए महाराज चाहिए। रहने की सुविधा पगार 20000 सम्पर्क: 9879522824
- **जयपुर** में उच्चशिक्षित (Male) अविवाहित, सिंगल,सीनियर सिटीजन को पर्सनल केयर, घरेलू / व्यक्तिगत कार्यों हेतु, 18-24 वर्षीय, जरूरतमंद, वफादार, विश्वसनीय, सेवाभावी, पारिवारिक सामाजिक बंधनमुक्त, आजीवन आश्रय- उत्तराधिकारिकता इच्छुक, ऑलराउंडर, केयरटेकर युक्त- पर्सनल असिस्टेंट- बॉडीगार्ड (नौकर नहीं, बल्कि पारिवारिक सदस्य दोस्त जैसा) चाहिए। अनुभव-शिक्षा जरूरी नहीं। पूरा विवरण फोटोग्राफस व्हाट्सएप्प करें 9587170122

किराये के लिए

रिहायशी

अजमेर रोड

- **सेमी** फर्निश्ड 3 BHK किराये के लिए उपलब्ध 15, जगदीशपुरी, धावास रोड, श्री चैतन्या स्कूल के सामने जयपुर संपर्क- 7073755210

मानसरोवर

- **To-Let** residential 3 BHK Flat for Rent at "Chordia's Shagun" Near Gulabgarh Mansrowar, Jaipur. Preferece Bank/ Insurance Public Sector, Small Transferable Family. Lease Agreement. Mob. No. 9414377848.
- **33/125,** Varun Path, Near Rawat Public School, 1 Big BHK Terrace, Bed, Dressing, sofa, chairs. Vegetarian family, no students 9829624777

प्रताप नगर/सांगानेर

- **Independent** 260 Gaj house for rent for family at 60 feet road near Pratap Nagar Choupati at Sector-23 Contact- 9461100798

गैर रिहायशी

जगतपुरा

- **13000** Sq.ft. Basement, Ground Floor, First Floor With 10 Labor Rooms on 80 ft. Road Suitable For Garment industry at H1-179 Apparel Park RIICO Opp. Bombay Hospital, Mahal Road. Contact 8302085180 Images- tinyurl.com/4d8d4jsy
- **MAIN** MAHAL 200 FEET ROAD 7 नंबर चौराहा- SOUTH EAST CORNER कमर्शियल शोरूम /ऑफिस- 880- 1760 sqft RENT@69/sqft. 8947057777, 9521204444.

अन्य

- **Commercial** Space for Showroom Bank Retail Store Available. Fully Furnished Hotel for Lease 23 Rooms Cafe Restaurant Banquet Night club Pub and Bar Ratanada Jodhpur Call- 7300093777

प्रताप नगर/सांगानेर



- **टोंक** रोड सांगानेर पुलिया के पास 250 गज 2 मॉंजला कॉमर्सियल मकान कोचिंग, ऑफिस, हॉस्टल, लाइब्रेरी के लिए उपलब्ध, किराया 50,000, 8562853564, 7610000935
- **Prime** Location- Near Coaching HUB, Pratap Nagar, Corner Plot [200ft.-60ft. Road] at "Bhairu Circle", 12000 Sqft. BUILDING [Basement+ Ground+ 3Floors] Available for Rent/ Lease- Bank/ Financial Institute, Coaching/ Hospital, Mart. Contact- 9460264086

सीकर रोड

- **VKIA** सीकर रोड नं. 6 पर 1000 से 3000 वर्ग फुट दुकान/ गोदाम किराये के लिए उपलब्ध है- 3 फेज, 10 HP कनेक्शन उपलब्ध 9887077100
- **VKI** रोड नं.14 सीकर रोड पर 20000 स्क्वायर फीट एरिया, 100 फीट रोड पर, किराये से देना कमर्शियल हेतु उपयुक्त संपर्क- 9214330009

टोंक रोड

- **सीतापुरा** औद्योगिक क्षेत्र फेज-1, 3 मॉंजल बिल्डिंग 25000 फीट एरिया, किराए हेतु उपलब्ध। गारमेंट्स, हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी हेतु उपयुक्त- 8890944443, 9461986179

वैशाली नगर

- **1680** Sq.ft Basement Furnished, Marble Flooring with Carpet, False Celling Facilities, for Reputed Companies office/ Godown, Vaishali Nagar. Contact- 9785884484

परकोटा

- **400** Sq.Ft. Showroom/ office Available for rent at 4th Floor, Durga Business Centre, Near Gangour R.T.D.C. Hotel, M.I. Road, 9085008622

रिहायशी/गैररिहायशी

वैशाली नगर

- **PRIME** LOCATIONS VAISHALI (Amrapali Marg,Gandhi Path ,Chitrakoot)-For Offices Guest House-Hostel-Kids Play School. Residence- For Singles-Livein Partners. Whatsapp Details 9214320333

किराये पर चाहिये

गैर रिहायशी

सोडाला

- **Required-** Ready-to-Move "Commercial SPACE" [For Office Purposes] Area: Approx 2000- 3000 Sqft., Near Vivek Vihar, New Sanganer Road, Jaipur. Send Details to: 9549718730

कंसलटेंट

- **JDA,** निगम, हाऊसिंग बोर्ड, पंचायत के किसी भी कार्य के लिये एवं इन विभागों में उलझे प्रकरण सुलझाने हेतु 0141-2642148

बेचना है

मशीन/उपकरण

- प्लास्टिक इन्जेकशन मोल्डिंग मशीनें 60 टन वाली छः और 80 टन वाली दो मशीन परीक्षान कंपनी कड़ी अहमदाबाद की बनी हुई 2023 माडल बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति 9414034085, 9414034370.

अन्य

- किशनगढ़ (अजमेर) के उदयपुरखुर्द, उदयपुरकलां में ग्रेनाइट व भरतपुर के बंशीपहाड़पुर में सैंडस्टोन माइंस खरीदने/ ठेके पर लेने हेतु संपर्क/ व्हाट्सअप करें- 9314545678, 9251404000
- नाहरगढ़रोड आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान बंद हो रही, काउंटर, टेबल, कैमरा, लाइट सहित 16 लाख का माल 8लाख में बेचना हैं 9636003723.

पाठकों को सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन (सामान्य / वैवाहिकी) पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्चा करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार सम्बन्ध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/ सम्पूर्ण (वैवाहिकी हेतु स्टेट्स, उम्र एवं आय आदि) जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा जारी किए गए किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।
-व्यवस्थापक

https://snapfrom.com/

https://www.888casinogame.com/

पोलमपोल भायो

अस्पताल सब भाँत का, बणज्या तारणहार,
घायल की सुध ल्यो अजी, 'चिरँजीव' सरकार!!

हौसलों से उड़ीं और संघर्षों से निखरीं, तब जाकर साकार हुआ सपना

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @यूथ

सोच यह: इरादे मजबूत व सपनों को पूरा करने की लगन हो, तो कोई भी काम असंभव नहीं है।

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

ज्योति शर्मा
patrika.com

अलवर. जिंदगी में वही आगे बढ़ता है, जो मुसीबतों से लड़कर जीतता है। अलवर की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चित्रा सिंह की कहानी संघर्ष और हौसले की मिसाल है। उन्होंने कभी मुश्किलों को खुद पर हावी नहीं होने दिया। जब वह तीन साल की थीं, उनके पिता का निधन हो गया, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई। विकट परिस्थितियों में भी चित्रा की मेहनत ने उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

सीमित संसाधनों के साथ प्रयास किया और सफलता हासिल की

ताइक्वांडो में राजस्थान की पहली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल कर चुकी हैं।

चित्रा सिंह
ताइक्वांडो खिलाड़ी



खेल पॉलिसी के तहत मिली नौकरी

चित्रा को महिला एवं बाल विकास विभाग और तेजा फाउंडेशन द्वारा 'वीर तेजा पुरस्कार' व 'अलवर गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 2017 में वे राजस्थान की 'बेस्ट एनसीसी कैडेट' बनीं और ऑल इंडिया एनसीसी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रधानमंत्री रैली में राज्य का नेतृत्व किया। राज्य सरकार ने उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन को सराहा और 'आउट ऑफ टर्न' खेल पॉलिसी के तहत उन्हें राज्य सेवा में चयनित किया। उनकी यात्रा हर युवा के लिए प्रेरणास्रोत है।

सच्ची मेहनत से सबकुछ पा सकते


चित्रा का कहना है कि अगर इरादे मजबूत हो और सपनों को पूरा करने की लगन हो, तो कोई भी मुश्किल असंभव नहीं होती। मैंने न केवल खेल के मैदान में, बल्कि जीवन के हर पहलू में संघर्ष किया और सफलता भी पाई है। सच्ची मेहनत और समर्पण का कोई विकल्प नहीं।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के 12 पदक

चित्रा ने 2008 से 2018 तक ताइक्वांडो-वुशु खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए दो पदक जीते। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए। वह लगातार 5 वर्षों तक भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर (इंडिया कैंप) का हिस्सा रहीं। उनकी इस सफलता ने परिवार और समाज में मिसाल कायम की।

कालीसिंध नदी में अवैध खनन पर कार्रवाई

असर



राजस्थान पत्रिका
प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

असनावर(कोटा). उपखंडक्षेत्र की तीनधार रुपारेल पंचायत के समीप कालीसिंध नदी में हो रहे अवैध बजरी खनन पर शनिवार को खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान बजरी जब्त कर पंचायत के सुपुर्द की गई। राजस्थान पत्रिका में शनिवार के अंक में रुपारेल पंचायत में 'कालीसिंध नदी में सरेआम बजरी का अवैध खनन' शीर्षक से फोटो प्रकाशित होने के बाद खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस के अधिकारी हरकत में आए। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई में 150 टन जब्त कर ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया। कार्रवाई टीम में खनिज विभाग की वरिष्ठ कार्यदेशक प्रियंका सोनी, असनावर उपखंड अधिकारी विकास प्रजापत, अकलेरा उपाधीक्षक बृजेश कुमार, असनावर तहसीलदार रतनलाल भील व असनावर एवं मंडावर थाने का पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

अजमेर यातायात पुलिस ने बीते एक साल में ऐसे एक दर्जन से ज्यादा वाहन पकड़े

एमएलए पास से 'चहेते' ले रहे वीआइपी ट्रीटमेंट, बचा रहे टोल

मनीष कुमार सिंह
patrika.com

अजमेर. प्रदेश में विधायकों और उनके परिवार को दिए जाने वाले 'पास' का दुरुपयोग हो रहा है। खासतौर पर विधायकों के चहेतों की अव्वल तो राजमार्ग पर पास के जरिये टोल बचाने की जुगत रहती है। विधानसभा में प्रवेश के अलावा पास का इस्तेमाल जनसभा, सरकारी कार्यक्रम और धार्मिक स्थल पर वीआइपी ट्रीटमेंट और आवाजाही के लिए किया जाता है।

अजमेर शहर यातायात पुलिस ने बीते एक साल में एक दर्जन से भी ज्यादा चौपहिया वाहन पकड़े। जिन पर राजस्थान विधानसभा के एमएलए 'पास' लगे थे। पुलिस ने ऐसे वाहनों को रोककर पड़ताल की तो न तो एमएलए थे न परिवार का कोई सदस्य। यातायात पुलिस के वाहन रुकवाने पर रुकने के बजाए चालक वाहन को दौड़ाकर दहशत का माहौल तक बना चुके हैं। हालांकि यातायात पुलिस ने नाकाबंदी कर ऐसे वाहन चालकों पकड़ा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर न केवल मोटर व्हीकल एक्ट में चालान काटा गया बल्कि वाहन जब्त करके शांतिभंग की कार्रवाई की गई। कमोबेश यही हालात प्रदेश के अन्य जिलों में है लेकिन नेता व उनके सिपहसालारों से पुलिस उलझना नहीं चाहती है।



अजमेर यातायात पुलिस की ओर से जब्त वाहनों पर लगे एमएलए पास।



एमएलए पास का उनके परिचित दुरुपयोग करते हैं। वाहन में न तो एमएलए होते हैं न वाहन उनका होता है। अजमेर में बीते एक साल में 14 जनों के खिलाफ कार्रवाई की थी। गत दिनों किशनगढ़ में भी एमएलए का स्टीकर पास लगा वाहन पकड़ा था।

भीकाराम काला, थानाधिकारी किशनगढ़ व पूर्व टीआइ अजमेर

पास का इस्तेमाल टोल बचाने, नाकाबंदी से आसानी से निकलने में है। कई बार पास की फोटो कॉपी लगी हुई मिली। यहां तक कि एमएलए से बात करने पर उन्होंने अपना वाहन होने से इनकार किया। जिस पर पुलिस ने एमवी एक्ट में कार्रवाई की है।

आयुष वशिष्ठ, उप अधीक्षक अजमेर यातायात

टोल नाके पर रियायत

पत्रिका पड़ताल में सामने आया कि एमएलए पास के पीछे टोल नाके पर मिलने वाली रियायत व वीआइपी ट्रीटमेंट का चक्कर शामिल है। विधायकों को मिलने वाले वाहन पास के कारण उन्हें टोल टैक्स में भी राहत मिलती है। यह सुविधा विधायकों को उनके कार्यों में सहायता करने के लिए दी जाती है, लेकिन उसका दुरुपयोग हो रहा है।

पुलिस की कार्रवाई

अजमेर यातायात पुलिस की ओर से पकड़े गए वाहनों में सर्वाधिक पास राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा के हैं। कुछेक 15वीं विधानसभा व दिल्ली विधानसभा के हैं। इसमें सर्वाधिक कार्रवाई तत्कालीन यातायात निरीक्षक भीकाराम काला के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में डीडवाना, बीकानेर, भीलवाड़ा, किशनगढ़, जयपुर, जयपुर उत्तर व दिल्ली के वाहन शामिल हैं। खासतौर पर पुष्कर मेले के दौरान पकड़े गए।

मर्ज स्कूल के कमरे में बैठेंगे संस्कृत के विद्यार्थी

असर



राजस्थान पत्रिका
प्रकाशित खबर।

चिड़ावा @ पत्रिका. धत्तरवाला ग्राम पंचायत की झीलों की ढाणी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को अब दो बजे बाद बरामदे में बैठकर पढ़ाई नहीं करनी पड़ेगी। उन्हें मर्ज हो चुके सामान्य शिक्षा के स्कूल में कमरों का आवंटन किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका में शनिवार को 'दो बजे तक आंगनबाड़ी केंद्र फिर बरामदे में चलता संस्कृत स्कूल' शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग ने सुध ली है। चिड़ावा सीबीईओ सुशील शर्मा ने धत्तरवाला पीईईओ आभा शर्मा से संस्कृत विद्यालय की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान सामने आया कि संस्कृत विद्यालय के पास खुद का भवन नहीं होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र में बैठाकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इस पर सीबीईओ शर्मा ने पीईईओ को सोमवार को ही संस्कृत विद्यालय के लिए कमरा आवंटित करने के निर्देश दिए। सीबीईओ शर्मा ने बताया कि संस्कृत विद्यालय के लिए भवन आवंटन का प्रस्ताव जिलास्तर पर भेजा जा चुका है। जल्द ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

मौसम के पैटर्न में बदलाव से फसलों को नुकसान

फरवरी में 36 डिग्री तक पहुंच रहा दिन का पारा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर . राजस्थान में इस बार गर्मी का आगाज जल्दी होगा। मौसम केन्द्र की ओर से ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। कारण है कि फरवरी महीने में ही प्रदेश में दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक पहुंच रहा है। मौसम में आ रहे बदलाव से इस बार सर्दियों के दिन कम हो रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग ने पूरी तरह से सर्दी के विदा होने की अधिकृत घोषणा नहीं की है।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार मौसम में आ रहे बदलाव का असर रबी की फसल पर पड़ सकता है। इसके लिए मौसम केन्द्र ने एडवाइजरी भी जारी की है। इधर, शनिवार को राज्य 17 शहरों में दिन का तापमान 31 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। सबसे अधिक दिन का अधिकतम तापमान बाड़मेर में 35.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, 10 शहरों में रात का तापमान 15 डिग्री से अधिक पहुंच गया।

उदयपुर: मिनी बस पलटी, 16 घायल

खेरोदा (उदयपुर) @ पत्रिका. उदयपुर जिले के अमरपुरा के पास यात्रियों से भरी मिनीबस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस उदयपुर से खेरोदा होते हुए भींडर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की गति अधिक होने से अमरपुरा के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद करीब 20 फीट तक घसीटगई। हादसे में 16 यात्री घायल हो गए।

हादसे में ये हुए घायल: हादसे में दिव्या, गोपाल सिंह, हुकुम सिंह, परथाजी, धापू कुंवर, अजा बाई, रेखा, श्लोक, काव्या, दिव्या, गंगाराम, वर्ष, पवन, धर्मपाल, शंकर, देवश्री, प्रथा आदि घायल हुए।

10वीं-12वीं की परीक्षाएं शुरू

अजमेर @ पत्रिका. सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की सालाना परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई। देश-विदेश में 42 लाख से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सुबह साढ़े 10 से दोपहर डेढ़ बजे तक 12वीं कक्षा का एंटरप्रन्योरशिप और 10वीं कक्षा का इंग्लिश कम्यूनिकेटिव और इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिट्रेचर का पेपर हुआ। देश के अजमेर, प्रयागराज, पुणे, भोपाल, नोएडा, दिल्ली ईस्ट, दिल्ली वेस्ट, देहरादून, पंचकुला, गुवाहाटी, बेंगलूरु , चेन्नई, तिरुवनंतपुरम, पटना, भुवनेश्वर, चंडीगढ़ और विजयवाड़ा रीजन में परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से हुई।

भाजपा: सीकर जिला अध्यक्ष के निर्वाचन की शिकायत

जयपुर @ पत्रिका. भाजपा की प्रदेश अपील समिति को पार्टी के सीकर जिलाध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में तय मापदंडों के उल्लंघन को लेकर शिकायत मिली है। सीकर जिलाध्यक्ष पद पर पार्टी ने मनोज बाटड़ को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना था। सूत्रों के अनुसार उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की शिकायत आई है। इसके अलावा इस समिति ने अलवर शहर, अलवर दक्षिण, नागौर देहात, धौलपुर, जयपुर उत्तर और सीकर जिले के कुछ मंडलों के अध्यक्षों पर भी अंतरिम रोक लगाई गई है।

'पंचायत राज उपचुनावों में जीत विकास का नतीजा'

जयपुर @ पत्रिका. पंचायत राज उपचुनावों में जीत को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सरकार के विकास कार्यों पर मुहर बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों के उपचुनाव में 16 सीटों पर हुए चुनावों में भाजपा ने 4 सीटों पर बढ़त बनाकर 10 सीटें जीती हैं, वहीं जिला परिषद सदस्य उपचुनाव में भाजपा ने 1 सीट पर बढ़त बनाते हुए 3 में से 2 सीटें जीतीं।

वन विभाग हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध: यादव



जयपुर @ पत्रिका. केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि वन विभाग राम जल सेतु लिंक परियोजना से जुड़े कार्यों में हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय संबंधित क्लीयरेंस समयबद्ध रूप से देगा। यादव शनिवार को जल संसाधन विभाग कार्यालय में प्रोजेक्ट के तहत वन विभाग से जुड़े कार्यों पर चर्चा कर रहे थे। बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा जल संसाधन विभाग और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय से इस परियोजना को जल्द पूरा कर लेंगे।

देवनानी ने प्रमुख दलों के आठ नेताओं को वार्ता के लिए कल बुलाया

विधानसभा में गतिरोध दूर करने के लिए बड़े नेताओं के बीच होगी वार्ता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. फोन टैपिंग को लेकर विधानसभा की कार्यवाही में आए गतिरोध के बीच विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रमुख नेताओं की बैठक बुलाई है। यह बैठक सोमवार को विधानसभा में होगी। भाजपा सरकार 19 फरवरी को अपना दूसरा बजट पेश करने जा रही है। वहीं फोन टैपिंग को लेकर सीएम से जवाब की मांग पर विपक्ष अभी भी अड़ा हुआ है। इस गतिरोध को दूर करने और बजट पेश करने में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो इसे ध्यान में रखते हुए यह बैठक बुलाई गई है। सभी दलों के बड़े नेताओं को बैठक में बुलाया गया है।

बैठक में सत्ता पक्ष की तरफ से संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा व सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग शामिल होंगे। विपक्ष की तरफ से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक व प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा शामिल होंगे। इसके अलावा आरएलडी के सुभाष गर्ग, बसपा के मनोज न्यांगली, बीएपी के थावर चंद को भी इस बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है।

फोन टैपिंग के मुद्दे पर बना हुआ है सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध



हुआ था जोरदार हंगामा

विपक्ष ने विधानसभा सत्र के पहले चरण के अंतिम दिन 7 फरवरी को जोरदार हंगामा किया था। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीना के फोन टैपिंग के बयान पर विपक्ष सीएम से जवाब की मांग पर अड़ गया। इस कारण सदन में पूरे दिन हंगामा होता रहा। विपक्ष के नेता के रूप में टीकाराम जूली का भाषण भी नहीं हुआ। सीएम भजनलाल शर्मा के भाषण के दौरान भी विपक्ष पूरे समय वैल में रहा और नारेबाजी करता रहा। हंगामे के बीच ही सदन की कार्यवाही 19 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।



जो गतिरोध पैदा हुआ था, वो खत्म हो और बजट सत्र शांति से चले। इसके लिए विभिन्न दलों के नेताओं से सोमवार को चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करूंगा

वासुदेव देवनानी, विस अध्यक्ष



सब मिलकर प्रयास करेंगे कि सदन गरिमा पूर्ण चले। पक्ष-विपक्ष अपनी बात रखे। बजट आने वाला है। बजट पूरा राजस्थान सुने। विपक्ष हमारी ताकत है, उनके सुझाव हमारे लिए हमेशा स्वागत योग्य हैं।

जोगाराम पटेल, संसदीय कार्यमंत्री

तैयार होने लगे ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के पुनर्गठन प्रस्ताव

संस्थाओं के प्रस्ताव फाइनल होने से पहले ही आने लगीं आपत्तियां

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. राज्य में पंचायत राज संस्थाओं के पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार करने की समय सीमा भले ही सरकार ने एक माह से बढ़ाकर 65 दिन कर दी, लेकिन प्रस्तावों के ड्राफ्ट का प्रकाशन होने से पहले ही आपत्तियां आने लगी हैं। अब 25 मार्च तक प्रस्ताव तैयार किए जा सकेंगे।

पंचायतीराज विभाग की ओर से ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के लिए 26 मार्च से 25 अप्रेल तक प्रस्तावित ग्राम पंचायतों के ड्राफ्ट प्रकाशित करके आपत्तियां मांगी जानी हैं। इसके बावजूद उपखंड अधिकारी और कलक्टरों के पास इससे पहले ही बदलाव की भनक लगते ही आपत्तियां आने लगी हैं। नई पंचायत समितियों की गठन प्रक्रिया में ग्राम पंचायतों का विभाजन भी होगा। एक पंचायत समिति में कम से कम 25 ग्राम पंचायतें होना आवश्यक हैं। मसलन कोटा जिले की लाडपुरा पंचायत समिति में अभी केवल 22 ही ग्राम पंचायतें हैं ऐसे में यहां तीन नई ग्राम पंचायतें गठित होनी है।

इस तरह की आपत्तियां आ रहीं: कुछ गांव प्रस्तावित नई ग्राम पंचायतों में शामिल होने के बजाय पुरानी ग्राम पंचायत में रहना चाहते हैं। जैसे कोटा जिले की जाखोड़ा ग्राम पंचायत के कादीहेड़ा गांव व जयपुर के बस्सी ब्लॉक और हनुमानगढ़ जिले की पीलीबंगा ब्लॉक सहित कई जगह से आपत्तियां आई हैं।

नई जिला परिषदों के लिए शुरू हुई कसरत

राज्य में 8 नए जिलों में नई जिला परिषदों के गठन के प्रस्ताव तैयार करने की कवायद शुरू हो गई। इनमें बालोतरा, ब्यावर, डीग, खैरथल-तिजारा, डीडवाना-कुचामन, कोटपूतली-बहरोड़, फलोदी और सलूंबर शामिल है। इनमें नई पंचायत समितियां भी बनाई जा रही हैं। अभी जिन पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतें पुराने जिलों में शामिल हैं उन्हें वहां से हटाया जा रहा है।

कांग्रेस ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित की

जयपुर @ पत्रिका. पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों के पुनर्गठन और परिसीमन के कार्य को ध्यान में रखते हुए उससे जुड़ी शिकायतों और सुझावों के निस्तारण के लिए कांग्रेस ने कमेटी का गठन किया है। पांच सदस्यीय कमेटी में पूर्व आरएएस जस्साराम चौधरी, पीसीसी उपाध्यक्ष जगदीश जांगिड़, पीसीसी महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी, डॉ. सी.बी. यादव और कुम्हेर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह मेहरावर को शामिल किया है।

राजीव गांधी युवा मित्रों को समायोजित किया जाए: जूली

जयपुर @ पत्रिका. कांग्रेस ने अटल प्रेरकों की भर्ती में राजीव गांधी युवा मित्रों को समायोजित करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शनिवार को एक बयान जारी करके कहा कि योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में राजीव गांधी युवा मित्रों का अहम योगदान रहा। अटल प्रेरकों के रूप में इनके अनुभव का भी उपयोग योजनाओं के प्रचार-प्रसार में किया जाना चाहिए। इसलिए उन्हें भी समायोजित किया जाए।

राजस्थान के 17 स्टेशन योजना में कवर होंगे

राजस्थान-मध्यप्रदेश के बीच रेलवे ट्रैक को मिलेगा 'कवच'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच करीब 162 किमी लंबा रेलवे ट्रैक भी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (कवच) से लैस होगा। रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद पश्चिम मध्य रेलवे ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोटा जिले के सोगरिया रेलवे स्टेशन से मध्यप्रदेश के रूठियाई रेलवे स्टेशन के बीच यह कार्य दो साल में पूरा होगा।

इस कार्य पर 40 करोड़ 65 लाख रुपए खर्च होंगे। प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान के करीब 17 स्टेशनों पर कवच उपकरण लगेंगे। इससे खराब मौसम में भी ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। इसके साथ ही इंजनों में कवच उपकरण लगने के बाद ट्रेनों की स्पीड भी बढ़ाई जा सकेगी। कवच संस्करण 4.0 को भारतीय रेलवे ने बड़े पैमाने पर लागू करने की योजना बनाई है। इसके तहत यह प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ है। अभी दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को कवच से लैस किया जा रहा है। नागदा से मथुरा के बीच रेलवे ट्रैक कवच लैस हो गया है। कोटा-रूठियाई रेलमार्ग पर राजस्थान के धरनावदा, मोतीपुरा चौकी, भूलोन, छाबड़ा गुगोर, कैशोली, सालपुरा, अटरू, पीपलोद रोड, छजावा, बारां, सुन्दलक, बिजौरा, अन्ता, भौंरा, श्रीकल्याणपुरा, दीगोद एवं सोगरिया स्टेशन आते हैं। इसके अलावा कोटा, बारां और झालावाड़ के ताप बिजलीघरों के लिए कोयले की आपूर्ति भी इसी रेलमार्ग से होती है।



ये कार्य होंगे

- स्टेशन और ब्लॉक सेक्शन पर स्टेशन कवच की स्थापना।
- पूरे ट्रैक में आरएफआईडी टैग की स्थापना।
- दूरसंचार टावरों की स्थापना और ट्रैक के साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना।

वाटर विजन: राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

उदयपुर से लिखी जाएगी देश के जल प्रबंधन की इबारत

उदयपुर @ पत्रिका. देश के वाटर विजन-2047 को लेकर ऑल इंडिया स्टेट मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस 17 से 19 फरवरी तक उदयपुर में होगी। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, सीएम भजनलाल शर्मा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित कई राज्यों के सीएम, जल संसाधन मंत्री व अधिकारी शामिल होंगे। देश के जल संसाधन मंत्री और जल संसाधन विभाग के प्रमुख शासन सचिव स्तर के अधिकारी सहित 300 से ज्यादा प्रतिनिधि जुटेंगे। बैठक में जल स्त्रोतों से पानी के अधिकाधिक उपयोग, देश में नदियों को जोड़ने सहित कई विषयों पर मंथन होगा।

प्रशिक्षण के लिए जाएंगे मसूरी

10 आइएएस और 3 आरएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

जयपुर @ पत्रिका. ग्यारह आइएएस 17 से 28 मार्च तक मसूरी में प्रशिक्षण के लिए जाएंगे। इनमें कई के पास अतिरिक्त प्रभार भी है। इन अफसरों के पदों का प्रभार 10 आइएएस व 3 आरएएस अफसरों को सौंपा है। विभागीय जांच आयुक्त अनिल अग्रवाल का प्रभार डॉ. घनश्याम को, राजस्थान लोकसभा आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक का प्रभार रामनिवास मेहता व राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग के सचिव का प्रभार नथमल डिडेल का सौंपा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव का प्रभार हरिमोहन मीना को दिया है। बाल अधिकार आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार जगजीत मोगा को सौंपा है।

सम्मान समारोह 23 मार्च को

जीवित स्वाधीनता सैनानियों को अवश्य याद करें: गहलोत

जयपुर @ पत्रिका. पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने शहीद दिवस पर हो रहे क्रांतिकारियों के परिजन सम्मान समारोह में प्रदेश के जीवित स्वाधीनता सैनानियों को भी आमंत्रित करने का सुझाव दिया है। गहलोत ने यह सुझाव शनिवार को क्रांतिकारी सम्मान समारोह समिति के संरक्षक के तौर पर समिति के सदस्यों से चर्चा के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि अब ऐसे स्वाधीनता सैनानियों की संख्या गिनने जैसी रह गई है। समिति के संयोजक जी.एस बापना ने बताया कि अब तक देश भर से 70 से अधिक क्रांतिकारियों के परिजन ने समारोह में शामिल होने की स्वीकृति दी है। समारोह 23 मार्च को नारायण सिंह सर्कल स्थित तोतुका भवन में होगा।

पीसीसी चीफ लेंगे बैठक

कांग्रेस ने 200 विधानसभा क्षेत्रों में लगाए प्रभारी

जयपुर @ पत्रिका. राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 200 विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त किए हैं। ये प्रभारी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने में सहयोग करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि ये प्रभारी विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। अपने प्रभार वाले क्षेत्र का दौरा करके ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, मण्डल कांग्रेस, ग्राम पंचायत कांग्रेस, बूथ कांग्रेस की कार्यकारिणी के संगठनात्मक कार्यों को गति देंगे। साथ ही रिक्त पदों को भरने लिए 12 मार्च तक अपनी रिपोर्ट एवं प्रस्ताव भिजवाएंगे। जल्द ही पीसीसी चीफ इन प्रभारियों की बैठक लेकर विस्तृत दिशा निर्देश देंगे।

https://snapfrom.com/

https://www.888casinogame.com/

इस सप्ताह विशेष

सोमवार

फास्टैग के नए नियम

टोल लेनदेन को व्यवस्थित करने के साथ धोखाधड़ी को रोकने के लिए नए फास्टैग बैलेंस वैलिडेशन नियम लागू।



मंगलवार

उत्तर प्रदेश बजट सत्र

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत होगी, इस बार 11 दिन चलेगा बजट सत्र।



बुधवार

टेक कंपनी एपल 499 डॉलर में अपना सबसे सस्ता स्मार्टफोन आईफोन एसई 4 समारोहपूर्वक लॉन्च कर सकती है।

शुक्रवार

स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप

पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।



रविवार

पीएम मोदी बागेश्वर धाम में 100 बिस्तर के कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन करेंगे।

सरकारी खजाने में जमा: सोने की तलवार, मुकुट और मोर आकृति वाली करधनी, मूर्तियां

जयललिता का 27 किलो सोना, 1116 किलो चांदी अब सरकार की

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बेंगलूरु. तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की जब्त संपत्तियां कर्नाटक प्रशासन ने तमिलनाडु सरकार को सौंप दीं। बेंगलूरु की एक अदालत के आदेश के बाद यह आधिकारिक हस्तांतरण हुआ। कानूनी कार्यवाही के दौरान जब्त की गई इन संपत्तियों में सोने की तलवार, सोने का मुकुट, मोर आकृति वाली करधनी, मूर्तियों सहित 27.5 किलो सोना, 1116 किलो चांदी और 1,526 एकड़ भूमि के दस्तावेज शामिल हैं। यह संपत्तियां अब तक कर्नाटक विधानसभा (विधान सौधा) के खजाने में सुरक्षित थीं।

विशेष अदालत ने जुलाई 2023 में जयललिता के भतीजे और भतीजी



जे. दीपक और जे. दीपा के उत्तराधिकार दावे को खारिज करते हुए फैसला सुनाया था कि संपत्तियां भ्रष्टाचार मामले में जब्त की गई थीं और अब तमिलनाडु सरकार की संपत्ति होंगी। बाद में 13 जनवरी 2025 को कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी, जिसे उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने भी याचिका को खारिज कर दिया।



दिशा बोध कार्यक्रम में बोले पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी

'हमें किसी से कुछ लेना नहीं, मांगना नहीं...अपने पांव पर खड़ा होना है'



देवास में दिशा बोध कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते कोठारी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

देवास (मध्यप्रदेश). पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी ने छात्र-छात्राओं से कहा है कि हमें किसी को देने लायक बनना है, हमें जीवन में किसी से कुछ लेना नहीं है, किसी से कुछ मांगना नहीं है, अपने पांव पर खड़ा होना है। कोठारी शनिवार को सोनकच्छ के पुष्पगिरि तीर्थ में आयोजित 'दिशा बोध' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मन में बहुत ताकत है इसे काम में लो। माता-पिता शरीर दे सकते हैं पर आत्मा नहीं। गुरु उस आत्मा का पोषक है। धर्म, काम और मोक्ष का संचालन गुरु करते हैं, वह सिखाते हैं, ताकि हम जीवन के उस मार्ग पर चलते रहें। गुरु, माता-पिता से कई गुना बड़े होते हैं। उनका कार्यक्षेत्र आत्मा है। आप पढ़ाई के साथ इन चीजों को समझते हुए बड़े हों क्योंकि किताबों में इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। आज माता-पिता के पास बच्चों से बात करने का समय नहीं है। आपको अपनी भूमिका में खुद बड़े होना चाहिए। सोने से पहले 10 मिनट खुद से अपने बारे में बात करें कि मुझे क्या, कैसे और क्यों बनना है, कौनसे सवाल मेरे मन में हैं? कोठारी ने शिक्षा, परंपरा, जीवनशैली, मन, चिंतन सहित विभिन्न विषयों पर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

उदाहरण से समझाया सरस्वती का प्रभाव

कोठारी ने उदाहरण देकर सरस्वती का प्रभाव समझाया। उन्होंने कहा कि पानी की दो सीलबंद बोतलें अलग-अलग कमरे में रखें। एक कमरे में रोजाना प्रार्थना करें, मंत्र जाप करें। दूसरे कमरे में दूसरी भाषा का प्रयोग करें। कुछ दिन बाद मंत्र जाप वाले कमरे की बोतल का पानी केसरिया और सुगंधित होगा तो दूसरे कमरे की बोतल का पानी काला और दुर्गंधदार होगा। इससे जीवन का इतना बड़ा रहस्य समझेंगे कि अच्छी भाषा बोलने से जल में भी सुगंध आ जाती है।

अच्छा साहित्य नहीं पढ़ेंगे तो रोगग्रस्त हो जाएंगे

कोठारी ने कहा अगर मजाक में भी किसी से कोई अच्छी बात नहीं बोलेंगे या अच्छा साहित्य नहीं पढ़ेंगे तो रोगग्रस्त हो जाएंगे, कोई दवा उसका इलाज नहीं कर पाएगी। हमें शुद्ध-पवित्र भाषा के उपयोग का संकल्प लेना चाहिए।

हृदय की सरस्वती जागेगी संसार पास आ जाएगा

इस अवसर पर गणाचार्य पुष्पदंत सागरजी ने कहा कि हम ज्ञान ले रहे हैं और ज्ञान हमारे हृदय के अंदर स्थापित न हो और उसका उत्तम फल हमें न मिले तो इतने साल पढ़ने का क्या औचित्य रहा। वास्तव में हमें पद नहीं चाहिए, जिस दिन हमारे हृदय की सरस्वती जाग जाएगी तो सारा संसार हमारे पास आ जाएगा। दिशा बोध कार्यक्रम से पूर्व कोठारी ने गणाचार्य पुष्पदंत सागरजी से चर्चा की और अपनी पुस्तक 'स्त्री देह से आगे' की प्रति भेंट की। दोनों में पुस्तक को लेकर आध्यात्मिक चर्चा भी हुई।

पत्रिका पोल

Q क्या 'आप' के खिलाफ कांग्रेस का रुख इंडिया ब्लॉक के साथियों के लिए चेतावनी है?

कल का सवाल था

क्या पीएम मोदी की अमरीका यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे?

जवाब

62% हां 38% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

विधानसभा चुनाव से पहले पोस्टर वार, आरजेडी ने सीएम नीतीश कुमार को घेरा

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द, कई मंत्रियों की होगी छुट्टी

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

इंडिया@ शॉर्ट रीड

बंगाल चाय बागानों की जमीन हस्तांतरण का विरोध

दार्जिलिंग@ पत्रिका. पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा चाय बागान की 30 प्रतिशत भूमि को गैर-चाय उद्देश्यों के लिए हस्तांतरित करने की घोषणा के विरोध में शनिवार को विभिन्न संगठनों ने आपातकालीन बैठक की। इस फैसले के खिलाफ कानूनी कदम उठाने और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया। राज्य सरकार से 'तानाशाही' नीति को तुरंत वापस लेने की मांग की गई।

मणिपुर दो जिलों से 10 आतंकी गिरफ्तार

इंफाल@ पत्रिका. मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व तथा थौबल जिलों में अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकियों को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आतंकी जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे।

दिल्ली राहुल बोले, ड्रोन तकनीक में नहीं हो बयानबाजी



नई दिल्ली. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को ड्रोन तकनीक पर चर्चा के दौरान। राहुल ने बयानबाजी की जगह मजबूत उत्पादन आधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड

अमरीका पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सुचिर की मौत आत्महत्या

सेन फ्रांसिस्को@ पत्रिका. ओपनएआइ के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाने वाले 26 वर्षीय व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी की मौत आत्महत्या थी, पोस्टमार्टम की फाइनल रिपोर्ट में यह निष्कर्ष दिया गया है। सैन फ्रांसिस्को पुलिस प्रमुख बिल स्कॉट ने सुचिर के माता-पिता के वकीलों को लिखे पत्र में यह कहा है। हालांकि, सुचिर की मां पूर्णिमा का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या हुई है।

स्विट्जरलैंड गांजे को वैध करने पर विचार

जिनेवा@ पत्रिका. स्विट्जरलैंड में 'मनोरंजन के उद्देश्य' से गांजा (कैनेबिज) को कानूनी मंजूरी पर चर्चा हो रही है। संसद की स्वास्थ्य समिति ने एक मसौदा प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें इसकी विनियमित बिक्री की सिफारिश की गई। फिलहाल, केवल चिकित्सीय उपयोग या 1% से कम टीएचसी वाले गांजे की अनुमति है।

महाकुंभ में फिर भीषण आग

एक दर्जन पंडाल जलकर राख



विकास सिंह
patrika.com

प्रयागराज. महाकुंभ में सेक्टर 19 स्थित श्री रामचरितमानस सेवा प्रवचन मंडल में शनिवार शाम को आग लगने से दर्जन भर पंडाल जलकर राख हो गए। आग से आश्रम में बेड, तख्त, खाने पीने का सामान, बर्तन और लोहे की अलमारी में रखी नकदी भी जल गई। आश्रम में मौजूद अयोध्या के संत श्री केवल दास के शिष्य राजन शुक्ला ने बताया कि सभी कल्पवासी अपने घर को जा चुके थे। हम लोग भी सामान ट्रक में लोड करके जाने वाले थे। शाम करीब 6 से 6:30 बजे के बीच अचानक आग लग गई। आश्रम के ठीक ऊपर झूंसी से प्रयागराज रामबाग को जोड़ने वाला नया पुल है। आग की लपटें काफी ऊपर तक जा रही थीं। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

यूक्रेन युद्ध: यूरोप को रूस से नहीं अपने अंदर से ही खतरा, वेंस की दो टूक

अमरीका से निराश जेलेंस्की बोले, अब यूरोप को बनानी होगी अपनी सेना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

म्यूनिख. जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सुरक्षा कॉन्फ्रेंस के साथ ही यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता का एक आरंभिक दौर शुरू हो गया है। इस कॉन्फ्रेंस में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमोर जेलेंस्की ने साफ कर दिया कि वह किन शर्तों पर सिर्फ पुतिन से बात करने को तैयार हैं। जेलेंस्की यही नहीं रुके। जेलेंस्की ने यूरोप के नेताओं के साफ चेता दिया कि अमरीका को यूरोप की जरूरत एक बाजार के रूप में हो सकती है, लेकिन एक सहयोगी देश के रूप में नहीं। जेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं को सुना दिया कि अब समय आ गया है कि वह अमरीका के भरोसे रहना छोड़कर अपनी खुद की सेना बनाए। और अपनी एक स्पष्ट विदेश नीति। जहां वह एक सुर में अपनी बात रखे। जेलेंस्की के भाषण को देखें तो साफ है कि अब जेलेंस्की को अमरीका के बजाए यूरोप से ही उम्मीदें हैं। दूसरी ओर जेलेंस्की को यह भी अहसास है कि मौजूदा हालात में यूरोप की मदद पर भरोसा नहीं किया जा सकता। हैरानी नहीं कि म्यूनिख में मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने स्पष्ट तौर पर स्वीकार किया है कि बिना अमरीकी समर्थन के यूक्रेन युद्ध में नहीं टिकेगा।



जेलेंस्की ने बताया शांति का प्लान

अमरीकी उपराष्ट्रपति वेंस से मुलाकात के बाद जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, हम यथाशीघ्र वास्तविक और गारंटीशुदा शांति की ओर बढ़ने के लिए तैयार हैं और जल्दी वाशिंगटन से एक दूत कीव का दौरा करेगा। जेलेंस्की ने यह भी कहा है कि वह शांति वार्ता के लिए तभी तैयार होंगे जब यूरोप और अमरीका इसको लेकर एक योजना पर सहमत हो जाएं। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अलावा और किसी रूसी अधिकारी से बात नहीं करेंगे।

अब 24 फरवरी पर नजर

जेलेंस्की ने यूरोप को एक तरह से चुनौती देते हुए कहा कि पुतिन का प्लान है कि वह सिर्फ ट्रंप से बात करें और आने वाले मई दिवस पर ट्रंप उनके साथ मास्को के रेड स्क्वायर पर मिलें। इसलिए जरूरत इस बात की है कि यूरोप के नेता यूक्रेन-रूस युद्ध की तीसरी बरसी पर 24 फरवरी को कीव में ऑनलाइन और ऑफलाइन एकजुट होकर पुतिन को स्पष्ट संदेश दें।

वेंस के हमले के सामने भी यूरोप नहीं दिख रहा एकजुट

अमरीकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस ने म्यूनिख में कहा यूरोप को रूस और चीन से नहीं, बल्कि उनके अंदर से ही खतरा है। उनकी प्रवासी और अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर नीतियां ही उनके लिए खतरा हैं। वेंस के इस बयान का अमरीका राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी समर्थन किया है। दूसरी ओर वेंस के सीधे हमले के सामने भी यूरोप एकजुट नहीं दिख रहा। साफ है कि यूक्रेन में शांति स्थापित करने को लेकर यूरोप की स्पष्ट सीमाएं हैं।

यूरोप को डर: अमरीका हटाएगा अपने सैनिक

वेंस के यूरोप के प्रति आक्रामक भाषण और ट्रंप प्रशासन के यूरोप को लेकर बदले हुए रवैये के बाद म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के प्रमुख क्रिस्टोफ ह्यूसगेन ने आशंका जताई है कि अमरीका जल्द ही यूरोप से बड़े पैमाने पर अमरीकी सैनिकों की वापसी की भी घोषणा कर सकता है। ह्यूसगेन ने कहा, उन्हें हैरानी नहीं होगी कि उपराष्ट्रपति वेंस अपने साथ भारी मात्रा में अमरीकी सैनिकों को भी यूरोप से वापस ले जाने की ऐलान कर दें।

हरियाणा

सिगरेट-पैकेट के विवाद में पथराव, कई घायल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

फिरोजपुर. फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के गांव घाटा शमशाबाद में सिगरेट के पैकेट को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे और पथराव हो गया। खूनी संघर्ष में महिलाओं समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि गांव में किराना दुकान पर सिगरेट के पैसे न देने को लेकर दुकानदार की ग्राहक से झड़प हुई। मारपीट में दो महिलाओं समेत एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लाठी चलाने और पथराव से कुछ लोगों के सिर में चोटें आई हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करवाया

महाकुंभ: बिरला ने त्रिवेणी संगम में किया स्नान



महाकुम्भ नगर. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। लोकसभा अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मां गंगा की कृपा सभी पर बनी रहे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए।

मेगा इंफ्लुएंसर का दावा: एलन मस्क के बच्चे की मां बनी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

फ्लोरिडा. मेगा इंफ्लुएंसर और राइटर एशले सेंट क्लेयर ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि वे एक्स (पूर्व में ट्विटर)-टेस्ला के मालिक एलन मस्क के बच्चे की मां बनी हैं। उन्होंने 5 महीने पहले एलन मस्क के बच्चे को जन्म दिया है। एशले ने यह दावा शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि पांच महीने पहले, मैंने एक नए बच्चे का इस दुनिया में स्वागत किया। एलन मस्क उसके पिता हैं। मैंने अपने बच्चे की प्राइवेसी और सेफ्टी की रक्षा के लिए पहले इसका खुलासा नहीं किया, लेकिन हाल के दिनों में, यह साफ हो गया है कि मीडिया ऐसा कर सकती है, भले ही इससे कितना भी नुकसान क्यों न हो। मैं अपने बच्चे को एक आम और सुरक्षित वातावरण में बड़ा होने देना चाहती हूं।

ट्रैफिक जाम से बचने के लिए पैराग्लाइडिंग कर पहुंचा छात्र

सतारा (महाराष्ट्र) @ पत्रिका. परीक्षा के दौरान देर न हो जाए, इसके लिए छात्र-छात्राएं अकसर बाइक, साइकल, बस से स्कूल या कॉलेज जाते हैं लेकिन महाराष्ट्र के सतारा के पासारानी गांव का एक छात्र ट्रैफिक जाम से बचने के लिए पैरा ग्लाइडिंग करते हुए परीक्षा देने के लिए कॉलेज पहुंचा।

बताया जाता है कि समर्थ महानगाडे नाम के छात्र को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में देरी हो रही थी। उसके पास सिर्फ 15 से 20 मिनट ही बचे थे। इस दौरान रास्ते में भारी यातायात रहता है। ऐसे में जाम के



कारण समय पर केंद्र तक पहुंचना संभव नहीं था। इस स्थिति में छात्र की मदद के लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स एक्सपर्ट गोविंद येवाले आगे आए। उन्होंने पैरा ग्लाइडिंग करते हुए समर्थ को केंद्र तक पहुंचाने का निर्णय लिया। समर्थ के सामने भी कोई दूसरा रास्ता नहीं था। ऐसे में वह पैरा ग्लाइडिंग करते हुए परीक्षा केंद्र पहुंचा।

TRENDING NEWS **ट्रेंडिंग न्यूज**



यूनुस को चाहिए मस्क का स्टारलिंक

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने टेस्ला और स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क के साथ वर्चुअल मीटिंग की है। यूनुस चाहते हैं कि मस्क बांग्लादेश में स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट की सेवा दें। मस्क के जरिए यूनुस ट्रंप प्रशासन से कूटनीतिक समर्थन चाहते हैं।



ओबामा ने लगाया अटकलों पर विराम

अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वैलेंटाइन डे पर अपनी पत्नी मिशेल ओबामा के लिए लिखा है कि हम 32 सालों से साथ हैं और तुम्हें देखकर आज भी मेरी सांसें ठहर जाती हैं। इस पोस्ट के साथ ओबामा ने दोनों के बीच तलाक की अटकलों पर विराम लगा दिया।



अमरीका से टकराव तो दुनिया भुगतेगी

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मंच से कहा कि यदि अमरीका उनके देश के साथ टकराव में आता है तो पूरी दुनिया को इसका खामियाजा उठाना होगा। उन्होंने कहा, बीजिंग वाशिंगटन के साथ संघर्ष नहीं चाहता है।

सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सीमाओं से परे सोचें

SUNDAY GUEST EDITOR **संडे गेस्ट एडिटर @यूथ**

सोच यह: धैर्य रखें, गलतियों से सीखें और खुद को सीमित न करें। हौसले बुलंद हों, तो हर सपना हकीकत बन सकता है।

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

आर्यन कुमार, संडे गेस्ट एडिटर
patrika.com

पटना. मेरा सफर बिहार के छोटे से गांव आदापुर से शुरू हुआ, जहां बुनियादी सुविधाएं भी सीमित थीं। गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ाई की, फिर पटना आकर शिक्षा जारी रखी। अभी पटना कॉलेज में मास कम्युनिकेशन से ग्रेजुएशन कर रहा हूं। आठवीं कक्षा में एक संस्था से जुड़कर थिएटर सीखा, जिसने मेरी सोच बदल दी। दो साल बाद फिल्म मेकिंग वर्कशॉप की, जिससे रुचि बढ़ी। शुरुआती संघर्षों के बाद छोटी-छोटी फिल्में-डॉक्यूमेंट्रीज बनाई, जिन्होंने मुझे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।



-आर्यन कुमार, यंग फिल्म मेकर

बिना पैसे के 18 राज्यों में काम किया

मैं मिडिल क्लास फैमिली से आता हूं जहां आइएएस, डॉक्टर-इंजीनियर बनना ही सफलता का मापदंड है। फिल्म मेकिंग को कॅरियर बनाना नया था, लेकिन जब मैंने बिना घर से पैसे लिए 18 राज्यों में काम किया तो परिवार को भी विश्वास हुआ। मेरे प्रेरणास्रोत मेरे पिता रहे, जिन्होंने संघर्षों के बावजूद मुझे आगे बढ़ाया। 2022 में उनके निधन ने झकझोर दिया, लेकिन उनकी सीख हमेशा साथ रही। सही अवसर और मेहनत से कोई भी सपना साकार हो सकता है।

मेहनत करने में पीछे न हटें मेरा मानना है कि सिनेमा बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। मेरा सपना सच हो रहा है। मेरा चयन अमरीका के ग्लोबल अंडर ग्रेजुएट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत हुआ। जहां दुनियाभर से चुनिंदा युवाओं को बुलाया जाता है। इसके लिए अमरीका सरकार खर्च करती है। मैं यही कहूंगा कि आप मेहनत करने में पीछे न हटें। सफलता जरूर मिलती है।

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

निराशाजनक : हाल में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले इटालियन खिलाड़ी 09 मई के बाद कोर्ट पर करेंगे वापसी

डोप में फंसे सिनर

नंबर एक टेनिस खिलाड़ी पर लगा तीन महीने का प्रतिबंध

03 ग्रैंड स्लेम खिताब सिनर ने कुल जीते **02** ऑस्ट्रेलियन ओपन व एक यूएस ओपन



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मैड्रिड. दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर पर डोप पॉजिटिव मामले पर तीन महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। वर्ल्ड एंटी डोपिंग एंजेसी (वाडा) ने शनिवार को यह जानकारी दी। वाडा ने कहा कि इटालियन खिलाड़ी सिनर पर यह प्रतिबंध 09 फरवरी से चार मई तक लागू रहेगा।

पिछले साल दो बार पॉजिटिव पाए गए

सिनर पर यह प्रतिबंध पिछले साल दो बार डोप टेस्ट में फेल होने के कारण लगा है। मार्च 2024 में सिनर प्रतिबंधित दवा एनाबोलिक स्टेरॉयड का सेवन करने पर दो बार डोप पॉजिटिव पाए गए थे। हालांकि इंटरनेशनल टेनिस इंटिग्रिटी एंजेसी (आइटीआइए) ने उनके ऊपर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया क्योंकि उनका मानना था कि प्रतिबंधित दवा उनके फिजियोथेरेपिस्ट की मालिश के माध्यम से अनजाने में उनके शरीर में प्रवेश कर गई थी। इसके बाद वाडा ने सिनर के प्रतिबंध के लिए खेल पंचाट न्यायालय (सीएसएस) में अपील दायर की थी।

धोखा देने का इरादा नहीं: वाडा ने कहा, हम स्वीकार करते हैं कि सिनर का मकसद धोखा देने का नहीं था। इस दवा से उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। यह सब उनकी मेडिकल टीम के सदस्यों की लापरवाही के कारण हुआ।

मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं

मैंने हमेशा स्वीकार किया है कि मैं अपनी टीम के लिए जिम्मेदार हूं और मुझे एहसास है कि वाडा के सख्त नियम मेरे पसंदीदा खेल के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा हैं। मैं अपनी गलती मानता हूं और इस कारण मैंने वाडा के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए तीन महीने का प्रतिबंध स्वीकार किया है।
-जेनिक सिनर, इटली

वाडा के साथ किया समझौता

खेल पंचाट न्यायालय में अपील होने के बाद सिनर ने वाडा के साथ बाहर ही समझौता करने और मामला खत्म करने का फैसला लिया। इस कारण वह लंबे प्रतिबंध से बच गए। अब सिनर की कोर्ट पर वापसी मई में होगी और वह 19 मई से शुरू होने वाले साल के दूसरे ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन में शिरकत कर पाएंगे।


पिछले दो साल में ये खिलाड़ी भी फंसीं

सिमोना हालेप: रोमानियाई खिलाड़ी 2022 में प्रतिबंधित दवा लेने के कारण डोप में फंसी थीं। उनके ऊपर चार साल का प्रतिबंध लगा था। हालांकि बाद में इसे घटाकर सिर्फ नौ महीने कर दिया।

इगा स्विटेक: दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्विटेक ने भी गलती से प्रतिबंधित दवा का सेवन कर लिया था। इसके बाद पोलैंड की खिलाड़ी पर नवंबर 2024 में एक महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया था।

एथलेटिक्स : 5000 मीटर स्पर्धा में शीर्ष पर रहे

ग्रांट फिशर ने 6 दिन में दूसरी बार बनाया विश्व रेकॉर्ड



स्पर्धा के दौरान सबसे आगे अमरीका के स्टार धावक फिशर ग्रांट (बाएं।)

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बोस्टन. अमरीका के 27 वर्षीय धावक ग्रांट फिशर शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने छह दिन के अंदर दो इंडोर रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ग्रांट शुक्रवार रात यहां बोस्टन यूनिवर्सिटी डेविड हेमरी वैलेंटाइन इनविटेशनल में 5000 मीटर इंडोर स्पर्धा में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 12 मिनट 44.09 सेकेंड का समय निकाला और फ्रांस के जिमी ग्रेसियर का विश्व रेकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने यूरोपियन इंडोर स्पर्धा में 12 मिनट 54.92 सेकेंड के साथ बनाया था।

3000मी इंडोर में भी कायम की बादशाहत

पिछले शनिवार ग्रांट ने न्यूयॉर्क में 3000 मीटर इंडोर स्पर्धा में भी बादशाहत कायम करते हुए चार मिनट 23.35 सेकेंड के साथ नया विश्व रेकॉर्ड बनाया था। गौरतलब है कि ग्रांट पेरिस ओलंपिक 2024 की 5000 और 10,000 मी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुके हैं।

लुत्फ उठा रहा हूं : ग्रांट ने रेस जीतने के बाद कहा कि अभी उनका अच्छा वक्त चल रहा है और वो इसका लुत्फ उठा रहे हैं।

वनडे क्रिकेट: 19 फरवरी से होगा आगाज, 2017 के बाद पहली बार खेला जा रहा यह टूर्नामेंट

चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया का रहा दबदबा, सर्वाधिक मुकाबले जीतने का रेकॉर्ड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. आइसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में चैंपियन बनने के लिए आठ टीमों के बीच टक्कर होगी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम कौन सी है? इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का दबदबा रहा है और उसके नाम सर्वाधिक जीत हासिल करने का रेकॉर्ड है। गौरतलब है कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2017 के बाद पहली बार हो रहा है। ऐसे में भारतीय प्रशंसकों को उम्मीदें हैं कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया शानदार प्रदर्शन करेगी और रेकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम करेगी।

सबसे अधिक मैच खेले और सबसे कम हारे

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 1998 में हुई थी और अब नौवें संस्करण का आयोजन पाकिस्तान की मेजबानी में होगी। टूर्नामेंट के इतिहास में भारतीय टीम का रेकॉर्ड शानदार रहा है और उसने सर्वाधिक 29 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान टीम इंडिया ने सबसे अधिक 18 मैच जीते हैं और सबसे कम आठ मुकाबले हारे हैं। भारतीय टीम के बाद सर्वाधिक 27 मैच श्रीलंका ने खेले हैं। इस दौरान श्रीलंकाई टीम ने 14 जीते, 11 हारे और दो बेनतीजा रहे। हालांकि श्रीलंकाई टीम इस संस्करण में नहीं खेल रही है।

चार बार फाइनल में पहुंचे : टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी में कुल चार बार फाइनल में पहुंची है। इस दौरान टीम ने दो बार खिताब अपने नाम किया। वहीं, साल 2000 और 2017 में टीम इंडिया को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।


दुबई के लिए उड़ान भरने से पहले भारत के अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव और श्रेयस अय्यर (दाएं से)।

भारत की नजरें तीसरी बार चैंपियन बनने पर

इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक दो-दो खिताब भारत और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीते हैं। भारतीय टीम ने 2002 और 2013 में खिताब जीता था। अब टीम इंडिया की नजरें रेकॉर्ड तीसरी बार चैंपियन बनने पर होगी। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भी दो बार 2006 और 2009 में खिताब जीता था। कंगारू टीम भी प्रबल दावेदार है।

पहला मैच बांग्लादेश से चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी भले ही पाकिस्तान के पास है लेकिन भारतीय टीम के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। टीम इंडिया 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी।

भारतीय टीम रैंकिंग में शीर्ष पर: भारतीय टीम का आइसीसी की वनडे विश्व रैंकिंग में दबदबा है और वह शीर्ष पर कायम है। इस सूची में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है। पाकिस्तान की टीम तीसरे जबकि न्यूजीलैंड चौथे नंबर पर है। इनके पीछे, क्रमशः द. अफ्रीका, इंग्लैंड, अफगानिस्तान व बांग्लादेश हैं।

अफगानिस्तान की टीम पहली बार खेलेगी

चैंपियंस ट्रॉफी में कुल आठ टीमें शिरकत कर रही हैं। इसमें अफगानिस्तान की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए उतरेगी। वहीं, पिछले बार टूर्नामेंट का हिस्सा रही श्रीलंकाई टीम क्वालीफाइ नहीं कर सकी है।

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	बेनतीजा	जीत प्रतिशत
भारत	29	18	08	00	03	69.23
ऑस्ट्रेलिया	24	12	08	00	04	60.00
द. अफ्रीका	24	12	11	01	00	52.08
न्यूजीलैंड	24	12	10	00	02	54.54
पाकिस्तान	23	11	12	00	00	47.82
इंग्लैंड	25	14	11	00	00	56.00
बांग्लादेश	12	02	09	00	01	18.18

भारतीय टीम दुबई पहुंची

मुंबई. चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत करने के लिए भारतीय टीम शनिवार को दुबई पहुंच गई। भारतीय खिलाड़ियों ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी स्टेडियम से दुबई के लिए उड़ान भरी। एक रिपोर्ट के तहत भारतीय टीम 20 फरवरी को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले रविवार से अभ्यास के लिए नेट्स पर उतरेगी।

रोहित ने तोड़ा बोर्ड का नियम

बीसीसीआइ ने हाल में नियम बनाया है कि सभी खिलाड़ी टीम बस में साथ सफर करेंगे। लेकिन यह नियम कप्तान रोहित शर्मा ने ही तोड़ दिया। वह निजी कार से मुंबई के एयरपोर्ट पर पहुंचे। रोहित शर्मा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और प्रशंसक उनके ऊपर सवाल उठा रहे हैं।

आज का पोल

क्या टेनिस स्टार जेनिक सिनर पर तीन महीने का प्रतिबंध लगने का फैसला सही है?

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

शनिवार का जवाब

हां 86% नहीं 14%

पिछला सवाल: क्या हार्दिक पांड्या चैंपियंस ट्रॉफी में निचलेक्रम पर तेज बल्लेबाजी कर पाएंगे?

टेनिस

जापानी जोड़ी ने जीता दिल्ली ओपन खिताब

नई दिल्ली @ पत्रिका. जापान की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी मासामिची इमामुरा और रियो नोगुची ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां दिल्ली ओपन का युगल टेनिस खिताब जीत लिया। फाइनल में जापानी जोड़ी ने भारत की दूसरी वरीयता प्राप्त निकी पूनाचा और कोर्टनी जॉन लॉक को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। वहीं, पुरुष एकल में किरियन जैक्वेट ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय विट कोप्रिवा को 6-3, 6-1 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया।

डब्ल्यूपीएल

दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को दी शिकस्त

वडोदरा @ पत्रिका. दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 लीग में मुंबई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की टीम 19.1 ओवर में 164 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मुंबई की ओर से नेट स्किवर ब्रंट ने 59 गेंदों में 13 चौकों के साथ नाबाद 80 रन की आतिशी पारी खेली। जवाब में दिल्ली ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुंबई को हराया और 8 विकेट पर 165 रन बनाए। दिल्ली के लिए शेफाली वर्मा ने 43 और निकी प्रसाद ने 35 रन बनाए।

CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7257...



बाएं से दाएं... 1. तीर्थंकर, जिन, परम ज्ञानी (4), 4. तलवा (4), 7. प्यास (2), 8. अप्रसन्न, खिन्न (3), 10. प्रतिष्ठित, बहुतों में से चुनकर अलग किया हुआ (4), 12. प्रस्थान, गमन (2), 13. जांचना, परीक्षण करना (4), 15. मांगना, यज्ञ करना (3), 17. गुलाम (2), 18. माप, परिमाण (2), 20. आग्रह, हठ, जिद (3), 22. मूल्य, दाम (2), 24. ढूंढना, तलाशना (3), 26. रंग-बिरंगे पंख वाला कीट जो फूलों का रस चूसता है (3), 28. रात्रि, निशा, कुल वधु (2), 29. संगीत के सात स्वर (4), 31. रहस्य, मर्म, शासन (2), 33. शहर (3), 34. सनक, बेवकूफी, मूर्खता, जुनून (5)

ऊपर से नीचे...

हल 7256



2. लीन, तन्मय (2), 3. प्रसन्न, खुशमिजाज, दिल्लगी प्रिय (4), 4. हार (4), 5. हाथी (2), 6. निगलना, हड़प जाना (3), 8. रिश्ता, सबंध (2), 9. मुसीबत, परेशानी, शामत (3), 11. राजी करना (3), 12. सीता, जनकसुता, वैदेही (3), 14. खाद्य सामग्री (3), 16. अवगत करना, चेताना (3), 19. बुझौवल, वाचनक (3), 21. बीच, मध्य (5), 23. प्रातः काल, सवेरे (4), 25. वस्त्र, कपड़ा (3), 27. अंधेरा (2), 30. नस, नाड़ी (2), 31. धुन, तान, द्वेष (2), 32. पानी, नीर (2)

SUDOKU 6992...

	6				7	5		3
9						2		
	7							1
6	3	2		8				
				2				
		5	6			9		
			5		3		1	
				6			7	
4					9			

हल 6991

5	8	7	2	3	9	4	1	6
2	3	4	7	1	6	9	8	5
6	1	9	5	8	4	2	7	3
8	4	6	9	5	2	7	3	1
3	2	5	1	7	8	6	4	9
7	9	1	6	4	3	8	5	2
9	7	8	3	2	5	1	6	4
4	5	2	8	6	1	3	9	7
1	6	3	4	9	7	5	2	8

कैसे खेलें: वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

इंटरनेशनल शील्ड पोलो : भारतीय चौकड़ी पड़ी भारी

कड़े मुकाबले में भारत बना विजेता, दक्षिण अफ्रीका को दी शिकस्त

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. आरपीसी ग्राउंड पर शनिवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पद्मिनी देवी जयपुर इंटरनेशनल शील्ड का मुकाबला खेला गया। आइपीए इंटरनेशनल-डे के अवसर खेले गए 12 गोल के इस बड़े मुकाबले में भारत ने पद्मनाभ सिंह की कप्तानी में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 5 के मुकाबले 7 गोल से हराया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में आए दर्शकों ने टीम इंडिया की हौसलाअफजाई की। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया लेकिन भारतीय टीम हमेशा की तरह दक्षिण अफ्रीका पर भारी पड़ी। भारतीय टीम के लिए छम्मा के नाम से मशहूर शमशीर अली ने 3 और सिमरन शेरगिल ने 2 गोल किए वहीं कप्तान पद्मनाभ सिंह और अभिमन्यु पाठक ने 1-1 गोल दागा जबकि मेहमान दक्षिण अफ्रीका टीम के लिए टायसेन ओ'सुलिवन ने 3 गोल किए। जोहान डू प्रीज़ और उलरिच स्पाइज़ ने 1-1 गोल किया।



इस अवसर पर डायकलर इंडिया प्रालि. से अनिता टोंग्या और इंडियन पोलो एसोसिएशन (आइपीए) के मानद सचिव और 61 कैवेलरी के कमांडेंट कर्नल वीएस कहलों, वीएसएम उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

निशानेबाजी : पूर्व दिग्गज शूटर को 25 मीटर पिस्टल टीम की जिम्मेदारी मिली

मनु भाकर के गुरु जसपाल राणा बने एनआरएआइ के हाई परफोरमेंस कोच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर के निजी कोच और दिग्गज शूटर जसपाल राणा को राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन (एनआरएआइ) ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें भारत की 25 मीटर पिस्टल टीम का हाई परफोरमेंस कोच बनाया गया है। शनिवार को यहां एनआरएआइ की गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई, जिसमें कई पूर्व निशानेबाजों को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया। इस दौरान कुल 16 नए कोच नियुक्त किए गए हैं जबकि 19 कोचों को रिटेन किया गया है।


पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर संग जसपाल राणा।

जीतू राय को 10 मीटर स्पर्धा की कमान: दो बार के कॉमनवेल्थ चैंपियन निशानेबाज जीतू राय को भारत की 10 मीटर एयर पिस्टल का कोच नियुक्त किया गया है। वहीं, द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित दीपाली देशपांडे को राष्ट्रीय राइफल टीम का मुख्य कोच बनाया गया है।

फुटबॉल : घरेलू मैदान पर खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में 3-0 से शानदार जीत हासिल की

ब्राइटन से हारा चेल्सी तो गुस्सा हो गए कोच, बताया सबसे खराब प्रदर्शन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

लंदन. चेल्सी को इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन एंड होव अल्बीयन के खिलाफ 0-3 से करारी हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात मिली इस हार से चेल्सी के कोच इंजो मारेस्का बेहद गुस्से में आ गए। मैच के बाद उन्होंने खिलाड़ियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि यह उनके कार्यकाल में टीम का सबसे बुरा प्रदर्शन है। वहीं, ब्राइटन ने इस टूर्नामेंट के इतिहास में चेल्सी के खिलाफ 25 मैचों में कुल चौथी जीत हासिल की है। इस दौरान उसे 16 मैचों में हार मिली और पांच मुकाबले ड्रॉ रहे।


गोल करने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ यान्कूबा मिन्तेह।

04 मैच ब्राइटन ने ईपीएल में ***चेल्सी के खिलाफ जीते*** **25** मैच ब्राइटन ने चेल्सी से खेले, ***16 हारे, 5 ड्रॉ***

जीत का हीरो: मिन्तेह ने दो गोल दागे

ब्राइटन की इस शानदार जीत के हीरो जाम्बिया के 20 वर्षीय खिलाड़ी यान्कूबा मिन्तेह रहे, जिन्होंने सर्वाधिक दो गोल दागे। उन्होंने 38वें और 63वें मिनट में गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। इससे पहले, टीम के लिए पहला गोल जापान के 27 वर्षीय खिलाड़ी कोरू मितोमा ने किया, जिन्होंने 27वें मिनट में गोल किया और टीम का खाता खोला।

पिछले 6 मैचों में घर पर पहली जीत: ब्राइटन को ईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर छह मैचों में पहली जीत मिली। इस दौरान ब्राइटन ने दो हारे और तीन ड्रॉ खेले थे। वहीं, चेल्सी को पिछले पांच मैचों में विपक्षी टीम के मैदान पर जीत नहीं मिली है। इस दौरान चेल्सी ने तीन मैच हारे हैं।

शीर्ष तीन में जगह बनाना मुश्किल: चेल्सी के लिए तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाना मुश्किल हो गया है। चेल्सी ने 25 मैचों में 12 जीते, छह हारे और सात ड्रॉ खेले हैं। वह 43 अंकों के साथ चौथे नंबर पर है। वहीं, ब्राइटन 37 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

लीस्टर सिटी को हराया

आर्सेनल ने लगाई जीत का हैट्रिक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

लंदन. शानदार फॉर्म में चल रही आर्सेनल की टीम ने यहां खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में लीस्टर सिटी को 2-0 से शिकस्त दी। आर्सेनल ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। टीम के 25 मैचों में 15 जीत के साथ 53 अंक हैं। वहीं, लीस्टर सिटी को पिछले पांच मैचों में चौथी हार मिली और वो 18वें नंबर पर है। आर्सेनल के लिए दोनों गोल मिकेल मिरेनो ने दागे।

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

NEET (UG)-2024 : MBBS में चयनित CLCians...

विश्वास की विरासत 30 वर्ष SINCE-1996

SNMC JODHPUR	BPS SONIPAT (HR)	SVIMS TIRUPATI (AP)	GMC MAHASAMUND (CG)	GMC SURAT (GJ)	GMERS MC NAVSARI (GJ)	NAMO GMC SILVASSA (GJ)	GMC KARNAL (HR)	GMC UDHAMPUR (J&K)	GBC BARMATI (MH)	GMC KOTA	VCSG GMC SRINAGAR (UK)	GMC BADAUN (UP)	PCS GMC ARAMBAGH (WB)	AIIMS DELHI	UCMS DELHI	AIIMS BILASPUR
Saurabh, Naya Gaon, Alwar	Seema Luhach, Charkhi Dadri (HR)	Shivangi Pareek, Rajmahal, Tonk	Shiv Narayan, Hanuman Sagar, Nagaur	Siddhi, Jharsar, Churu	Sanjay, Phari Meeran, Karauli	Shantanu, Jharka, Alwar	Sneha, Rewari (HR)	Sumit Kumar, Rampura, Sikar	Shruti Sharma, Jhotwara, Jaipur	Suraj, Bhata Wali Dhani, JPR	Sevina, Bardu Nayi, Bhiwani	Sumit, Lalsot, Dausa	Sukhdev Swami, Sadu Chhoti, Churu	Sunil Kumar, Chirana, Jhunjhunu	Sarita Bhadu, Gusaisar, Bikaner	Sanyam, Gohana, Sonipat (HR)
AIIMS BATHINDA	**AIIMS RISHIKESH**	**AIIMS MADURAI**	**SNMC JODHPUR**	**SNMC JODHPUR**	**SNMC JODHPUR**	**SPMC BIKANER**	**RUHS JAIPUR**	**RUHS JAIPUR**	**JLN AJMER**	**JLN AJMER**	**PGI ROHTAK (HR)**	**PGI ROHTAK (HR)**	**ANIIMS PORT BLAIR (AN)**	**GMC VELLORE (AP)**	**ANMMCH GAYA (BR)**	**DHMC DARBHANGA (BR)**
Shriyansh Pareek, Bajoriyo Ki Gali, Sikar	Shweta Manawat, Jhotwara, Jaipur	Sumit Sharma, Chitrakoot, Jaipur	Shobha Dhaka, Chandra Nagar, Jodhpur	Sahil Kumar, Chohtan, Barmer	Simran Rolan, Hudeel, Nagaur	Sandeep Jakhar, Tehandesar, Churu	Suman Sharma, Jeetawala, Jaipur	Sushil Bohra, Regaro Ka Mohalla, Jaipur	Sushma Kumari, Khudanpuri, Alwar	Sandeep Somawat, Mithari, Nagaur	Sumit, Bhatol Jattan, Hisar (HR)	Sachin Yadav, Rewali, Alwar	Sakeel Ahmed, Khanpur Ghati, Mewat (HR)	Subhash Suman, Madhubani (BR)	Sonu Saini, Lalsot, Dausa	Surya Prakash, Palsana, Sikar
ESIC PATNA (BR)	**GMC BETTIAH (BR)**	**GMC BETTIAH (BR)**	**IGIMS PATNA (BR)**	**JLN BHAGALPUR (BR)**	**NALANDA MC PATNA (BR)**	**CIMS BILASPUR (CG)**	**GMC (CG) MAHASAMUND**	**GMC RAJNANDGAON (CG)**	**JLN RAIPUR (CG)**	**LAKHIMPUR MC RAIPUR (CG)**	**SRS MC RAIPUR (CG)**	**BSAMC ROHNI (DL)**	**GMC GOA (GA)**	**GMC SURAT (GJ)**	**MP SHAH MC JAMNAGAR (GJ)**	**NAMO GMC SILVASSA (DNH)**
Sanju Swami, Ghasi Nagar Khori, Alwar	Sumit Kumar, Araria (BR)	Sonu Kumar, Bihar (BR)	Sushant Singh, Samastipur (BR)	Sohanraj, Padana, Sawai Madhopur	Saima Sadaf, Patna (BR)	Sumit Kumar, Supaul (BR)	Sachin Kumar, Birar, Jhajjar (HR)	Shakshi Yadav, Shahpura, Jaipur	Soniya Choudhary, Fatehpur, Sikar	Sachinajar, Bari, Dholpur	Sawan Sharma, Lalsot, Dausa	Shrinath Manv, Burari, Delhi	Sonal, Shahpura, Sikar	Sunil Sharma, Surat, Gujrat	Sandeep Khichar, Modayat, Bikaner	Sachin Kumar, Bhuhana, JJN
GMC CHAMBA (HP)	**LBS GMC MANDI (HP)**	**ESIC FARIDABAD (HR)**	**GMC KARNAL (HR)**	**GMC DODA (J&K)**	**GMC JAMMU (J&K)**	**GMC KOYAMTOOR (J&K)**	**GMC UDHAMPUR (J&K)**	**SKIMS SRINAGAR (J&K)**	**MTMC JAMSEDPUR (JH)**	**SNM MC DHANBAD (JH)**	**CIMS CHIKKAMAGALURU (KT)**	**ESIC GULBARGA (KT)**	**KIMS HUBLI (KT)**	**KIMS KARWAR (KT)**	**YIMS YADGIR (KT)**	**GMC BULDHANA (MH)**
Sashikant Swami, Dungargarh, Bikaner	Sunil Choudhary, Ostra, Jodhpur	Sharmila, Ghukanwali, Sirsa	Sakshi, Pardhana, Panipat (HR)	Santosh, Chomu, Jaipur	Sandeep Kumar, Netewala, Shri Ganganagar	Sohan Lal, Pur, Jalore	Sunita Yadav, Bankwali Dhani, Sikar	Sahdev, Kalyansar Naya, BKN	Shekhar Kumar, Giridh (JH)	Saloni Kumari, Garhwa (JH)	Saurav, Mandawari, Dausa	Suresh Choudhary, Bobas, Jaipur	Suraj Gupta, Deoria (UP)	Sharwan Ram, Ostra, Jodhpur	Soumy Yadav, Mahlan, Jaipur	Sachin Bishnoi, Malwara, Jalore
GMC NAGPUR (MH)	**KIMS HUBLI (KT)**	**ABV GMC VIDISHA (MP)**	**GMC SEONI (MP)**	**MGM INDORE (MP)**	**NSCB MC JABALPUR (MP)**	**NSCB MC JABALPUR (MP)**	**SVNGMC YAVATMAL (MH)**	**GMC AMRITSAR (PB)**	**JIPMER PUDUCHERRY**	**GMC ALWAR**	**GMC ALWAR**	**GMC ALWAR**	**GMC BANSWARA**	**GMC BARAN**	**GMC BARAN**	**GMC BHARATPUR**
Shruti Goyal, Malak Para Bari, Dholpur	Shubham Yadav, Kanjipura, Alwar	Suchitra, Devipura, Karauli	Satyam Patel, Chhatarpur (MP)	Shital Prasad, Agra (UP)	Saurabh, Roopbas, Bharatpur	Sourav Kumar, West Singhbhum (JH)	Shankar Lal, Majal, Barmer	Shubham Khardia, Manota Kalan, JPR	Suneel Kumar, Singhawali, Dholpur	Saniya Bano, Diwakari, Alwar	Saumil Soni, Murlipura, Jaipur	Sourabh, Siddharth Nagar, Jaipur	Sita Ram, Moondwara, Jaipur	Sunil Sharma, Bichpadi Nimbra, Jaipur	Smriti Malav, Kadiayanohar, Baran	Sakshi Singh, Deeg, Bhartpur
GMC CHURU	**GMC CHURU**	**GMC CHURU**	**GMC DHOLPUR**	**GMC HANUMANGARH**	**GMC JHALAWAR**	**GMC JHALAWAR**	**GMC KOTA**	**GMC KOTA**	**GMC NAGAUR**	**GMC NAGAUR**	**GMC PALI**	**GMC SAWAI MADHOPUR**	**GMC SAWAI MADHOPUR**	**GMC SAWAI MADHOPUR**	**GMC SRI GANGANAGAR**	**RNT UDAIPUR**
Supriya Nehra, Gokul Vihar, Jaipur	Sharda Sharma, Kanota, Jaipur	Shubham Sharma, Madhopura, Jaipur	Saurabh Kushawah, Tasimo, Dholpur	Sandeep Chopra, Atalbiharipura, JPR	Seena Yadav, Gandhi Path Road, JPR	Sadik Khan, Gangapur, S.Madhopur	Sarita Jatav, Raipur, S.Madhopur	Shahin Bano, Thoi, Sikar	Sunil Kalera, Alakhpura, Sikar	Sakshi Goyal, Rudawal, Bharatpur	Shalu Choudhary, Paota, Jaipur	Samit, Bada Bujurg, Dausa	Sachin Bhargav, Bassi, Jaipur	Shambhu Dayal, Lawan, Dausa	Shyam Sundar, Bikaner City, Bikaner	Subhash Rundla, Bobas, Jaipur
RNT UDAIPUR	**RNT UDAIPUR**	**ESIC HYDERABAD (TG)**	**GMC HANDWARA (TG)**	**GMC MAHBUBNAGAR (TG)**	**GMC NARSAMPET (TG)**	**GMC WANAPARTHY (TG)**	**GMC SIVAGANGAI (TN)**	**GMC AGARTALA (TR)**	**GMC HALDWANI (UK)**	**GMC HALDWANI (UK)**	**ASMC CHANDAULI (UP)**	**ASMC FATEHPUR (UP)**	**ASMC KAUSHAMBI (UP)**	**ASMC KAUSHAMBI (UP)**	**ASMC KUSHINAGAR (UP)**	**ASMC, GONDA (UP)**
Shraddha Verma, Goverdhanpuri, Jaipur	Shiv Chopra, Malpura, Tonk	Sahil, Mitthi Sureran, Sirsa	Shailja, Hindaun City, Karauli	Shekhar Kumawat, Kajipura, Jaipur	Shubham Verma, Danta, Sikar	Sanju Yadav, Ladipura, Jaipur	Sunil Nayak, Laddu Khas, Alwar	Shiven Tejasvi, Patna (BR)	Shradha Tiwari, Bilara, Jodhpur	Sakshi Choudhary, Burari, Delhi	Shivganga Shukla, Sonebhadra (UP)	Sunil Dagur, Sherpur, Karauli	Satendra Gautam, Etah (UP)	Sourav, Nangal Santokara, Alwar	Sarvesh Gupta, Maharajganj (UP)	Shashi Bhushan, Azamgarh (UP)
BHU VARANASI (UP)	**BHU VARANASI (UP)**	**DR RML MC LUCKNOW (UP)**	**GMC BADAUN (UP)**	**GMC GONDIA (UP)**	**GSVM MC KANPUR (UP)**	**GSVM MC KANPUR (UP)**	**RAMA HAPUR (UP)**	**SMMH MC SAHARANPUR (UP)**	**SNMC AGRA (UP)**	**SNMC AGRA (UP)**	**SNMC AGRA (UP)**	**ESIC JOKA (WB)**	**OMC HYDERABAD (WB)**	**LHMC DELHI**	**BPS SONIPAT (HR)**	**GMC SRINAGAR**
Satyam Kumar, East Champaran (BR)	Sakshi, Ranchi (JH)	Sabroj Khan, Balrampur (UP)	Saad Ali, Rampur (UP)	Sharda, Shobhala, Barmer	Surendra Kumar, Prayagraj (UP)	Satyajeet Padam, Sitapur (UP)	Shubhi Gupta, JNV Colony, Bikaner	Sahil, Baral, Sikar	Shashank Tyagi, Agra (UP)	Seema Kasaudhan, Siddharthnagar (UP)	Sonu Rakshwal, Syaroli, S. Madhopur	Shantanu Mohta, Mohta Chowk, Bikaner	Sarif, Dhani Kalyanpura, SKR	With XII: Tannu, Uttam Nagar, Rewari	With XII: Tanisha Yadav, Kanina, Mahendragarh	With XII: Tanya Bhati, Dibba Para, Jaisalmer
JKMC JAJPUR (OD)	**MLN MC PRAYAGRAJ (UP)**	**SPMC BIKANER**	**KIMS KOPPAL (KT)**	**SMS JAIPUR**	**JLN AJMER**	**ANMMC GAYA (BR)**	**GMC NAWADA (BR)**	**ABV GMC FARIDABAD (HR)**	**GMC JAMMU (J&K)**	**GMC KATHUA (J&K)**	**BIMS BELGAUM (KT)**	**CIMS (KT) CHIKKAMAGALURU**	**GMC AMRITSAR (PB)**	**GMC ALWAR**	**GMC BARMER**	**GMC CHURU**
With XII: Tanu Shree, Shishu, Sikar	With XII: Tanishka, Karoda, Alwar	Fresher: Teekam Singh, Narayanpur, Alwar	Fresher: Tejendra Chouhan, Kami Nagar, Ajmer	Tejram, Mahu, Sawai Madhopur	Tanveer Atal, New Colony, Jaipur	Tarun Kumar Sahu, Darbhanga (BR)	Tanu Tomar, Baghpat (UP)	Tannu Panwar, Khachroli, Jhajjar (HR)	Tejwant Kaur, Jasan, Hanumangarh	Tamanna, Hetamsar, Jhunjhunu	Tarun Chouhan, Siwanchi Gate, Jodhpur	Teekendr, Govindpura, Dholpur	Teja Ram Choudhary, Chandsama, Jodhpur	Trilok Choudhary, Harsauli, Alwar	Tanisha, Nehro Ki Dhani, Sikar	Tamanna Yadav, Manchal, Alwar
GMC DAUSA	**GMC SAWAI MADHOPUR**	**GMC SIKAR**	**IGM GMC KANKER (TG)**	**ASMC KANPUR (UP)**	**ASMC SONBHADRA (UP)**	**BRD MC GORAKHPUR (UP)**	**GMC CHURU (UP)**	**GMC GONDIA (UP)**	**MLB MC JHANSI (UP)**	**ESIC FARIDABAD (HR)**	**VMMC DELHI**	**SPMC BIKANER**	**BPS SONIPAT (HR)**	**ESIC GULBARGA (KT)**	**ESIC ALWAR**	**GMC JHALAWAR**
Tushar Agrawal, Mahesh Nagar, Jaipur	Tanuj Chaturvedi, Saipur, Karauli	Tanmay Sevriya, Bapwali Dhani, Alwar	Teena Sharma, Panthria, Jhunjhunu	Tarun Jethwani, Agra (UP)	Teena Baberwal, Harmada, Jaipur	Tabrez Ahmad, Siddharthnagar (UP)	Tushar, Ramganj, Tonk	Tabassum Chouhan, Sujangarh, Churu	Trishita Malhotra, Vivekanand Nagar, Alwar	Urja, Gurutek City, Rewari	Umesh Yadav, Matalwas, Alwar	Uma Kumari, Shekhsar, Jhunjhunu	Ujala, Jarwa, Mahendragarh	Udit, Dantli, Jaipur	Umesh Jangir, Jhotwara, Jaipur	Umesh Gurjar, Nawacity, Nagaur
GMC COIMBATORE (TN)	**MLN MC PRAYAGRAJ (UP)**	**SNMC JODHPUR**	**SHKM MEWAT (HR)**	**UCMS DELHI**	**SNMC JODHPUR**	**LBS GMC MANDI (HP)**	**GMC GADCHIROLI (MH)**	**BBMCH BALANGIR (OD)**	**GMC DHOLPUR**	**GMC KOTA**	**RNT UDAIPUR**	**SSJ GIMS ALMORA (UK)**	**SNMC JODHPUR**	**RUHS JAIPUR**	**JLN AJMER**	**JLN AJMER**
Umesh, Dholiya, Jaisalmer	Uday Hari Gangwar, Bareilly (UP)	With XII: Vijaypal Devda, Nishnawat, Banswara	With XII: Vishesh Lathar, Karota, Mahendragarh	Fresher: Vinay Kumar, Bhitera, Alwar	Fresher: Vikram Paliwal, Mokheri, Phalodi	Fresher: Vaibhav Shree, Vasant Vihar, Kamal (HR)	Fresher: Vikash Bairwa, Gorda, Karauli	Fresher: Vikas Saini, Losal, Sikar	Fresher: Vishal Prajapat, Jarla, Alwar	Fresher: Vikram Bairwa, Latifganj, Tonk	Fresher: Vaibhav Rao, Joria, Alwar	Fresher: Vasudev Kumawat, Kuchaman City, Nagaur	Vikas Kumar, Samau, Jalore	Vishnu Choudhary, Deoli, Tonk	Vishakha Sankhla, Sodala, Jaipur	Vagish Jangid, Khorabisal, Jaipur
JLN AJMER	**JLN AJMER**	**ABV GMC RAJNANDGAON (CG)**	**GMC KORBA (CG)**	**GMERS MC PORBANDAR (GJ)**	**MP SHAH MC JAMNAGAR (GJ)**	**NAMO GMC SILVASSA (DNH)**	**GMC KARNAL (HR)**	**GMC ANANTHAGIRI (J&K)**	**GMC BARAMULLA (J&K)**	**RIMS RANCHI (JH)**	**JLN BHAGALPUR (BR)**	**YIMS YADGIR (KT)**	**GMC GADCHIROLI (MH)**	**GMC JALNA (MH)**	**GMC WASHIM (MH)**	**RCSM KOLHAPUR (MH)**
Vandana, Khunteta Kalan, Alwar	Vishnu Saran, Ustra, Jodhpur	Vishal Chawala, Danta, Sikar	Vinod Lovevanshi, Chandipur, Jhalawar	Vikash Pilaniya, Keru, Jodhpur	Vivek Sewda, Rulyana Patti, Sikar	Vijay Sabal, Samod, Jaipur	Vinay Yadav, Mahendragarh (HR)	Vijay, Govindpura, Dholpur	Vaseem Khan, Badabass, Alwar	Vikas Pal, Garhwa (JH)	Vikash Jaiswal, Saharsa (BR)	Vasumi Bishnoi, KK Colony, Bikaner	Vivek, Naloi, Bhiwani (HR)	Vinay Bairwa, Bindayaka, Jaipur	Vikash Choudhary, Igyasani, Nagaur	Varsha Yadav, Mundli, Alwar
BBMCH BALANGIR (OD)	**MMC MIDNAPORE (OD)**	**SLN MCH KORAPUT (OD)**	**GMC ALWAR**	**GMC BHILWARA**	**GMC BUNDI**	**GMC DAUSA**	**GMC JHALAWAR**	**GMC JHUNJHUNU**	**GMC KOTA**	**GMC KOTA**	**GMC SIROHI**	**RNT UDAIPUR**	**GMC (TG) MAHABUBABAD**	**GMC (TG) MAHBUBNAGAR**	**GMC (TG) SECUNDERABAD**	**GMC (TG) WANAPARTHY**
Vivek Siddharth, Chala, Sikar	Vishal Anand, Jamui (BR)	Vishal Bagari, Nangal Govind, Dausa	Vikash Kumar, Holawas, Alwar	Vinit Gupta, New Sanganer, JPR	Vivek, Ram Kripal Nagar,ALR	Vishnu Saini, Bandikui, Dausa	Vashika Gangwal, Galta Gate, Jaipur	Vishal Sogan, Basawa, Jhunjhunu	Varsha Bhatnagar, Ratangarh, Churu	Vijay Pooniya, Sihodi, Sikar	Vinita Saran, Gadhwala, Bikaner	Vinay Gurjar, Jhalawar	Vikash Sharma, Kalwar, Jaipur	Vandana, Sureran, Sirsa (HR)	Vishal Kumawat, Mithri, Nagaur	Vikash Kumar, Panoriya, Barmer
KGMC (TN) TIRUCHIRAPPALLI	**SSJ GIMS ALMORA (UK)**	**ASMC ETAH (UP)**	**ASMC FATEHPUR (UP)**	**ASMC HARDOI (UP)**	**ASMC KANPUR (UP)**	**ASMC LALITPUR (UP)**	**ASMC SIDHARTH NAGAR (UP)**	**GSVM MC KANPUR (UP)**	**LLRM MC MEERUT (UP)**	**RD MC BANDA (UP)**	**AIIMS BILASPUR**	**SMS JAIPUR**	**GIMS GULBARGA (KT)**	**GMC BARAMULLA (J&K)**	**GMC DHOLPUR**	**ACMS DELHI**
Vikram, Lalsot, Dausa	Vedakshi Dhaliya, Pawanpuri, Bikaner	Vivek Sharma, Sector-26, Jaipur	Vaseem Akram, Sakhtapura, Kota	Vivek Priyadarshi, Moradabad (UP)	Vikram Singh, Bahraich (UP)	Vaibhav Gautam, Hamirpur (UP)	Vineet Chaudhary, Kailoori, Bharatpur	Vinayak Bharti, Burari, Delhi	Vikash Pachar, Dheerwas Bara, Churu	Vansh Gupta, Kasganj (UP)	Fresher: Yogesh, Lakhruki, Karauli	Fresher: Yash Akharia, Jamdoli, Alwar	Fresher: Yashika Makhija, Hudda Colony, Sirsa (HR)	Fresher: Yogesh Saini, Antela, Jaipur	Fresher: Yogesh Kumar, Phagalia, Barmer	Yogesh Yadav, Kripal Nagar, Alwar
GIMS KALABURAGI (KT)	**GMC BULDHANA (MH)**	**GMC BARAN**	**GMC DUNGARPUR**	**GMC KARAULI**	**GMC NAGAUR**	**GMC SAWAI MADHOPUR**	**GMC KALLAKURICHI (TN)**	**ASMC AURAIYA (UP)**	**SNMC AGRA (UP)**							
Yuvraj Singh, Chandsar, Jodhpur	Yashi Gupta, Jatti Ki Bagichi, Alwar	Yudhishthir Tarad, Birloka, Nagaur	Yash Gupta, Hindaun City, Karauli	Yashab Ali, Railway Colony, Kota	Yogita Choudhary, Tapra, Barmer	Yash Agrawal, Mohan Nagar, Karauli	Yash Bhardwaj, Chak, Sikar	Yashika Sharma, Uchain, Bharatpur	Yatendra Dhakad, Roopbas Town, Bharatpur							

आज के अंक में प्रकाशित NEET-2024 का परिणाम **CLC** से चयनित **6** राज्यों (राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखण्ड) के विद्यार्थियों को दर्शाता है। स्थानाभाव के कारण इस श्रृंखला में 11 राज्यों के शेष चयनित विद्यार्थियों को सम्मिलित नहीं किया गया है। यद्यपि वर्ष 2024 में **CLC** से MBBS में चयनित कुल विद्यार्थियों की संख्या **1500+** है।

CLC शिक्षा • संस्कार • सुरक्षा • सफलता

Sikar (HO) : कर्मस्थली, पं. हरिनाथ चतुर्वेदी मार्ग, पिपराली रोड़, सीकर

01572-255500, 94140-36555, 95212-36555 clcsikar.com

STUDY CENTRES SIKAR • JAIPUR • ALWAR • BIKANER • JHUNJHUNU

2025 में Selection के लिए सौगात

PYQ Video Solution
NEET • JEE Main & Adv.
NDA • OLYMPIADS

https://snapfrom.com/ https://www.888casinogame.com/

MANNAT

UB unique builders

स्मार्ट चॉइस, स्मार्ट इनकम


अपना घर खरीदें, 9 साल तक रेंट पाएं!

9	15.5	5
YEARS RENTAL GUARANTEE	UPTO Rs.15500/- MONTHLY RENTAL INCOME	5% APPRECIATION EVERY YEAR

घर खरीदना चाहते है, लेकिन EMI की टेंशन आपको रोक रही है? अब निश्चिंत हो जाइए! टोंक रोड पर अपना फ्लैट खरीदें और पाएं हर महीने गारंटीड किराया, जो आपकी EMI का बोझ हल्का कर देगा।
और हाँ, ग्रीन मीडोज की हरियाली और मॉडर्न सुविधाएं आपकी लाइफ को और भी खूबसूरत बना देंगी!

फ्लैट की कीमत ₹38.11* लाख से शुरु

2&3 BHK Ready to Shift Apartments



*T&C Apply

Dot 'N' Dash

unique GREEN MEADOWS LUXURY HOMES

TONK ROAD JAIPUR

RERA Reg. No.: RAJ/P/2017/200 | RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

साइट विजिट के लिए कॉल करें

9509 789 789

प्रमुख बैंकों द्वारा लोन सुविधा उपलब्ध

"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. केसरगढ़, जे.एल.एन. मार्ग एवं 5-ई, इंडस्ट्रीयल संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं सेक्टर 5, प्रतापनगर, जयपुर एवं 73-74, रीको औद्योगिक क्षेत्र, झोटवाड़ा, जयपुर से मुद्रित। आर.एन.आई. नं.-3709/57, सम्पादक भुवनेश जैन। संपादकीय प्रभारी: *संजय कौशिक - *पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।"

https://snapfrom.com/

https://www.888casinogame.com/

पत्रिका {PLUS} SUNDAY

राजस्थान पत्रिका, जयपुर, रविवार, 16 फरवरी 2025

पेज@33

वेदों के साथ नाट्यशास्त्र के प्रसंग साकार



पेज@34

प्यार और हार्ट ब्रेक की कहानी 'दीवानियत'



पेज@34

अब गोल्डन ग्लोब विजेता 'द ब्रूटलिस्ट' भारत में होगी रिलीज



#examnews सीबीएसई: 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा शुरू

पेपर के बाद खिले स्टूडेंट्स के चेहरे, अच्छा फीडबैक

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

जयपुर. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा शनिवार को शुरू हुई। दसवीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने पहले दिन अंग्रेजी की परीक्षा दी। वहीं, 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने एंटरप्रन्योरशिप की परीक्षा दी।

परीक्षा देने के बाद स्टूडेंट्स के चेहरे पर खुशी नजर आई। सीबीएसई की सिटी कॉर्डिनेटर इंदु दुबे ने बताया कि 10वीं और 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स की परीक्षा के लिए शहर में करीब 50 सेंटर्स बनाए गए। अंग्रेजी और एंटरप्रन्योरशिप दोनों पेपर्स का फैडबैक काफी अच्छा आया। पेपर आसान रहे।



जयपुर. पेपर देने के बाद एग्जाम सेंटर से बाहर निकलते स्टूडेंट्स।

टाइम मैनेजमेंट में रही आसानी

स्टूडेंट्स का कहना था कि पेपर कठिन नहीं था। प्रश्न आसान थे, जिससे टाइम मैनेजमेंट में काफी आसानी रही। एंटरप्रेन्योरशिप का पेपर बिजनेस मॉडल, इनोवेशन और स्ट्रेटजी से जुड़ा था। गौरतलब है कि सीबीएसई ने परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए खास दिशा-निर्देश जारी किए थे।

संगीत कार्यक्रम 'सुनहरे पल' आज

जयपुर @ पत्रिका प्लस. कला और कलाकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर म्यूजिक क्लब की ओर से पिंकसिटी प्रेस क्लब के सभागार में रविवार को संगीत कार्यक्रम 'सुनहरे पल' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक डॉ. राशि ने बताया कि कार्यक्रम में कई कलाकार पुराने गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम शाम 5:30 बजे शुरू होगा।

नन्दिनी साड़िज़
HOLI SPECIAL SALE
UPTO 50% OFF
लेहंगा चुन्नी, साड़ियां, क्रॉप टॉप, सूट फैब्रिक्स, कुर्ती, गाऊंस
SUNDAY OPEN हर महीने का अंतिम रविवार अवकाश
हमारी अन्य कोई शाखा नहीं है
जी-1, लालजी सांड का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर
9982278881, 8094401401 | Facebook, Instagram - nandinisarees.jaipur

ब्रीफ न्यूज

कथक और गिटार से स्टूडेंट्स ने दिखाया हुनर




जयपुर @ पत्रिका प्लस. मानसरोवर स्थित तानसेन संगीत महाविद्यालय की ओर से वार्षिकोत्सव 'तांज 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम करीब 250 स्टूडेंट्स ने प्रस्तुति दी। स्टूडेंट्स ने गिटार, की-बोर्ड, वेस्टर्न डांस, कथक आदि एक्टीविटीज में हुनर दिखाया। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स का उत्साह नजर आया। डायरेक्टर प्रखर सोमानी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से स्टूडेंट्स का मनोबल मजबूत होता है। कार्यक्रम में सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय भी शामिल हुए।

'श्रीकृष्ण प्रेम रस' नाटक आज

जयपुर @ पत्रिका प्लस. आज की युवा पीढ़ी को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का महत्व समझाने एवं उनकी महिमा को आज के युग के अनुसार अनुभव कराने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप सभागार में रविवार को 'श्रीकृष्ण प्रेम रस' नाटक का मंचन होगा। कार्यक्रम में सीरियल 'महाभारत' फेम एक्टर सुरेन्द्रपाल जोशी और एक्ट्रेस अनीता कुलकर्णी श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन को नाटिका के माध्यम से मंच पर साकार करेंगे। नाटक शाम 5 बजे शुरू होगा।

पुस्तकों का आज होगा विमोचन

जयपुर @ पत्रिका प्लस. प्रगतिशील लेखक संघ, जयपुर की ओर से रविवार को झालाना स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें रचनाकार रति सक्सेना की पुस्तकों का विमोचन भी होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. हेतु भारद्वाज करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा।



The Palace School
Jaleb Chowk, City Palace, Jaipur
2025-26 ADMISSIONS OPEN
FOR ADMISSIONS
SCAN QR
An English Medium
SENIOR SECONDARY
Co-Educational
CBSE Affiliated School
- Level I, II, III & Class I (Age as per NEP 2020 & Government norms)
- Class II to Class IX (Against Vacancies)
- Class XI (Science, Commerce & Humanities)

4062847, 4062848
info@thepalaceschool.com www.thepalaceschool.com
Follow us : thepalaceschool







SINCE 1947

SAREES
SUITS
LEHENGAS
DESIGNER DRESSES

TALUKA FASHIONS
THE TRADITION OF TRUST

12, Motilal Atal Road,
M.I.Road, Opp. Ganpati Plaza,
Jaipur - 302001
74139 11177

SUNDAY OPEN
*TALUKA STORES SHIFTED TO TALUKA FASHIONS
www.talukafashions.com
talukafashions talukafashions

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

#makeuptrial ब्राइडल पैकेज से भी महंगा हो रहा है मेकअप, बाहर से बुलवा रहीं आर्टिस्ट को

शादी के दिन परफेक्ट लुक के लिए दुल्हनें ले रहीं मेकअप ट्रायल

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

जयपुर. हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि उसकी शादी की पिक्चर परफेक्ट दिखे। आमतौर पर शादी के दिन के लिए ब्यूटी पार्लर और मेकअप आर्टिस्ट को हायर किया जाता है, लेकिन इनदिनों 'मेकअप ट्रायल पैकेज' नया ट्रेंड आया है।

अब दुल्हनें शादी के दिन के मेकअप के लिए 2-3 महीने पहले से मेकअप ट्रायल्स लेने के लिए विभिन्न ब्यूटीशियनों और मेकअप आर्टिस्टों से संपर्क कर रही हैं। युवतियां अपने ब्राइडल लुक को लेकर इतनी गंभीर हो गई हैं कि वे मेकअप के ट्रायल पैकेज पर भी भारी खर्च कर रही हैं, जो ब्राइडल पैकेज के खर्च से कहीं ज्यादा होता है। दुल्हनें मेकअप ट्रायल के लिए 30 हजार रुपए तक खर्च कर रही हैं। जो उनके ब्राइडल पैकेज की कीमत के बराबर या उससे ज्यादा हो सकता है।



ब्यूटीशियन और मेकअप आर्टिस्ट की बढ़ती मांग

ब्यूटीशियन अंजु पाठक ने बताया कि इन दिनों युवतियां शादी से पहले मेकअप का ट्रायल कर रही हैं, ताकि वह अपने खास दिन पर खास दिख सके। इसके लिए उनकी रिक्वायरमेंट पर बाहर से भी मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटिशियन को बुलवाया जा रहा है। ऐसे में शादी सीजन में इन ट्रायल पैकेजों की वजह से मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटीशियनों की मांग भी बढ़ी है। इसमें युवतियां अपनी ड्रेस और डेकोरेशन के अनुसार मेकअप डिसाइड करती है कि उनकी स्किन पर किस तरह की चीजे अच्छी लगेगी। इसके लिए वो दो महीने पहले हर रस्म के लिए ट्रायल ले रही है। इस पर वो 10 से 30 हजार रुपए तक खर्च कर रही हैं।

दुल्हन का मनपसंद लुक हो सके तैयार

मेकअप ट्रायल पैकेज में दुल्हन शादी और रोका से एक से दो महीने पहले मेकअप का प्रैक्टिकल ट्रायल लेती है। इस प्रक्रिया में दुल्हन की त्वचा, बालों और मेकअप के प्रकार को लेकर कई विकल्पों पर चर्चा की जाती है। ट्रायल के दौरान विभिन्न लुक्स और रंगों का प्रयोग किया जाता है, ताकि दुल्हन का मनपसंद लुक तैयार किया जा सके।

ताकि स्किन के लिए रहे ठीक

मेधा चौहान ने बताया उनका रोका एक सप्ताह में होने वाला है। उससे पहले मैंने दो बार मेकअप ट्रायल लिया है। ताकि मैं यह देख पाऊं कि किस तरह का मेकअप मुझ पर सूट करेगा और कौनसे प्रोडेक्ट मेरी स्किन के लिए ठीक रहेंगे। अधिकतर लड़कियों को त्वचा संबंधी समस्याएं होती हैं। इसके लिए भी ट्रायल मेकअप जरूरी है।

मेहनत और अभिनय पर रखा विश्वास, घर-घर में बनाई पहचान



SUNDAY GUEST EDITOR
संडे गेस्ट एडिटर @यूथ

यूथिका अग्रवाल, अभिनेत्री

सोच यह: आत्मविश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

सुझाव भेजें sunday@in.patrika.com

रवि शंकर शर्मा
patrika.com

जयपुर. सफलता के लिए संसाधन नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास मायने रखते हैं। यह कहना है यूथिका अग्रवाल का। जयपुर की 27 वर्षीय यूथिका ने बताया कि वह सामान्य परिवार से हैं और स्कूल के समय से ही सिनेमा इंडस्ट्री में जाने का सपना देखती थीं। कई लोगों ने कहा कि इसमें जगह बनाना मुश्किल है, क्योंकि पर्याप्त संसाधन और संपर्क जरूरी होते हैं, जो उनके पास नहीं थे। जयपुर से मुंबई जाना और वहां काम तलाशना बेहद कठिन था, लेकिन हार नहीं मानी। अपने अभिनय पर विश्वास रखा और लगातार मेहनत जारी रखी, लेकिन कभी अपने लक्ष्य से नहीं डिगीं।


इनमें कर चुकी हैं अभिनय

यूथिका ने बताया कि वह 'माधुरी टॉकीज', 'भाभीजी घर पर हैं', 'हप्पु की उलटन पलटन' समेत कई टीवी सीरियल से घर-घर में पहचान बना चुकी है। वह मार्च 2025 में रिलीज होने वाली मूवी 'तुमको मेरी कसम' में अहम भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म के डायरेक्टर विक्रम भट्ट हैं। उन्होंने बताया कि अगर संकल्प मजबूत हो तो किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है। सिनेमा इंडस्ट्री में पहचान बनाने के लिए ऑडिशन देना बहुत महत्त्वपूर्ण होता है।

थियेटर के चलते राह हुई आसान

यूथिका का कहना है कि अगर आपके अंदर जुनून है, तो सीमित संसाधन कभी बाधा नहीं बन सकते हैं। इस सफर में थियेटर ने बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। थियेटर के बिना इस इंडस्ट्री में पहचान बना पाना मेरे लिए बहुत मुश्किल था। मेरे हर कदम पर पेरेंट्स का बहुत सपोर्ट रहा। उन्होंने हमेशा मेरी हिम्मत बढ़ाई।

फैशन शो में इनोवेशन और फ्यूजन स्टाइल्स का दिखा संगम



ज्यपुर @ पत्रिका प्लस. फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शनिवार को दो दिवसीय इंडिया मेंस वीकेंड डिजाइनर शो का आयोजन किया गया। इसमें फ्यूजन स्टाइल और इनोवेशन का अनूठा संगम देखने को मिला। पहले दिन चार फैशन शो आयोजित किए गए, जिनमें ट्रेडिशनल से लेकर वेस्टर्न वियर तक के नए ट्रेंड्स को प्रदर्शित किया गया। शो के दौरान पुरुषों के फैशन में नए प्रयोग और फ्यूजन स्टाइल्स देखने को मिले। खासतौर पर थ्रीडी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी और अनोखे पैटर्न का उपयोग देखने को मिला, जिसने मॉडर्न लुक और ट्रेडिशनल एलिमेंट्स का शानदार तालमेल पेश किया। इस फैशन शो में क्लासिक और मॉर्डन स्टाइल का शानदार संयोजन भी देखने को मिला। आउटफिट्स ने खासतौर पर यंग फैशन को दर्शाया।

#workingyouth डिजिटल डिटॉक्स कर रहे वीकेंड पर युवा

वीकेंड सेल्फ-केयर... यूथ कर रहे साइक्लिंग, ट्रैकिंग, राइडिंग और मेडिटेशन

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

जयपुर. वीकेंड के दौरान ओटीटी प्लेटफॉर्म देखना, लेट नाइट क्लब पार्टी करना और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में खो जाने वाले युवा अब चिकित्सकों की सलाह पर लोग वीकेंड सेल्फ-केयर में अपनी हॉबी, रचनात्मक और सेहतमंद गतिविधियों में बिता रहे हैं। वीकेंड में साइक्लिंग, ट्रैकिंग, कैंपिंग, राइडिंग, मेडिटेशन, योग, वॉकिंग, डांस क्लास और रीडिंग जैसी स्वस्थ गतिविधियों को शामिल कर रहे हैं। वर्किंग यूथ यह बदलाव सिर्फ ट्रेंड के तौर पर नहीं, बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में बढ़ रहा है। इससे सप्ताह भर का तनाव और एंग्जाइटी से मुक्ति मिल रही है। चिकित्सकों के मुताबिक जो लोग ये गतिविधियां करते हैं, उनकी वर्क प्लेस पर प्रोडेक्टिविटी भी बढ़ती है।

क्या है वीकेंड सेल्फ-केयर: वीकेंड को एक रीसेट बटन की तरह मानें जो हमें उन चीजों का आनंद लेने का मौका देता है, जिन्हें हम वास्तव में पसंद करते हैं। अपने वीकेंड का सही तरीके से उपयोग करें, ताकि आप अगले सप्ताह के लिए तरोताजा और ऊर्जा से भरे रहें।





हॉबीज और रीडिंग के लिए कैफे जा रहे

कैफे संचालक राजपाल सिंह ने बताया कि सीमित समय में अपनी हॉबीज को बढ़ावा देना भी अब एक ट्रेंड बन चुका है। संगीत, डांस, पेंटिंग और रचनात्मक लेखन जैसी गतिविधियों में युवा खुद को व्यस्त रखते हैं। रीडिंग भी अब एक महत्वपूर्ण एक्टिविटी बन चुकी है। ऐसे में वो ऐसे कैफे में आ रहे हैं, जहां पर पेंटिंग, स्केचिंग, स्कल्पचर और बुक कॉर्नर बने हुए हैं। वहां वो 7 से 8 घंटे बिता रहे हैं। कुछ लोग पेट फ्रेंडली कैफे भी जा रहे हैं, जहां उनके साथ समय बिता सके।

टेक्नोलॉजी से दूर रहें

वीकेंड में अपने फोन, सोशल मीडिया और ईमेल से कुछ घंटे या पूरे दिन के लिए दूर रहकर अपनी आंखों और दिमाग को आराम दें। डिजिटल डिटॉक्स से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है, तनाव कम होता है, और वर्तमान पल का आनंद लिया जा सकता है।

सुकून के लिए किताब पढ़ें

एक अच्छी किताब के साथ आराम से बैठना सबसे अच्छा महसूस होता है। किताबें पढ़ने से मानसिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और तनाव में 68 प्रतिशत तक कमी आती है।

घूमने-फिरने का नया ट्रेंड

पंकज खंडेलवाल ने बताया कि युवा वीकेंड पर शहर से 200 किलोमीटर दूर तक राइडिंग और घूमने के लिए जा रहे हैं। सवाई माधोपुर, अजमेर और माउंट आबू, जोधपुर, पुष्कर सहित अन्य जगहों पर जा रहे हैं, जहां प्राकृतिक सुंदरता और शांति का अनुभव करते हैं। खास बात यह है कि वो सोलो ट्रिप पर जाना पसंद कर रहे हैं। इसी के साथ आमेर किला और नाहरगढ़ फोर्ट जैसे इलाकों में ट्रैकिंग और साइक्लिंग के लिए युवाओं का उत्साह बढ़ा है। शहर के प्राचीन मंदिरों की यात्रा कर रहे हैं।


कुछ क्रिएटिव करें

अपने अंदर के कलाकार को बाहर लाएं। चित्रकला, शिल्प या फोटोग्राफी जैसी रचनात्मक गतिविधियों से खुद को व्यक्त करें। यह तनाव कम करने का एक अच्छा तरीका हो सकता है।
-एक्सपर्ट डॉ. धर्मदीप सिंह, मनोरोग विशेषज्ञ

आइफा 25 : 8 और 9 मार्च को होगा आयोजन

माधुरी दीक्षित और कृति सनॉन देंगी लाइव परफॉर्मेंस





जयपुर @ पत्रिका प्लस. गुलाबी नगर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) सीतापुरा में 8 और 9 मार्च को इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (आइफा) अवॉर्डर्स का आयोजन होगा। आईफा की सिल्वर जुबली में आर.माधवन, यो यो हनी सिंह, अर्जुन कपूर, बोनी कपूर, भूषण कुमार, किरण राव, शिल्पा राव, दीया मिर्जा, ईशा गुप्ता, कुणाल खेमू, नील नितिन मुकेश, चंकी पांडे, मनीष मल्होत्रा आदि शामिल होंगे। आइफा में 9 मार्च को एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित और कृति सनॉन लाइव परफॉर्मेंस देंगी। कृति ने कहा कि आईफा हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। यहीं मैंने अपना पहला बड़ा सम्मान जीता था।

स्कूल गेम्स : प्रियांशु विजेता



जयपुर @ पत्रिका प्लस. विवेक पब्लिक स्कूल की ओर से राजस्थान यूनिवर्सिटी के खेल मैदान में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। निदेशक अश्वनी कुमार चौहान के अनुसार लॉन्ग जंप में प्रियांशु प्रथम, आलोक द्वितीय, प्रिंस तृतीय रहे। क्लास तृतीय में मनी प्रथम, दीपिका द्वितीय, देवेश तृतीय रहे। क्लास फोर्थ में स्कीपिंग जंप में वंदना प्रथम, कविता द्वितीय, बॉयज में यश प्रथम, कुशल द्वितीय, दिवांशु तृतीय रहे। इसके अलावा कबड्डी और खो-खो के खेलों का आयोजन भी हुआ। विजेताओं को डॉ. सूरज सिंह नेगी, नरेंद्र जोशी एवं करनाल देवानंद ने पुरस्कृत किया।

एसकेआइटी कॉलेज का 25वां वार्षिकोत्सव समारोह प्रवाह-2025

बॉक्सिंग को मैंने नहीं, बॉक्सिंग ने मुझे चुना: विजेन्द्र सिंह

ज्यपुर @ पत्रिका प्लस. बॉक्सिंग को मैंने नहीं, बॉक्सिंग ने मुझे चुना है। ये कहना है ओलम्पिक में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए देश को बॉक्सिंग में पहली बार पदक दिलाने वाले बॉक्सर विजेन्द्र सिंह का। वे शनिवार को स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआइटी) के 25वें वार्षिकोत्सव समारोह 'प्रवाह 2025 - अतुल्य भारत' में मुख्य अतिथि थे।

विजेंद्र सिंह ने अपने संघर्ष की कहानी बयां की और बताया कि कैसे एक छोटे से गांव से निकलकर ओलम्पिक तक का सफर तय किया। जयपुर से विशेष प्रेम एवं लगाव की बात कहते हुए उन्होंने बताया कि 2004-05 के दौरान जयपुर रेलवे में ही टिकट कलेक्टर के रूप में पहली नौकरी की थी, इसके बाद ही एक विजन देखा और उसे साकार किया। आयोजन के दौरान प्रेम लोछब (आईआरएसईई अधिकारी) अध्यक्षीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में कॉलेज के चेयरमैन सूरजाराम मील, वाइस चेयरमैन अनिल बाफना, डायरेक्टर जयपाल मील, डायरेक्टर अकादमिक प्रो. एस.एल. सुराना, रजिस्ट्रार रचना मील और डीन प्रो. आर.के. जैन समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



निराश न हो, शुरुआत कभी भी संभव



विजेन्द्र सिंह ने स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते हुए कहा कि कभी भी निराश न हो, शुरूआत कहीं से भी की जा सकती है। बुरा वक्त भी ऐसे ही निकल जाएगा, जीवन को एंजॉय कीजिए। स्पोर्ट्स फेस्ट में पूरे राज्य के 40 से अधिक कॉलेजों के छात्र शामिल हुए। स्टूडेंट्स में खेल का जोश और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। फेस्ट के पहले दिन बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, रस्साकशी, कबड्डी, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और फुटबॉल सहित कई खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढचढ कर हिस्सा लिया।

सर्च इंजन पर कर रही ट्रेंड, युवा हो रहे फिल्मी सितारों से इंस्पायर

आहार विशेषज्ञों के चार्ट में शामिल हो रही एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट

जयपुर @ पत्रिका. स्वस्थ जीवन जीने के लिए नए-नए आहार और डाइट ट्रेंड्स तेजी से उभरकर सामने आ रहे हैं। ऐसे में एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट आहार विशेषज्ञों के चार्ट में शामिल हो रही है। फिल्मी सितारों ने इस डाइट के बारे में जब से बात करना शुरू किया, उसके बाद से यह सर्च इंजन पर ट्रेंड कर रही है। युवा भी फिल्मी सितारों से इंस्पायर हो रहे हैं।शहर के आहार विशेषज्ञों के अनुसार इस डाइट का मुख्य उद्देश्य शरीर में होने वाली सूजन को कम करना है। एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट इन समस्याओं को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे शरीर का वजन कम होता है।

पीसीओएस के लिए भी फायदेमंद: आहार विशेषज्ञों के अनुसार एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) से जुड़ी समस्याओं को नियंत्रित करने में मदद करती है। यह शरीर में इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करती है और हार्मोनल असंतुलन को सुधारने में मदद करती है।

पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ

एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट में मुख्य रूप से फल, सब्जियां, फलियां, ओमेगा-3, ग्रीन टी, जैतून का तेल, नट्स और बीज शामिल होते हैं। इसके अलावा शक्कर, प्रोसेस्ड फूड्स और अधिक वसा वाले आहारों से बचने की सलाह दी जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार एंटी इंफ्लेमेटरी डाइट पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों पर आधारित होती है। इसमें



एंटीऑक्सीडेंट की उच्च मात्रा पाई जाती है। इसका सेवन शरीर में फ्री रेडिकल्स का स्तर कम करने में मदद करता है।

शरीर में इंट्रासेल्युलर और एक्स्ट्रासेलुलर फ्लूइड में इंबैलेंसिंग इंफ्लामेशन को बढ़ा देता है। इसके अलावा प्रोटीन की कमी और वॉटर रिटेंशन से भी जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में एंटी इंफ्लेमेटरी खाद्य पदार्थों के सेवन से फायदा मिलता है और शरीर में बढ़ने वाले वजन को कम करके हेल्दी वेट मैनेजमेंट में मदद मिलती है। **– डॉ. कुसुम गुप्ता,** आहार विशेषज्ञ

एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट से अतिरिक्त कैलोरी खत्म होती है। यह पेट की सूजन और पानी की अधिकता को भी कम करने में मदद करती है, जिससे शरीर का आकार और वजन संतुलित रहता है। यह हार्ट और कैंसर के खतरे को कम, डायबिटीज मैनेजमेंट, त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद, पाचन में सुधार करता है। **– डॉ. निशा मीणा,** आहार विशेषज्ञ

#healthissue युवा और बच्चों की आंखों में सूजन व जलन की समस्या

डिजिटल स्क्रीन पर लंबा समय... आंखों के लिए खतरनाक

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

जयपुर. राजधानी जयपुर में पिछले कुछ समय से युवाओं और बच्चों में आंखों में सूजन व जलन की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसे मेडिकल की भाषा में ब्लेफेराइटिस कहते हैं, जो आमतौर पर आंख में होने वाला एक प्रकार का संक्रमण होता है। यह पलकों के किनारे पर सूजन और जलन पैदा करता है। शहर के अस्पतालों की ओपीडी में रोजाना 15 से 20 लोग इस समस्या से पीड़ित पहुंच रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार आमतौर पर यह कंजंक्टिवाइटिस के साथ होती है, लेकिन अब मोबाइल, कंप्यूटर और टीवी पर अधिक समय बिताने के कारण बढ़ रही है। खासकर डिजिटल स्क्रीन पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने से आंखों की पलकों पर दबाव पड़ता है। हवा में नमी कम होने के कारण आंखों में सूखापन और जलन की समस्या बढ़ जाती है। इसके अलावा बालों में डैंड्रफ होने की वजह से भी यह समस्या बढ़ती है। इसके लिए लोग थेरेपी भी ले रहे हैं।



बढ़ जाती है आंखों में सूखेपन और जलन की समस्या

क्या है ब्लेफेराइटिस?

पलकों पर आई सूजन या इन्फेक्शन को ब्लेफेराइटिस कहते हैं। जो आमतौर पर पलकों के किनारे पर होती है। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है, जब पलकों की मेइबोमियन ग्रंथियां या फिर पलकों के भीतर के संक्रमित या सूज जाती हैं। यह पलकों की परत में सूजन, जलन, खुजली और गंदगी के संग्रह के कारण होता है।

धीरे-धीरे आने लगती है आंखों में सूजन

जवाहर नगर निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद साकिब ने बताया कि 9 घंटे ऑफिस में स्क्रीन के सामने काम करना पड़ता है। धीरे-धीरे आंखों में सूजन आने लगी है। पलकों पर सूखी पपड़ी जमने लगी है। आंखों पर हर सप्ताह स्टाई होता था, जिससे धुंधला दिखाई देने लगा था। डॉक्टर को दिखाया तो ब्लेफेराइटिस की समस्या बताई। अभी डॉक्टर का इलाज चल रहा है। आंखों के सूखापन कम करने के लिए अभी थेरेपी ले रहे हैं।

लक्षण

- आंखों पर स्टाई होना
- आंखें लाल होने के साथ खुजली और जलन होना
- सूजन के साथ पलके लाल हो जाना

स्क्रीन पर समय बिताने के दौरान ब्रेक लेना, आंखों को आराम देना और धूल-मिट्टी से बचाव के उपाय अपनाने जरूरी हैं। पलकों को साफ रखें। मेकअप प्रोडेक्ट का इस्तेमाल न करें। डॉक्टर की सलाह पर एंटीबायेटिक ड्रॉप्स का इस्तेमाल करें।– **डॉ. राकेश सोनी,** नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजस्थान यूथ ने 3 विकेट से हराया



जयपुर @ पत्रिका प्लस. जयपुर जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित केएल सैनी 'ए' डिविजन लीग में शनिवार को खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने चम्बल स्पोर्ट्स क्लब को 3 विकेट से हराया। केएल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने टॉस जीतकर पहले चम्बल स्पोर्ट्स क्लब को खेलने के लिए आमंत्रित किया। चम्बल स्पोर्ट्स ने राहुल खंडेलवाल के 90 रन, रोहन राजभर के 81 रन, लोकेश सैनी के 63 रन, श्रेय सक्सेना के 24 रन की मदद से 309 रन बनाए। राजस्थान यूथ के लिए अनुज मीना, रोहन सिंह, भुवनेश शर्मा, कैफ गुडएज, विनय अमरिया व आदर्श शर्मा ने एक- एक विकेट लिया। जवाबी पारी में राजस्थान यूथ ने पहला विकेट 4 रन पर गंवाने के बाद भुवनेश ने 45 रन व अभय 84 रन ने दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की। बाद में रिहान अली ने नाबाद 85 रन व जयंत ताम्बी ने 55 रन की मदद से तीसरे विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी करते हुए 310 रनों का लक्ष्य 49.1 ओवर में 7 विकेट पर प्राप्त कर रोमांचक जीत दर्ज की।

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

इस सप्ताह विशेष

हमें भेजें...
अगले सप्ताह आयोजित होने वाले कार्यक्रमों/गतिविधियों की सूचना वाट्सएप नंबर 9828780501 पर भेजें।

रविवार

वॉक थियेटर 'रंग कारवां'

- **16 फरवरी,** अल्बर्ट हॉल से लेकर हवामहल तक, सुबह 6 बजे।
- 10 दिवसीय रंग राजस्थान की वॉक थियेटर से होगी शुरुआत
- **आयोजक:** रंग मस्ताने ग्रुप



काव्य गोष्ठी का आयोजन

- **16 फरवरी,** स्टेशन रोड सिंधी कैंप, सुबह 11
- शहर के कई युवा कलाकार देंगे कविताओं और शायरियों की प्रस्तुति।

रविवार

वीकेंड एक्टिंग वर्कशॉप

- **16 फरवरी,** महावीर नगर, टोंक रोड, शाम 4 से 6 बजे तक
- वर्कशॉप में थियेटर डायरेक्टर प्रतीक चौहान प्रतिभागियों को सीखा रहे एक्टिंग की बारीकियां।



'इकोज ऑफ डिस्टोपिया' का समापन

- **16 फरवरी,** जवाहर कला केन्द्र, शाम 7 बजे।
- इस सोलो एग्जीबिशन में आर्टिस्ट यश चौधरी ने डिस्प्ले किए 30 से अधिक आर्टवर्क।

बुधवार

नाटक 'कनुप्रिया'

- **19 फरवरी,** मेन ऑडिटोरियम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, शाम 7 बजे।
- **एनएसडी** के प्रेसिडेंट रतन थियाम करेंगे नाटक का निर्देशन।



गुरुवार

मांड गायन कार्यशाला

- **20 फरवरी,** पारिजात-2 दीर्घा, जवाहर कला केन्द्र, दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक।
- कार्यशाला में मांड गायक अली मोहम्मद और गनी मोहम्मद देंगे प्रशिक्षण
- **आयोजक:** जवाहर कला केन्द्र



'रंग नवरस' फोटोग्राफी एग्जीबिशन

- **18 से 25 फरवरी,** अलंकार आर्ट गैलरी, जवाहर कला केन्द्र, सुबह 11 बजे शुरू।
- थियेटर से जुड़े चित्र होंगे डिस्प्ले।

गायन कार्यक्रम का आयोजन

- **22 फरवरी,** नेट थियेट मंच, सुभाष चौक, शाम 6:30 बजे शुरू
- कार्यक्रम में गायक अंकित भट्ट देंगे परफॉर्मेंस।

#jobculture कंटेंट क्रिएटर, ब्लॉगर, फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर जैसी जॉब्स शामिल

यंगस्टर्स में बढ़ रहा ट्रैवलिंग जॉब कल्चर, कंपनियां दे रहीं मौका

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

जयपुर. यंगस्टर्स में ट्रैवलिंग जॉब का कल्चर तेजी से बढ़ रहा है। इससे उन्हें अलग-अलग जगहों को एक्सप्लोर करने का मौका मिल रहा है। युवा अलग-अलग देशों और शहरों में जाकर अपने काम को बेहतर तरीके से कर रहे हैं। साथ ही नए विचारों से भी अवगत हो रहे हैं। इससे वे काम के साथ जीवन को और भी रोमांचक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया से कई युवाओं को जॉब मिली है। कई ऐसी कंटेंट क्रिएटर कंपनियां हैं, जो युवाओं को अच्छे कंटेंट क्रिएशन के जरिये कई जगहों को एक्सप्लोर करने का मौका देती है। इनमें कंटेंट क्रिएटर, ब्लॉगिंग, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी जैसी कई जॉब्स शामिल हैं।



अलग-अलग जगहों को कर रहे एक्सप्लोर

कई कंपनियां युवाओं को आकर्षित करने के लिए कई तरह के पैकेज ऑफर कर रही हैं। इनमें कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए स्प्रिंग ब्रेक पैकेज तैयार किए गए हैं, जिसमें काम के साथ-साथ वे ट्रैवलिंग का भी आनंद ले सकते हैं। इसमें होस्टिंग, वेलकम, नाइट लाइफ आउटिंग और अलग-अलग कल्चर को एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है। कंपनियां ऐसे व्यक्तियों को हायर करना पसंद कर रही हैं, जो घूमते हुए नए आइडिया ला सकें, ताकि देश-दुनिया में वे अपने ब्रांड को और बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर सकें।

तनाव होता कम

एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस प्रकार की जॉब्स में कई फायदे हैं। इससे मार्केटिंग और सोशल मीडिया की समझ बेहतर होती है। ऐसे में युवाओं की क्रिटिकल थिंकिंग और नॉलेज भी बढ़ती है, जिससे वे अपनी प्रोफेशनल लाइफ में भी आगे बढ़ सकते हैं। ट्रैवलिंग से जुड़े कामों में तनाव कम होता है।

प्रमोशन से मिल रहा फायदा, दोस्तों को कर रहे प्रेरित

कंटेंट क्रिएटर और फोटोग्राफर अरिहंत खंडेलवाल ने बताया कि वे पिछले एक साल से ट्रैवलिंग, फोटोग्राफी और कंटेंट क्रिएशन का काम कर रहे हैं। इससे अलग-अलग शहरों में जाने का मौका मिला है। शुरुआत में बहुत कम इनकम थी, जिसे लेकर कभी-कभी परेशान भी रहता था। बीते कुछ समय से प्रमोशन से काफी फायदा हुआ है। साथ ही काफी चीजें सीखने को मिली हैं। उन्होंने बताया कि वे कई दोस्तों को ट्रैवलिंग जॉब के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि उन्हें भी नया अनुभव मिल सकें।

पेरेंट्स ने किया स्वीकार

मैं पिछले 4 वर्ष से ट्रैवलिंग के साथ जॉब भी कर रही हूं। शुरुआत में इस जॉब को लेकर पेरेंट्स चिंतित रहते थे, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। मैंने न सिर्फ देशभर में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी यात्रा की है। ट्रैवलिंग के दौरान मुझे न केवल नई-नई जगहों को एक्सप्लोर करने का मौका मिला, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों और लोगों से मिलने का भी अवसर मिला है। इसने मेरे जीवन को बेहद रोमांचक बना दिया है।
-नीलक्ष्मी जैन, ट्रैवलर

राजस्थान यूनिवर्सिटी

'स्टार्टअप्स के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा'



जॉब फेयर एवं इनोवेटर्स समिट 2025 के पोस्टर का विमोचन

जयपुर @ पत्रिका प्लस. राजस्थान यूनिवर्सिटी के ईसीएच इनक्यूबेशन सेंटर और महाराजा कॉलेज, इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज एवं ग्रीन जॉब्स के संयुक्त तत्वावधान में 4 और 5 मार्च को 'जॉब फेयर एवं इनोवेटर्स समिट 2025' का आयोजन किया जाएगा।

यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने शनिवार को पोस्टर का विमोचन किया। इनक्यूबेशन सेंटर की समन्वयक प्रो. सुमिता कछवाहा ने बताया कि फेयर महाराजा कॉलेज में आयोजित होगा। इसमें कई यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के स्टूडेंट्स हिस्सा लेंगे।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं और प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जहां उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों और स्टार्टअप्स के साथ बातचीत करने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। समिट के तहत स्टार्टअप प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। स्टार्टअप्स के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

टॉप मूवीज

- **बैडएस रविकुमार:** प्रभु देवा, कीर्ति कुल्हारी, सौरभ सचदेवा, संजय मिश्रा
  रेटिंग : 8/10
- **स्काई फोर्स:** अक्षय कुमार, वीर पाहाड़िया, सारा अली खान और निमरत कौर।
  रेटिंग: 7.4/10
- **वनवास:** उत्कर्ष शर्मा, नाना पाटेकर, सिमरत कौर और राजपाल यादव
  रेटिंग: 6.7/10
- **बेबी जॉन:** वरुण धवन, कीति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ
  रेटिंग: 5.9/10
- **आजाद:** अजय देवगन, अमन देवगन, राशा थडानी
  रेटिंग: 4.5/10

टॉप वेबसीरीज

- **पाताल लोक सीरीज-2:** जयदीप अहलावत, इश्वाक सिंह, तिलोत्तमा शोम, गुल पनाग, स्वास्तिका मुखर्जी
  ओटीटी: अमेजॉन टाइम
  रेटिंग : 8.2/10
- **डॉक्टर्स:** शरद केलकर, हरलीन सेठी, विराफ पटेल
  ओटीटी: जीओ सिनेमा
  रेटिंग : 7.7/10

नोट: यह सभी रेटिंग्स आइएमडीबी के अनुसार है।

Ph.D

स्मृति नानावटी को पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें ये उपाधि 'डिजाइनिंग एन एनहांस्ड फ्रेमवर्क फॉर अर्ली प्रेडिक्शन ऑफ लर्नर्स एट रिस्क ऑन इ-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स' विषय पर शोध के लिए दी गई है। उन्होंने शोध कार्य डॉ. अजय खूंटेटा के निर्देशन में पूरा किया है।



#mobileapp शारीरिक और सामाजिक जीवन प्रभावित होने का रहता डर

बच्चों पर निगरानी के लिए पेरेंट्स ले रहे मोबाइल ऐप की मदद

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

स्क्रीन टाइम, साइबर क्राइम से बचाने, ऐप प्रबंधन और लोकेशन ट्रैकिंग

बच्चों की डिजिटल एक्टिविटी पर रख रहे नजर

जयपुर. बच्चा मोबाइल पर क्या देख रहा है, क्या कर रहा है और कहीं वह साइबर अपराध का शिकार तो नहीं हो रहा? इन सब ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखना पेरेंट्स के लिए चुनौती बन रहा है। इंटरनेट और स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल से बच्चों का शारीरिक और सामाजिक जीवन प्रभावित हो रहा है, जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक सेहत पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। पेरेंट्स हर वक्त बच्चों के साथ नहीं रह सकते हैं। इस समस्या का हल ढूंढने के लिए पेरेंट्स तकनीकी मदद ले रहे हैं। वे बच्चों के स्क्रीन टाइम को कंट्रोल करने, उनके ऐप्स और वेबसाइट्स को प्रबंधित करने और उनकी लोकेशन को ट्रैक करने के लिए पेरेंटल कंट्रोल ऐप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन ऐप्स की मदद से वे न केवल बच्चों के डिजिटल व्यवहार पर नजर रख रहे हैं, बल्कि बच्चों को एडल्ट कंटेंट और साइबर क्राइम से भी बचा रहे हैं। ऐसे में पेरेंट्स को अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टीविटीज पर बेहतर नियंत्रण मिल रहा है।



मैसेज की भी मिलती जानकारी, एजुकेशन ऐप को प्राथमिकता

सोशल मीडिया मॉनिटरिंग

एक निजी ऐप संचालक तनय ने बताया कि पेरेंट्स ऐप्स के माध्यम से बच्चों के मोबाइल स्क्रीन एक्सेस पर नजर रख सकते हैं। इससे बच्चों के मोबाइल स्क्रीन टाइम को मैनेज भी किया जा सकता है। यह ऐप एंड्रॉयड और आइओएस दोनों में चल सकता है। इसके जरिये सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, वेब फिल्टरिंग, लोकेशन ट्रैकिंग, यूट्यूब वीडियो वॉच टाइम पर निगरानी रखी जा सकती हैं। इसके अलावा ऐसे ऐप्स जो बच्चे के लिए नुकसानदायक हैं, उन्हें ब्लॉक भी किया जा सकता है। साथ ही टाइम लिमिट भी सेट की जा सकती हैं। ऐप में टेक्स्ट मैसेज कंट्रोल फीचर भी मिलता है, जो पेरेंट्स को अपने बच्चे के मैसेज और एसएमएस टेक्स्ट के बारे में जानकारी देता है। इससे उन्हें बच्चे की मोबाइल एक्टीविटी पर कंट्रोल मिलता है। इसके लिए पेरेंट्स सालभर का पैकेज ले रहे हैं।

प्रमुख फायदे

स्क्रीन टाइम सीमा निर्धारित: पेरेंट्स अपने बच्चे के डिवाइस पर स्क्रीन टाइम लिमिट सेट कर सकते हैं, जिससे बच्चे का डिजिटल उपयोग नियंत्रित होता है।

ऐप और वेबसाइट प्रबंधन: इससे यह निर्धारित कर सकते हैं कि कौन से ऐप्स या वेबसाइट्स बच्चों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए व कौनसी नहीं।

लोकेशन ट्रैकिंग: ऐप बच्चों के डिवाइस के स्थान को ट्रैक करने की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे माता-पिता हमेशा यह जान सकते हैं कि उनका बच्चा कहां है।


पेरेंटल ऐप का 3 महीने का पैकेज लिया है, जिसमें बच्चे फोन में क्या कर रहे, उस पर निगरानी रहती है। बेटे ने गलती से साइबर फ्रॉड के लिंक को चेक कर रहा था। ऐप की मदद से मैंने उसे इसका शिकार होने से बचा लिया। बेटे के फोन में सिर्फ एजुकेशनल ऐप ही है उसके अलावा सब ब्लॉक कर दिए हैं। **-मोना गुप्ता**

बैंकिंग उद्योग में एआइ के उपयोग पर चर्चा



जयपुर @ पत्रिका प्लस. भारतीय सीए संस्थान के जयपुर चैप्टर की ओर से शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि बीपीओ, केपीओ और बैंकिंग उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग से व्यवसायिक प्रक्रियाओं में कई बदलाव आ रहे हैं। एआइ से डेटा प्रोसेसिंग, ग्राहक सेवा, जोखिम प्रबंधन और निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया जा रहा है।

शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य बीपीओ और बैंकिंग उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर गहन चर्चा करना रहा। सेमिनार में विशेषज्ञों ने एआइ-पावर्ड ऑटोमेशन, फ्रॉड डिटेक्शन, वर्चुअल असिस्टेंट, डेटा प्रेडिक्शन मॉडल और ग्राहक सेवा में एआइ के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की।



नेट थियेट की ओर से संगीत कार्यक्रम

तबले की ताल के साथ 'गाइये गणपति जग वंदन' से सजाई सांझ



जयपुर @ पत्रिका प्लस. सुभाष चौक स्थित नेट थियेट मंच पर नेट थियेट की ओर से शनिवार को संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कलाकार पं. गिरधर भावुक ने प्रस्तुति देकर कलाप्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजक राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि गिरधर ने गणेश वंदना 'गाइये गणपति जग वंदन' के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन जर्मनी से आई एस्ट्रीड मुकली और सुरेश कौल ने किया। इसमें तबले पर फतेह वारसी वसीम ने संगत की।

रवीन्द्र मंच पर नाटक 'पंचम वेद' का मंचन

वेदों के साथ नाट्यशास्त्र के प्रसंग साकार

दिलीप भट्ट और केके कोहली ने किया निर्देशन

जयपुर @ पत्रिका प्लस. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की ओर से देशभर में 'भारत रंग महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। भरत मुनि के सामवेद, ऋग्वेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद और नाट्यशास्त्र के कई प्रसंगों को लेकर रवीन्द्र मंच पर लघु नाटिका 'पंचम वेद' का मंचन हुआ।

इसमें जयपुर रंगमंच के युवा और वरिष्ठ नाट्य कलाकारों के साथ परम्परा नाट्य समिति, अनुपम रंग थियेटर सोसायटी के कलाकारों ने अभिनय किया। नाटक का निर्देशन दिलीप भट्ट और केके कोहली ने किया। कलाकारों ने सशक्त अभिनय के माध्यम से खूब तालियां बटोरीं।





FARNAZ



FARNAZ

#outfitsfashion बनारसी, चिकनकारी, गोटापत्ती, जरी और स्टोन वर्क का हो रहा उपयोग

कस्टमाइज्ड कोट्स का ट्रेंड: स्टाइल और आराम का बेहतरीन संगम

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

जयपुर. महिलाएं अब ऑफिस में पहनने के लिए भी ऐसे कोट्स चुन रही हैं, जो आरामदायक और स्टाइलिश दोनों हो। वहीं, शादी के अवसर पर वे चाहती हैं कि उनका लुक अलग और आकर्षक हो। ऐसे में महिलाएं कस्टमाइज्ड कोट्स तैयार करवा रही हैं। यह ट्रेंड खासतौर से उन युवतियों में लोकप्रिय हो रहा है, जो स्टाइलिश और आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करती हैं। डिजाइनर्स ने इस कस्टमाइजेशन के दौर में महिलाओं के लिए विशेष कोट्स डिजाइन किए हैं, जिनमें विभिन्न पारंपरिक भारतीय कढ़ाई व वर्क शामिल हैं, जैसे बनारसी, चिकनकारी, गोटापत्ती, जरी और स्टोन वर्क। जहां एक ओर यह ट्रेंड शहरी महिलाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है, वहीं दूसरी ओर इसका असर छोटे शहरों में भी देखने को मिल रहा है।



जरूरत के अनुसार होते तैयार

डिजाइनर निधि अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों ट्रेंच कोट विद कैप स्लीवस, कूकून कोट, किमोनो स्टाइल कोट, पिकॉक विद एसिमेट्रिकल कट काफी ट्रेंड में है। महिलाएं अब फैशन में सिर्फ ट्रेंड नहीं बल्कि कुछ खास और व्यक्तिगत भी चाहती हैं। वे चाहती हैं कि उनके आउटफिट्स सिर्फ ट्रेंड के हिसाब से न हो, बल्कि उनकी व्यक्तिगत शैली, पसंद और जरूरत के हिसाब से कस्टमाइज किए गए हो। कस्टमाइज्ड कोट्स न केवल ऑफिस में पहनने के लिए उपयुक्त हैं, बल्कि शादी जैसे खास अवसरों पर भी पहने जा सकते हैं। डिजाइनर्स इन कोट्स को इस तरह से तैयार कर रहे हैं कि यह स्टाइलिश दिखें।

40 प्रतिशत तक बढ़ी डिमांड

डिजाइनर ऋषभ ने बताया कि प्रिंटेड पेंटसूट की डिमांड पहले की तुलना में 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। ब्लॉक प्रिंटिंग, अजरक, चंदेरी, कलमकारी जैसे प्रिंट की सबसे अधिक डिमांड है। कढ़ाई वर्क में कई तरह के कोट्स तैयार किए गए हैं। इन्हें देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी महिलाएं पसंद कर रही हैं। कीमत 2 हजार रुपए से शुरू है।

रूबी, मोती और स्टोन का उपयोग

फैशन डिजाइनर अन्नया ने बताया कि युवतियां और घरेलू महिलाएं डिजाइनर कोट्स में काफी रुचि दिखा रही हैं। विशेष कोट्स को डिमांड पर मोती, स्टोन, रूबी और आर्टिफिशयल डायमंड और एमरल्ड से तैयार किया जा रहा है। ब्राइड अपने फंक्शन में चिकनकारी, गोटापत्ती और जरी वर्क के कोट्स पहन रही हैं।

https://snapfrom.com/

https://www.888casinogame.com/

जीवन में ईमानदार बनें



सच्चे नेतृत्व की शुरुआत खुद के व्यवहार से होती है। अगर आप ईमानदार और सच्चे हैं, तो लोग आपसे प्रेरित होंगे।

*- **नारायण मूर्ति**, उद्योगपति*

हमेशा दिल की सुनें

जीवन में सच्ची सफलता तभी मिलती है जब आप अपने दिल की सुनते हैं और वही करते हैं जो आपको सही लगता है।

*- **अमृता सिंह**, अभिनेत्री*





बैंकर से बनीं अभिनेत्री नीलकांति

'छावा' में दिखीं नाना पाटेकर की पत्नी

नौ साल बाद हिंदी सिनेमा में वापसी

नीलकांति पाटेकर मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर की पत्नी हैं और लंबे समय बाद अभिनय की दुनिया में वापसी की हैं। फिल्म के एक सीन में संभाजी अपने बचपन में एक दाई मां का दूध पीकर बड़े होने की बात करते दिखते हैं। जहां वह अपनी दाई मां के एहसानों को न सिर्फ याद कर रहे हैं, बल्कि इसके लिए उनका शुक्रिया भी अदा कर रहे हैं। इस किरदार में नीलकांति पाटेकर दिखाई देती हैं।

चर्चित सेलेब

निर्देशक ने किए प्रयास

फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की हिंदी सिनेमा में शुरुआत सिनेमैटोग्राफर के रूप में हुई। उन्होंने मराठी सिनेमा से निर्देशन में कदम रखा। मराठी फिल्मों का निर्देशन करने के बाद लक्ष्मण ने फिल्म 'लुकाछिपी' से हिंदी फिल्मों का निर्देशन किया। लक्ष्मण मराठी सिनेमा के उत्कृष्ट कलाकारों को अपनी हिंदी फिल्म में मौका देते रहे हैं।

मराठी थिएटर आर्टिस्ट

जहां तक नीलकांति की बात है तो वह मराठी थिएटर और सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, करीब नौ साल बाद फिर से फिल्मों में वापसी कर रही हैं। उनकी आखिरी फिल्म 'बर्नी' 2016 में आई थी, जिसमें उन्होंने मुख्य किरदार की मां का रोल निभाया था। छावा में वह संभाजी की दाई मां धाराऊ के किरदार में नजर आई हैं।



राज्य पुरस्कार से सम्मानित

मराठी रंगमंच तक लाया और साल 1986 में वह टीवी सीरीज 'वधाय वधाय मान' से कैमरे के सामने आ गईं। तीन साल बाद ही मराठी फिल्म 'आत्मविश्वास' में उन्हें महाराष्ट्र सरकार का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार मिला। नाना पाटेकर को वह अभिनय क्षेत्र में आने से पहले से जानती थी।

नीलकांति पाटेकर का जन्म पुणे, महाराष्ट्र में हुआ। उन्होंने पुणे से भौतिकी में स्नातक किया और अपने कैरियर की शुरुआत एक बैंकर के रूप में की। अभिनय का आकर्षण उन्हें

फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अभिनेत्रियों के बढ़ते कदम

बॉलीवुड में अभिनेत्रियों को सिर्फ फिल्मों में डांस करते, हीरो की प्रेमिका या पत्नी के किरदार में देखा जाता रहा है। वहीं, एक्टर अभिनय के अलावा फिल्म निर्देशन और निर्माण में हाथ आजमाते रहे हैं। राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म 'टोस्टर' को राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा प्रोड्यूस कर रही हैं। सिनेमा की दुनिया में फिल्म निर्माण की कमान अब महिलाएं भी अपने हाथों में लेने लगी हैं। कई अभिनेत्रियां भी बतौर निर्माता कुर्सी संभाल चुकी हैं।

प्रियंका चोपड़ा

वह बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आती हैं। एक्ट्रेस फिल्मों में काम करने के साथ पर्पल पेबल पिक्चर्स प्रोडक्शन हाउस की मालकिन हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत साल 2015 में की थी। अभी तक इस प्रोडक्शन हाउस ने कई फिल्में तैयार की हैं। इस लिस्ट में मराठी, बंगाली, पंजाबी और भोजपुरी भाषा की फिल्में भी शामिल हैं।

दीपिका पादुकोण

उन्होंने साल 2018 में केए एंटरटेनमेंट नाम प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने एसिड अटैक के ऊपर फिल्म छपाक तैयार की थी। इस फिल्म में दीपिका ने मुख्य किरदार अदा किया था। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल नहीं रही थी।



कंगना रनौत

बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक हैं। वह किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस ने साल 2021 में मणिकर्णिका फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। उन्होंने इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत नए कलाकारों को मौका देने के लिए की थी।

करीना कपूर

इन्होंने फिल्म रिफ्यूजी से अभिनय की दुनिया में दस्तक दी। इसके बाद कई फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अब वे बतौर निर्माता भी डेब्यू कर चुकी हैं। करीना कपूर खान ने फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू किया। यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को रिलीज हुई थी।







अनुष्का शर्मा

अनुष्का शर्मा एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। उन्होंने बॉलीवुड में कई बेहतरीन और हिट फिल्में की हैं। वहीं, अनुष्का शर्मा ने भी अपने भाई कर्णेश शर्मा के साथ मिलकर क्लीन स्लेट फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। इस प्रोडक्शन हाउस के अंडर कई फिल्में तैयार की जा चुकी हैं, जिसमें से ज्यादातर फिल्मों में अनुष्का ने अभिनय किया है। इन फिल्मों में एन एच 10, परी, फिल्लौरी जैसी फिल्में शामिल हैं। अनुष्का के प्रोडक्शन हाउस में वेब सीरीज भी बनी हैं।

कर्टेन रेजर

प्यार और हार्ट ब्रेक की कहानी 'दीवानियत'





'सनम तेरी कसम' फिल्म की री-रिलीज के बाद अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने नई फिल्म 'दीवानियत' का ऐलान किया है, जो प्यार और हार्ट ब्रेक से जुड़ी कहानी को बयां करने वाली है। हर्ष ने फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट तो नहीं बताई है, लेकिन उन्होंने ये जरूर लिखा है कि फिल्म इस साल ही सिनेमाघरों में आने वाली है। अभिनेत्री को लेकर भी कोई खुलासा फिलहाल नहीं किया है।

- **निर्देशक:** मिलाप जावेरी
- **राइटर:** मुश्ताक

रीजनल मूवी

बुजुर्ग पुलिस अधिकारी के रोल में खेसारी



खेसारी लाल यादव की फिल्म 'रिश्ते' का ट्रेलर जारी हो गया है। खेसारी इसमें एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। फिल्म में वे बुजुर्ग पुलिस अधिकारी बने दिखे हैं। एक्शन से शुरू ट्रेलर में वह कहते दिखे हैं, 'जैसा मैं हूं, वैसा दिखता नहीं हूं और जैसा मैं दिखता हूं, वैसा तो हूं ही नहीं'।

- **स्टार कास्ट :** आकांक्षा पुरी, रति पांडेय, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, सुजान सिंह, संजीव मिश्रा
- **निर्देशन :** प्रेमांशु सिंह

चर्चित मूवी

'केसरी चैप्टर-2' में अक्षय संग माधवन

'केसरी चैप्टर 2-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। यह फिल्म इसी साल दस्तक देगी। साल 2019 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी' सुपरहिट साबित हुई थी। अब वे 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आएंगे। इस बार फिल्म में आर. माधवन भी अहम रोल में हैं। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी।

अब गोल्डन ग्लोब विजेता 'द ब्रूटलिस्ट' भारत में होगी रिलीज



'द ब्रूटलिस्ट' 28 फरवरी को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी कहानी लास्जलो टोथ (एड्रियन ब्रॉडी) की है, जो एक दूरदर्शी वास्तुकार है, जो युद्ध के बाद यूरोप से भाग जाता है और अपने जीवन, अपने काम और अपनी पत्नी एर्जबेट (फेलिसिटी जोन्स) के साथ अपने विवाह को फिर से बनाने के लिए अमरीका आता है। पेंसिल्वेनिया में बसने के बाद मूवी की कहानी पूरी तरह से बदल जाती है।

कई अवॉर्ड किए अपने नाम

इस फिल्म ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर-ड्रामा, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड जीता है। वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के बाद फिल्म को बड़े पैमाने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें एड्रियन ब्रॉडी के अभिनय को उनके कैरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के रूप में सराहा गया।

राज करने आ रहे 'मालिक'... राजकुमार बने हैं गैंगस्टर

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

अभिनेता राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म में गैंगस्टर का रोल अदा करने वाले हैं। फिल्म का नाम है 'मालिक'। मकेर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट से परदा उठाया है। इसमें फिल्म से राजकुमार राव का लुक शेयर किया है। हाथों में गन थामे एक्टर इंटेस लुक में दिख रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'पूरे प्रदेश और देश पर राज करने आ रहे हैं 'मालिक'। इसके साथ बताया गया है कि फिल्म 20 जून को रिलीज होगी। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दों पर आधारित बताई जा रही है। यह एक्शन और रोमांच से भरपूर होगी। यह भी कहा गया है कि फिल्म में राजकुमार का दो अलग लुक देखने को मिलने वाला है।



फैंस को पसंद आया पोस्टर

इस फिल्म का निर्देशन कुमार पुलकित करेंगे। फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में नजर आ सकती हैं। फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। फिल्म के पोस्टर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'राजकुमार राव की फिल्म है, देखनी तो पड़ेगा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'राज आ रहा है'।

शॉर्ट रील

'घातक' की री-रिलीज



राजकुमार संतोषी की फिल्म 'घातक' भी री-रिलीज होगी। इस फिल्म के हीरो सनी देओल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'घातक' को 29 साल बाद सिनेमाघरों में फिर से रिलीज किया जा रहा है। यह फिल्म 28 फरवरी को दोबारा दर्शकों के बीच आ सकती है। सनी के अलावा मीनाक्षी शेषाद्रि, अमरीश पुरी और डैनी डेन्जोंगपा जैसे कलाकार भी नजर आए थे।

कल्कि का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर



'कल्कि 2898 एडी' का रविवार को जी सिनेमा पर वर्ल्ड टीवी प्रीमियर होगा। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन एक शापित महायोद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। दीपिका पादुकोण कल्कि की जननी के रूप में, तो प्रभास अजेय योद्धा कर्ण के रूप में नजर आएंगे, जो विनाश के कगार पर खड़ी दुनिया में धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करेगा।

'चुनौती' का सामना करते हुए बीत रहा दिन



अमिताभ बच्चन नए-नए डिवाइस सीखने में कोई गुरेज नहीं करते। उन्होंने अपने ब्लॉग पर बताया, 'टेक्नोलॉजी गैजेट को बेहतर बनाने पर जोर देती है और इससे काम में तेजी आती है। हालांकि, जब हम नए डिवाइस को सीखने में लगे रहते हैं, तब तक एक और नया डिवाइस सामने आ जाता है।' अभिनेता ने सीखने की चुनौती की ओर इशारा करते हुए कहा, 'नए डिवाइस को उसके कामकाज को समझना आसान नहीं है, इससे फिर एक और जंग शुरू हो जाती है। पिछले कुछ दिनों से इन्हीं चीजों में मेरा पूरा समय जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हर बात के लिए तकनीकी रूप से दक्ष व्यक्ति के पास जाना सही नहीं है। उस पर कैसे काम करना है, कैसे इस्तेमाल करना है, यह सीखना होगा। यह मेरा है और मुझे इसके बारे में पता होना चाहिए।

अभिनेता ने थमन को तोहफे में दी कार

बालकृष्ण ने अपने पसंदीदा संगीत निर्देशकों में से एक थमन को उनके बेहतरीन काम के लिए एक एसयूवी कार भेंट की। थमन को कार भेंट करते हुए बालकृष्ण की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अखंड 1 को अपनी धुनों से सजाने वाले थमन अब अखंड 2 थांडवम के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं।



फिल्म का संगीत खास

'अखंड' की गिनती बालकृष्ण की सफल फिल्मों में की जाती है। यह एक विशेष थिएटर में 175 दिनों तक चली। फिल्म ने शानदार कारोबार किया। फिल्म का संगीत खास था, इस पर बालकृष्ण ने कमेंट कर कहा, ' थमन आप भी फिल्म के नायकों में से एक हैं।'

डीडीएलजे का मैनचेस्टर में मनेगा जश्न

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

शाहरुख खान और काजोल की फिल्म दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे पर आधारित म्यूजिकल शो 'कम फॉल इन लव - द डीडीएलजे म्यूजिकल' 29 मई से मैनचेस्टर ओपेरा हाउस में होगा। यह फिल्म के 29 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा। अभिनेत्री जेना पंड्या और एश्ले डे इसमें सिमरन और रोजर की भूमिका में नजर आएंगे। यह म्यूजिकल वाईआरएफ बैनर और 'रेलवे 200' अभियान के बीच सहयोग से बनी है, जो यूके में आधुनिक रेलवे प्रणाली के 200 साल पूरे होने का जश्न मनाता है। शाहरुख खान और काजोल अभिनीत 'डीडीएलजे' को बड़े पैमाने पर यूके में शूट किया गया था, जिसमें से एक प्रमुख दृश्य किंग्स क्रॉस रेलवे स्टेशन पर फिल्माया गया था।



यह है म्यूजिकल की कहानी

म्यूजिकल की कहानी सिमरन (जेना पंड्या) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक युवा ब्रिटिश भारतीय हैं, वह भारत में एक फैमिली फ्रेंड से अरेंज मैरिज के तौर पर सगाई कर लेती हैं, लेकिन बाद में उसे रोजर (एश्ले डे) नाम के एक ब्रिटिश व्यक्ति से प्यार हो जाता है। एश्ले डे ने कहा 'यह एक सच्ची रोमांटिक कॉमेडी है। स्क्रिप्ट अविश्वसनीय रूप से मजेदार और दिल से भरी हुई है और मुझे सबसे ज्यादा पसंद है कि इसमें दो संस्कृतियों को दिखाया गया है, जिनमें दोनों ही अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं।

अभिनेत्री जेना पांड्या ने कहा, 'मैं सिमरन की भूमिका निभाने के लिए बहुत रोमांचित हूं। एक ऐसी कहानी को बताने का हिस्सा बनना अद्भुत है, जो इतने सारे लोगों के लिए बहुत मायने रखती है। मूल फिल्म भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने का हिस्सा है।'

सॉन्ग रिलीज

'इक वारी' रिलीज



मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बन रही फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' में पहली बार अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की तिकड़ी नजर आएगी। यह फिल्म 21 फरवरी को रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने इसका नया गाना 'इक वारी' जारी कर दिया है। 'इक वारी' में अर्जुन, भूमि और रकुल साथ में डांस करते नजर आ रहे हैं। फिल्म के पहले गाने 'गोरी है कलाइयां' को भी काफी पसंद किया गया था।

'अश्लील जोक्स' को बताया 'सोशल नॉर्मलाइजेशन'

समय रैना के शो में यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के अश्लील जोक्स को लेकर लोगों में आक्रोश है। फिल्म निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी।



विवेक ने कहा, यूट्यूबर-पॉडकास्टर कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता 'सोशल नॉर्मलाइजेशन' की थीम से उपजा है। सोशल मीडिया पर इतनी नफरत और अश्लीलता क्यों? सामाजिक रूप से क्या स्वीकार्य है?' उन्होंने किया, उसका उन्हें सबक जरूर मिलना चाहिए, क्योंकि यह सामाजिक रूप से स्वीकार्य नहीं है।

'उन लोगों को आकर्षित करें जो आपकी भाषा समझते हों'



मनीषा कोइराला ने सोशल मीडिया पर एक विचार भरा पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि 'आप ऐसे लोगों को आकर्षित करें जो आपकी भाषा बोलते हों, ताकि आपको अपनी भावनाओं को समझाने के लिए जीवन भर अनुवाद करने की जरूरत ना पड़े।' सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी के कई हिस्से दिखाने वाली अभिनेत्री मनीषा कोइराला अक्सर दोस्तों और परिवार के साथ आनंद भरे पल बिताती नजर आती हैं।

इंस्टा रील

परिवार के साथ सलमान



सलमानखान फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वह रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे। सलमान ने परिवार के सभी सदस्यों के साथ एक तस्वीर साझा की, उन्होंने लिखा, 'अग्निहोत्रियंस, शर्मानियंस और खाननियंस की तरफ से सभी को हैप्पी फैमिलिटाइन्स डे।'

प्रियंका की थ्रोबैक तस्वीर



प्रियंका चोपड़ा ने निक और अपनी 2018 की थ्रोबैक फोटो शेयर की है। इसमें दोनों व्हाइट शर्ट पहने दिख रहे हैं। एक अन्य हाल की तस्वीर में दोनों ने ब्लैक आउटफिट पहने हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'किस तरह शुरुआत हुई...और अब किस तरह चल रहा है सबकुछ। मेरे वैलेंटाइन'

सेलेब टॉक

एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा, कुछ समय पहले तक भारत में एक्टर होने का मतलब टीवी और फिल्मों में से किसी एक को चुनना होता था। लेकिन, अब ऐसा नहीं है।

डिजिटल रिवॉल्यूशन ने बदली जिंदगी

समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। उनका मानना है कि आज के समय में अच्छे रोल्स पाने के लिए वर्चुअल विजिबिलिटी काफी अहम होती है। डिजिटल रिवॉल्यूशन नए मौके लेकर आए हैं, कलाकारों के लिए और अधिक कुशल तथा प्रशिक्षित होने की जरूरत भी बढ़ गई है, ताकि वे तैयार हो सकें।

सभी माध्यम से जुड़ें

समरीन ने कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्ट्रीमिंग सर्विस और म्यूजिक वीडियो आज एक्टिंग कैरियर को एक नए तरीके से आकार दे रहे हैं, जो पहले सोचा भी नहीं जा सकता था। वह इस नए दौर को एक्सप्लोर कर रही हैं। आजकल जरूरी है कि आप सभी माध्यमों से दर्शकों से जुड़े।

एक्टर की परिभाषा बदली

एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया। उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के जरिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, 'एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है।'

वायरल पिक्चर्स

एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर किए फोटो

एक्ट्रेस इन रेड ग्लैमरस लुक

हाथ में गुलाब लिए लाल रंग की ड्रेस में माही

गहरे लाल रंग की वेस्टर्न ड्रेस में **रीजेना** यूनिक पोज स्टाइल में दिखी

एक्ट्रेस *रेड कलर की वेस्टन ड्रेस में फैशन स्टाइलिंग को दिखा रही हैं। अभिनेत्रियों ने इसे स्टाइलिश पोज और ग्लैमरस मेकअप के साथ पहना है, जो उनकी खूबसूरती के साथ बोल्ड लुक को दिखा रहा है।*



डार्क कलर की ड्रेस में **शहनाज** रैंडम अंदाज में पोज दे रही हैं

बोल्ड मेकअप के साथ रेड कलर की स्टाइलिश गाउन ड्रेस में **मलाइका**

आप भी जुड़ें... सिनेवेब-सेलेब्स से

*आप सिनेवेब-सेलेब्स पेज पर **किस तरह का कंटेंट पढ़ना चाहते हैं**, इस पर अपनी अमूल्य राय दे सकते हैं। इसके अलावा पाठक फिल्मों से संबंधित **लेख, किस्से, हाल में देखी गई फिल्मों व वेबसीरीज की समीक्षा** भी हमसे साझा कर सकते हैं। इसे आप वॉट्सऐप नंबर...*

9057531584 पर भेजें।

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

मेरी सेहत
Health
body mind
SUNDAY पत्रिका
राजस्थान पत्रिका रविवार, जयपुर, 16 फरवरी 2025
www.patrika.com/health-news

सीजनल केयर

बदलते मौसम में बढ़ने लगी है अस्थमा की तकलीफ, घर से निकलें तो मास्क जरूर लगाएं



डॉ. वीरेंद्र सिंह
अस्थमा रोग विशेषज्ञ
patrika.com

मौसम में बदलाव के साथ ही श्वास संबंधी रोग भी बढ़ने लगता है। शुरुआत में ही लक्षणों को नजरअंदाज करने से मरीज को गंभीर समस्या हो सकती है। हालांकि श्वास रोग बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं, ऐसे में कुछ सावधानियां रखना जरूरी है-

सर्द-गर्म मौसम में न करें लापरवाही

इस समय दिन और रात के मौसम में काफी अंतर देखा जा रहा है। दिन में जहां गर्मी है वहीं शाम के समय ठंड बढ़ जाती है। इसलिए शाम के समय गर्म कपड़े जरूर पहनें, सिर का ढककर रखें। अस्थमा या एलर्जी वाले मरीज शाम के समय खास ख्याल रखें।

दवा का सेवन करें: यह समय अस्थमा के ट्रिगर होने का है। नियमित दवा लेते रहने से अस्थमा मरीजों में मौसम के प्रभाव को कम किया जा सकता है।



बाइक या स्कूटर पर रखें सावधानी

सुबह-शाम टू-व्हीलर से कहीं जाना हो तो गर्म कपड़े जरूर पहनें। कई बार देखा गया है कि दिन में गर्मी की वजह से लोग गर्म कपड़े नहीं पहनते एवं शाम को घर लौटते समय बिना गर्म कपड़े के ही सफर करते हैं। जिससे ठंड की चपेट में आने से अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है।

पराग कणों से बचें

इस मौसम में धूल और पराग कणों से बचने के लिए अस्थमा रोगी मास्क का इस्तेमाल करें। इससे वे सीधा पराग कण और धूल के संपर्क में नहीं आएंगे तो अस्थमा की तकलीफ नहीं बढ़ेगी।

...बढ़ने लगती है एलर्जी

यदि किसी पदार्थ या माहौल से एलर्जी हो, तो उससे बचने का प्रयास करें। साथ ही स्टीम लेना कई तरह की समस्याओं को कम करने के सबसे असरदार उपचारों में से एक है।

ठंडी-खट्टी चीजों के सेवन से बचें

इस मौसम में गर्मी आते ही लोग गर्म पानी का सेवन बंद कर देते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। साथ ही ठंडी और खट्टी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके सेवन से अस्थमा की समस्या बढ़ सकती है। ऐसी चीजों से परहेज करें। साथ ही नहाने के लिए भी गर्म पानी का ही इस्तेमाल करना चाहिए।

न्यू स्टडी

नींद नहीं आने का कारण कहीं आहार तो नहीं?



द वॉशिंगटन पोस्ट
वॉशिंगटन पोस्ट से विशेष अनुबंध के तहत

कई शोध बताते हैं कि लोग जब फाइबर, ट्रिप्टोफैन (एक जरूरी अमीनो एसिड) एवं अनसैचुरेटेड फैट से भरपूर डाइट लेते हैं तो रात की नींद बेहतर होती है एवं जंक फूड खाने की इच्छा भी कम होती है। अगर व्यक्ति दिनभर की अपनी डाइट में हेल्दी खाना खाए तो उसकी नींद की गुणवत्ता में काफी सुधार आता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे हार्मोंस का उत्पादन बढ़ाते हैं जो बेहतर नींद के लिए जरूरी हैं। वहीं कुछ ब्लड शुगर एवं हार्मोंस के स्तर को बिगाड़ते हैं, जिससे बार-बार नींद टूटती है।

प्रोसेस्ड फूड से बिगड़ता नींद का चक्र

अमरीका और अन्य पश्चिमी देशों में किए गए शोध से सामने आया है कि कई लोग ऐसे आहार का सेवन करते हैं जो उनकी नींद के लिए हानिकारक है। इनमें अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड शामिल हैं, जिनमें हाई लेवल शुगर, कार्बोहाइड्रेट और सैचुरेटेड फैट होता है। न्यूयॉर्क के कोलंबिया यूनिवर्सिटी इर्विंग मेडिकल सेंटर में न्यूट्रिशनल मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर एवं स्लीप एंड सर्केडियन रिसर्च सेंटर की निदेशक मैरी-पियरे स्टऑन्ज का कहना है कि डाइट में बदलाव करने से महज दो हफ्तों में नींद में सुधार आ जाता है। स्लीप फ्रेंडली डाइट के लिए टिप्ट्रोफैन से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे फल-सब्जियां, नट्स, जैतून का तेल आदि लें।

बी अवेयर

रील्स-वीडियो देखने की लत बढ़ाती आंखों में सूखापन





डॉ. राजेश गोयल
नेत्र रोग विशेषज्ञ
patrika.com

जब बच्चे लगातार फोन या कंप्यूटर की स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उनकी आंखें कम झपकती हैं। आमतौर पर जब हम अपनी आंखों को झपकाते हैं तो आंसू निकलते हैं और आंखों को तर रखने में मदद करते हैं। लेकिन स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करते समय यह प्रक्रिया कम हो जाती है जिससे आंखों में सूखापन आता है। स्क्रीन पर घंटों तक ध्यान केंद्रित करने से आंखों की मांसपेशियों पर दबाव बढ़ता है, जिससे बच्चों को सिरदर्द, ड्राई आई और थकावट हो सकती है।

20-20-20 का नियम अपनाएं

मोबाइल से ध्यान हटाने के लिए बच्चों को क्रिएटिव एक्टिविटी से जोड़ें। यदि लर्निंग के लिए बच्चा कंप्यूटर या मोबाइल स्क्रीन का प्रयोग कर रहा है, तो उसे 20-20-20 का नियम सिखाएं यानी 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखें। साथ ही बच्चों को बार-बार पलक झपकाने का अभ्यास करवाएं।

फोबिया... जब बेवजह का डर बन जाए जिंदगी में रुकावट

थेरेपी, दवा और ध्यान से मिलती है राहत





डॉ अखिलेश जैन
वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ, ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल
patrika.com

30 से 40 फीसदी तक वंशानुगत हो सकता है फोबिया

फोबिया एक प्रकार का मनोविकार है जिसमें व्यक्ति में किसी विशेष वस्तु, स्थिति या गतिविधि के प्रति अत्यधिक और अकारण भय की स्थिति उत्पन्न होती है और व्यक्ति ऐसी किसी भी परिस्थिति से बचने की कोशिश करता है तथा परिणाम स्वरूप उसकी आम दिनचर्या में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं जैसे लिफ्ट में जाने में परेशानी, अकेले सफर करने में डर एवं घबराहट इत्यादि। भय के कारण व्यक्ति के सामाजिक, पेशेवर या अन्य क्षेत्रों में कार्य प्रभावित होने लगते हैं। फोबिया, ग्रीक शब्द फोबोस (भय) से लिया गया है। सामान्य भय के विपरीत, जो वास्तविक खतरे के प्रति एक अनुकूल एवं स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, फोबिया लगातार, अत्यधिक और तर्कहीन होता है।

फोबिया को मुख्यत: तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है

1. विशिष्ट फोबिया (स्पेसिफिक फोबिया)
यह सबसे सामान्य प्रकार है, जिसमें व्यक्ति को किसी विशेष वस्तु या स्थिति का भय होता है। उदाहरण के तौर पर-
- **अक्रोफोबिया** - ऊंचाई का भय
- **क्लस्टरोफोबिया** - बंद या सीमित जगह होने पर उत्पन्न भय एवं इसी प्रकार किसी स्थिति या वस्तु से उत्पन्न भय।

2. सोशल एंजाइटी डिसऑर्डर
इसे सामाजिक फोबिया भी कहते है, जिसमें व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा होने या अपने आप को जज किए जाने का डर होता है जैसे सार्वजनिक रूप से बोलने का डर। ऐसे में व्यक्ति सोशल प्रोग्राम से बचने का प्रयास करता है।

3. एगोराफोबिया
यह ऐसी जगहों का भय है जहां से व्यक्ति को लगता है कि बचना कठिन हो सकता है, जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, सार्वजनिक परिवहन या फिर खुले स्थान। ऐसे में गंभीर मामलों में व्यक्ति घर से बाहर जाने में असमर्थ हो सकता है।

फोबिया में मस्तिष्क में होने वाले परिवर्तन

- **फोबिया** में मस्तिष्क के भय की प्रक्रिया से संबंधित पार्ट विशेष रूप से एमिगडाला और प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स अति सक्रिय हो जाते हैं।
- **एमिगडाला** भय की भावनाओं को नियंत्रित करता है जबकि प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स भय को तर्क के माध्यम से नियंत्रित करता है।
- **पीड़ित** लोगों में एमिगडाला की सक्रियता बढ़ जाती है और प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स का भय को नियंत्रित करने में कमी होती है।
- **इसके** अलावा फोबिया में सेरोटोनिन, डोपामाइन और गामा अमीनोब्यूटिरिक एसिड जैसे न्यूरोट्रांसमीटर में असंतुलन देखा गया।

कारण

फोबिया के कारणों में आनुवांशिक, पर्यावरणीय और मनोवैज्ञानिक कारक शामिल किए जा सकते हैं।

1. आनुवांशिक कारक : जुड़वा बच्चों पर किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि फोबिया 30-40% तक वंशानुगत हो सकता है।

2. पर्यावरणीय कारण : बचपन या पूर्व में हुआ कोई ऐसा अनुभव, जैसे कुत्ते के काटने से साइनोफोबिया हो सकता है।

3. संज्ञानात्मक और व्यावहारिक कारक :
- खतरे की संभावना का आवश्यकता से अधिक अनुमान लगाने की प्रवृत्ति।
- भय से बचने का असामान्य व्यवहार, जो समय के साथ डर को और बढ़ा देता है।

लक्षण

- **शारीरिक लक्षण:** दिल की धड़कन तेज महसूस होना, अत्यधिक घबराहट, पसीना आना, कांपना, सांस लेने में कठिनाई महसूस होना ,स्वयं पर से नियंत्रण खोता हुआ महसूस होना इत्यादि।
- **भावनात्मक लक्षण:** ज्यादा डर, घबराहट और वस्तुस्थिति से दूर भागने की तीव्र इच्छा।
- **व्यावहारिक लक्षण:** भय की वस्तु या स्थिति से बचने की कोशिश करना।

उपचार विधियां

1. **संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी** इसमें एक्सपोजर थेरेपी में धीरे-धीरे और नियंत्रित तरीके से भय का सामना करना एवं कॉग्निटिव रिस्ट्रक्चरिंग में अवास्तविक विश्वासों को पहचान उनसे लड़ना।
2. **दवाओं द्वारा उपचार :** दवा मनोचिकित्सक की देखरेख में लें।
3. **माइंडफुलनेस-मेडिटेशन:** ध्यान और गहरी सांस लेने जैसी तकनीक चिंता को कम करती है।
4. **वर्चुअल रियलिटी एक्सपोजर थेरेपी :** वर्चुअल वातावरण में भय का सामना करने का मौका देती है।

प्राकृतिक चिकित्सा

जोड़ों और नसों से जुड़े रोगों में लाभकारी पोटली मसाज





डॉ. रमाकांत शर्मा
प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ
patrika.com

पंचकर्म आयुर्वेद की एक प्रमुख चिकित्सा पद्धति है, जिसमें पोटली मसाज महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह उपचार शरीर के विषाक्त पदार्थों को निकालने, रक्त संचार को सुधारने और मांसपेशियों के दर्द से राहत देता है। गठिया, जोड़ों के दर्द, नसों की कमजोरी, तनाव, पीठ-कंधे में दर्द आदि में पोटली मसाज अत्यधिक प्रभावी है।

पोटली में शामिल करें ये हर्बल पत्ते

पोटली मसाज के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हर्बल पत्ते रोग के प्रकार और उपचार की आवश्यकता के अनुसार चुने जाते हैं। सामान्य रूप से इन पत्तों का चयन किया जा सकता है-

1. **अरंडी के पत्ते :** सूजन और दर्द में राहत दिलाते हैं।
2. **नीम के पत्ते:** एंटीसेप्टिक और डिटॉक्सिफाइंग गुणों से भरपूर।
3. **गुड़हल के पत्ते:** त्वचा और मांसपेशियों को पोषण देते हैं।
4. **तुलसी के पत्ते:** नसों को आराम देने और तनाव कम करने में प्रभावी।
5. **गिलोय के पत्ते:** प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और सूजन कम करने में उपयोगी।
6. **धतूरा के पत्ते:** जोड़ों के दर्द और गठिया में फायदेमंद।
7. **पान के पत्ते:** मांसपेशियों की जकड़न-दर्द में राहत देते हैं।
8. **अश्वगंधा के पत्ते:** नसों की मजबूती और शारीरिक शक्ति बढ़ाते हैं।

ऐसे तैयार करें औषधीय पोटली


1. हर्बल पत्तों को अच्छी तरह धोकर सुखा लें।
2. इन्हें हल्की आंच पर तवे या कढ़ाही में गर्म करें।
3. साफ सूती कपड़े में पत्तों को भरकर पोटली बना लें।
4. पोटली को हल्का गर्म करने के लिए तवे पर रखें।

15-20 मिनट करें पोटली मसाज

1. **सबसे** पहले प्रभावित क्षेत्र पर हल्का तेल (जैसे नारियल, सरसों या तिल का तेल) लगाएं।
2. **गर्म** पोटली से हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र की मालिश करें। ध्यान रखें कि तेज दबाए नहीं।
3. **पोटली** को लगातार घुमाते रहें ताकि अधिक गर्मी न लगे। ज्यादा गर्म है तो बीच-बीच में हटा लें।
4. **मसाज** की अवधि 15-20 मिनट तक होनी चाहिए।
5. **दिन** में 2-3 बार इस प्रक्रिया को दोहराने से दर्द-अकड़न आदि की समस्या दूर हो सकती है।

मिथ्स/फैक्ट्स

फैट और कैलोरी फ्री में अंतर समझें



01 मोटापा बढ़ाते हैं कार्ब्स

फैक्ट: वजन बढ़ने के पीछे सिर्फ कार्ब्स ही जिम्मेदार नहीं होते हैं। ये मिथ है कि कार्ब्स अच्छा नहीं होता और वजन बढ़ाता है। दरअसल, कार्ब्स दो प्रकार के होते हैं। एक सिंपल दूसरा कॉम्प्लेक्स। सिंपल कार्ब्स हमें सभी रिफाइंड फूड आइटम्स जैसे ब्रेड्स, बिस्किट, केक, चॉकलेट्स आदि चीजों से मिलता है। जबकि कॉम्प्लेक्स हमें होलग्रेन फूड्स, होल वेजिटेबल्स, दालों एवं मोटे अनाज से मिलता है। कॉम्प्लेक्स कार्ब्स पोषण देने के साथ ही वजन भी कम करते हैं।

02 वाइट की जगह ब्राउन शुगर बेहतर

फैक्ट: वाइट शुगर की जगह ब्राउन शुगर का इस्तेमाल करना सेहतमंद विकल्प नहीं है। पोषकता की बात करें तो दोनों में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। हालांकि ब्राउन शुगर में बहुत कम मात्रा में एडेड मिनरल्स होते हैं, लेकिन इसका बहुत ज्यादा सेवन भी वाइट शुगर जितना ही हानिकारक है।



03 फैट फ्री फूड्स से कैलोरी नहीं बढ़ेगी

फैक्ट: किसी भी पैकेट पर फैट फ्री लिखा हुआ है तो यह जरूरी नहीं कि वह कैलोरी फ्री हो। इसी तरह कैलोरी फ्री लिखा हुआ है तो जरूरी नहीं है कि वह फैट फ्री होगा। स्वाद बढ़ाने के लिए फैट फ्री तो कर दिया जाता है लेकिन उसमें कैलोरी ज्यादा होती है। ऐसे फूड को ज्यादा कंज्यूम न करें।




04 वजन कम करती वीगन डाइट

फैक्ट: इन दिनों वजन कम करने के लिए बहुत से लोग वीगन डाइट को फॉलो करने लगे हैं। लेकिन लंबे समय तक वीगन डाइट लेने से शरीर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए डाइटीशियन की सलाह से होम बेस्ड डाइट लें। साथ ही रोजाना के अपने वर्कआउट का प्लान करें।



05 प्रोटीन सप्लीमेंट्स जरूरी


फैक्ट: यदि आप संतुलित आहार ले रहे हैं और आपकी प्रोटीन की जरूरत पूरी हो रही है, तो सप्लीमेंट्स की आवश्यकता नहीं है। प्राकृतिक स्रोत जैसे दालें, अंडे, पनीर और नट्स आदि दिनभर में प्रोटीन की पूर्ति के लिए पर्याप्त हो सकते हैं।



सुरभि पारीक
आहार विशेषज्ञ
patrika.com

06 फास्टिंग से बर्न होगा फैट

फैक्ट: कुछ लोग वजन कम करने के लिए फास्टिंग करते हैं। लेकिन फास्टिंग के बाद जब भोजन करते हैं तो उसकी मात्रा बहुत बड़ी हो जाती है। लोग एक समय के भोजन में बहुत ज्यादा कैलोरी खा लेते हैं। इस तरह कैलोरी का डिस्ट्रीब्यूशन खराब होने पर वजन बढ़ता है।



लाइफ लाइन हैलो डॉक्टर

बच्चों में खानपान की आदत करें नियंत्रित, फूड एलर्जी से बचेंगे

पत्रिका की घर बैठे निशुल्क डॉक्टरी सलाह से जुड़ी पहल लाइफलाइन के तहत विभिन्न राज्यों से पाठकों ने बच्चों के रोगों से जुड़े सवाल भेजे हैं।



एक पाठक, मेरी बेटी को अक्सर पेट दर्द एवं उल्टी की शिकायत रहती है। जरूरी जांच करवाई, रिपोर्ट सही आती है। लेकिन समस्या बनी है, क्या करें?



बच्चों में खानपान की आदत को नियंत्रित करें। कई बार बच्चे पार्टियों में हैवी फूड खाते हैं, ऐसा न करने दें। ज्यादातर तली हुई चीजें रीसाइकिल ऑयल में बनी होती हैं, जिससे फूड एलर्जी की समस्या बढ़ने लगती है।

एक पाठक, मेरा 6 साल का बेटा दुबला-पतला है। उसे मीठा बहुत पसंद है, लेकिन हरी सब्जियां नहीं खाता है। क्या वजन बढ़ाने की जरूरी है? -सतीश कुमार पटेल

बच्चे की आयु के हिसाब से अगर वजन ठीक है तो कोई दिक्कत नहीं है। अगर आयु के हिसाब से वजन कम है तो डॉक्टर को दिखाएं। कई बार बच्चों की एक्टिविटी ज्यादा होती है तो वे पतले दिखते हैं। इसमें कोई समस्या नहीं है।



डॉ. विवेक शर्मा, *शिशु रोग विशेषज्ञ*

पाठकों के शेष सवालों के जवाब जानने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें...

इस सप्ताह पूछें मौसमी बीमारियों से जुड़े सवाल

पत्रिका लाइफलाइन में इस सप्ताह मौसमी बीमारियां से जुड़े सवाल पूछें, जवाब 23 फरवरी के अंक में एक्सपर्ट देंगे।

ध्यान रखें : सवाल विस्तार से लिखकर गुरुवार तक वाट्सऐप नं. 8955003879 पर भेज दें। (*यह डॉक्टर का नहीं, पत्रिका हैल्थ डेस्क का नंबर है, फोन न करें। वॉट्सऐप पर इसके जवाब नहीं दिए जाते हैं। यह मेडिको लीगल के लिए मान्य नहीं है।)

नोट- डॉक्टरी सलाह से ही कोई नुस्खा या दवा लें।

फिटनेस फर्स्ट

मांसपेशियों को टोन करने के साथ ही शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग वर्कआउट

रोजाना सिर्फ 7 मिनट का वर्कआउट भी घटा सकता है मोटापा




अजय सिंह
सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर
Patrika.com

अगर आप भी कोई ऐसा फिटनेस रूटीन खोज रहे हैं जो कम समय में किया जा सके और शरीर के लटकते हुए फैट पर असर कर बॉडी को टोन करे तो ट्राई करें ये रूटीन। यह 7 मिनट का वर्कआउट विशेष रूप से फैट लॉस के लिए डिजाइन किया गया है। यह वर्कआउट खासतौर पर उन लोगों के लिए है जो समय की कमी के बावजूद प्रभावी वर्कआउट करना चाहते हैं। साइंस के अनुसार यह वर्कआउट उच्च-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (HIIT) तकनीक पर आधारित है।

क्या कहता है वर्कआउट का साइंस

- **एचआइआइटी** वर्कआउट्स से शरीर के मेटाबॉलिज्म में तेजी आती है, जिससे फैट बर्न होता है।
- **इस** वर्कआउट से कैलोरी बर्निंग प्रक्रिया सक्रिय होती है, जिससे वजन घटता है।
- **यह** वर्कआउट मांसपेशियों को टोन करता है और शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है।
- **आप** व्यस्त रहते हैं तो 7 मिनट में पूरे शरीर का वर्कआउट करना आपके समय की बचत करता है।
- **यह** कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति को भी सुधारता है।



यह है वर्कआउट प्रोटोकॉल

यह 7 मिनट में सात अलग-अलग एक्सरसाइज हैं, जिसे 30-30 सेकंड तक किया जाता है। हर एक्सरसाइज के बीच में 10 सेकंड का ब्रेक होता है। पूरे वर्कआउट को एक या बिना ब्रेक दो राउंड में किया जा सकता है। यहां कुल 12 व्यायाम बताए जा रहे हैं लेकिन इनमें से केवल 7 ही करें।

- **जंपिंग जैक्स/ स्क्वाट्स या फिर पुश-अप्स:** ये वर्कआउट शरीर की ताकत बढ़ा मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करते हैं।
- **हाई नीज:** तेजी से घुटनों को ऊपर की ओर लाकर दौड़ने की यह एक्टिविटी कार्डियो हैल्थ और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाती है, जिससे फैट बर्न होता है।
- **माउंटेन क्लाइम्बर्स, लंजेस या फिर बर्पी:** ये पूरी बॉडी एक्सरसाइज हैं, जिसमें स्क्वाट, पुश-अप और कूदने की एक्टिविटी शामिल होती है। बर्पी हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज है जो तेजी से कैलोरी जलाने में मदद करती है।
- **फ्रॉग जंप्स:** यह पूरे शरीर की ताकत को बढ़ाता एवं मांसपेशियों को मजबूत करता है, साथ ही फैट बर्न करता है। स्क्वाट पोजीशन में बैठें, फिर जोरदार कूद लगाकर उसी पोजीशन में आ जाएं।
- **साइक्लिंग क्रंच/ प्लैंक/ सीटेड रशियन ट्विस्ट या फिर जम्प स्क्वाट :** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने यह पाया है कि ये वर्कआउट्स शरीर में फैट बर्निंग और मसल्स बिल्डिंग में मदद करते हैं।

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

स्पंदन



गुलाब कोठारी

लेखक पत्रिका समूह के प्रधान संपादक हैं

संकल्प-2



संकल्प मन का बन्धन-कारक भी बन जाता है। बिना संकल्प के किया गया कर्म-फल भी इच्छा रहित होने के कारण-कर्म की परिभाषा से मुक्त रहता है। वह क्रिया-भाव रह जाता है। संकल्प के विरुद्ध आचरण करने पर प्रायश्चित भी करना पड़ता है। अतः संकल्प करने के स्थान पर अपने कार्यों को ईश्वर को समर्पित करना ज्यादा हितकारी है। इसमें जब कामना ही नहीं रहेगी और आराधना ही रह जाएगी तो पुराने संस्कारों का भी लक्ष्य-क्षरण होता चला जाएगा।

इसका उदाहरण ब्रह्मचर्य का संकल्प है। इच्छा होना प्राकृतिक भाव है। इस इच्छा को रोका नहीं जा सकता। संकल्प करते ही इस भाव को दबाने का प्रयास किया जाने लगता है। एक द्वन्द्व शुरू हो जाता है। व्यक्ति द्वन्द्व में उलझा रहता है। विषय भी ओझल हो जाता है। भावों को दबाते रहने पर या तो शरीर विकारग्रस्त हो जाता है या संकल्प बन्धन-मुक्त होने का प्रयास करता है। निमित्त पाकर अपराध कर बैठता है। उम्र भर मन से उलझते रहना भी शान्ति का मार्ग नहीं हो सकता। अधिकांश संकल्प बुद्धि के स्तर पर किए जाते हैं। इनमें एक विशेष प्रकार का अहंकार होता है। बुद्धि के स्तर पर सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण जब ब्रह्मचर्य व्रत लिया जाता है और मन में इच्छा बलवती बनी रहती है, तब समाज पथभ्रष्ट होता है। अनेक संन्यासी भी इसकी मार खा बैठते हैं। परस्त्री-गमन का मार्ग पकड़ना मजबूरी हो जाती है। संकल्प स्वयं में नासूर बन जाता है।

मन में केवल इच्छा उठती रहती है। ज्ञान के सहारे उसे दिशा देने की आवश्यकता है। विषय को समझने की आवश्यकता है। विषय को समझना एक बात है और विषय से लड़ना दूसरी बात है। संकल्प सदा विकल्पों के साथ रहता है। विषय का ज्ञान होते ही टकराहट समाप्त हो जाती है। संकल्प की आवश्यकता ही नहीं रहती। ब्रह्मचर्य का प्रथम सोपान है– कामवासना के स्वरूप को समझना। 'एकोऽहं बहुस्याम्' को समझना। 'बहुस्याम्' का कार्य पूरा हो जाए तो इसी ऊर्जा का उपयोग करके फिर 'एकोऽहं' का मार्ग पकड़ लेना। ऊर्जा तो वही रहेगी, दिशा देना ज्ञान का कार्य है। 'एकोज्ञानं ज्ञानं' ही ऐसी दिशा दे सकता है। जीवन में वे ही संकल्प दृढ़ हो पाते हैं जो ठोकर खाकर मन में पैदा होते हैं। पश्चाताप के बाद उत्पन्न होते हैं। व्यक्ति के अनुभवों के परिणाम रूप निर्मित होते हैं। इनमें जीवन का चित्रण होता है।

हर व्यक्ति का जीवन संकल्प-विकल्प का ही एक दौर है। ज्ञान और अज्ञान का संघर्ष है। मन में एक ओर ऊपर उठने की इच्छा होती है और व्यक्ति संकल्प करता है। कुछ पाना चाहता है, संकल्प करने लगता है। संकल्प व्यक्ति के कार्यों की दिशा एक करने का ही तो निर्णय है। बिना संकल्प के कभी भी बड़े कार्य नहीं हो सकते। संकल्प के कारण व्यक्ति अपने बूते के बाहर भी छलांग लगा लेता है। आम बोलचाल की भाषा में सौगंध (कसम) खाने को ही संकल्प कहते हैं। आज के बाद ऐसा ही करूंगा/करूंगी। अथवा ऐसा नहीं करूंगा/करूंगी।

कल्प का अर्थ है उचित, व्यवहार के योग्य। समर्थ और सक्षम भी इसके अर्थ हैं। वैसे, जैन दर्शन में काल के एक अंश को भी कल्प कहते हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उचित को ग्रहण करना ही संकल्प है। हां, अहंकार के वश में व्यक्ति अनुचित को ही उचित मानकर संकल्प कर लेता है। उसका विवेक तो उसके निर्णय को गलत क्यों मानेगा? जहां आशंका हो, अनिश्चय अथवा संकोच हो, वहां मन में अनेक विकल्प उठते हैं। विकल्पों का एक बड़ा कारण अज्ञान भी है। यहां वैकल्पिक की ओर ध्यान नहीं देना चाहिए, जहां चयन की स्वतंत्रता होती है। वैसे तो स्थिति यह भी अनिर्णय अथवा अक्षमता की ही होती है। संकल्प प्रतिज्ञा-सूचक है। विकल्प नहीं ढूंढ़ता। संकल्प से व्यक्ति का ध्यान विषय पर केन्द्रित हो जाता है। विभिन्न भाषाओं पर विचार कर वह सोचने लगता है। अपनी भाषाओं के ज्ञान का अंग नहीं बन सकता। विडम्बना भी यही है कि व्यक्ति बाहरी ज्ञान को स्वयं का ज्ञान मानकर व्यवहार करता रहता है। स्वयं की आत्मा इससे जुड़ ही नहीं पाती और वह जीवन पूरा करके चल देता है। दुर्लभ कहा जाने वाला मनुष्य जीवन उसके काम नहीं आता। वह कोई संकल्प नहीं कर पाता।

जब मन में इच्छा उठती है तो पहला क्रम होता है उस इच्छा की स्वीकृति, अवग्रह, ईहा और अवगम। मन पहले स्वीकृति प्रदान करे कि इच्छा को पूरा करना है या नहीं। विवेक की पहली महती भूमिका यही दिखाई देती है। संकल्पवान मन में यहीं से विकल्प उठने लगते हैं। इन्द्रिय सुख, तात्कालिक लाभ, संकुचन जैसे विरोधी तत्त्व मन को प्रभावित करके अन्य दिशा में खींचना चाहते हैं। संकल्प भी यदि किसी दबाव में अथवा लिहाज में किया जाए तो उसके परिणाम और भी घातक होते हैं। भीतर तो इच्छा कुछ और रहती है, किन्तु बाहर व्यक्ति संकल्पवान बना रहना चाहता है। भीतर की इच्छा इस अवरोध को सहन करना नहीं चाहती। दबाते रहने से इच्छा मरती भी नहीं है, बाहर का व्यवहार जरूर नाटकीय हो जाता है। यहीं से पथ-भ्रष्ट होने का मार्ग बनता है। **(समाप्त)**

gulabkothari@epatrika.com

सामाजिक संस्कारों से जुड़ा यह स्तंभ नई पीढ़ी को भी पढ़ाएं।

लघुकथा

SHORT STORIES

सुनहरे हस्ताक्षर!



दिलीप शर्मा

patrika.com

आरे पूर्णिमा जरा शादी के निमंत्रण में कार्यक्रम पर तो जरा नजर डाल ले। दीपेश ने कार्ड मंगवाते हुए कहा। हां, बिलकुल कुछ देखा नहीं मैंने भी ध्यान से। यह देखो निकासी का कार्यक्रम भी जल्दी का ही है और भात भी एक दिन पहले का ही है और यह सुनो रिंग सेरेमनी भी महिला संगीत के साथ ही रखी है, दीपेश ने पूर्णिमा को जानकारी देते हुए कहा। पूर्णिमा शादी का बैग और तैयारी करते हुए बोली, हमें एक दिन पहले ही निकलना होगा ताकि सभी से मिल सकें। कुछ लोगों से वर्षों से नहीं मिले। बस फोन पर बात हो पाती है। हां हां सही रहेगा एक दिन पहले ही निकलते हैं। दीपेश ने हामी भरी।

दूसरी तरफ मधुसूदन चाचाजी नींद से उठते हुए बोले, तुम सब तो बस प्रीतिभोज का ध्यान रखो। बाकी सब छोड़ो। शायद उन्होंने यह नींद की आगोशी में कहा या मजाक में, लेकिन दीपेश और पूर्णिमा हक्के-बक्के रह गए कि क्या वो इतनी दूर का सफर कर सिर्फ प्रीतिभोज के लिए ही आए हैं, पर अपने से बड़ों को जवाब कैसे दें। यह सोच वह दोनों चुप रहे। दूसरी तरफ आज यह पुनः सिद्ध हो चुका था कि लोग कुछ भी सोच सकते हैं। इस बात पर सोच ने अपने सुनहरे हस्ताक्षर कर दिए थे।

सीख

SHORT STORIES

प्रतिबिम्ब



अंजु अग्निहोत्री

patrika.com

अपने संस्थान के कर्मचारियों को सबक सिखाने के लिए गेट पर नोटिस लगा दिया गया कि कंपनी में अभी तक जो व्यक्ति आपको आगे बढ़ने से रोक रहा था, कल उसकी मृत्यु हो गई। उसे आखिरी बार देखने बारी-बारी से मीटिंग हॉल में जाएं और उसे देखने का कष्ट करें। नोटिस पढ़ सभी को दुख और जिज्ञासा हुई आखिर वो कौन था जिसने उसकी प्रगति रोकी! हॉल के बाहर गार्ड सभी को एक-एक करके ही अंदर जाने दे रहा था।

अंदर जाने वाला व्यक्ति काफी गंभीर होकर बाहर निकलता, जैसे किसी करीबी की मृत्यु हुई हो। अंदर जाने की बारी एक पुराने कर्मचारी की आई, जिसे हर चीज से शिकायत रहती है। आज तो वो थोड़ा खुश लग रहा था।

उसे लगा कि चलो जिसकी वजह से समस्याएं थीं, वो गुजर गया। मीटिंग हॉल में तेजी से ताबूत के पास पहुंच कर अंदर झांकने लगा। पर यह क्या... अंदर तो एक बड़ा सा आईना रखा हुआ था।

यह देख कर्मचारी क्रोधित हो उठा और जोर से चिल्लाने को हुआ, तभी उसे आईने के बगल में एक संदेश लिखा हुआ दिखा- इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति है, जो आपकी ग्रोथ... आपकी उन्नति... आपकी तरक्की रोक सकता है और वो आप खुद हैं। इस पूरे संसार में आप वो अकेले व्यक्ति हैं, जो अपनी जिंदगी में क्रांति ला सकते हैं। यह पढ़कर वह झेंप गया।

मुझे इसके कराहने पर बड़ा प्यार आता है, क्योंकि जब तक इसके शरीर से कराहने की आवाज आती है, मतलब ये जिंदा है। जिस दिन कराहना बंद हुआ तो सब बंद हो जाएगा।

जानकी

डॉ. शालिनी गोयल

patrika.com



आइसीयू से दो दिन पहले वार्ड में शिफ्ट हुई जानकी की हालत बहुत खराब है। वैसे तो उस वार्ड में कोई भी ठीक नहीं है, क्योंकि वह हृदय रोगी मरीजों का वार्ड है। बस ऐसा कह सकते हैं कि कोई कुछ ज्यादा बीमार है और कोई कम बीमार है। उस वार्ड में हर तरफ मरीजों की दवाइयों की गंध फैली हुई है। हर मरीज अपने-अपने दर्द से दुखी है, मगर जानकी की आवाज सबसे तेज है। उसका कराहना साफतौर पर सुनाई देता है। वार्ड बॉय और डॉक्टर राउंड पर आते तो एक बार जरूर झिड़क जाते, पर शायद जानकी पर किसी भी बात का असर होना ही बंद हो गया था।

जिंदगी में जानकी ने कभी हार नहीं मानी। चार बेटियों की मां होते हुए पूरी जीवटता से जीवन जिया। घर-परिवार चलाने के लिए दिन-रात संघर्ष किया। जीवन को पूरी तरह जिंदादिली से जीने वाली यही जानकी सारे रिश्ते-नातों को मन से निभाने में विश्वास रखा करती थी। परिवार या बिरादरी में किसी के घर शादी या कोई और मांगलिक अवसर हो तो पहला बुलावा जानकी के पास ही आता था। खरीदारी से लेकर मंगल गीत गाने तक के सारे काम में उसकी पूरी भागीदारी रहा करती। जब गीतों में ढोलक पर उसके हाथों की पहली थाप पड़ती तो मानो पूरा माहौल बन जाता। हर कोई थिरकने को मजबूर हो जाता। सब यही कहते जानकी बिना कोई रौनक नहीं। सबकी खुशियों में खुले दिल से शरीक होने वाली जानकी का एक छोटा सा सपना था कि उसका अपना छोटा सा घरौंदा हो। बहुत मन्नत के बाद वो सपना पूरा तो हुआ, पर जानकी को बहुत मेहनत करनी पड़ी। उसकी कोशिशों का ही परिणाम था कि घर भी बन गया और समय आने पर बेटियां भी ब्याह दी गईं। हाड़-तोड़ मेहनत कर उसने सारे काम निपटा दिए। खुद ज्यादा पढ़ी नहीं थी, मगर बेटियों को जरूर पढ़ाया। कोशिश तो उसने अपने इकलौते बेटे को पढ़ाने की भी की मगर गलत संगत का असर उस पर ऐसा हुआ कि जानकी की हर कोशिश बेकार होती गई। पहले पहल समझाती थी फिर एक दो बार तो हाथ भी छोड़ दिया मगर वो नहीं सुधरा। उसके बाप से बचाने के लिए जानकी उसकी हरकतों पर परदा डालती रही। यही गलती उसकी जिंदगी का नासूर बन गई। जिस बेटे के लिए उसने किसी की बात नहीं सुनी। उसी की बदलती हरकतों ने उसे अंदर से तोड़ कर रख दिया। दिल में छुपाया हुआ गम कब दिल का रोग बन गया वो जान ही नहीं पाई। जिंदगी की जंग को हौसले से जीतने वाली अपनी ही औलाद से हार गई। जानकी गरीबी से नहीं हारी, पर अपनी आंख के तारे अपने बेटे के जीवन की समस्या ने उसे तोड़ दिया। तार-तार हो गया उसका जीवन। आज अगर मृत्यु भी सामने आ जाए, तो वह उसका वरण कर सकती है, पर पहले वो अपने बेटे का जीवन बदलना चाहती है, उसे मौत से ज्यादा इस बात का भय है कि उसके बेटे की शेष जिंदगी कैसे कटेगी क्योंकि सब परेशान हैं, दीपक से नहीं, उसकी शराब की लत से। उसके पास घर चलाने के लिए पैसे हों या ना हों पर शराब के लिए हमेशा होते हैं। मां समझाती है, डांटती है तो मान जाता है, पर शाम ढलते ही शराब उस पर हावी हो जाती है। बस जानकी की बीमारी का कारण यही दुख है, जो उसे तिल-तिल कर मार रहा है।

जानकी को उसके पति रघु ने कई बार चेताया था कि दीपक की शराब की लत नहीं छूटेगी। तू उसकी ज्यादा चिंता मत कर। अपनी हालात देख जरा, पर जानकी ने उसकी बात कभी नहीं सुनी। पति-पत्नी में अक्सर झड़प हो जाती, पर जानकी ने कभी भी रघु की बात नहीं मानी। बेटे दीपक की चिंता में अक्सर अपनी दवाई लेना भूल जाती और आज उसी कारण उसकी हालत खराब है।

वार्ड में उसके बिस्तर के सिरहाने बैठा रघु जानता है कि अब कुछ नहीं बचा है। जानकी को तीन हार्ट अटैक आ चुके हैं। डॉक्टर साफ बता चुके हैं कि कभी भी कुछ भी हो सकता है, पर रघु ने आज भी उम्मीद नहीं छोड़ी है। वह जानकी के पास ही दिन भर बैठा रहता है। उसके कराहने पर उसका सिर सहला देता है। दवाई देनी हो, पानी पिलाना हो सब कुछ रघु अपने आप करता है। जानकी को इन दिनों कभी भी भूख तंग करने लगती है। वो शोर करती है। कल ही रघु ने पास वालों से बिस्किट लेकर उसको खिलाए और जानकी खाते ही गहरी नींद सो गई।

कभी-कभी जानकी का मन बहलाने के लिए उसे फिल्मी गाने सुनाने की कोशिश करता है। दवाइयों के असर से अधसोई जानकी कभी-कभी कराहते हुए उसकी ओर देखकर मुस्कुरा देती, तो रघु निहाल हो जाता है। वह दिन में बस एक बार घर जाता है। नहा कर पूजा करता है और भगवान से जानकी के लिए दुआएं मांगता है। सच जानते हुए भी बच्चों को हौसला देता है कि सब ठीक हो जाएगा। ठाकुर जी पर भरोसा रखना है।

जिंदगी भर चाहे उसने जानकी से कितना भी झगड़ा किया हो, मगर आज जब वो उसे छोड़कर जाने वाली है, तो वो सारी भरपाई एक साथ करना चाहता है। जिंदगी भर जानकी पर रौब दिखाने वाला रघु आज बहुत कमजोर हो गया है। जानकी की धीमी सी कराह भी उसे नींद से जगा देती है। अगर जानकी बहुत ज्यादा देर तक सोती रहे, तो घबरा कर उसकी नब्ज जांचने लगता है कि सांस चल रही है ना उसकी। जानकी का शोर मचाना अब उसे जरा भी नहीं अखरता।

डॉक्टर राउंड पर आए तो जानकी का ऊंची आवाज में कराहना उनको बुरा लगा। जानकी पर नाराज होने लगे, तो रघु ने हाथ जोड़ते हुए कहा, मालिक मैं माफी मांगता हूं इसकी तरफ से, पर इसे दर्द बहुत ज्यादा होता है, तभी तो दवाई खाने के बाद भी बर्दाश्त नहीं होता और कराहती रहती है। वैसे आवाज तो हमेशा से ही तेज है। इससे धीमे तो कभी बोली ही नहीं। तो अब आखिरी बखत में क्या सुधरेगी। वैसे एक बात कहूं डॉक्टर साहब मुझे इसके कराहने पर बड़ा प्यार आता है और सुकून भी मिलता है, क्योंकि जब तक इसके शरीर से कराहने की आवाज आती है, मतलब ये जिंदा है। जिस दिन कराहना बंद हुआ तो सब बंद हो जाएगा। यूं भी जानकी तो हर युग में रघु को अकेला छोड़ती है। डॉक्टर रघु की बात सुनकर स्तब्ध है। सच में अपने जीवनसाथी के साथ प्यार का एक अनूठा रूप है और जानकी के पास वाकई इस प्यार के लिए बहुत कम वक्त है।

काव्यांजलि

POEM

सहयात्री

वीरेन्द्र नारायण झा

कौन किस जाति-मजहब का
किस नाम और देश-भेष का
जरूरत नहीं जानने की
कायम है रिश्ता मगर
उनके बीच
प्यार और अपनापन का
कुछ लम्हों के लिए ही सही
रिश्ता है सहयात्री होने का।

रिश्तों की उम्र

जरूरी नहीं कि
हो रिश्ता ताउम्र का
कुछ वक्त ही सही
जी लें उसे
उम्र भर के लिए।

रिश्ते की बुनियाद

टिका हो जरूरत पर जो रिश्ता
मजबूत होती उसकी बुनियाद
न जरूरत कभी खत्म होती
न ही बुनियाद कमजोर पड़ती।

कड़ी

चलने की जगह से
रेल जोड़ देती
पहुंचना है हमें जहां
फलसफा जिंदगी का यही
दो ठिकानों के बीच
बन जाती कड़ी।

यात्रा

होती नहीं कभी खत्म
इंसानों की यात्रा
शुरू हो जाती
एक के बाद दूसरी
और चलती रहती अनवरत
जब तक जारी रहती
सांसों की यात्रा।

हकीकत

देखे हमने तुम्हारे शहर
दिन के उजाले में
रोशनी में नहाए हुए शहर
रातों में ही अच्छे लगते हैं।

रास्ते घर के

नीचे से ऊपर तक
यहां घर ही घर हैं
सीढ़ियां एक हैं
मगर रास्ते सबके
अलग-अलग हैं।

पुस्तक चर्चा

BOOK REVIEW

डंडिया के संघर्षपूर्ण जीवन का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज



वज्रपुरुष: मिलापचंद डंडिया

राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार मिलापचंद डंडिया के पत्रकारिता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उन पर अभिनंदन ग्रंथ- 'वज्रपुरुष: मिलापचंद डंडिया- उत्कृष्ट पत्रकारिता के 75 वर्ष' प्रकाशित हुआ है।

प्रदेश के लगभग 115 पत्रकारों, साहित्यकारों, राजनीतिज्ञों और विश्लेषकों ने अपने महत्त्वपूर्ण और सारगर्भित आलेख डंडिया पर कलमबद्ध किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, पंजाब राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, अशोक गहलोत, भैरोंसिंह शेखावत, नवल किशोर शर्मा, एशियन एज, टेलीग्राफ और संडे के संपादक एम जे अकबर, पंडित विश्वमोहन भट्ट आदि ने भी अपने-अपने वक्तव्य में डंडिया की उत्कृष्ट पत्रकारिता और कर्म के प्रति जागरूक और पूरे परिश्रम की उपाधि से रेखांकित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है: 'एक निर्भीक पत्रकार, प्रबुद्ध लेखक, चिंतक एवं विचारक के रूप में डंडिया निरन्तर समसामयिक और ज्वलंत विषयों को उठाते रहे हैं।'

वरिष्ठ पत्रकार, विधायक और अभिनंदन ग्रंथ संयोजक डॉ. गोपाल शर्मा ने अपने प्राक्कथन में डंडिया की पत्रकारिता को 'कलम की धमक और उसे बेबाक लेखन' बताते हुए लिखा है, 'उनका हमेशा सक्रिय रहना उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। जैन मत के पुरातात्विक महत्त्व के मंदिरों को बचाने में उनका परिश्रम इसका उल्लेखनीय प्रमाण है। उनकी पत्रकारिता के 75 वर्षों और सक्रियता के पांच दशकों का लेखा-जोखा राजस्थान की पत्रकारिता की दृष्टि से ऐतिहासिक है।'

डंडिया ने पढ़ाई छोड़कर (वर्ष 1948) क्रमशः 'दैनिक जयभूमि' और 'दैनिक लोकवाणी' में उप-संपादक के रूप में कार्य किया। हिंदी और अंग्रेजी के समाचार पत्रों और न्यूज एजेंसी जैसे दैनिक नवज्योति, अमर भारत, दैनिक आज, नई दुनिया, द इकोनॉमिक टाइम्स, द बिजनेस स्टैंडर्ड, द टेलीग्राफ, द ट्रिब्यून, द एशियन ऐज, सण्डे, रविवार, इतवारी पत्रिका, टीवी एजेंसी एएनआइ में पत्रकारिता करते हुए डंडिया को पत्रकारिता के 13 पुरस्कार और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिल चुके हैं। डंडिया की पंडित अर्जुनलाल सेठी, मुखौटों के पीछे, चेहरों का सच, माटी बन गई चंदन, जैन पुरातत्व के विध्वंस की कहानी, राजस्थान ईयर बुक एण्ड हूज हू, आदि पुस्तकें भी नई पीढ़ी के उभरते पत्रकारों के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

- डॉ. यश गोयल

patrika.com

अपनी रचना भेजिए: *अपनी मौलिक और अप्रकाशित कहानी, कविता और लघुकथाएं हमें इस मेल एड्रेस पर भेजिए-sunday@in.patrika.com ध्यान रखें कहानी-1000 और लघुकथा-250 शब्दों से अधिक नहीं हो।*

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/


योजना-ज्ञान

एआइएफ योजना बन रही किसानों की मददगार

कृषि संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास है लक्ष्य



मोहित धमोड़
सीए
Patrika.com



भारत में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने कृषि अवसंरचना कोष (एआइएफ) योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत एक लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे ग्रामीण स्तर पर कृषि संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हो सके।

योजना के उद्देश्य

- **कृषि** भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाओं को बढ़ावा देना।
- **कृषि** उत्पादों की बर्बादी कम कर उनकी गुणवत्ता सुधारना।
- **ग्रामीण** स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना।
- **कृषि** मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना।

कौन ले सकता लाभ?

- **किसान** एवं किसान समूह
- **किसान** उत्पादक संगठन (एफपीओ), आदि
- **स्टार्टअप्स** और एमएसएमइ
- **सहकारी** समितियां एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)
- **निजी** कंपनियां एवं एग्री-टेक उद्यमी

एआइएफ के तहत मिलने वाले लाभ

03 फीसदी तक ब्याज सब्सिडी दी जाती है, जिससे ऋण लेने वालों का वित्तीय बोझ कम होता है।

02 करोड़ रुपए तक का गारंटी मुक्त ऋण भी उपलब्ध है। 07 साल तक की ऋण चुकाने की अवधि।

2020 से 2032 तक इस योजना के तहत वित्तीय सहायता दी जाएगी।

गोदाम, कोल्ड स्टोरेज, एग्री-प्रोसेसिंग यूनिट्स, और सप्लाई चेन फैसिलिटीज के लिए ऋण उपलब्ध है।

एआइएफ के तहत पात्र परियोजनाएं

- **गोदाम** और स्टोरेज यूनिट्स
- **कोल्ड** स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स सेंटर
- **एग्री-प्रोसेसिंग** यूनिट्स (जैसे चावल मिल, मसाला प्रोसेसिंग)
- **पैकेजिंग** और ग्रेडिंग यूनिट्स
- **स्मार्ट** कृषि उपकरण और ड्रोन तकनीक

ऋण स्वीकृति: परियोजना की समीक्षा के बाद ऋण की मंजूरी दी जाती है।

इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया

ऑनलाइन आवेदन:

- आधिकारिक पोर्टल- https://agriinfra.dac.gov.in/
- बैंक या नोडल एजेंसियों के माध्यम से आवेदन।

दस्तावेज आवश्यकताएं:

- आधार कार्ड और पैन कार्ड
- भूमि दस्तावेज (यदि लागू हो)
- प्रोजेक्ट रिपोर्ट
- बैंक स्टेटमेंट

निष्कर्ष

एआइएफ योजना कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे भंडारण, लॉजिस्टिक्स और कृषि-प्रसंस्करण सुविधाएं बढ़ेंगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

इस बारे में ज्यादा जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें...

वित्त ज्ञान | शेयर बाजार में ब्रेकआउट?

नए ट्रेंड को समझें और निवेश करें



हर्षा रामनानी
सीए
Patrika.com

शेयर बाजार में 'ब्रेकआउट' तब होता है, जब किसी स्टॉक की कीमत एक तय दायरे यानी रेंज से बाहर निकलती है। यह दायरा सपोर्ट या रेसिस्टेंस लेवल से बनता है। जब स्टॉक इस लेवल को पार कर जाता है, तो इसका मतलब है कि उसमें नया ट्रेंड शुरू हो सकता है।

ब्रेकआउट का महत्त्व

- ब्रेकआउट ट्रेडर्स और निवेशकों के लिए एक बड़ा संकेत होता है। यह दिखाता है कि किसी स्टॉक में तेजी (बुलीश) या मंदी (बेयरिश) आ सकती है। जब ब्रेकआउट होता है, तो ट्रेडिंग वॉल्यूम भी बढ़ जाता है, जिससे पता चलता कि मार्केट में इस स्टॉक की ज्यादा मांग हो रही है।

ब्रेकआउट के प्रकार

- **बुलिश ब्रेकआउट:** जब स्टॉक की कीमत रेसिस्टेंस लेवल को पार कर ऊपर जाती है।
- **बेयरिश ब्रेकआउट:** जब स्टॉक की कीमत सपोर्ट लेवल तोड़कर नीचे गिरती है।

इसकी रणनीति

- इंट्राडे ट्रेडिंग में ब्रेकआउट बहुत काम आता है। ट्रेडर्स उन स्टॉक्स को चुनते हैं, जो किसी महत्त्वपूर्ण लेवल को पार करने वाले होते हैं।



1. **सही स्टॉक चुनें:** ऐसे स्टॉक्स देखें, जिनमें रोज अच्छा वॉल्यूम और हलचल हो।
2. **सपोर्ट और रेसिस्टेंस पहचानें:** चार्ट देखकर पता करें कि स्टॉक किस रेंज में है।
3. **ब्रेकआउट कंफर्म करें:** सिर्फ कीमत ऊपर-नीचे होने से ब्रेकआउट नहीं होता, वॉल्यूम भी बढ़ना चाहिए।
4. **स्टॉप लॉस लगाएं:** जोखिम कम करने के लिए स्टॉप लॉस सेट करें।

उदाहरण से समझें

जैसे कोई शेयर 1180-1200 रुपए के बीच ट्रेड कर रहा है। अगर यह 1200 रुपए को पार करता है और ट्रेडिंग वॉल्यूम भी बढ़ता है तो यह बुलिश ब्रेकआउट होगा। इसका अर्थ स्टॉक में ऊपर जाने की संभावना है।

यह पावरफुल तरीका, रिस्क भी है...

इसमें ट्रेडर्स अच्छा पैसा कमा सकते हैं, पर रिस्क भी होता है। सही जानकारी-रणनीति के साथ ट्रेडिंग करने से सफलता की संभावना बढ़ती है।

- **अवसर पहचानना:** ब्रेकआउट संकेत देता है कि बाजार में नए अवसर आ सकते हैं।
- **जोखिम प्रबंधन:** उच्च जोखिम के समय सही जोखिम प्रबंधन जरूरी है।
- **नए रुझान:** ब्रेकआउट एक नए ट्रेंड का संकेत है, इसलिए बदलावों पर ध्यान दें।
- **संतुलित दृष्टिकोण:** जोखिम और लाभ के बीच संतुलन बनाए रखें।
- **तकनीकी विश्लेषण:** चार्ट्स और संकेतकों के जरिए ब्रेकआउट की पहचान करें।
- **धैर्य और अनुशासन:** अस्थिरता से न घबराएं, लंबी अवधि में धैर्य रखें।
- **विविधता और पोर्टफोलियो:** सही पोर्टफोलियो निर्माण करें और निवेश में विविधता रखें।

पैसे का सवाल Q A

पत्नी को भी ब्याज पर लोन देकर टैक्स बचा सकते हैं



श्रुति गुप्ता
सीए
Patrika.com

*विशेषज्ञ से सवालों के जवाब जानिए। अपना सवाल वाट्सऐप नंबर **8955003879** पर भेजें।*

Q क्या मैं पत्नी को 0% ब्याज पर लोन देकर इनकम टैक्स बचा सकता हूं? *-विकास*

हां, आप अपनी पत्नी को 0% ब्याज पर लोन देकर इनकम टैक्स बचाने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन इसमें कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

इनकम क्लबिंग नियम

इनकम क्लबिंग (धारा 64) के तहत पत्नी को पैसे देते हैं और वह कमाई के लिए कहीं लगाती हैं, तो उनकी कमाई आपकी आय मानी जाएगी। उदाहरण के लिए 5 लाख रु. का बिना ब्याज लोन देकर अर्जित 25,000 रु. का एफडी ब्याज आपकी आय में जोड़ा जाएगा।

लोन-गिफ्ट में अंतर

यदि आप गिफ्ट देते हैं, तो यह टैक्स-फ्री रहेगा, लेकिन इससे होने वाली आय आपकी इनकम में जुड़ जाएगी। यदि आप लोन देते हैं, तो आपको इसे एक प्रॉपर डॉक्यूमेंट में दिखाना चाहिए और बेहतर होगा कि एक सिंबलिक ब्याज (जैसे 1%) चार्ज करें।


अगर पत्नी की स्वतंत्र आय है और वह आपके पैसे से निवेश करती हैं, तो क्लबिंग नियम लागू नहीं होंगे। लोन का सही डॉक्यूमेंटेशन रखें। अगर पत्नी की स्वतंत्र आय नहीं है और टैक्स स्लैब 0% या 5% है, तो कुछ मामलों में टैक्स बचत हो सकती है। क्लबिंग नियम लागू होने पर बचत नहीं होगी।

बेहतर विकल्प ये हो सकते

यदि पत्नी के नाम से व्यवसाय या फ्रीलांस वर्क हो, तो बिजनेस लोन देकर टैक्स उसकी दर से लगेगा। गिफ्ट देने की बजाय, उसके नाम पर असेट खरीदना बेहतर है। टैक्स बचाने के लिए इनकम व निवेश के आधार पर सही रणनीति बनाएं।

लीगल व्यू

वसीयत रजिस्टर्ड करवाने से प्रामाणिकता अधिक हो जाती है



राजकुमार शर्मा
एडवोकेट
Patrika.com

एक वैध वसीयत के लिए कुछ कानूनी औपचारिकताएं होती हैं। वसीयतकर्ता की आयु 18 वर्ष से अधिक और मानसिक रूप से सक्षम होना आवश्यक है। वसीयत में संपत्ति और उत्तराधिकारियों का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार के विवाद से बचा जा सके। इस दस्तावेज को मान्य बनाने के लिए दो स्वतंत्र गवाहों के हस्ताक्षर अनिवार्य होते हैं जो प्रमाणित करते हैं कि वसीयतकर्ता ने इसे अपनी इच्छा से बनाया है। वसीयत को किसी साधारण कागज पर हाथ से लिखकर या टाइप करवाकर बनाया जा सकता है। इसे कितनी भी बार बदला या संशोधित किया जा सकता है, लेकिन



जीवनकाल में अंतिम बार लिखी गई वसीयत ही मान्य होगी। वसीयत का पंजीकरण अनिवार्य नहीं है, लेकिन इसे रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत करवाने से यह अधिक प्रमाणिक होती है और कानूनी विवादों से बचाव संभव होता है। यदि किसी उत्तराधिकारी को विरासत से वंचित किया जा रहा है, तो उसका स्पष्ट उल्लेख आवश्यक है। वसीयत में निष्पादक का नाम देना उचित होता है, जो संपत्ति के वितरण को सुनिश्चित करेगा। दस्तावेज के हर पन्ने पर हस्ताक्षर जरूरी है। इसे बनाने में वकील की मदद लेना समझदारी होगी।


मेरा दस्तावेज

कैसे बनवाएं डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस

यदि आपका ड्राइविंग लाइसेंस खो गया हो या किसी कारणवश उसे बदलवाना चाहते हैं तो आप आसानी से डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस पा सकते हैं। सबसे पहले आपको अपने नजदीकी आरटीओ कार्यालय जाना होगा, जहां से आप डुप्लीकेट लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद, आवेदन पत्र में अपनी जानकारी भरें और आवश्यक दस्तावेजों की मूल कॉपी और फोटोकॉपी जमा करें। इनमें पासपोर्ट साइज फोटो, एफआइआर की कॉपी, हलफनामा, आधार कार्ड, आवास प्रमाण पत्र व डेट आर्फ बर्थ सर्टिफिकेट शामिल हैं। साथ ही, आवेदन शुल्क का भुगतान करें और रसीद लें। कुछ दिनों बाद, आपका डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस आपके पते पर भेज दिया जाता है। यह प्रक्रिया सरल व त्वरित है, जिससे ड्राइविंग लाइसेंस की दोबारा पाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। हालांकि इसमें हर राज्य के नियम अलग होते हैं इसलिए स्थानीय आरटीओ कार्यलय से भी संपर्क करें।

कंज्यूमर कोना

'बेस्ट बिफोर' और 'यूज बाइ डेट' में फर्क समझना जरूरी



डॉ. अनन्त शर्मा
नेशनल चेयरमैन, कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन
Patrika.com

बहुत से उपभोक्ता पैकेटबंद उत्पाद खरीदते हैं। ऐसे उत्पादों पर एक्सपायरी डेट देखकर ही सामान खरीदने की सलाह दी जाती है। प्रोडक्ट पर मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट छापने के प्रावधान हैं। लेकिन अब कुछ कानूनी प्रावधानों में बदलाव कर कुछ प्रोडक्ट पर एक्सपायरी डेट की जगह 'बेस्ट बिफोर' या 'यूज बाइ डेट' प्रकाशित का प्रावधान किया गया है। उपभोक्ता को उत्पाद खरीदते समय उस पर मैन्युफैक्चरिंग डेट के साथ एक्सपायरी, बेस्ट बिफोर या यूज बाई डेट देखनी चाहिए और तीनों में फर्क समझना चाहिए।

ऐसे समझें अंतर

'एक्सपायरी डेट' या 'यूज बाइ डेट' निकलने के बाद उत्पाद का उपयोग न करें जबकि 'बेस्ट बिफोर डेट' या टाइम निकलने के बाद भी ऐसे उत्पाद का उपयोग कर सकते हैं क्योंकि ऐसे उत्पाद इसके बाद भी कुछ समय तक उपयोग के लायक रहते हैं। अगर प्रोडक्ट पर डेट प्रकाशित नहीं है तो लीगल मैट्रोलॉजी विभाग या उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

पाठक भी हमसे जुड़ सकते हैं

*मनी-मंत्र पेज पर दी गई जानकारी आपको कैसी लगी। सुझाव देने के लिए **हमें वाट्सऐप 8955003879 करें।***

*आज की तकनीक कल बेहतर हो सकती है और हमेशा नया करने की प्रेरणा रखें। - **सुंदर पिचाई**, सीईओ, गूगल*

{ पत्रिकाबुक } patrika book

patrika.com/gadget-news

स्मार्ट टिप्स

दिन रात बजने वाले स्पैम कॉल्स को कैसे बंद करें?



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

स्पैम कॉल्स, जो अक्सर आते रहते हैं। यह कभी भी आते हैं, जिससे कई बार परेशानी भी होती है। अपने मोबाइल की सेटिंग्स में कुछ बदलाव कर इन अनचाहे कॉल्स से बच सकते हैं।

एंड्रॉयड फोन के लिए

1. **फोन ऐप खोलें** - सबसे पहले मोबाइल में फोन ऐप को खोलें।
2. **सेटिंग्स में जाएं** - ऊपर दाईं ओर तीन डॉट्स पर क्लिक करें और सेटिंग्स का विकल्प चुनें।
3. **स्पैम कॉल्स** से बचाव के लिए कॉलर आइडी एंड स्पैम या स्पैम प्रोटेक्शन को ऑन करें। इससे गूगल का सिस्टम कोशिश करेगा कि कॉल स्पैम है या नहीं और फिर आपको अलर्ट भी देगा।

आइ फोन (आइओएस) में स्पैम को कैसे बंद करें

साइलेंस अननोन कॉलर्स का इस्तेमाल करें। यह आइफोन में एक बेहतरीन विकल्प है, जिसे आप एक्टिव कर सकते हैं। इसके बाद अननोन या स्पैम नंबरों से कॉल नहीं आएंगी।

डू नॉट डिस्टर्ब एक्टिव करें

इसे एक्टिव करने से आपके फोन पर आने वाली गैरजरूरी कॉल्स कम हो सकती हैं, क्योंकि ये सेवा स्पैम कॉल्स और प्रचारक कॉल्स को ब्लॉक करती है।

एडवांस स्पैम कॉल डिटेक्शन ऐप्स का इस्तेमाल करें

कई ऐप्स विशेष रूप से एआइ का उपयोग करके स्पैम कॉल्स को पहचानने और रोकने के लिए बनाए गए हैं। ये ऐप्स कॉल्स की स्क्रीनिंग कर ऐसे कॉल्स की पहचानन कर आपके फोन पर आने से पहले ही ब्लॉक करेंगे। लेकिन इनका चयन भी सावधानी से करें।

गैजेट अपडेट

एआइ गैजेट्स से गार्डनिंग को बनाएं आसान और मजेदार

एआइ गार्डनिंग गैजेट्स को इमेज रिकग्निशन और डेटा एनालिसिस तकनीक का उपयोग करके पौधों की सेहत पर नजर रखने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। ये गैजेट्स पौधों के पत्तों, जड़ों और रंग के आधार पर रोगों या कीटों की समस्या का पहले ही पता लगा सकते हैं।

स्मार्ट स्प्रिंकलर कंट्रोलर

यह डिवाइस मौसम की स्थिति और मिट्टी की नमी के आधार पर पानी देने के समय को नियंत्रित करती है। एआइ की मदद से डिवाइस तय करती है कि कब और कितना पानी देना चाहिए, जिससे पानी की बर्बादी कम हो और पौधे सही और स्वस्थ्य रहें।



गार्डन सेंसर

स्मार्ट गार्डन सेंसर एक आधुनिक डिवाइस है जो मिट्टी की नमी, तापमान, प्रकाश और पोषक तत्वों को ट्रैक कर मोबाइल ऐप में डेटा भेजता है। एआइ की मदद से यह पौधों की देखभाल के सुझाव देता है, जैसे पानी कब देना है, पोषक तत्त्वों और रोशनी की जरूरत कब-कब है।



सोलर प्लांट प्रोटेक्टर

यह स्मार्ट प्लांट प्रोटेक्टर है, जो पौधों को धूप और अत्यधिक गर्मी से बचाता है। यह डिवाइस सोलर पावर से चलता है और आपके पौधों को तेज धूप और सूरज की गर्मी से सुरक्षा प्रदान करता है। यह आपके प्लांट्स को अल्ट्रावायलेट किरणों से भी सुरक्षित रखता है।

हाइड्रोपोनिक गार्डनिंग सिस्टमर

हाइड्रोपोनिक्स में पौधों को उगाने के लिए मिट्टी की जरूरत नहीं होती। ये छोटे पौधों और जड़ी-बूटियों के लिए आदर्श है। यह गार्डनिंग डिवाइस एआइ से पानी, पोषक तत्त्व और लाइट को नियंत्रित करता है। यह पौधों की देखभाल और उनकी वृद्धि को भी ट्रैक करता है।

टेक टॉक | सिर्फ प्रोडक्ट तक सीमित नहीं रहता इनोवेशन

एआइ हमें बर्बाद नहीं, बचाने का काम करेगी



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

जेफ बेजोस, जिन्हें हम अमेजॉन के संस्थापक के रूप में भी पहचानते हैं न केवल व्यापार जगत में क्रांति लाए बल्कि टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में भी उनका विशेष योगदान है। बेजोस का मानना है कि जब टेक्नोलॉजी का सही तरीके से उपयोग किया जाता है, तो यह मानवता की सेवा करने का सबसे प्रभावी तरीका बनता है। उन्होंने अमेजॉन के निर्माण के दौरान यह सिद्ध कर दिया कि कैसे तकनीकी समाधानों से कार्य को सरल और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

विजन और इनोवेशन

बेजोस अक्सर कहते हैं कि एक सफल टेक लीडर वही होता है जो भविष्य को देख सके और भविष्य की समस्याओं के लिए पहले से समाधान तैयार कर ले। अमेजॉन प्राइम, एलेक्सा और अमेजॉन वेब सर्विसेज जैसे इनोवेशन इस सोच को सही साबित करते हैं। बेजोस का मानना है कि हर कंपनी को अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझने और नए तरीके से समस्याओं को हल करने के लिए इनोवेशन के रास्ते पर चलना चाहिए। इनोवेशन सिर्फ उत्पादों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह एक कंपनी की संस्कृति और उसके विचारों में गहरा समावेश होता है। जब ये सभी मिलते हैं तो उसका सही उपयोग होता है।

*एआइ के आने से मनुष्यों की भूमिका पूरी तरह से खत्म नहीं होगी। एआइ इंसान का सहायक होगा, न कि उसका स्थान ले लेगा। - **जेफ बेजोस,** अमेजॉन के संस्थापक*

छोट लाभ की बजाय, बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें

बेजोस लॉन्ग-टर्म सोच में विश्वास करते है। वे अक्सर यह बताते हैं कि सफलता को केवल तात्कालिक परिणामों से नहीं मापा जा सकता, बल्कि यह लंबे समय तक की रणनीति और दृढ़ता से आती है। उनका विश्वास है कि कंपनियों को छोटे लाभ की बजाय बड़े लक्ष्यों के लिए काम करना चाहिए।

युवा पीढ़ी एआइ को अच्छी तरह से सीखें

बेजोस ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा है कि युवाओं को एआइ और टेक्नोलॉजी में अधिक रुचि रखनी चाहिए। वे मानते हैं कि आने वाले समय में एआइ व अन्य तकनीकों के साथ काम करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि हम अपने कौशल को समय के साथ अपडेट करें और नई तकनीकों को समझें।

एआइ से भी बढ़ रहे हैं अवसर

बेजोस एआइ के प्रभाव को लेकर सकारात्मक हैं और मानते हैं कि यह मानवता की मदद करने और उसे लाभ पहुंचाने के लिए अधिक उपयुक्त है, न कि कोई खतरा बनने के लिए। वे कहते हैं कि एआइ का उपयोग हमें बचाने और बेहतर बनाने में किया जाएगा, न कि नुकसान पहुंचाने में। बेजोस ने यह भी बताया कि उनकी कंपनी का 95% कार्य एआइ से हो रहा है। साथ ही उनकी कंपनी में करीब 15 लाख स्थाई और अस्थाई लोग काम कर रहे हैं। इसे समझाते हुए वे एक उदाहरण देते हैं 'जैसे टेलीस्कोप आविष्कार था, लेकिन जब हम उससे बृहस्पति की ओर देखकर उसके चंदमाओं का पता लगाते हैं, तो वह एक खोज होती है।'

फीचर अपडेट

लो लाइट से बेहतर बनाएं वीडियो कॉल



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

वाट्सऐप ने हाल ही अपने वीडियो कॉलिंग फीचर में 'लो-लाइट' मोड जोड़ा है, जो कम रोशनी में वीडियो कॉल की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। यह फीचर अपने आप वीडियो कॉल की रोशनी को बढ़ा देता है, जिससे कम रोशनी में भी आपकी छवि स्पष्ट नजर आती है ।

कैसे ऑन करें लो-लाइट मोड

- **अपने** मोबाइल या अन्य डिवाइस में वॉट्सऐप को खोलें।
- **फिर** वीडियो कॉल के लिए अपने कॉन्टेक्ट में से किसी एक व्यक्ति को चुनें और वीडियो कॉल शुरू करें।
- **वीडियो** कॉल के दौरान, स्क्रीन के नीचे दाएं कोने में **'बल्ब'** आइकन दिखाई देगा।
- **इस** आइकन पर टैप करें इससे लो-लाइट मोड सक्रिय हो जाएगा।
- **लो-लाइट** मोड को बंद करने के लिए, फिर से उसी आइकन पर टैप करें।
- **यह** फीचर एंड्रॉयड और आइओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।
- **लो-लाइट** मोड को हर वीडियो कॉल के लिए मैन्युअली एक्टिव करना पड़ता है। यह स्वचालित रूप से सभी कॉल्स में एक्टिव नहीं होता है।

टेक टॉक | क्रिएटिविटी की जगह नहीं ले सकता एआइ

ईमेल के लिए एआइ का यूज कब करें और कब नहीं



आशीष खंडेलवाल
तकनीकी एक्सपर्ट एवं ब्लॉगर
Patrika.com



आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ की मदद से ईमेल लिखना बहुत आसान हो गया है। एआइ कुछ ही सेकंड में ईमेल का ड्राफ्ट बना सकता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप हमेशा एआइ का ही इस्तेमाल करें। कुछ ईमेल ऑटोमेशन से अच्छे हो जाते हैं, जबकि कुछ में ह्यूमन टच भी बहुत जरूरी होता है।

कब एआइ का इस्तेमाल करें

सरल ईमेल के लिए: अगर आपको कोई सीधा और सरल संदेश भेजना है तो एआइ का इस्तेमाल करना ठीक है। जैसे किसी मीटिंग का समय तय करना है तो एआइ से मदद लें।

जब आपको बहुत ज्यादा ईमेल मिलते हैं: अगर आपको बहुत सारे ईमेल आते हैं और आपको उन सभी का जवाब देना है तो एआइ आपकी मदद कर सकता है। आप एआइ को अपने जवाब के कुछ पॉइंट्स बता सकते हैं और एआइ उन्हें अच्छे ईमेल में बदल देता है।

अपने लेखन को बेहतर बनाने के लिए: अगर आप ईमेल लिखने में अटक जाते हैं तो एआइ आपकी मदद कर सकता है। आप एआइ को अपना ड्राफ्ट दिखा सकते हैं और उससे सुझाव मांग सकते हैं।

कब इस्तेमाल नहीं करें

रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच की जरूरत हो: अगर किसी ऐसे ईमेल का जवाब देना है जिसमें आपकी अपनी राय और सोच की जरूरत है तो एआइ का इस्तेमाल न करें। एआई डेटा और पैटर्न के आधार पर उत्तर दे सकता है, लेकिन यह आपकी रचनात्मकता और मौलिक सोच की जगह नहीं ले सकता।

आउटपुट एडिट करने का समय नहीं है: यदि आपके पास ईमेल भेजने से पहले उसे ध्यानपूर्वक पढ़ने का समय नहीं है, तो एआइ का यूज न करें। गलत या अस्पष्ट ईमेल से छवि को नुकसान पहुंचा सकता और गलतफहमी पैदा कर सकता है। ईमेल का मैटर सटीक, स्पष्ट और प्रासंगिक होना चाहिए।

https://snapfrom.com/
https://www.888casinogame.com/

justeen 13 से 19 साल बेमिसाल

Young Prodigy



यंगिस्तान

राफा नडाल अकादमी ने पहचानी प्रतिभा

माया ने हाल ही वाइल्डकार्ड के रूप में मुंबई ओपन 2025 में प्रवेश किया और भारत की अगली टेनिस सनसनी के रूप में पहचान बनाई। उन्होंने 2023 में लगातार पांच जूनियर खिताब जीते। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 अंडर-14 शोकेस के लिए भी आमंत्रित किया गया। उन्हें स्पेन में राफा नडाल टेनिस अकादमी की ओर से प्रभावशाली प्रदर्शन की वजह से एक साल का प्रशिक्षण अनुबंध मिला है।

That's The Spirit

कोयंबटूर की माया 646वीं रैंक हासिल कर भारतीय टेनिस के लिए आशाजनक प्रतिभा के रूप में उभरी हैं।

कौन हैं ये

- नाम : **माया राजेश्वरन रेवती**
- उम्र : **15 वर्ष**
- उपलब्धि: मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए125 के सेमीफाइनल में जगह बनाई।
- वर्ष 2023 में लगातार पांच जूनियर खिताब (चार जे60 और एक जे100) जीते।

TRICKS of MEMORY IMPROVEMENT by डॉ.कृष्ण चहल, गिनीज बुक वर्ल्ड रेकॉर्ड



इन्फॉर्मेशन ग्रुपिंग को अपनी स्टडी स्ट्रेटेजी का हिस्सा बनाएं।

बड़ी जानकारी को ऐसे रखें याद!

सूचना समूहीकरण बेहद प्रभावी तकनीक है, जो बड़ी और जटिल जानकारी को छोटे-छोटे समूहों में बांटकर याद रखने में मदद करती है। यह तकनीक आपके दिमाग को कम भार देती है, जिससे आप ज्यादा जानकारी को आसानी से प्रोसेस और स्टोर कर सकते हैं।

- **सूचना** समूहीकरण का मतलब है कि आप बड़ी जानकारी को एक लॉजिकल पैटर्न में छोटे-छोटे समूहों में बांटे। उदाहरण के लिए फोन नंबर याद रखने के लिए 9876543210 को '987-654-3210' के समूहों में बांटा जा सकता है।
- **सूचियां बनाएं-** लंबे टेक्स्ट को छोटे पॉइंट्स या बुलेट्स में लिखें।
- **समान जानकारी को समूहित करें-** विषय के मुख्य टॉपिक्स को एक साथ रखें जैसे साइंस के चैप्टर में 'एनर्जी,' 'मोशन,' और 'थर्मोडायनामिक्स' को एक समूह में जोड़ें।

DO IT YOURSELF

बनाइए कागज की स्प्रिंग!



कागज की स्प्रिंग बनाना मजेदार और आसान ट्रिक है, जिसे बच्चे और बड़े सभी दोहरा सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको कुछ साधारण सामग्री और थोड़े धैर्य की जरूरत होगी। आप अलग-अलग रंगों की कागज की पट्टियों और टेप की मदद से इसे तैयार कर सकते हैं। बनाने का आसान तरीका जानने के लिए वीडियो देखें- **bit.ly/fursat584**

बनाएं हमें अपना BFF

अंग्रेज लेखक सी.एस. लुईस ने कहा था, 'दर्शन, कला और स्वयं ब्रह्मांड की तरह... दोस्ती का कोई अस्तित्वगत मूल्य नहीं है, बल्कि यह उन चीजों में से एक है, जो अस्तित्व को मूल्य प्रदान करती है।' आप भी हमारे ऐसे ही सच्चे दोस्त बन सकते हैं। आप इस मेल पते पर संपर्क कर सकते हैं-

मेल आईडी sunday@in.patrika.com

कचरे को कला में बदलने के हुनरमंद नायक!

कचरे की समस्या एक गंभीर मुद्दा है। हर दिन हम ढेर सारा कचरा उत्पन्न करते हैं, जो हमारे पर्यावरण के लिए हानिकारक है। लेकिन, कुछ ऐसे कलाकार हैं जो इस कचरे को अद्भुत कला में बदलकर नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं। वे पुराने सर्किट बोर्ड, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य फेंकी गई सामग्री को लेकर उन्हें कला के शानदार नमूनों में बदल रहे हैं। ये सुंदर वस्तुएं बनाने के साथ पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता भी फैलाते हैं कि कचरे को भी एक नया जीवन दिया जा सकता है। ऐसे ही कुछ हुनरमंद नायकों की जानकारी-



विश्वनाथ मल्ला बाड़ी दावणगेरे, बेंगलूरु

ई-कचरे से बनाते हैं सुंदर कलाकृतियां

इंजीनियर रह चुके बेंगलूरु के विश्वनाथ ई-कचरे को कला में बदलने के अद्भुत काम के लिए जाने जाते हैं। वे बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे सर्किट बोर्ड, तार और माइक्रोचिप्स को इकट्ठा करते हैं और उन्हें सावधानीपूर्वक जोड़कर जटिल मूर्तियां बनाते हैं। उनकी कृतियों में छोटे रोबोट से लेकर विशाल शहर के दृश्य तक शामिल हैं और हर कलाकृति बेकार पड़ी तकनीक के भीतर छिपी सुंदरता का प्रमाण है। उन्होंने इसकी शुरुआत मजेदार गतिविधि के रूप में की थी। वे बहुत सारा ई-कचरा इकट्ठा करते थे और उनका यह शौक धीरे-धीरे एक जुनून में बदल गया। जब उन्होंने पर्यावरण पर ई-कचरे के प्रभावों के बारे में जाना, तो उनके दृष्टिकोण में बदलाव आया। उन्होंने महसूस किया कि वे ई-कचरे के इस्तेमाल से सुंदर कलाकृतियां बनाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर सकते हैं।

प्रदूषण रोकने के लिए कर रहे जागरूक

मनवीर प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर मुद्दे पर अपनी कला के माध्यम से लोगों का ध्यान आकर्षित करते हैं। वे प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करते हैं और उसे सुंदर और विचारोत्तेजक कलाकृतियों में बदल देते हैं। उनका मिशन है लोगों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने और कचरे को अलग-अलग करने के लिए प्रोत्साहित करना ताकि प्लास्टिक को रीसाइकिल किया जा सके। वे हर 15 दिन में 25 परिवारों से प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करते हैं। वर्ष 2018 में उन्होंने दिल्ली शहर में प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक अभियान शुरू किया था। उनका यह अभियान अब पूरी तरह से कलाकृति निर्माण में बदल गया है।



मनवीर सिंह, दिल्ली

उनके काम को संग्रहालयों, कला दीर्घाओं, कला मेलों और अन्य स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। वे पेशे से एक कलाकार और शिक्षक हैं। वे अब तक 250 किलोग्राम से अधिक सिंगल-यूज प्लास्टिक के सामान जैसे रैपर, बैग, कवर आदि बना चुके हैं। एक कलाकृति को बनाने में औसतन 2-3 महीने लगते हैं।

वॉक फॉर प्लास्टिक की पहल से 13 देश जुड़े

समर्पित कलाकार और पर्यावरण कार्यकर्ता बी. गौतम स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी अनूठी पहल के लिए मशहूर हैं। गौतम का मानना है कि प्लास्टिक प्रदूषण मानवता के लिए गंभीर संकट है और उन्होंने इस मुद्दे से निपटने के लिए कला का सहारा लिया है। वे प्लास्टिक कचरे से कलाकृतियां बनाकर न केवल अपने समुदाय में सफाई के प्रति जागरूकता फैला रहे हैं, बल्कि दुनियाभर में भी इस समस्या के प्रति सजगता बढ़ा रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और प्रयासों का नतीजा 'वॉक फॉर प्लास्टिक' अभियान के रूप में सामने आया। इस अभियान के तहत गौतम और उनके साथियों ने चेन्नई और अन्य शहरों के समुद्र तटों से प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और इसका उपयोग कलात्मक प्रदर्शनों के रूप में किया। उनकी कला ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया कि कैसे हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं। उन्होंने प्लास्टिक कचरे के रीसाइकिल से आई आमदनी का इस्तेमाल वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा में मदद के लिए किया है। उनकी पहल दुनिया के 13 देशों में फैल चुकी है।



बी. गौतम, चेन्नई

चर्चा में

खुलने को तैयार ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम



मिस्र में गीजा के पिरामिडों के पास बनाए गए वैभवशाली ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम को इस वर्ष जुलाई में सभी के लिए खोला जा रहा है।

मिस्र ने गीजा के पिरामिडों के पड़ोस में स्थित नए ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम को 3 जुलाई को सभी के लिए खोला जा रहा है। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े पुरातात्विक संग्रह को प्रदर्शित करने वाले इस म्यूजियम को ट्रायल रन के लिए खोला गया था। यहां ग्रैंड सीढ़ी के नए हॉल में फिरौन की मूर्तियां भी प्रदर्शित की गई हैं। ट्रायल रन के दौरान इसके 12 हॉल विजिटर्स के लिए खोले गए थे। उल्लेखनीय है कि 1 बिलियन डॉलर से अधिक की लागत से निर्मित यह मेगाप्रोजेक्ट निर्माण 10 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। सीमित पर्यटन के लिए कुछ खंड 2022 से खुले हैं, लेकिन अब इसे पूरा खोले जाने की तारीख तय कर दी गई है।

इनोवेशन

चलते-फिरते नींद का नया अनुभव



तेज रफ्तार दुनिया में नींद को विलासिता में बदलने के लिए इनोवेटिव पफर जैकेट बनाया गया है, जो आपको कहीं भी सोने की इजाजत देता है।

आज की तेज गति वाली दुनिया में नींद निकालना भी विलासिता बन गया है। जेडजेडजेडएन स्लीप अपैरल सिस्टम इनोवेटिव पफर जैकेट है, जो आपको कहीं भी, कभी भी सोने की इजाजत देता है। यह जैकेट न केवल आरामदायक है, बल्कि इसमें कई तरह की आधुनिक तकनीक भी है जो आपकी नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद करती है। इसमें आपको बायोमेट्रिक डेटा मॉनिटरिंग के साथ ही हेडफोन और लाल रोशनी की व्यवस्था की गई है, जो आपकी नींद को बेहतर बनाते हैं। इस जैकेट में खास तरह का कॉलर है, जो गर्दन तकिया की तरह काम करता है, जिससे आप बैठे-बैठे भी सो सकते हैं।

{ हास्यम् } humour

ठहाका

आंसू वाले इंसान की शान है नकली



पिछले अंक में पूछा था कि मगरमच्छ के आंसू नकली होते हैं, इंसान की कौनसी चीज नकली होती है?

- मगरमच्छ के नकली हैं नयन-नीर। मिथ्या है इंसान का पूरा शरीर। - **राजमणी शर्मा**
- 'अहम् ब्रह्मास्मि' कहता हुआ इंसान, पूरा का पूरा ही नकली है।- **नीतू शर्मा**
- इंसान का दिमाग असली और मन नकली। **-अतुल श्रीनाथ केकरे**
- मगरमच्छ के आंसू नकली, मछली की आंख नकली और आंसू वाले इंसान की शान नकली।**- अनन्त प्रकाश**

अगले सप्ताह का सवाल

बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद, बंदर ही क्यों भालू, हाथी क्यों नहीं?

पाठक अपने फनी जवाब वॉट्सऐप नंबर 8955003879 पर गुरुवार तक भेज दें।

बतकही छोटे शहरों में लावारिस लाश एक खबर से ज्यादा कुछ नहीं होती!

आखिर वो कौन थे?





प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार
patrika.com

रेलवे स्टेशन के पास फुटपाथ पर किसी अनजान व्यक्ति की लाश मिलने की खबर जैसे ही मीडिया और सोशल मीडिया के जंगल में फैली, सारा शहर उस तरफ दौड़ता हुआ दिखाई पड़ रहा था। छोटे शहरों में इस तरह की खबरें किसी ब्रेकिंग न्यूज से भी ज्यादा महत्त्वपूर्ण होती हैं... और लावारिस लाश एक खबर से ज्यादा कुछ नहीं होती!

अखबारों के पत्रकार, टीवी पत्रकार, पेपराजी के साथ आम आदमी अपने-अपने मोबाइल लिए एक ही दिशा में दौड़ रहे थे। क्या भेड़ों ने मानव जाति से एक झुंड में दौड़ना सीखा था? पर सभी दौड़ ही रहे थे। हमारे यहां दौड़ना, दफ्तर के काम से लेकर, अपनी जिम्मेदारियों, अपने कर्तव्यों, रिश्ते निभाने से भागने सहित बहुतायत पाया जाता है!

इस बार सर्दी ने भी कहर ढाया है। हाड़ कंपा देने वाली जिस सर्दी की जानकारी हम जैसे लोगों को प्रेमचंद की कहानी, 'पूस की एक रात' में पढ़ने को मिली थी, इस बार उसे अहसास करने का समय हमें मिला। शरीर को गर्म कपड़ों से लादने, गले में मफलर और सर पर हाऊ (मंकी) टोपा पहनने के बाद भी सुसरी सर्दी पैरों के जरिए शरीर में घुसकर कंपकपाती रही। उस गरीब आदमी की सोच कर भी ठंड लगने लगती थी, जो रेलवे स्टेशन, बस अड्डे या शहर की किसी फुटपाथ पर खुले आसमान और कटार-सी चुभती ठंडी हवा में सिकुड़कर रात गुजारता है। बहुत से लोगों को घर में बैठे हुए भी ठंड लगती है। यह ठंड अक्सर गप्पे हांकने, बाहर निकलकर सिगरेट या चाय पीने वाले तलबगारों को लगती है।

उधर लोग जब रेलवे स्टेशन के निकट फुटपाथ पर पहुंचे तो वहां जितनी भीड़ दिखाई दे रही थी, उससे कहीं अधिक बातें हवा में तैर रही थीं। हर आदमी की अपनी राय, अपना अनुमान था। मीडिया के कैमरे फ्लैश चमका रहे थे। टीवी पत्रकार किसी तूफानी मेघ गर्जना सरीखे ब्रेकिंग न्यूज चला रहे थे। कोई मृतक को सहानुभूति की चादर ओढ़ा रहा था तो कोई लावारिस लाश की पहचान करने का प्रयास कर रहा था। थोड़ी देर में पुलिस का अमला वहां आया और लोगों को तितर-बितर करने लगा।

लाश के पास एक स्त्री, तीन बच्चे विलाप कर रहे थे पर लोगों के शोर में उनकी आवाज कोई नहीं सुन रहा था। वैसे गरीबों की आवाज गहरे सन्नाटे के बीच भी किसी को सुनाई नहीं पड़ती! अचानक रोती हुई स्त्री के पास महिला कॉन्स्टेबल पहुंची और बड़े प्यार से पूछा, 'क्या सर्दी से मौत हुई है बहन?' बिलखती हुई महिला ने अपने पर नियंत्रण किया। गरीबी आदमी को नियंत्रण करना सिखा देती है। वह अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं पर बिना योगासन, ध्यान योग के नियंत्रण कर सकता है।

'क्या बताऊं बहनजी, इस बार सर्दी बहुत ज्यादा पड़ रही है। कल रात सोते हुए एक व्यक्ति ने आकर कंबल डाली थी। लगा कुछ गर्माहट महसूस होने लगी है। उसने कहा कि वोट धर्माधिकारी बाबू को ही देना । तुम्हारे बदन पर ये गर्मी आगे भी बनी रहेगी । वह गया ही था कि फिर दूसरा आदमी आया। बोला, 'तुम यहां कड़ाके की सर्दी में कब तक पड़े रहोगे? तुम्हें पक्का मकान देंगे । बस वोट पद्मासन शर्मा को देना।' इसके बाद एक बाहुबली आया। मोटा तगड़ा आदमी था। उसने भरी सर्दी में कंबल छीनते हुए कहा, 'अबे, रोज पुलिस के डंडे खाते हो। इधर-उधर दौड़ते रहते हो। इस बार वोट बाहुबली शक्ति सहाय को देना। फिर तुम असहाय नहीं रहोगे। तुम्हें सुरक्षित जीवन देंगे।' पर जाते-जाते वह कंबल साथ ही ले गया। इसके बाद कितने ही लोग आए। कोई बहनों की शिक्षा, भाई को लैपटॉप, मां-बाबूजी को मजदूरी की गारंटी देकर गया, कोई राशन, कोई खाते में नकद राशि जमा करवाने का अहसान हमारे सर पा लाद गया। अब जिनके खाते ही नहीं, उनकी राशि कौन खाते हैं ?

' अरी मूर्ख, मैं तुझसे पूछ रही हूं कि तुम्हारा खसम किसी बीमारी से मरा या कड़ाके की सर्दी से?'

' जी, वो न सर्दी से मरे न ही किसी बीमारी से, वह एक मतदाता थे जो चुनावी रेवड़ियों के भार और सब नेताओं के भारी अहसानों के तले दबकर मर गए !!'

लोट-पोट



धरती और आकाश को हिला देता, एक महीना और मिलता तो पेपर बेमिसाल देता।

एसएमएस- पाठकों की तरफ से सोशल मीडिया शेयरिंग



इस फोटो को देखकर आपके मन में ताजा घटनाओं से संबंधी कोई मजेदार कंटेंट आता है तो लिखकर हमें वॉट्सऐप नंबर **8955003879** *पर भेजें। बेहतर और चयनित कमेंट को 'हास्यम्' के अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।*

रीडर्स रिएक्शन



■क्या रे! पब्लिक ने दिल्ली वाले घुंघरू सेठ की वॉट लगा दी। - **दीपक दाधीच**

■गर्मी आ गई है। काला चश्मा लगाओ, झकास हो जाओ। **-साजिद अली इंदौर।**

■अरे उदय भाई! देखो दिल्ली में इसकी टोपी उसके सर हो गई, और लोगों के घर से झाड़ू भी निकल गई। **-प्रतीक सिंघल**

कार्टून कॉर्नर



फनी पहेली

■ **पहेली:** लिखता हूं पर पेन नहीं, चलता हूं पर गाड़ी नहीं। टिक-टिक करता पर घड़ी नहीं, बताओ! कौन हूं मैं?
जवाब: टाइपराइटर

■ **पहेली:** एक डिब्बे में 13 पान, हर किसी की अलग पहचान, कोई ना खाए, कोई ना चबाए फिर भी एक इक्का कहलाए।
जवाब: ताश की गड्डी

■ **पहेली:** पंख नहीं पर उड़ती हूं, हाथ नहीं पर लड़ती हूं, किसी के हाथ से लड़ती हूं कट जाऊं तो नीचे गिरती हूं। **जवाब:** पतंग

गुदगुदाते रहें

डेंटिस्ट- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि यह सड़ चुका है।
मिंटू- कितने पैसे लगेंगे?
डेंटिस्ट- बस 500 रुपए लगेंगे।
मिंटू- 50 रुपए ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो। निकाल तो मैं खुद लूंगा।

सोनू- मैं कभी ईंट का जवाब पत्थर से नहीं देता।
मोनू- क्यों?
सोनू- क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।

डॉक्टर - मैं आपको गारंटी देता हूं कि ऑपरेशन के बाद घर चलकर जाओगे।
मरीज- यानी पैसे खत्म!!!

व्यंग्य बाण

सुविचार का प्रचार

देश की राजनीति
प्रचार से चल रही है
हमारी आभासी मित्रता
सुविचार से चल रही है।
हम चौबीसों घंटे
सुविचार सहेज रहे हैं
मोबाइल पर
अपने मित्रों को भेज
रहे हैं।
इन सुविचारों का
हमारे आत्मचिंतन से
नहीं कोई नाता है,
हमारे पास एक दिशा से
आता है

हमारे द्वारा तत्काल
दूसरी दिशा में
रवाना कर दिया
जाता है।
आज सुविचारों की
भरमार है,
पता नहीं कहां पर इसका
उ-म-द्वार है?
ये हमारे मोबाइल में
हैं अटे पड़े,
आप ही कहिए
इतने सारे सुविचारों को
अब भला कौन पढ़े?
लोगों के पास

समय का अभाव है,
सुप्रभात और शुभ रात्रि
के मध्य
शुभ दोपहर और शुभ
संध्या
सुविचार के दो पड़ाव हैं।
इनसे गुजरता हुआ
सुविचार सोचता है
यह वह परिंदा है
जिसका नहीं कोई
ठौर है।
इसे गढ़ता कोई और है
पढ़ता कोई और है।
-सूर्यकुमार पांडेय

पाठक-पाती

■हास्यम् पेज पर फनी कंटेंट मजेदार हैं। जिसे पढ़कर हंसी नहीं रुकती है। इसमें लोट-पोट का ह्यूमर मेरा फसंदीदा कॉलम है। इसमें प्रकाशित व्यंग्य मजेदार होते हैं। जो इस कॉलम की रोचकता को बढ़ाते हैं। इसे जारी रखने का ही प्रयास करें। **-अमित शर्मा,** रायपुर

■रविवार को प्रकाशित होने वाला हास्यम पेज मनोरंजन का खजाना है। इसे पढ़कर आनंद आ जाता है। इसमें फनी पहेली, व्यंग्य बाण के साथ गुदगुदाते रहें काफी अच्छा लगता है। **-सूरज सिंह,** उज्जैन

पाठक भी हमसे जुड़ सकते हैं *अगर आप अच्छा कार्टून, मीम्स बनाते या फिर सटायर-कमेंट-या फिर हास्य कविता लिखते हैं तो हमसे जुड़ सकते हैं। अपना कंटेंट, हास्य कविता, कार्टून या मीम्स हमें नीचे दिए गए वॉट्सऐप नंबर और ईमेल पर भेजें। ध्यान रहे कि अपनी मौलिक रचना ही भेजें। किसी अन्य की रचना भेजने पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।* इन्हें **वॉट्सऐप नंबर 8955003879 या ईमेल पर गुरुवार तक भेज दें।**